जब कोई दूसरा सीटयुक्त वर्ण आदि में रखनेवाला शब्द अपना कुछ प्रभाव दिखाताहै

व्याकरणियों की मति के अनुसार पूरे शब्द के अन्त में र् नहीं आताहै इस लिये सब संज्ञाओं और क्रियाओं के रूप जब दूसरे शब्दों से अलग रहतेहैं तब उनका पिछला न् विसर्ग से पलटजाताहै

इस देश के किसी२ खण्ड में विसर्ग का उच्चारण बहुत कठोर करते हैं अर्थात् रामः को रामह् और अग्निः को अग्निहि और शिवैः को शिवैहि बोलते हैं

१ ली शाखा

अर्द्ध विसर्ग आधा विसर्ग है सो दो छोटे२ आधे घेरे से मनके तले ऊपर जैसे ≍ कभी२ क् ख् और प् फ् के पहले लिखाजाता है जब क् और ख् के पहले यिह चिन्ह आताहै तब जिह्वामूलीय कहाजाता है और उसका उच्चारणस्थान जिह्वामूल (जीभ की जड़) कहलाताहै और प् और फ् के पहले यिह चिन्ह उपध्मानीय (स्वास छोड़ने के योग्य) कहाजाताहै और उसका उच्चारणस्थान ओष्ठ कहलाता है

इसलिये जिह्वामूलीय और उपध्मानीय को कण्ठस्थानी और ओष्ठस्थानी वर्णों का सीटीयुक्त संगी समझना चाहिये (पा० ८-३-३७)

२ री शाखा

अर्द्ध विसर्ग अब के छपेहुए सन्स्कृत ग्रन्थों में नहीं लिखाजाता है वेदों में उपध्मानीय आताहै परन्तु केवल अनुस्वार और अनुनासिक के पीछे जैसे नृं≍पाहि या नॄँ≍पाहि और यहां भी अर्द्ध विसर्ग का चिन्ह अपने ठिकाने पर आता है

विराम अवग्रह इत्यादि

१ ला सूत्र

विराम ठहराव को कहते हैं सो व्यञ्जन के नीचे जैसे क् के नीचे आके दिखाता है कि जो अ प्रत्येक व्यञ्जन के पीछे उसके बोले जाने के लिये आताहै सो

नहीं है

वर्णन

१ देखो विराम का ठीक अर्थ है वाक्य के पीछे बोली का रोकना किसी २ हाथ की लिखीहुई संस्कृत पोथी में जो वाक्य अन्त में व्यञ्जन रखता है उसके पीछे विराम ठहराव का चिन्ह होके आताहै और जो वाक्य अन्त में स्वर रखता है उसके पीछे यिह चिन्ह । ठहराव के लिये आताहै और दूसरे सब पहले आनेवाले शब्द प्रथकता रहित लिखे जाते हैं इसलिये कि ठहराव बिना बोले जाते हैं

१० वां सूत्र

यिह ऽ चिन्ह अवग्रह और कभी २ अर्द्धाकार (आधा अकार) कहाजाताहै सो पहले आनेवाले किसी शब्द के पिछले ए वा ओ के पीछे आनेवाले शब्द के पहले अ का लोप वा अभिनिधान दिखाताहै जैसे तेऽपि पढ़ो तेअपि (वे भी) के

१ ली शाखा

जो पुस्तकें कलकत्ते में छपी हैं उनमें यिह ऽ चिन्ह कभी २ पहले अ और पिछले आ को वा पहले आ और पिछले अ को मिलाकर दीर्घ आ दिखाने के लिये आताहै जैसे तथाऽपश्य पढ़ो तथाअपश्य के जो तथापश्य लिखाजाता है कभी कभी पहले आनेवाला दीर्घ आ दिखाने को यिह ऽऽ दुहरा चिन्ह आताहै कभी कभी यिह ऽ चिन्ह वेद में स्वरों के बीच में प्रथकता और ऋचाओं में मिलावटें अथवा व्याकरणसम्बन्धी रूपों के मिश्रमात्र दिखाने को भी आताहै

२ री शाखा

यिह । चिन्ह अर्द्ध विराम (आधा ठहराव) कहलाताहै सो बहुधा आधे श्लोक और आधे छन्द इत्यादि के पीछे आता है

३ री शाखा

यिह ॥ चिन्ह पूरे श्लोक और छन्द इत्यादि के पीछे पूरा विराम वा ठहराव दि

खाने को आता है

४ थी शाखा

यिह ॰ दुहरावट का चिन्ह यिह दिखाताहै कि कोई शब्द या वाक्य दुहराना चाहिये यिह किसी शब्द की संक्षिप्तता दिखाने को भी आताहै जैसे प ॰ पढ़ो पर्व (अध्याय) के और ॰ म पढ़े शुभ (कल्याणकारी) के

स्वरों का उच्चारण

११ वां सूत्र

प्रत्येक स्वर अल्पप्राण-समझा जाताहै इसलिये कि कुछ स्वास छोड़ने या खैंचने से बोलाजाताहै (१४ वें सूत्र की १ ली शाखा देखो)

१ ली शाखा

अ प्रत्येक व्यञ्जन में मिला रहताहै इसलिये सीखने वाले को इसका ठीक उच्चारण जानना चाहिये यिह कुछ मुंह खोलके कुछ स्वास छोड़ने से कंठ में बनता या बोला जाताहै जैसे क् के पीछे और अक् के पहले और कर् के बीच में

२ री शाखा

आ जितना मुंह अ बोलने में खोलना पड़ताहै उससे दुगना मुंह खोलके कुछ स्वास छोड़ने से कंठ में बनता या बोला जाताहै जैसे का के पीछे और आक् के पहले और कार् के बीच में

इ कुछ मुंह खोलके जीभ का पिछला भाग ऊपर को दबाके कुछ स्वास छोड़ने से तालू में बनता या बोला जाताहै जैसे कि के पीछे और इक् के पहले और किर् के बीच में

ई कुछ मुंह खोलके जीभ का पिछला भाग जितना इ बोलने में ऊपर को दबाना पड़ताहै उससे दुगना दबाके कुछ स्वास छोड़ने से बनता या बोला जाताहै जैसे की के पीछे और ईक् के पहले और कीर् के बीच में

उ कुछ मुंह खोलके और दोनों ओष्ठ को सकोड़के थोड़ा स्वास छोड़ने से ओ

में बनता या बोलाजाताहै जैसे कु के पीछे और उक् के पहले और कुर् के बीच में

ऊ कुछ मुंह खोल के और दोनों ओष्ठ को जितना उ बोलने में सकोड़ना पड़ता है उससे दुगना सकोड़के दुगना स्वास छोड़ने से ओष्ठों में बनता या बोला जाताहै जैसे कू के पीछे और ऊक् के पहले और कूर् के बीच में

३ री शाखा

ऋ केवल संस्कृत में आताहै और जीभ की अणी को मूर्द्धा अर्थात् ऊपर के दांतों की जड़ और तालू के बीच में लगाके र् के पीछे इ + बोलने से बनता या बोला जाताहै जैसे कृ के पीछे और ऋक् के पहले

टीका

+ ऋ और रि के उच्चारण में कुछ भेद नहीं है सो इस बात से स्पष्ट है कि ऋ पहले रखनेवाले थोड़े शब्द ऐसे देखने में आते हैं कि ऋ और रि दोनों से लिखेजाते हैं जैसे रिटि ऋटि और रिपि ऋपि और रिष्य ऋष्य तो भी जो भेद है सो १९ वें और २० वें सूत्र में बतायाहै तो ध्यान में रखना चाहिये

ॠ जीभ की अणी को मूर्द्धा अर्थात् ऊपर के दांतों की जड़ और तालू के बीच में लगाके र् के पीछे ई बोलने से बनता या बोलाजाता है इस का उच्चारण री के उच्चारण से अलग समझना सहज नहीं है इस को बोलने में जीभ को दांतों की जड़ के ऊपर मूर्द्धा में कुछ समय तक थरथराना पड़ता है और री को बोलने में तुरत उससे लग जाताहै (१९ वां और २० वां सूत्र देखो)

ए कुछ मुंह खोलके और जीभ के पिछले भाग को कुछ आगे दबाके ऊपर लगाने और कुछ स्वास छोड़ने से कंठ और तालू में बनता या बोला जाताहै जैसे के के पीछे एक् के पहले और केर् के बीच में

ऐसेही ऐ परन्तु इसको बोलने में कुछ मुंह अधिक खोलना पड़ताहै और जीभ के पिछले भाग को कुछ पीछे हटाना पड़ताहै जैसे कै के पीछे और ऐक् के पहले और कैर् के बीच में

ओ कुछ मुंह खोलके और दोनों ओष्ठ सकोड़के और जीभ के पिछले भाग को

हीं रखता और ए, ऐ, ओ, औ ह्रस्व नहीं रखते प्लुत स्वर के पीछे ३ का अङ्क लि खाजाताहै जैसे आ३ अथवा उसके तले तीन आड़ी रेखा लिखीजाती हैं जैसे आ (पा० १ २ २७)

व्यञ्जनों का उच्चारण

१२ वांसूत्र

क् ग् च् ज् प् ब् वैसा ही उच्चारण रखते हैं जैसा वे अपनी भाषा में रखतेहैं क् और ग् कुछ होंठ खोलने और कंठ के आदि का नीचे का भाग साम्हने के ऊपर के भाग में लगाने से बोलेजाते हैं च् और ज् कुछ होंठ खोलने और जीभ का मध्य भाग साम्हने के तालू में लगाने से बोले जाते हैं प् और ब् कुछ होंठ अलग करने से बोलेजाते हैं.

१ ली शाखा

च् कुछ सुधारना या नम्र करना है क् का जैसे ज् है ग् का च् और ज् के बोलने का स्थान कंठ के आदि से कुछ इधर तालू है इसलिये जैसे अपनी भाषा में वैसे संस्कृत में भी च् और ज् बहुधा क् और ग् से पलट जाते हैं (२५ वां सूत्र देखो).

२ री शाखा

त् और द् वैसा ही उच्चारण रखते हैं जैसा वे अपनी भाषा में रखते हैं अर्थात् कुछ होंठ खोलने से और जीभ की अगी ऊपर के दांतों में लगाने से बोले जाते हैं.

१३ वां सूत्र

ट् और ड् वैसाही उच्चारण रखते हैं जैसा वे अपनी भाषा में रखते हैं अर्थात् कुछ होंठ खोलने से और जीभ की अगी मूर्द्धा अर्थात् ऊपर के दांतों की जड़ और तालू के बीच में लगाने से बोलेजाते हैं

बंगाले में ट् और ड् का उच्चारण अपनी भाषा के ट् और ड् कासा करते हैं अर्थात् उस ट् और मिलेहुए ट् और ड् कासा जो जीभ की उलटी अगी मूर्द्धा में लग

गाने से बोलेजाते हैं जैसे विडाल (विल्ली) को विड़ाल कहते हैं

कई शब्दों में ट और ड् दोनों ड् और ल् के साथ पलटजाते हैं जैसे खोट् खोड़ और खोर् और खोल् भी बोलते और लिखते हैं प्राकृत में मूर्द्धस्थानी संस्कृत के दन्तस्थानी वर्ण कासा उच्चारण रखते हैं मूर्द्धस्थानी वर्ण संस्कृत में भी शब्द या शब्दभाग के पहले बहुधा नहीं आते हैं

१४ वां सूत्र

ख् घ् छ् झ् ठ् ढ् थ् ध् फ् भ् वैसाही उच्चारण रखते हैं जैसा वे अपनी भाष रखते हैं अर्थात् अमिश्रित व्यञ्जनों के स्वासयुक्त अथवा ह् से मिश्रित उच्चा रखते हैं परन्तु मिश्रित नहीं हैं ह् केवल उच्चारण में मिश्रितता रखता है ख् और ह् का सा घ् ग् और ह् का सा छ् च् और ह् का सा झ् ज् और ह का ठ् ट् और ह् का सा ढ् ड् और ह् का सा थ् त् और ह् का सा ध् द् और ह् सा फ् प् और ह् का सा भ् ब् और ह् का सा मिलाहुआ उच्चारण रखते हैं इ लिये ऐसे वर्णों का दुही स्थान जानना चाहिये जो उच्चारण में मिलेहुए जानप हैं और बोलने में दोनों का उच्चारण मिलाहुआ अर्थात् स्वासयुक्त करना चाहि

१ ली शाखा

स्वास युक्त वर्णों के विषय में (पा० १, १, ९,) के अनुसार ऐसा कहसक कि कई वर्ण थोड़ा स्वास रखते हैं सो अल्पप्राण कहलाते हैं और कई वर्ण ब स्वास रखते हैं सो महाप्राण कहे जाते हैं स्वर अर्द्धस्वर और अनुनासिक और ग् च् ज् ट् ड् त् द् प् ब् अल्पप्राण हैं इसलिये कि जब पहले आते हैं तब थ स्वास से बोले जाते हैं और ख् घ् छ् झ् ठ् ढ् थ् ध् फ् भ् श् ष् स् ह् अनुस्वार सर्ग जिह्वामूलीय और उपध्मानीय महाप्राण हैं इसलिये कि बहुत स्वास से बं जाते हैं

१५ वां सूत्र

ङ् ञ् ण् न् म् व्यञ्जनों के वर्ग के पिछले वर्ण हैं सो संस्कृत में अपना २

सिका सम्बन्धी मुख्य उच्चारण रखते हैं और प्रत्येक अनुनासिक के लिये अलग २ वर्ण हैं सो अपने २ वर्ग के वर्णों के साथ आते हैं जैसे गङ्ग पञ्च कण्ठ दन्त दम्प इत्यादि (६ ठा सूत्र देखो)

१ ली शाखा

परन्तु जानना चाहिये कि कण्ठस्थानी अनुनासिक ङ् किसी संस्कृत शब्द के पीछे अकेला कभी आता है परंतु पहले कभी नहीं आता तालुस्थानी ञ् केवल अपने वर्ग के वर्णों के साथ आता है जैसे ञ्च् (ञ्च्) ञ्ज् (ञ्ज्) च्ञ (च्ञ) और ज्ञ (जञ) फिर पिछला युक्तवर्ण ज्ञ् (ज ञ्) का ना मिलाहुआ बोलाजाता है परंतु बंगाले में ग्य सा बोलते हैं जैसे गङ्गा (राग्या)

मूर्द्धस्थानी अनुनासिक ण् किसी मूर्द्धस्थानी वर्ण के पहले आने का फल है जैसा ५८ वें सूत्र में बताया है सो बहुधा मूर्द्धस्थानी व्यञ्जन के साथ आताहै परन्तु संस्कृत शब्द के पहले कभी नहीं आता (परन्तु न आदि में रखनेवाले मूलों में उस न का प्रतिनिधि बनके आताहै) फिर जैसे दूसरे मूर्द्धस्थानी बोले जाते हैं वैसेही जीभ की उलटी अणी ऊपर के तालू में लगाने से बोला जाताहै दन्तस्थानी न् और ओष्ठस्थानी म वैसेही बोले जाते हैं जैसे दूसरे उनके वर्ग वाले बोले जाते हैं (२१ वां सूत्र देखो)

१६ वां सूत्र

य् र् ल् व् ऐसाही उच्चारण रखते हैं जैसा वे अपनी भाषा में रखते हैं इ ऋ ऌ उ के साथ इनके यथाक्रम सम्बन्ध रखने और पलटने को सम्प्रसारण कहते हैं (३३ वें सूत्र की १ ली शाखा देखो) इसको भूलना न चाहिये आगे काम आवेगा

व जब किसी मिश्रित व्यञ्जन में स्वर के पहले आता है तब कुछ होंठ सकोड़के बोलना पड़ता है जैसे द्वार में परन्तु जब र् के पीछे आताहै तब नहीं जैसे सर्व में

१ ली शाखा

ळ केवल वेद में आताहै फिर ड् और ढ् का स्थान पकड़ताहै और मूर्द्धन्य

नियों के सदृश पहलाहुआ उच्चारण रखता है जीभ की उलटी अणी ऊपर को लगाने से बनताहै बहुधा वेद में जब दो स्वरों के बीच में आताहै तब ड् के पलटे आताहै जैसे ळह् पलटे ढ् के

२ री शाखा

अर्द्धस्वर र् और ल् बहुधा आपस में पलट जाते हैं र् पुराना स्वरूप ल् का है जैसे रभ् और रिप् लभ् और लिप् लिखे जाते हैं (२५ वें सूत्र के दृष्टान्त देखो)

१७ वां सूत्र

श् ष् स् ह् इनमें श् सीटीयुक्त तालव्य है जीभ का मध्यभाग ऊपर के तालू में लगाने से बनता है और जैसा उच्चारण अपनी भाषा में देता है वैसा उच्चारण देता है ष् मूर्द्धन्य है श् से कुछ नम्र है जीभ के मध्य का अग्रभाग मूर्द्धा में लगाने से बनता है बहुधा इसका उच्चारण श् के उच्चारण से पहचाना नहीं जाता जैसा कोश और कोष इत्यादि शब्दों से स्पष्ट है जो श् और ष् दोनों से लिखेजाते हैं बोलने में ष् के पलटे कभी अशुद्धता से ख् बोलजाते हैं और क्ष को बहुधा छ् बोलतेहैं दन्ती स् का वैसाही उच्चारण है जैसा अपनी भाषा में है यिह जीभ की अणी ऊपर के साम्हने के दांतों में लगाने से बनता है ह् का वैसाही उच्चारण है जैसा अपनी भाषा में है यिह कंठस्थानी है मुंह खोल के स्वास छोड़ने से कंठ में बनता है

वर्णों के विभाग

१८ वां सूत्र

आगे वर्णमाला के प्रबन्ध अर्थात् यंत्र में अर्द्धस्वर सीटीयुक्त और ह् को छोड़ के सब वर्णों के ये पांच वर्ग लिखे हैं कंठ्य या कंठस्थानी तालव्य या तालुस्थानी मूर्द्धन्य या मूर्द्धास्थानी दन्त्य या दन्तस्थानी ओष्ठ्य या ओष्ठस्थानी – अब यिह जानते हैं कि सब ४७ वर्ण हैं स्वर अर्द्धस्वर और व्यञ्जन सो अपने२ उच्चारण स्थान अर्थात् कंठ तालू मूर्द्धा दन्त और ओष्ठ के अनुसार इन पांच वर्गों में से किसी

र्ग में आये हैं ×

१ ली टीका

× कई व्याकरणियों की मति के अनुसार व्यञ्जनों के वर्ग यिह नाम पाते हैं कवर्ग अर्थात् क् के संगी कंठस्थानी अनुनासिक समेत - चवर्ग अर्थात् च् के संगी तालुस्थानी-टवर्ग अर्थात् ट् के संगीमूर्द्धास्थानी - तवर्ग अर्थात् त् के संगी दन्तस्थानी- पवर्ग अर्थात् प् के संगी ओष्ठस्थानी- यवर्ग अर्थात् य् के संगी अर्द्धस्वर शवर्ग अर्थात् श् के संगी - सीटीयुक्त और स्वासयुक्त

२री टीका

पाणिनि के माहेश्वर सूत्रों में इन वर्णों के १४ भाग हैं जिनको प्रत्याहार कहते हैं सो ये हैं

अ इ उ ण्- ऋ ऌक - ए ओङ्- ऐ औच्- ह य व र ट्- लण्- ञ म ङ ण न म् - झ भञ् - घ ढ ध ष् - ज ब ग ड द श् - ख फ छ ठ थ च ट त व् - क प य्-श ष स र् - हल्

इन प्रत्याहारों के पिछले वर्ण इत् हैं अर्थात् छुट जाते हैं

इन में से एक भाग का कोई पहला वर्ण लेने से और किसी दूसरे भाग के किसी पिछले वर्ण के साथ जोड़ने से दूसरे वर्णों के बहुत से वांछित प्रत्याहार बनसकते हैं जैसे अच् कहने से वर्णमाला के सब वर्ण सम्मिलित होते हैं और हल् कहनेसे सब व्यञ्जन और अच् कहने से सब स्वर और अक् कहने से सब अमिश्रित स्वर और अण् कहने से सब ह्रस्व या दीर्घ स्वर अ इ उ और एच् कहने से मिश्रित स्वर ए ओ ऐ औ और यण् कहने से अर्द्धस्वर य र ल व और जश् कहने से कोमल व्यञ्जन ज ग ड द ब और झश् कहने से सब कोमल व्यञ्जन अपने स्वासयुक्त संगी और झष् कहने से केवल कोमल स्वासयुक्त और यर् कहने से ह् को छोड़के सब व्यञ्जन और झल् कहने से अनुनासिकों और अर्द्धस्वरों को छोड़के सब व्यञ्जन और खर् कहने से स्वासयुक्त और अनुनासिकों और अर्द्धस्वरों को छोड़के सब व्यञ्जन

१ली शाखा

इन वर्णों को बोलने में कंठ को फैलाना वा सकोड़ना पड़ता है उसके अनुसार इन वर्णों के दो विभाग और किये हैं विवार (कठोर) और सम्वार (कोमल)

२री शाखा

इस आगे लिखेहुए यंत्र से ये दुहरे विभाग अच्छी रीति से समझेजाते हैं इन का समझना संस्कृत सीखनेवाले को अवश्य है

१ ला यंत्र

कंठ्य वा कंठस्थानी	अ आ	क ख	ग घ	ङ	ह	
तालव्य वा तालुस्थानी	इ ई ए ऐ	च छ	ज झ	ञ	य	श
मूर्द्धन्य वा मूर्द्धस्थानी	ऋ ॠ	ट ठ	ड ढ	ण	र	ष
दन्त्य वा दन्तस्थानी	ऌ ॡ	त थ	द ध	न	ल	स
ओष्ठ्य वा ओष्ठस्थानी	उ ऊ ओ औ	प फ	ब भ	म	व	

ऊपरवाले पांचों वर्गों में से प्रत्येक वर्ग के पहले दो व्यञ्जन सीटीयुक्त और विसर्ग कठोर कहलाते हैं और सब दूसरे वर्ण और अनुस्वार कोमल कहेजाते हैं सो इस यंत्र में स्पष्ट पाये जाते हैं

२ रा यंत्र

विवार कठोर अर्थात् चुपके वर्ण		सम्वार कोमल अर्थात् बोलते वर्ण			
क * ख *		अ आ	ग * घ *	ङ	ह
च * छ *	श	इ ई ए ऐ	ज * झ *	ञ	य
ट * ठ *	ष	ऋ ॠ	ड * ढ *	ण	र
त * थ *	स	ऌ ॡ	द * ध *	न	ल
प * फ *		उ ऊ ओ औ	ब * भ *	म	व

टीका

व्याकरणी जो उच्चारण का स्थान मुख मे दूर है वहां से उच्चारणस्थान मिनतेहैं अर्थात् कंठ तालू मूर्द्धा दन्त ओष्ठ और कोई ओष्ठ को पहले कंठ को मध्य में और दन्त को पीछे समझते हैं

३री शाखा

देखो ए ऐ तालुस्थानियों में आतेहैं और ओ औ ओष्ठस्थानियों में परन्तु यथार्थ में ये वर्ण मिश्रित हैं ए अ और इ से – ऐ आ और इ से – ओ अ और उ से – औ आ और उ से—इनका पहला अंग कंठस्थानी है और पिछला तालुस्थानी और ओष्ठस्थानी (प्रातिशाख्य में इन वर्णों को संध्यक्षर कहते हैं)

४ थी शाखा

यिह भी जानना अवश्य है कि कौन से कठोर वर्णसम्बन्धी कोमल रखते हैं और कौन से नहीं रखते सम्बन्धी कठोर और कोमल वे हैं जो ऊपरवाले यंत्र में एक पंक्ति में आते हैं और जोड़ रखते हैं जैसे ग् घ् कोमलसम्बन्धी हैं क् ख् के और ज्

ञ् हैं च् छ् के इत्यादि

पूर्वोक्त विभाग अच्छा समझ में आवे इसलिये स्वर और व्यञ्जन का ठीक अर्थ बताना और जो संबन्ध अनुनासिक और अर्द्धस्वर और सीटीयुक्त दूसरे वर्णों के साथ रखते हैं सो जताना अवश्य है

१९ वां सूत्र

स्वर घोष को कहते हैं अथवा घोषसम्बन्धी स्वास को जो फेफड़े से कंठादि किसी उच्चारणस्थान की सहायता से सुधरके वा बनके निकलता है और किसी उच्चारणस्थान की यथोचित समीपता से रुकता वा अटकता नहीं

१ली शाखा

इसलिये अ इ उ ऋ ऌ अपने२ दीर्घ स्वरूपों समेत अमिश्रित स्वर हैं और जिस उच्चारणस्थान से बनते हैं उसके अनुसार कंठ तालु मूर्द्धा दन्त और ओष्ठ से सम्बन्ध रखते हैं ए और ऐ आधे कंठ्य हैं और आधे तालव्य ओ और औ आधे कंठ्य और आधे ओष्ठ्य (१८ वें सूत्र की ३री शाखा देखो)

२री शाखा

स्वर यथार्थ में कोमल वर्ण समझेजाते हैं

२० वां सूत्र

कोई व्यञ्जन घोष नहीं होता परन्तु रुकाव है उस घोषसम्बन्धी स्वास का जो पांच उच्चारणस्थानों में किसी की निकटता से होताहै और किसी स्वर की सहायता बिना बोलने में नहीं आसकताहै इसलिये ऊपरवाले पहले यंत्र में जो व्यञ्जन क से म तक हैं सो बहुधा स्पर्श वा स्पृष्ट (निकटता से निकलेहुए) कहेजातेहैं और अर्द्धस्वर य् र् ल् व् ईषत् स्पृष्ट (थोड़ी निकटता से निकलेहुए) कहलाते हैं व्याकरणी कभी इन को अविद्यमानवत (नहीं जैसे) कहतेहैं क्योंकि ये स्वर अर्थात् घोष नहीं रखते इनका दूसरा नाम व्यञ्जन (पहचानाहुआ अर्थात् घोषरहित) है

१ली शाखा

इसलिये सब व्यञ्जन उस उच्चारणस्थान के अनुसार जो घोष सम्बन्धी स्वास को रोकताहै कंठ्य इत्यादि पांच वर्गों में विभाग कियेजातेहैं

२ री शाखा

फिर पांचों वर्गों से प्रत्येक वर्ग के पहले दो व्यञ्जन और सीटीयुक्त कठोर वा रुपके अर्थात् अघोष कहलातेहैं क्योंकि घोष सम्बन्धी स्वास अचानक और सम्पूर्ण रुकजाताहै और कुछ घोष वा स्वर नहीं निकलने पाता और दूसरे सब वर्ण कोमल वा घोलो अर्थात् घोषवत् कहेजातेहैं क्योंकि घोषसम्बन्धी स्वास अचानक और सम्पूर्ण थोड़ा रुकताहै वे कोमल स्वर हैं वा थोड़े घोष से बोलने में आतेहैं

३ री शाखा

देखो तालु सम्बन्धी रुकाव केवल कंठ सम्बन्धी रुकाव का एक सुधारा है इस लिये कि निकलना का स्थान कंठ से तालू की ओर कुछ अधिक हटताहै *

ऐसेही मूर्द्धासम्बन्धी रुकाव तालुसम्बन्धी रुकाव का एक सुधारा है (१३ वां सूत्र देखो)

टीका

* तालूवाले वर्णों का संबन्ध कंठवाले वर्णों के साथ उनकी आपस की उलटाप लटी से जानपड़ता है (२४ वां २५ वां और १७६ वां सूत्र देखो)

४ थी शाखा

मूर्द्धासंबन्धी वर्ण द्रविड़ आदि भाषाओं से जो इस देश में पहले प्रचलित थीं संस्कृत में लिये होंगे (२१ वां सूत्र देखो) ये वर्ण जीभ की सहायता से बोलने में आतेहैं इसलिये कभी जिह्वासंबन्धी भी कहेजाते हैं

२१ वां सूत्र

अनुनासिक वा नासिकासंबन्धी वर्ण एक कोमल वर्ण है जिसको बोलने में घोषसंबन्धी स्वास अपूर्ण रीति से रुकताहै जैसा दूसरे सब कोमल वर्णों में और कुछ स्वास ओठों के बदले नाक में जाता है कोमल वर्ण जिस उच्चारणस्थान से घोषसंबन्धी स्वास रुकताहै उसके अनुसार पांच प्रकार के हैं इसलिये अनुनासिक भी पां·

दूसरी भाषाओं में आते हैं सो यथार्थ में संस्कृत के नहीं हैं उन भाषाओं के हैं जिन में आते हैं तो उत्तर यिह है कि संस्कृत जाननेवाले बता सकते हैं कि यिह शब्द आदि में अमुक मूल में अमुक प्रत्यय लगाने से बना है और इसका आद्य अर्थ यिह है सो दूसरी भाषा जाननेवाले नहीं बतासकते फारसी और अंगरेज़ी जाननेवाले इन ऊपरवाले तीन शब्दों का अर्थ केवल मा और बाप और भाई कहते हैं परन्तु संस्कृत जाननेवाले बतासकते हैं कि ये शब्द इन मूलों और इन प्रत्ययों से बने हैं और आदि में ये अर्थ देते हैं और इसलिये मा और बाप और भाई के लिये आते हैं जैसे मातृ (मा) मूल मा (उत्पन्न कर) में कर्तृसम्बन्धी प्रत्यय तृ लगाने से बनाहै और उत्पन्न करनेवाली का अर्थ देता है इसलिये मा को मातृ कहते हैं और पितृ मूल पा (पाल) में उसी प्रत्यय के लगने से बना है और पालनेवाले का अर्थ देता है इसलिये बाप को पितृ कहते हैं और भ्रातृ मूल भृ (पाल वा भर वा सहाय कर) में उसी प्रत्यय के लगने से बना है और पालने भरने वा सहाय करनेवाले का अर्थ देता है इसलिये भाई को भ्रातृ कहते हैं ऐसे शब्द ग्रीक और लैटिन में जो प्राचीन भाषाएं हैं बहुत आते हैं और वर्णों की ऐसी उलटापलटी बहुत उठाते हैं। (मिस्टर मानिअर विलिअम्स के अंगरेज़ी संस्कृत व्याकरण का २५ वां सूत्र देखो)

लिखने की रीति

२६ वां सूत्र

संस्कृत व्याकरणियों की मति के अनुसार प्रत्येक शब्दभाग को जो अन्त में अनुस्वार वा विसर्ग न रखता हो तो अन्त में कोई स्वर रखना चाहिये परन्तु वाक्य वा वाक्यखण्ड के अन्त में नहीं और प्रत्येक पिछले व्यञ्जन को दूसरे शब्दभाग के पहले वर्ण से मिलाना चाहिये ऐसा कि जहां कोई शब्द अन्त में कोई व्यञ्जन रखता है वहां उस व्यञ्जन को दूसरे शब्द के पहले वर्ण के साथ मिलकर बोलाजाना चाहिये इसलिये संस्कृत की लिखित हाथ की लिखी पोथी में सब शब्दभाग व्यञ्जन लिखे हैं और किसी पुस्तक में सब शब्द मिले हुए लिखे हैं अर्थात् उनके बी·

च में कुछ अन्तर नहीं रखा जैसे ये दो शब्द आसीद् राजा किसी पुस्तक में आसी द्रा जा लिखे हैं और किसी में आसीद्राजा प्रत्येक वाक्य के शब्दों मे अन्तर छोड़ना उनके उच्चारण की सुन्दरता के लिये समझते हैं तो इसमें भी कुछ अधिक बुद्धिवानी नहीं पाई जाती इसलिये थोड़ी संस्कृत पुस्तकें देवनागरी अक्षरों में छपी हैं उनमें प्रत्येक शब्द अन्तर छोड़के लिखा है जैसे पितुः धनम् आदत्ते पलटे पितुर्धनमादत्ते के

टीका

+जबतक युद्ध अन्त में अनुस्वार वा विसर्ग नहीं रखता और येही व्यञ्जनसम्बन्धी घोष हैं जो वाक्य के अन्त तक शब्दैभाग को पूरा करते हैं

थोड़े शब्द और वाक्य संस्कृत में आगे लिखे जाते हैं इसलिये कि सीखनेवाला आगे बढ़ने के पहले कुछ अभ्यास संस्कृत पढ़ने लिखने में प्राप्त करले

अक अज अश आस आप इल इष ईड ईर उख उच ऊह ऋण ऋज एध ओख कण किं कुमार क्षम क्षिप क्षुध क्षै कृण खन खिद गाह गुज गृध गॄ घृण घुष चकास चस चिग छिद छो जीवा झप टीला ठः डीनं ढौक णिद तापः मडागः दया दमकः दशरथः दुराचार देव धूपिका धृत. नदः नीड नेम परिदानम् पुत्रः पौरः पौरपेयी पुरोडाशः पट्टः पाटक भोगः भोजनम् मुखम् मृग. मेदः मेदिनी यत्नम् योग रेणु रेचक रेषण रजा रूपम् रुक्मिणी लोह वाम. वेरम् शक् शौर. षट् साधुः हेमकूटः हेमन्

कहानी संस्कृत में

अस्ति हस्तिनापुरे विलासो नाम रजकः । तस्य गर्दभोऽतिभारवाहनाद् दुर्बलो मुमूर्षुर् अभवत् । ततः तेन रजकेनासौ व्याघ्रचर्मणा प्रच्छाद्यारण्य समीपे सस्यक्षेत्रे मोचितः । ततो दूराद् अवलोक्य व्याघ्रबुद्ध्या क्षेत्रपतयः सत्वरं पलायन्ते । अथैकेनापि सस्यरक्षकेण धूसरकम्बलकृततनुत्राणेन धनुःकाण्डं सज्जीकृत्यावनतकायेन एकान्ते स्थितम् । ततः तं च दूरे दृष्ट्वा गर्दभः पुष्टाङ्गो गर्दभीयमिति मत्वा शब्दं कुर्वाणः तदभिमुखं धावितः । ततः तेन सस्यरक्षकेण गर्दभोऽयमिति ज्ञात्वा लीलयैव व्यापादितः

२रा अध्याय

संधि अर्थात् अक्षरों की सुस्वरतासम्बन्धी मिलावट

संधि वर्णों की घटा-बढ़ी और उलटापलटी और मिलावट को कहते हैं सो बोली की सुस्वरता और मधुरता के लिए थोड़ीबहुत सब भाषाओं में होतीहै जैसे अपनी भाषा में भाववाचक जाना का एकवचनवाला मध्यम पुरुष अनुमत्यर्थ है जा इससे भूतकाल बनाते हैं तो भूतकालसम्बन्धी अन्त ा के पहले सुस्वरता के लिये य् बढ़ता है और जाया होताहै परन्तु यिह भी कानों को अच्छा नहीं लगता इस लिए जा के ज को ग से और आ को अ से पलट के गया बोलते हैं ऐसी उलटापलटी और घटाबढ़ी संस्कृत में बहुत होती है सो जब अपूर्ण शब्दों में प्रत्यय वा अन्त लगाते हैं तब शब्दों के बीच में ही नहीं होती वरन एक वाक्य के शब्दों को मिलाने में भी होती है जैसे राजा अभी आया जो संस्कृत होवे तो संधि के सूत्रों के अनुसार राजाभ्याया लिखाजावे इसलिए पढ़नेवाले को चाहिये कि इन सूत्रों को अच्छी रीति से समझके ध्यान में रखे

ये सूत्र दो प्रकार के हैं पहले प्रकार के वे सूत्र हैं जो वाक्य में पूर्ण शब्दों के पिछले और पहले वर्णों को और अपूर्ण शब्दों को मिश्रितों में मिलाने में काम

आते हैं दूसरे प्रकार के वे हैं जो धातुओं अर्थात् मूलों को और प्रातिपदिकों अ-
र्थात् अपूर्णपदों या शब्दों को चाहे संज्ञासम्बन्धी हों चाहे क्रियासम्बन्धी प्रत्ययों
और अन्तों के साथ मिलाने में काम आते हैं (७४ वें सूत्र की १ ली शाखा दे-
खो) पहले और दूसरे प्रकार के सूत्र एक ही से हैं इसलिए इनको एकसाथ लिख-
ना उचित और सरल जानपड़ताहै परन्तु जो थोड़े सूत्र क्रियाओं के बनाने में काम
आते हैं सो जब प्रयोजन पड़ेगा तब बताएजाएंगे (२९२ वां सूत्र देखो)

१ला प्रकरण

स्वरों के पलटने और मिलाने के सूत्र

२७ वां सूत्र

स्वरों की जो उलटापलटी गुण और वृद्धि कहलाती है सो पहले सीखनी चाहि-
ये इ और ई के ए होने को गुण कहते हैं और इ और ई के ऐ होने को वृद्धि क-
हते हैं ऐसे ही उ और ऊ के ओ होने को गुण कहते हैं और औ होने को वृद्धि
ऋ और ॠ के अर् होने को गुण कहते हैं और आर् होने को वृद्धि अ का गुण
कभी नहीं होता परन्तु उस के आ होजाने को वृद्धि कहते हैं

१ ली शाखा

व्याकरणी कहते हैं कि अ आपही गुण है और इसलिए गुण नहीं चाहता य-
थार्थ में वे अ ए ओ को केवल गुण समझते हैं और आ ऐ औ को केवल वृद्धि
अ और आ यथार्थ में ऋ और ॠ के गुणसम्बन्धी और वृद्धिसम्बन्धी प्रतिनिधि
होते हैं परन्तु अ और आ के साथ जब ऋ के पलटे आते हैं तब र् आता है और
जब ऌ के पलटे आते हैं तब ल् आता है

२८ वां सूत्र

अपूर्णपद बनाने में चाहे संज्ञासम्बन्धी हों चाहे क्रियासम्बन्धी मूलों के स्व-
रों को दूसरे स्वरों के पलटे आते हैं अर्थात् अपने स्थान में दीर्घ होते हैं तो गुण

वा होता नहीं चाहते और जो स्वर अपनी प्रकृति से दीर्घ होताहै तो भी जबतक पिछला नहीं होता तबतक ऐसी उलटापलटी नहीं सकता जैसा बताचुके हैं पहले से गुण है (२० वें सूत्र की १ ली शाखा देखो)

१ ली शाखा

द्वितीय पद के निमूनों में दीर्घ स्वर कभी२ वृद्धि चाहते हैं जैसे स्थौल (छहा कहा) स्थूल से ग्रैव (ग्रीवासम्बन्धी) ग्रीवा से मौल (मूलसम्बन्धी) मूल से (८० वें सूत्र के दूसरे प्रकार का आरम्भसम्बन्धी वर्णन देखो)

२१ वां सूत्र

गुण ए और ओ मिश्रित हैं अर्थात् दो अमिश्रित स्वरों से बने हैं ए अ और इ से बना है और ओ अ और उ से इसलिए पिछला अ अपनी प्रकृति से पहले इ से मिलके ए होजाता है और पहले उ से मिलके ओ होजाता है (१८ वें सूत्र की ३ री शाखा देखो) फिर समझो कि अर् अ और ऋ से बना है इसलिये पिछला अ पहले ऋ से मिलके अर् होजाता है

१ ली शाखा

ऐसे ही वृद्धिवाला मिश्रित ऐ अ और ए से अथवा आ और इ से (जो एक ही बात है) मिलके बना है इसलिए पिछला अ अपनी प्रकृति से पहले ए से मिलके ऐ होजाता है और पहले ओ से मिलके औ होजाता है (१८ वें सूत्र की ३ री शाखा और अगले पंत की टीका देखो) अमिश्रित स्वर मिश्रित होने में ऐसे मिश्रित नहीं होते कि फिर अलग नहीं सकें इसलिए ए ओ ऐ औ अपने अमिश्रित स्वरों में विभाग पासकते हैं

२ री शाखा

जो ऐ आ और इ से बना है तो फिर प्रश्न उत्पन्न होता है कि दीर्घ आ और ह्रस्व अ दोनों इ से मिलकर ए कैसे होजाते हैं (१२ वां सूत्र देखो) और ऐ कैसे नहीं होजाते इसका उत्तर कोई२ व्याकरणी ऐसा देते हैं कि दीर्घ स्वर प्रत्येक शा-

वा वृद्धि नहीं चाहते और जो स्वर अपनी प्रकृति से दीर्घ होता है तो भी जबतक पिछला नहीं होता तबतक ऐसी उलटपलटी नहीं सकता अ जैसा बताचुके हैं पहले से गुण है (२७ वें सूत्र की १ ली शाखा देखो)

१ ली शाखा

द्वितीय पद के निमूर्णों में दीर्घ स्वर कभी२ वृद्धि चाहते हैं जैसे स्यैत (हकरा) स्यूत से पैव (ग्रीवासम्बन्धी) ग्रीवा से मौल (मूलसम्बन्धी) मूल से (८० वें सूत्र के दूसरे प्रकार का आरम्भसम्बन्धी वर्णन देखो)

२९ वां सूत्र

गुण ए और ओ मिश्रित हैं अर्थात् दो अमिश्रित स्वरों से बने हैं ए अ और इ से बना है और ओ अ और उ से इसलिए पिछला अ अपनी प्रकृति से पहले इ से मिलके ए होजाता है और पहले उ से मिलके ओ होजाता है (१८ वें सूत्र की ३ री शाखा देखो) फिर समझो कि अर् अ और ऋ से बना है इसलिये पिछला अ पहले ऋ से मिलके अर् होजाता है

१ ली शाखा

ऐसे ही वृद्धिवाला मिश्रित ऐ अ और ए से अथवा आ और इ से (जो एक ही बात है) मिलके बना है इसलिए पिछला अ अपनी प्रकृति से पहले ए से मिलके ऐ होजाता है और पहले ओ से मिलके औ होजाता है (१८ वें सूत्र की ३ री शाखा और अगले पंत की टीका देखो) अमिश्रित स्वर मिश्रित होने में ऐसे मिश्रित नहीं होते कि फिर अलग नहोसकें इसलिए ए ओ ऐ औ आगे अमिश्रित स्वरों में विभाग पासकते हैं

२ री शाखा

जो ऐ आ और इ से बना है तो यह प्रश्न उत्पन्न होता है कि दीर्घ आ और ह्रस्व अ दोनों इ से मिलकर ए क्यों होजाते हैं (१२ वां सूत्र देखो) और ऐ क्यों नहीं होजाते इसका उत्तर कोई२ व्याकरणी ऐसा देते हैं कि दीर्घ स्वर प्रत्येक श-

अमिश्रित स्वर	अ वा आ	इ वा ई	उ वा ऊ	ऋ वा ॠ	ऌ वा ॡ
गुणसम्बन्धी प्रतिनिधि		ए	ओ	अर्	अल्
वृद्धिसम्बन्धी प्रतिनिधि	आ	ऐ	औ	आर्	आल्

अमिश्रित स्वर	इ वा ई	उ वा ऊ	ऋ वा ॠ	ऌ वा ॡ
अनुरूप वा सम्बन्धी अर्द्धस्वर	य्	व्	र्	ल्

गुण	ए	ओ
गुणसम्बन्धी तत्व वा वर्ण	अ + इ	अ + उ
सम्बन्धी अर्द्धस्वरवाले प्रतिनिधि	अय्	अव्

वृद्धि	ऐ	औ
वृद्धिसम्बन्धी तत्व वा वर्ण	अ + ए अ + अ + इ * आ + इ	अ + ओ अ + अ + उ * आ + उ
सम्बन्धी अर्द्धस्वरवाले प्रतिनिधि	आय्	आव्

* ए = अ + इ और ओ = अ + उ इसलिये अ + ए समान हैं अ + अ + इ के वा आ + इ के और अ + ओ समान हैं अ + अ + उ के वा आ + उ के

अर्थात् ए समान है मिलेहुए अ और इ के और ओ समान है मिलेहुए अ

अमिश्रित स्वर	अ वा आ	इ वा ई	उ वा ऊ	ऋ वा ॠ	ऌ वा ॡ
गुणसम्बन्धी प्रतिनिधि		ए	ओ	अर्	अल्
वृद्धिसम्बन्धी प्रतिनिधि	आ	ऐ	औ	आर्	आल्

अमिश्रित स्वर	इ वा ई	उ वा ऊ	ऋ वा ॠ	ऌ वा ॡ
अनुरूप वा सम्बन्धी अर्द्धस्वर	य्	व्	र्	ल्

गुण	ए	ओ
गुणसम्बन्धी तत्व या वर्ण	अ + इ	अ + उ
सम्बन्धी अर्द्धस्वरवाले प्रतिनिधि	अय्	अव्

वृद्धि	ऐ	औ
वृद्धिसम्बन्धी तत्व वा वर्ण	अ + ए अ + अ + इ * आ + इ	अ + ओ अ + अ + उ * आ + उ
सम्बन्धी अर्द्धस्वरवाले प्रतिनिधि	आय्	आव्

* ए = अ + इ और ओ = अ + उ इसलिये अ + ए समान हैं अ + अ + इ के वा आ + इ के और अ + ओ समान हैं अ + अ + उ के वा आ + उ के

अर्थात् ए समान है मिलेहुए अ और इ के और ओ समान है मिलेहुए अ

और उ के इसलिये मिलेहुए अ और ए समान हैं मिलेहुए अ और अ और इ के अथवा मिलेहुए आ और इ के और मिलेहुए अ और ओ समान हैं मिलेहुए अ और अ और उ के अथवा मिलेहुए आ और उ के

अब ये नीचे लिखेहुए सूत्र अच्छी रीति से समझ में आवेंगे ये सूत्र पहले वा कर्मों और मिश्रितों के पृथक२ शब्दों की मिलावट में काम आते हैं दूसरे धातुओं अर्थात् मूलों को और प्रातिपदिकों अर्थात् अपूर्णपदों को प्रत्ययों और अन्तों के साथ मिलाने में काम आते हैं दूसरे प्रकार की मिलावट की पहचान के लिये इ शब्दों में यिह चिन्ह+ आवेगा इन में बहुत से सूत्रों से यिह अभिप्राय है कि स्वरों के बीच में अन्तर रहताहै सो न रहे×

टीका

× वेद में स्वरों के बीच में अन्तर बहुत रहताहै (६६ वें सूत्र की टीका देखो)

३१ वां सूत्र

जो कोई अमिश्रित स्वर चाहे ह्रस्व हो चाहे दीर्घ किसी समान वा सवर्ण वा स जाती अमिश्रित स्वर के पहले (चाहे ह्रस्व चाहे दीर्घ) आता है तो दोनों मिलके एक दीर्घ बनजाते हैं (पा ६, १, १०१,) जैसे न अस्ति इह होताहै नास्तीह (कुछ यिहां नहीं है) राजा अस्तु उत्तमः होताहै राजास्तूत्तमः (राजा उत्तम होवे)

जीवा अन्त होताहै जीवान्त (जीव का अन्त)

अधि ईश्वर होताहै अधीश्वर (बड़ा ईश्वर)

क्रतु उत्सव होता है क्रतूत्सव (क्रतु का उत्सव)

पितृ ऋद्धि होताहै पितृद्धि (पिता का धन)

३२ वां सूत्र

अ या आ जब असमान वा अजाती स्वर इ उ ऋ (चाहे ह्रस्व चाहे दीर्घ) के पहले आता है तब इ या ई से मिलके ए (गुण) होजाताहै और उ या ऊ से मिलके ओ (गुण) होजाताहै और ऋ या ॠ से मिलके अर् (गुण) होजाता है

(पा ६ १ ८७) जैसे

परम ईश्वर होताहै परमेश्वर (बड़ा स्वामी)
हित उपदेश होताहै हितोपदेश (हित का उपदेश)
गङ्गा उदक होताहै गङ्गोदक (गङ्गा का जल)
तव ऋद्धि होताहै तवर्द्धि (तेरी ऋद्धि)
महा ऋषि होताहै महर्षि (बड़ा ऋषि)
ऐसेही तव लृकार होताहै तवल्कार (तेरा लृकार)

३३ वां सूत्र

अ वा आ जब मिश्रित स्वर ए ओ ऐ औ के पहले आताहै तब ए से मिलके ऐ (वृद्धि) होजाताहै और ऐ से मिलके भी ऐ (वृद्धि) होजाता है और ओ से मिलके औ (वृद्धि) होजाताहै और औ से मिलके भी औ (वृद्धि) होजाताहै (पा० ६, १, ८८) जैसे

पर एधित होताहै परैधित (दूसरे का पालाहुआ)
पिया एव होताहै पियैव (पियाही)
देव ऐश्वर्य होताहै देवैश्वर्य (देवता का ऐश्वर्य)
अल्प ओजस् होताहै अल्पौजस् (थोड़ी शक्ति)
गङ्गा ओघ होताहै गङ्गौघ (गङ्गा की धार)
ज्वर औषध होताहै ज्वरौषध (ज्वर की औषधि)

३४ वां सूत्र

इ उ ऋ (चाहे ह्रस्व चाहे दीर्घ) जब किसी असमान वा अजाति स्वर वा मिश्रित स्वर के पहले आते हैं तब अपने२ सम्बन्धी अर्द्धस्वर से बदलजाते हैं अर्थात् इ वा ई य् से उ वा ऊ व् से ऋ वा ॠ र् से (पा० ६, १, ७७) जैसे

अग्नि अग्र होताहै अग्न्यग्र (आग का अग्र)
प्रति उवाच होताहै प्रत्युवाच (उसने उत्तर दिया)

नु इदानीम् होताहै त्विदानीम् (परन्तु अब)
मातृ आनन्द होताहै मात्रानन्द (मा का सुख)
मातृ औत्सुक्य होताहै मात्रौत्सुक्य (मा का अंचन)

३५ वां सूत्र

पिछला ए और ओ जब किसी दूसरे शब्द के पहले आनेवाले अ के पहले आते हैं तब पलटते नहीं और पहले आनेवाला अ गिरजाता है (पा॰ ६, १, १०९) जैसे

ते अपि होताहै तेऽपि (वे भी) (१० वां सूत्र देखो)
सो अपि होताहै सोऽपि (वुह भी)

१ ली शाखा

मिश्रित शब्दों में प्रत्येक अपूर्णपद के पीछे पहले आनेवाले अ का लोप इच्छानुसार है जैसे गोश्वाः वा गोअश्वाः (बैल घोड़े) (पा॰ ६, १, १२२) ३८ वें सूत्र की ५वीं शाखा देखो)

२ री शाखा

परन्तु कई मिश्रितों में गो गव होजाताहै जैसे गो अग्र होसकताहै गवाग्र (३८ वें सूत्र की ५ वीं शाखा देखो) ऐसे ही गो इन्द्र होताहै गवेन्द्र (गायों का स्वामी) अथवा गविन्द्र (३६ वें सूत्र के अनुसार)

३६ वां सूत्र

परन्तु पिछले ए और ओ प्रत्येक शब्द के पहले आनेवाले आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ए ओ ऐ औ के पहले आते हैं तब वे यथाक्रम अय् और अव् से पलट जाते हैं और उस अय् का य् और कभी उस अव् का व् गिर जाते हैं और वुह बचाहुआ अ पीछे आनेवाले स्वर का कुछ प्रभाव नहीं उठाता है (पा ६ १ ७८) जैसे

ते आगताः होताहै तयागताः और फिर तआगताः (वे आए)

ऐसे ही विष्णो इह होताहै विष्णाविह और फिर विष्ण इह (विष्णु यहां)

वर्णन

देखो जब गो (गाय) मिश्रितों में गव् होजाताहै तब उसका व् बना रहता है जैसे

गो ईश्वर होताहै गवीश्वर (गायों का स्वामी)

गो ओकस् होताहै गवोकस् (गायों का स्थान)

१ ली शाखा.

जब ए और ओ एकही शब्द में किसी स्वर वा मिश्रित स्वर के पहले आतेहैं और वुह पीछे आनेवाला स्वर वा मिश्रित स्वर अ ए वा ओ भी होता है तब भी ए अय् से पलटजाताहै और ओ अव् से परन्तु दोनों य् और व् गिराये नहीं जाते जैसे

जे + अ होताहै जय (जीत) जि का वर्तमानकालसम्बन्धी अपूर्णपद (२६३ वां सूत्र देखो)

अग्ने + ए होताहै अग्नये (आग के लिये)

भो + अ होताहै भव भू (हो) का वर्तमानकालसम्बन्धी अपूर्णपद (२६३ वां सूत्र देखो)

१७ वां सूत्र

ऐ और औ जब किसी समान वा असमान स्वर वा मिश्रित स्वर के पहले आते हैं तब यथाक्रम् आय् और आव् होजाते हैं (पा० ६ १ ७८) जैसे

कस्मै अपि होताहै कस्मायपि (किसी को)

रै + अः होताहै रायः (१ ली वि • ब •) (धन)

ददौ अन्नम् होताहै ददावन्नम् (उस ने अन्न दिया)

नौ + औ होताहै नावौ (१ वि० द्वि० व०) (दोना)

१ ली शाखा

जो दोनों शब्द पूर्ण अर्थात् विभक्त्यन्त होते हैं तो य् और व् कभी२ गिरादिये जाते हैं परन्तु जैसे ३६ वें सूत्र के अनुसार य् और व् यथाविधि गिराये जाते हैं वैसे नहीं गिराये जाते जैसे कस्मा अपि पलटे कस्मायपि के और ददा अन्नम् पलटे ददावन्नम् के

प्रगृह्य निषेध

३८ वां सूत्र

कुछ निषेध प्रगृह्य अर्थात् ग्रहण करने के योग्य कहलाते हैं सो उन स्वरों से उत्पन्न होते हैं जो किसी अवस्था में पलटे नहीं जाते इनमें बहुत करके बताने के योग्य संज्ञाओं के वा सर्वनामों के वा क्रियाओं के ई वा ऊ वा ए अन्त में रखने वाले द्विवचनसम्बन्धी प्रत्यय वा अन्त हैं (पा० १, १, ११) ये पीछे आनेवाले स्वरों की आज्ञा नहीं उठाते जैसे

कवी एतौ (ये दो कवि) बन्धू इमौ (ये दो भाई) अमू आसाते (ये दो बैठे) पचेते इमौ (ये दो पकाते हैं) शेवहे आवाम् (हम दो सोते हैं)

वर्णन

देखो यिही सूत्र अमी से भी लगताहै जो सर्व्वनाम अदस् का बहुवचनवाला पुल्लिङ्ग १ ली विभक्ति का है

१ ली शाखा

पा० १, १, १३) के अनुसार वेदसम्बन्धी अस्मे और युष्मे भी प्रगृह्य हैं

२ री शाखा

प्लुत स्वर (११ वें सूत्र की ६ठी शाखा देखो) कुछ उलटापलटी नहीं उठाते जैसे आगच्छ कृष्ण ३ अत्र (कृष्ण यहां आ) इत्यादि (पा० ६, १, १२५, ८, २, ८२)

३ री शाखा

जो ८ वीं विभक्तिवाला शब्द अन्त में ओ रखता है सो जब निपात इति के प हले आताहै तब पलटा नहीं जाता जैसे विष्णो इति (ओ विष्णु ऐसा) (अथवा ३६ वें सूत्र का अनुगामी होताहै

४ थी शाखा

जो निपात अमिश्रित स्वर होते हैं सो और जो ओ किसी अन्य क्षेपण का पि छला वर्ण होताहै सो कुछ उलटापलटी नहीं सहते जैसे इ इन्द्र (हे इन्द्र) उ उमे श (हे उमा के स्वामी) अहो इन्द्र (अहा इन्द्र) (पा० १, १, १४, १५)

वर्णन

देखो यिह सूत्र उस आ से भी लगताहै जो बुलाने का कहाजाताहै परन्तु उस आ से नहीं लगताहै जो आङ् कहाजाताहै और क्रियाओं के या संज्ञाओं के पह ले उपसर्ग के सदृश तक और थोड़े के अर्थ में आताहै जैसे आ एवम् (हैं ऐसा) परन्तु आ उदकात् होताहै ओदकात् (जल तक) आ उष्ण होताहै ओष्ण (कुछ एक तता)

५ वीं शाखा

पहले आनेवाले अ के पहले गो (गाय) का ओ पलटता नहीं और इच्छानु सार उस अ को गिरादेताहै जैसे गो अग्रम या गोग्रम (गाय का समूह) (३५ वें सूत्र की १ली और २री शाखा और ३६वें सूत्र का वर्णन देखो)

२रे निषेध

६ ठी शाखा

उपसर्ग का पिछला अ या आ धातु के पहले ऋ के पहले आर् होजाताहै अर नहीं होताहै जैसे प्र ऋछ होताहै पार्छ (उपर जा) उप ऋछ होताहै उपार्छ (पा स जा) प्र ऋष होताहै प्रार्ष (पद) आ ऋछ होताहै आर्छ (पा) (पा० ६, १, ९१) (२६० वां सूत्र देखो)

७ वीं शाखा

उपसर्ग का पिछला अ पहले ए वा ओ रखनेवाली क्रियाओं के पहले बहुध गिरजाताहै (७८३ वें सूत्र की ११ वीं शाखा और १६ वीं शाखा वर्णन समेत दे खो) (पा० ६, १, ८९, ९४)

वर्णन

देखो निपात एव निस्संदेहता का अर्थात् ही का अर्थ देताहै तब पहले आनेव ले पिछले अ पर ऐसाही प्रभाव रखताहै

८ वीं शाखा

जो ऊ वाह् के वा के पलटे प्रष्ठवाह् (हल जोतने का नाटा) जैसे शब्दों की बहुध नवाली ७वीं विभक्ति में आताहै सो अ के पीछे वृद्धि चाहताहै जैसे प्रष्ठौहः

९ वीं शाखा

किम् का उ प्रत्येक स्वर के पहले बना रहताहै अथवा व् से पलटजाताहै जै किम् उक्तम् या किंवुक्तम् (क्या कहा)

१० वीं शाखा

शाकल्प के अनुसार अ इ उ ऋ (ह्रस्व या दीर्घ) जब किसी शब्द के पिछ वर्ण होते हैं तब ऋ पहले रखनेवाले शब्द के पहले इच्छानुसार नहीं पलटते हैं न्तु जो दीर्घ होते हैं तो ह्रस्व होजाते हैं) अथवा सामान्य सूत्र के अनुगामी ते हैं जैसे

ब्रह्म ऋषिः और ब्रह्मा ऋषिः (ब्राह्मण ऋषि) ब्रह्म ऋषिः या ब्रह्मर्षिः होज ते परन्तु ब्रह्मा ऋषि प्रत्येक अवस्था में अवश्य पलटजाताहै ऐसेही यथा ऋषि गाहे यथर्षि या यथऋषि (ऋषि के अनुसार)

ऐसेही ई या ऊ या ऋ जब किसी शब्द का पिछला होताहै और असमान के पहले आताहै जैसे चक्री अत्र होताहै चक्रयत्र या चक्रि अत्र (चक्रमाला या परन्तु मिश्रित शब्द सामान्य सूत्र के अनुगामी होतेहैं जैसे नदी उदक हो

शुदक (नदी का जल) परन्तु जो शब्द क पहले रखते हैं उनके पहले नहीं जैसे कुमारी कश्यः वा कुमारि कश्यः और असिक्लिन्न (तरवार से वहाहुआ) (महाभारत १८, १०५, देखो)

११ वीं शाखा

ओतु (बिल्ली) और ओष्ठ (होठ) जो मिश्रितों में आते हैं तो अपने पहले आनेवाले पिछले अ को इच्छानुसार गिरादेते हैं जैसे स्थूल ओतु होताहै स्थूलोतु वा स्थूलौतु (मोटी बिल्ली) अधर ओष्ठ होताहै अधरोष्ठ वा अधरौष्ठ (नीचे का होठ) (पा० ६, १, ९४ वार्त) और दिव ओकस् होताहै दिवोकस् वा दिवौकस् (देवता)

१२ वीं शाखा

ऐसेही ओम् और उपसर्ग आ पहले आनेवाले पिछले अ को गिरादेतेहैं जैसे शिवाय ओं नमः होताहै शिवायों नमः (ओं शिव को नमस्कार) शिव एहि (आ इहि के साथ) होताहै शिवेहि (हे शिव आ)

१३ वीं शाखा

इन नीचे लिखेहुए शब्दों में ऐसीही सूत्रविरुद्धता पाईजातीहै जैसे शक अन्धु होताहै शकन्धु कर्क अन्धु होताहै कर्कन्धु (बेर) लाङ्गल ईषा होताहै लाङ्गलीषा (हल की मूंठ) (पा० ६, १, ९४ का शकन्ध्वादि गण देखो)

१४ वीं शाखा

नीचे लिखेहुए मिश्रित भी कुछ विरुद्ध हैं (पा० ६, १, ८९ वार्त)

अक्षौहिणी (पूरी सेना) अक्ष और ऊहिनी से जो आदि में वाहिनी है

प्रौढ (बढ़ाहुआ) प्र और ऊढ से

प्रौह (प्रतिबिंब) प्र और ऊह से

स्वैर वा स्वैरिन् (स्वाधीन) स्व और ईर से

सुखार्त (अत्यन्त दुःखी) सुख और ऋत से

प्रार्ण (मुख्य ऋण) प्र और ऋण से

कम्बलार्ण (कम्बल का ऋण) कम्बल और ऋण से

वसनार्ण (वस्त्र का ऋण) वसन और ऋण से

ऋणार्ण (ऋण का ऋण) ऋण और ऋण) से

प्रैष (बुलावा) प्रैष्य (सेवक) प्र और एष से

इस आगे लिखेहुए यंत्र में स्वरों की उलटापलटी एक साथ दिखाई जाती है तथा जो कि एक शब्द अन्त में ऊ रखताहै और दूसरा आदि में औ तो पढ़नेवाले को चाहिये कि पहले खंभ पर जिसके सिरे पर (पिछला स्वर) लिखा है अपनी दृष्टि डाले और ऊ को देखे किकहां लिखा है फिर ऊपर को आड़ी रेखा पर जिस के सिरे पर (पहला स्वर) लिखा है दृष्टि लावे और औ को देखे जहां खड़ी रेखा का खंभ औ के नीचे ऊ वाली आड़ी रेखा से मिलता है वहां वाञ्छित संधि वा उलटापलटी का फल र् और औ मिलेगा

स्वरों की सामान्य संधि का

यंत्र

	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
पहले स्वर	अ	आ	इ	ई	उ	ऊ	ऋ	ॠ	ए	ऐ	ओ	औ
पिछले स्वर	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०
अ या आ	आ	आ	ए	ए	ओ	ओ	अर्	अर्	ऐ	ऐ	औ	औ
सूत्र	३१	३१	३२	३२	३२	३२	३२	३२	३३	३३	३३	३३
इ या ई	य् अ	य् आ	ई	ई	य् उ	य् ऊ	य् ऋ	य् ॠ	य् ए	य् ऐ	य् ओ	य् औ
सूत्र	३४	३४	३१	३१	३४	३४	३४	३४	३४	३४	३४	३४
उ या ऊ	व् अ	व् आ	व् इ	व् ई	ऊ	ऊ	व् ऋ	व् ॠ	व् ए	व् ऐ	व् ओ	व् औ
सूत्र	३४	३४	३४	३४	३१	३१	३४	३४	३४	३४	३४	३४
ऋ या ॠ	र् अ	र् आ	र् इ	र् ई	र् उ	र् ऊ	ॠ	ॠ	र् ए	र् ऐ	र् ओ	र् औ
सूत्र	३४	३४	३४	३४	३४	३४	३१	३१	३४	३४	३४	३४
ए ३५ ३६	ए	अ आ	अ इ	अ ई	अ उ	अ ऊ	अ ऋ	अ ॠ	अ ए	अ ऐ	अ ओ	अ औ
३६ अ	अय् अ	अय् आ	अय् इ	अय् ई	अय् उ	अय् ऊ	अय् ऋ	अय् ॠ	अय् ए	अय् ऐ	अय् ओ	अय् औ
ऐ ३७	आय्+अ	आय् आ	आय् इ	आय् ई	आय् उ	आय् ऊ	आय् ऋ	आय् ॠ	आय् ए	आय् ऐ	आय् ओ	आय् औ
ओ ३५, ३६	ओ+	अव्+आ	अव् इ	अव् ई	अव् उ	अव् ऊ	अव् ऋ	अव् ॠ	अव् ए	अव् ऐ	अव् ओ	अव् औ
औ ३७	आव्+अ	आव् आ	आव् इ	आव् ई	आव् उ	आव् ऊ	आव् ऋ	आव् ॠ	आव् ए	आव् ऐ	आव् ओ	आव् औ

वर्णन

देखो ऊपर के यंत्र के दृष्टान्तों में पिछला वर्ण पलटजाने से अधिक स्पष्टता के लिये पहले वर्ण से अलग लिखा है परन्तु जहां दो स्वरों का मिलना असंभव है वहां नहीं

टीका

* जो पहला अ किसी अन्त या प्रत्यय इत्यादि से सम्बन्ध रखता है और किसी पूर्ण शब्द से नहीं रखता तो अ गिराया नहीं जाता और ओ उस के पहले अव् होजाता है (३६ वें सूत्र की १ ली शाखा देखो

* जो दोनों पूर्ण शब्द होते हैं तो य और व् अवश्य गिरादिये जाते हैं परन्तु जैसे ए के साथ वैसे नहीं

२ रा प्रकर्ण

व्यञ्जनों की सुस्वरतासम्बन्धी संधि अर्थात् मिलावट

३९ वां सूत्र

व्यञ्जनों की मिलावट से पहले फिर समझ लेना चाहिये कि सब वर्ण दो प्रकार के हैं कठोर और कोमल जैसे २० वें सूत्र की २ री शाखा में बताये हैं

यंत्र

कठोर या फुसके				कोमल या बोलने						
क	ख			ग	घ	ङ	ह	अ	आ	
च	छ	श		ज	झ	ञ	य	इ ई	ए ऐ	ं
ट	ठ	ष	ः	ड	ढ	ण	र	ऋ	ॠ	वा
त	थ	स		द	ध	न	ल	ऌ	ॡ	ँ
प	फ			ब	भ	म	व	उ ऊ ओ औ		

१० वां सूत्र

संज्ञाओं के और क्रियाओं के मूलों के अपूर्ण पद अन्त में कोई वर्ण रखसक्ते हैं और ये पिछले वर्ण चाहे अमिश्रित हों चाहे मिश्रित हों जब अपूर्ण शब्द अकेले होते हैं तब रहेआते हैं परन्तु पूर्ण शब्द जब अकेले रहते हैं अथवा किसी वाक्य के अन्त में होते हैं तब व्याकरणियों की रीति के अनुसार इन नौ व्यञ्जनों में से अर्थात् क् ट् त् प ङ् ण् न् म् ल् अथवा विसर्ग (:) और अनुस्वार (ं) समेत ११ व्यञ्जनों में से कोई अन्त में रखसक्तेहैं और जो शब्द अन्त में पूर्वोक्त ग्यारः वर्णों में से कोई नहीं रखतेहैं उनके अपूर्ण शब्द भी ऐसी उलटापलटी उठाते हैं कि सुन्दरता के लिये प्रत्ययों के साथ और वाक्यों में दूसरे शब्दों के साथ मिलने में उनको इन ग्यारः वर्णों में से कोई अन्त में रखनापड़ता है

परन्तु (पाणिनि ८, ४, ५६) में प्रत्येक शब्द को कोमल वर्ण ग् ड द और ब् में से इच्छानुसार कोई वर्ण किसी वाक्य के अन्त में अथवा ठहराव के पहले अन्त में रखने की आज्ञा देता है जैसे वाक् वा वाग् इत्यादि

११ वां सूत्र

इस व्याकरण में कोमल वर्ण ग् ड् द् ब् सीटीयुक्त स् और अर्द्धस्वर र् जो पूर्ण शब्द अकेले रहते हैं और सुन्दरतासम्बन्धी मिलावट के लिये जो अपूर्ण शब्द बना येजाते हैं उनके पिछले वर्ण रखेजायेंगे परन्तु ये नीचे लिखीहुई पूर्वज्ञानसम्बन्धी पांच विधि प्रत्येक अवस्था में पिछले शब्दों के पहले वर्णों पर ध्यान रखे बिना काम में लानी पड़ेंगी

पूर्वज्ञानसम्बन्धी पांच विधि

१ ली विधि

कोई स्वररहित मिश्रित व्यञ्जन किसी शब्द के पीछे बहुधा नहीं रहसक्ता परन्तु एक अमिश्रित होजाता है इस के लिये सामान्य सूत्र यिह है कि पहले व्यञ्जन को छोड़के प्रत्येक व्यञ्जन गिरादियाजाताहै जैसे चरन् चरन्त् से और अदन्

वर्णन

देखो ऊपर के यंत्र के दृष्टान्तों में पिछला वर्ण पलटजाने से अधिक स्पष्टता के लिये पहले वर्ण से अलग लिखा है परन्तु जहां दो स्वरों का मिलना असंभव है वर्णों के मूलसम्बन्धों वा मूलसम्बन्धी के प्रतिनिधि होनेहैं सो मिले रहते हैं जैसे ऊर्क् १ ली वि० ऊर्ज् (शक्ति) से (१७६ वें सूत्र की ८ वीं शाखा देखो) अभार्त् अ० पु० ए० व० अपूर्णभूत मूल मृज से (पा० ८, २, २१) परन्तु अधिकार्थके पटर अविकार से न छोड़दियाजाता है इसलिये कि मूलसम्बन्धी नहीं है ५८३ वें सूत्र का यंत्र देखो)

२ री विधि

कोई स्वररहित श्वासयुक्त व्यञ्जन पिछला नहीं रहसकता परन्तु अपने अनुरूप अश्वासयुक्त से पलट जाता है जैसे चित्रलिख् होजाता है चित्रलिक् (४१ वां सूत्र देखो) परन्तु छ् सदा ट् होजाता है (आगे आनेवाली ४ थी विधि देखो)

३ री विधि

श्वासयुक्त ह् पिछला नहीं रहसकता परन्तु सदा ट् होजाता है जैसे लिह् होता है लिट् और कभी२ कुछ क् वा त् होजाता है (१८२ वां ३०५ वां और ३०६ वां सूत्र देखो)

४ थी विधि

पिछले तालव्य वर्ण कण्ठस्थानी वर्णों की प्रकृति रखने से कण्ठस्थानी वर्णों में पलटजाते हैं इसलिये च् सदा क् होजाता है जैसे वाच् वाक् (१७६ वां सूत्र देखो) परन्तु छ् ट् होजाता है (१७६ वां सूत्र देखो) ज् ग् होजाता है (वा क्) और कभी ट् (वा ड्) (१७६ वां सूत्र देखो) परन्तु व्याकरणसम्बन्धी बनायेहुए शब्द छोड़ के (५० वें सूत्र की २ री शाखा देखो)

५ वीं विधि

सीटीयुक्त श् ष् जो पिछले होते हैं सो बहुधा ट् से पलटजाते हैं परन्तु कभी श्

४० वां सूत्र

संज्ञाओं के और क्रियाओं के मूलों के अपूर्ण पद अन्त में कोई वर्ण रखसक ते हैं और ये पिछले वर्ण चाहे अमिश्रित हों चाहे मिश्रित हों जब अपूर्ण शब्द अकेले होते हैं तब रहेआते हैं परन्तु पूर्ण शब्द जब अकेले रहते हैं अथवा किसी ... अन्तों के पह...

े ऊपर बतलाईहुई उलटापलटियां हुआकरती हैं और जो तद्धित सम्बन्धी प्रत्यय आदि में कोई अनुनासिक रखते हैं उनके पहले भी

२ री शाखा

परन्तु जो संज्ञाएं और क्रियाएं आदि में स्वर रखती हैं उनके अन्तों के पहले और बहुधा अबल व्यञ्जन अर्थात् अनुनासिक और अर्द्धस्वर के पहले मूलों और अपूर्णपदों के पिछले वर्ण पलटते नहीं हैं (१७६ वें सूत्र में वाच् और ६५० वें सूत्र में पच् देखो) उस सामान्य सूत्र से विरुद्ध भी जो कोमल वर्ण के पहले कठोर वर्ण की कोमलता चाहता है

व्यञ्जनों की मिलावट के सामान्य सूत्र

४२ वां सूत्र

जो दो कठोर वा दो कोमल अस्वासयुक्त वर्ण पास२ आते हैं तो कुछ उलटा पलटी नहीं होती जैसे

विद्युत् प्रकाश होताहै विद्युत्प्रकाश (बिजली की चमक)

कुमुद् विकास होताहै कुमुद्विकास (कमल का खिलना)

दृषद् अधोगति होता है दृषदधो॰ति (पहाड़ का उतार)

विद्युत् + सु = विद्युत्सु (बिजलियों में)

४३ वां सूत्र

जो कोई कठोर वर्ण (मीटीयुक्त छोड़के ६२ वें सूत्र से ६६ वें सूत्र तक देखो) किसी शब्द के अन्त में आताहै और कोई कोमल वर्ण पहले रखनेवाला शब्द पीछे आता है तो वह कठोर वर्ण जो कोई मुख्य सूत्र और रीति से आज्ञा नहीं क

सूत्र की २ री शाखा देखो)

३२ वां सूत्र

जो कोई कोमल वर्ण किसी शब्द वा अपूर्ण शब्द के पीछे आताहै पहला कठोर वर्ण उसके पीछे आताहै तो वुह कोमल वर्ण अपने क छटजाताहै और वुह कठोर सदा (३१ वें सूत्र की २ री विधि के अनुस युक्त होताहै जैसे

कुमुद् + सु = कुमुत्सु (कमलों में)

समिद् + सु (समिद् पलटे समिध् के) (४१ वें सूत्र की २ री विधि दे त्सु (ईंधनों में)

१ ली शाखा

तालुस्थानियों के लिये (४१ वें सूत्र की ४ थी विधि देखो)

२ री शाखा

जो कोमल वर्ण अपने अनुरूप कठोर नहीं रखते ऐसे जैसे अनुनासि और ह हैं सो मुख्य सूत्रों से पलटे जातेहैं

३ री शाखा

जो किसी अपूर्णपद का पिछला कोई स्वासयुक्त कोमल वर्ण होत का पहला वर्ण ग् द् द् वा भ् होताहै तो जो स्वास उस पिछले वर्ण म उस अपूर्णपद के पहले वर्ण को देदियाजाताहै जैसे बुध् + सु = भुत्सु लों में) (१७७ वां सूत्र और १८२ वें सूत्र में वुह देखो) ऐसेही दध् (वे दो रखतेहैं) (३०६ ठे सूत्र की १ ली शाखा २९९ वें सूत्र की २ री शाखा और ६६४ वां सूत्र देखो)

मुख्य सूत्रों का विभाग

है आनेवाले नियत व्यञ्जनों में से जो बहुत आते हैं सो ये हैं दन्तस्थानी त् और द् अनुनासिक न् और म् दन्ती सीटीयुक्त स् (जो विसर्ग होजाताहै) और अर्द्ध-स्वर र् (यिह भी विसर्ग होजाताहै) इसलिये काम के लिये केवल चार मुख्य सूत्र बतायेजाते हैं

१ पहला पिछले त् और द् की उलटापलटी का

२ दूसरा अनुनासिकों और विशेष करके न् और म् की उलटापलटी का

३ तीसरा पिछले स् की उलटापलटी का

४ चौथा पिछले र् की उलटापलटी का

पिछले त् और द् की उलटापलटी

३५ वां सूत्र

२३ वें सामान्य सूत्र के अनुसार पिछला त् कोमल वर्णों के और स्वरों के पहले द् होजाताहै जैसे मरुत् वाति होताहै मरुद्वाति (वायु बहती है)

१ ली शाखा

२१ वें सूत्र की ५ वीं विधि की २ री शाखा के और ४३ वें सूत्र की ४ थी शाखा के कुछ निषेध हैं इसलिये जो अपूर्णपद अन्त में त् रखते हैं और प्रत्यय वत् मत् विन वल के पहले आते हैं सो उस त् को अवश्य नहीं पलटते जैसे विद्युत्वत् (बिजलीवाला) गरुत्मत् (पक्षवाला)

३६ वां सूत्र

और २४ वें सूत्र के अनुसार पिछला द् कठोर व्यञ्जनों के पहले बहुधा त् हो जाताहै जैसे दृषद् पतन होताहै दृषत्पतन (पत्थर का गिरना)

३७ वां सूत्र

और ३१ वें सूत्र की १ ली शाखा के अनुसार पिछला त् या द् पहले न् या म् के न् होजाताहै

पिछले त् वा द् का सदृश होना

४८ वां सूत्र

जो कोई शब्द अन्त में त् वा द् रखता है और उसके पीछे कोई पहला च् वा ल् आताहै तो वह त् वा द् उसके सदृश होजाता है जैसे भयात् लोभात् च हो है भयाल्लोभाच्च (भय से और लोभ से)

तद् जीवनम् होताहै तज्जीवनम् (वह जीवन)

१ ली शाखा

पिछला त् वा द् पहले छ् वा झ् के भी सदृश होजाताहै परन्तु तब ११ वें सू की २ री विधि के अनुसार उनके सदृश होने का फल च्छ ज्झ होताहै जैसे त छिनत्ति होताहै तच्छिनत्ति (वह उसको काटता है) तद् झषः होताहै तज्झषः (सकी मछली)

२ री शाखा

पिछला त् वा द् ऐसेही ट् और ड् के और उनके स्वासयुक्त वर्णों के सदृश ताहै जैसे तत् टीका होताहै तट्टीका तद् डीनम् होताहै तड्डीनम् तत् ठक्कुरः होता तट्ठक्कुरः

वर्णन

देखो ऐसा पूर्ण शब्दों की निकटता में नहीं होता अर्थात् त् ट् से नहीं पलटत जैसे षट्ते (न षट्टे) (ये छः) परन्तु ईड् + ते = ईट्टे (वह सराहताहै) (३२५ वां त्र देखो)

पिछला त् वा द् पहले ञ् और ण् के भी सदृश होताहै

४९ वां सूत्र

जो त् वा द् किसी शब्द के पीछे आता है और दूसरा शब्द श् पहले रखताहै और उस श के पीछे पास ही कोई स्वर वा अर्द्धस्वर वा अनुनासिक होता है तो

का द ष होजाताहै और वुह श छ होजाताहै जैसे तन् श्रुत्वा होताहै तच्छुत्वा (वुह सुनके) परन्तु तच्श्रुत्वाः भी होताहै

१ ली शाखा

ऐसे ही पिछले क् के पीछे पहले श का छ् होजाना इच्छानुसार है जैसे वाक्श त और वाक्छत दोनों होताहै पिछले ट् और प् के पीछे भी यिह सूत्र इच्छानुसार है परन्तु दृष्टान्त नहीं मिलते (ऋग्वेद ३, ३३, १ में विपाट् शुतुद्री के पलटे विपा ट् छुतुद्री आताहै) विपाश: और शुतुद्री नाम हैं दो नदी के

५० वां सूत्र

जो न् किसी शब्द के अन्त में आताहै और उसके पीछे पहला ह् आताहै तो पिछला त् ४३ वें सूत्र से द् होजाताहै और वुह पहला ह इच्छानुसार ध् होजाता है जैसे

तत् हरति होताहै तद्धरति (वुह उसको पकड़ताहै) परन्तु तद् हरति भी आता है

१ ली शाखा

ऐसे ही सूत्र से और ऐसे ही अभिप्राय से अनुनासिक अर्द्धस्वर और सीटीयुक्त को छोड़के जो कोई व्यञ्जन ह् के पहले आताहै तो जो वुह कठोर होताहै तो कोमल होजाताहै और उसका कोमल स्वासयुक्त इच्छानुसार उस पहले ह् के पलटे आताहै जैसे वाक् हरति होताहै वाग्घरति (बोली यश करती है)

२ री शाखा

ऐसे ही अच् ह्रस्वः होताहै अज्झस्वः (ह्रस्व स्वर)

लाना उस त् का जो च् से पलटता है

५१ वां सूत्र

जब ह्रस्व या दीर्घ स्वरों के बीच में एक अमिश्रित शब्द में छ् आताहै तब त् जो १८ वें सूत्र की पहली शाखा के अनुसार च् से पलटताहै उस छ के पहले आ

जैसे मछ् प्रत्येक स्वर के पीछे आने से मच्छ लिखाजाताहै जैसे पच्छ मि इत्यादि (६३१ वां सूत्र देखो) ऐसेही चि॰ + छेद = चिच्छेद (उसने क) अ॰ + छिनत् = अच्छिनत् (कुछ काटता था) (पा॰ ६, १, ७३, ७५)

टीका

चि छिद् के पूर्णभूत की दुहरावट का शब्दभागहै (२५२ वां सूत्र देखो) अ सब क्रियाओं में भूतकाल बनाने के लिये आगम् है अर्थात् बढ़ायाजाताहै ५२ वां सूत्र देखो)

वर्णन

लो मूछ मुर्छ से मूर्छन इत्यादि में च् नहीं लिखाजाता क्योंकि छ् दो स्वरों के में नहीं आता

१ ली शाखा

जब छ् पहला वर्ण होताहै और जब किसी शब्द का पहला शब्दभाग चाहे अ हो चाहे मिलाहुआ अन्त में कोई ह्रस्व स्वर रखताहै तब च् का लाना अव है जैसे शैलस्यच्छाया वा शैलच्छाया (पहाड़ की छाया)

२ री शाखा

उपसर्ग आ और निपात मा के पीछे च् अवश्य लाना पड़ताहै जैसे आ छन्न हे आच्छन्न (ढकाहुआ) और मा छिदत् होताहै माच्छिदत् (वुह न काटे) ६, १, ७४)

३ री शाखा

दूसरी सब अवस्थाओं में दीर्घ स्वरों के पीछे च् का लाना इच्छानुसार है जैसे री छाया वा बदरीच्छाया (बेर की छाया) सा छिनत्ति वा साच्छिनत्ति (वुह टती है) (पा॰ ६, १, ७६)

४ थी शाखा

पिछले ह् के पीछे पहले म् के पहले म् का बढ़ाना इच्छानुसार है जैसे शह्म

१ ली शाखा

यिह सूत्र छ् के पहले लगताहै जैसे तांश्छादयति (वुह उनको ढकता है) और थ् और ठ् के पहले भी परन्तु ये दो कभी आते नहीं जानपड़ते

२ री शाखा

जो स् किसी मिश्रित व्यञ्जन में न् के पीछे ही आताहै जैसा त्सरु (तरवार की मूठ) में तो कुछ उलटापलटी नहीं होती जैसे सन् त्सरु होताहै सन्त्सरुः

३ री शाखा

ऐसाही सुसरतासम्बन्धी स् उपसर्ग सम् अव परि प्रति और कई ककारादि शब्दों में आताहै जैसे संस्कार संस्कृत परिष्कार प्रतिष्कार इत्यादि (७० वां सूत्र देखो) और पुम् (नर) और किसी कठोर व्यञ्जन आदि में रखनेवाले शब्द (जैसा कोकिल) के बीच में भी आताहै जैसे पुंस्कोकिलः और जब कान् दुहरायाजाताहै तब भी जैसे कांस्कान् वा कांस्कान् (किस२ को) (पा० ८, ३, १२ परन्तु वोपदेव २ ३५)

४ थी शाखा

जो न् किसी मूल के अन्त में आताहै सो तकारादि अन्तों के पहले स् का आना नहीं चाहता है जैसे हन् + ति = हन्ति (वुह मारता है) (परन्तु ५७ वां सूत्र और ५० वें सूत्र की १ ली और २ री शाखा देखो)

५ वीं शाखा

परन्तु प्रशान् भी (१ ली वि० प्रशाम् का १७९ वें सूत्र की १ ली शाखा देखो) नहीं चाहता जैसे प्रशान्तनोति (शीलवान फैलाताहै) प्रशाञ्चिनोति (शीलवान जोड़ताहै) (पा ८, ३, ७,)

५३ वां सूत्र

जिन अवस्थाओं में न् आदि में किसी का पिछला होताहै और अनुस्वार हो जाताहै सो उतनी ही हैं जितनी ऊपर ५३ वें सूत्र और ५३ वें सूत्र की १ ली शाखा में बताई हैं इसलिये संस्कृत की अच्छी मिलावट में तान् करोति वा तान् दश

नि को तांकरोति या तांददाति नहीं लिखना चाहिये

५५ वां सूत्र

जो न् किसी शब्द के अन्त में आताहै और दूसरा शब्द शकारादि होताहै तो न् और श् इन नीचे लिखीहुई दो रीतियों में से एक रीति से मिलताहै

१ ली रीति

पिछला न् तालूसम्बन्धी ञ् से पलट सकताहै जैसे महान् शूरः लिखाजासकता है महाञ्शूरः (बड़ा शूर)

२ री रीति

पहला श् छ् होसकताहै जैसे महाञ्छूरः

१ ली शाखा

व्याकरणियों की मति के अनुसार जो न् बढ़ताहै और ५१ वें सूत्र के अनुसार च् होजाताहै सो दोनों अवस्थाओं में आसकताहै जैसे महाञ्च्शूरः वा महाञ्च्छूर परन्तु ऐसा बहुत थोड़ा होताहै और बहुधा न् और श् दोनों कभी२ अशुद्धता से सूत्रविरुद्ध पलटे नहीं जाते जैसे महान् शूरः

२ री शाखा

पिछला ङ् जब किसी दूसरे शब्द वा शब्दभाग के पहले कोई सीटीयुक्त आता है तब क् का बढ़ना चाहता है इसलिये प्राङ् शत प्राङ्क्शत या ४९ वें सूत्र की १ ली शाखा के अनुसार प्राङ्क्छत दोनों होसकताहै अथवा जैसा है वैसा रह सकता है

३ री शाखा

स् के पहले पिछला ण् ट् का बढ़ना चाह सकताहै और पिछला न् त् का जैसे सुगण् (अच्छा गिननेवाला) ७ वीं वि० के ए० व० में होताहै सुगण्सु या सुगण्ट्सु और सन् सः (वह होताहुआ) होसकताहै सन्त्सः और कोई२ व्याकरणी कहते हैं कि ये बढ़ेहुए वर्ण इच्छानुसार स्वासयुक्त होसकते हैं पिछले न् और पहले स

के बीच में नृ का लाना वेद में बहुत है परन्तु पिछली संस्कृत भाषा में इन वर्णों का आना सदा नहीं है

५६ वां सूत्र

जो न् किसी शब्द का पिछला होताहै और दूसरा शब्द आदि में ल् रखता है त न् ल् होजाताहै और चन्द्रविन्दु का चिन्ह (ँ) न् के पलटे उस ल् पर उसकी अ नासिकता दिखाने के लिये रखादियाजाता है जैसे पक्षान् लुनाति होता है पक्षाल्लुँ नाति या पक्षाल्ँ लुनाति (वुह पक्ष कतरता है) (७ वां सूत्र देखो)

१ ली शाखा

पिछला न् पहले ज् झ् ञ् के शुद्धता से ञ् लिखाजाना चाहिये परन्तु सूत्रविरुद्ध नि नों में बहुधा जैसा है वैसाही रहताहै

२ री शाखा

पिछले न् को ड् ढ् और ण् के पहले ण् लिखा जाना चाहिये

३ री शाखा

परन्तु पिछला न् कण्ठ्य तालव्य और (ष् को छोड़के) अर्द्धस्वर और सीटीयु त और प के पहले पलटा नहीं जाताहै जैसे तान् षट् (उन छः को)

५७ वां सूत्र

जो न संज्ञासम्बन्धी अपूर्णपदों का पिछला होताहै सो व्यञ्जन आदि में रख वाले अन्तों और प्रत्ययों के पहले गिरजाताहै जैसे धनिन्+ भिः = धनिभिः (धन नों से) गुणिन् + त्व = गुणित्व (महणाई) ऐसेही स्वामिन् + वत् = स्वामिवत् (स्वा सा) परन्तु राजन्वत् (राजा रखनेवाला) के अर्थ में इस सूत्र से विरुद्ध है (रघुवं ५, १, २२, और पा० ८, २, १४) ऐसेही उदन्वत् (समुद्र) (रघुवंश ५, ३०, १

१ ली शाखा

जो न किसी मूल का पिछला होताहै सो उन अन्तों के पहले जो अनुनासि और अर्द्धस्वर को छोड़के कोई व्यञ्जन आदि में रखते हैं और संकेतिक

नहीं रखतेहैं छोड़दियाजाता है (१०७ वां और ३२३ वां सूत्र देखो) जैसे हन् + ति (तिङ्) = हन्ति परन्तु हन् + तः = हतः (६५२ वां सूत्र देखो)

२ री शाखा

ऐसे ही जब कोई न् अन्त में रखनेवाला शब्द किसी मिश्रित शब्द में पहले आता है अर्थात् पीछे नहीं आता तब उस मिश्रित का दूसरा अंग स्वरादि भी होता है परन्तु वह न् छोड़दियाजाताहै जैसे राजन् पुरुष होता है राजपुरुष (राजा का सेवक) राजन् इन्द्र होताहै राजेन्द्र (राजाओं का इन्द्र) स्वामिन् अर्थम् होताहै स्वाम्यर्थम् (स्वामी के लिये)

३ री शाखा

जो न् पिछला नहीं होता और उसके पहले निकट ही कोई तालुस्थानी होता है तो ञ् होजाताहै जैसे याच् + ना = याञ्ञा (इच्छा) यज् + न = यज्ञ (बलिदान) ऐसे ही राज्ञी राजन् से (राजा की स्त्री)

जो न् पिछला नहीं होता उसका ण् से पलटना

५८ वां सूत्र

जो न् पिछला नहीं होता और अपने पीछे पास ही कोई स्वर अथवा न् म् य् व् से कोई व्यञ्जन रखताहै सो जब एक ही शब्द अर्थात् समानपद में ह्रस्व वा दीर्घ ऋ र् और ष में से किसी के पीछे आताहै और कोई स्वर अथवा कोई कंठस्थानी वा ओष्ठस्थानी अर्थात् क् ख् ग् घ् ङ ह् और प फ् ब् भ् म् य् व् में से कोई अथवा य् वा अनुस्वार, अमिश्रित वा किसी स्वर से मिश्रित बीच में आताहै तो भी ण् में पलट जाताहै जैसे इन अगले दृष्टान्तों में जो मनुष्यों और अन्नों के लगाने से बनेहैं. शिपाणि (६१५ वां सूत्र देखो) कर्मणा (१५२ वां सूत्र देखो) मृगेण (१०७ वां सूत्र देखो) बृंहण (मोटा करताहुआ) शृङ्गिण (सींगवाला) ब्रह्मण्य (ब्रह्म को माननेवाला) परन्तु आचार्यानी (आचार्य की स्त्री) इस सूत्र से विरुद्ध है। पा० ८. ४. २१. वार्त्तिक ।

टीका

* यिह ५८ वां सूत्र पाणिनि के ८ वें और ४ थे दो सूत्रों में ऐसे बताया है रषा भ्यां णो नः समानपदे। अट्कुप्वाङ्नुम्व्यवायेऽपि। ऋ के साथ ऋ भी समझा जाता है अट् से मिश्रित वा अमिश्रित स्वर य् ह् व् और र् समझे जाते हैं कु से कंठस्थानी पु से ओष्ठस्थानी आङ् से उपसर्ग आ और नुम् से अनुस्वार समझे जाते हैं

१ ला वर्णन

न् पिछला (अर्थात् वुह जिसके पीछे विराम आता है) जब किसी शब्द में आता है तब पलटा नहीं जाता जैसे दातॄन् दातॄण् नहीं होता (१२७ वां सूत्र देखो)

२ रा वर्णन

ऐसे शब्द जैसा कुर्वन्ति (वे करते हैं) में न् के पीछे पासही त् आता है इसलिये वुह पलटता नहीं ऐसेही रुन्ध्वः (६७१ वां सूत्र देखो)

३ रा वर्णन

यिह दन्तस्थानी वर्ण का मूर्द्धस्थानी वर्ण के साथ पलटना प्रातिशाख्यः में नति कहलाता है .

१ ली शाखा

य् को छोड़के प्रत्येक तालुस्थानी वा मूर्द्धस्थानी वा दन्तस्थानी (१८ वें सूत्र की २ री शाखा का ३ रा यंत्र देखो) अर्थात् च् छ् ज् झ् ञ् श् ट् ठ् ड् ढ् ण् त् थ् द् ध् ल् स् का बीच में आना इस सूत्र की आज्ञा को रोकता है जैसे अर्चना (पूजा) मर्जन (छोड़ना) कीडन (खेलना) वर्त्मानि (वर्त्मन् मार्ग की १ ली वि॰ प्र॰ व॰) शृगालेन (गीदड़ से) (१०९ वां सूत्र देखो) किसी ओष्ठस्थानी का न् के साथ मिलके बीच में आना पांचवें गण की किया तृप् (तुष्कर) की वर्तनी के रूपों में कुछ उलटापलटी नहीं होने देता जैसे तृप्नोमि इत्यादि (६१८ वां सूत्र देखो) और नवें गण की किया क्षुभ् (हिलना) की वर्तनी के रूपों में भी जैसे क्षुभ्नाति इत्यादि

(६९२ वां सूत्र देखो) (पा० ८, ४, ३९) परन्तु वेद में तृप्णोति आताहै परन्तु अ गुनासिक या अर्द्धस्वर या ह् का बीच में आना जो न् के साथ मिश्रित भी होतेहैं तो भी उसके मूर्द्धनी होजाने को नहीं रोकता जैसे अर्यमणा (१२७ वां सूत्र देखो) अराव्णा (अरावन् (झगड़ालू)की १ री वि०) ग्रावणा (ग्रावन्) (पत्थर) की ३ री वि०)

वर्णन

पाणिनि के ६, १, १६ के अनुसार व्रश्च् (काट) और रुज् (तोड़) की कर्मणिवा च्य मूलगुणक्रिया वृक्ण और रुग्ण होनी चाहिये

२ री शाखा

जो दो मिश्रित न् ऐसे वर्णों के पीछे आते हैं जो मूर्द्धन्यता चाहते हैं तो वे दो- नों ण् होजाते हैं जैसे विपण्ण * में (५४० वां सूत्र देखो)

टीका

* ऐसे शब्द को छोड़ के जैसा प्राणिणत् जो दुहरायाहुआ अनियतभूत है अन् (स्वास छे) का प्र के साथ

३ री शाखा

मिश्रित शब्दों में सो जब ऋ ॠ ष् र् में से कोई उनके पहले अंग में आताहै और न् दूसरे अंग में तब शुद्ध न् कभी२ ण् से पलटता है विशेष करके तब जब प्रत्येक श ब्द का पृथक२ अर्थ उस मिश्रित में एक होजाताहै और कभी ऐसा पलटना इच्छा नुसार है परन्तु जब वे शब्द मिलके एक अर्थ नहीं देते तब ऐसी उलटापलटी नहीं होती परन्तु इस अवस्था में भी कोई मुख्य सूत्र बताना असम्भव है ये आगे थोड़े दृष्टान्त लिखे जाते हैं ग्रामणी (गांव का स्वामी) अग्रणी (मुखिया) रामायण (रा मायण) वार्ध्रीणस (गेंडा) खरणस (पैनी नाकवाला) परन्तु चर्मनासिका (कोड़ा) और सर्वनामन् (सर्वनाम) स्वर्नदी वा स्वर्णदी (आकाश की नदी) हृपनाशन (पौ धा) (हृपणाशन छोड़के) गिरिनदी वा गिरिणदी (पहाड़ की नदी) मापवण

(आम का वन) ब्रह्महणम् (ब्राह्मण के मारनेवाले को) ऐसेही वृत्रहणम् (वृ-त्र के मारने वाले को) परन्तु वृत्रघ्न (जिस में हन् घ्न होजाताहै) सर्वाह्न (सब दिन) और ऐसेही दूसरे मिश्रितों में जब पहला अंग अन्त में अ रखता है परन्तु पराह्न (मध्यान पीछे) परा और अहन् से (पा० ८, ४, ३ इत्यादि)

४ थी शाखा

मिश्रित शब्द का न् जब पहला अंग अन्त में ष् रखता है और दूसरा कृत् प्रत्यय से बनके न् रखता है तब ण् से नहीं पलटाजाता जैसे निष्पान दुष्पान यजुष्पान (पा० ८, ४, २५)

५ वीं शाखा

जो किसी मिश्रित का दूसरा अंग कोई कंठस्थानी वर्ण रखता है अथवा एक शब्दभागवाला होताहै तो न् ण् से अवश्य पलटजाताहै जैसे स्वर्गकामिणी हरिकामेण (पा० ८, ४, १३) क्षीरपेण (पा० ८, ४, १२) परन्तु जो अग्नि के साथ मिश्रित होते हैं उन में नहीं जैसे शर्गाग्नि

५९ वां सूत्र

उपसर्ग अन्तर् निर् (पलटे निस् के) परा परि प्र और दुर् (पलटे दुस् के) बहुत से न् आदि में रखनेवाले मूलों में न् का ण् से पलटना चाहते हैं और इसलिये धातुपाठ में ये मूल मूर्द्धनी ण् के साथ लिखे जाते हैं जैसे प्रणमति (वह नमस्कार करता है) अन्तर्णयति (वह भीतर मार्ग दिखाता है) निर्णुदति (वह निकालता है) परानुदति (वह निकालताहै) प्रणय (मार्ग दिखाना) प्रणायक (मार्ग दिखानेवाला) परिणाह (वेग)

१ ली शाखा

परन्तु इन आगे आनेवाले मूलों में न् कभी नहीं पलटता और इसलिये ये मूल धातुपाठ में दन्ती न् के साथ लिखे जाते हैं नृत् (नाच) नन्द् (प्रसन्न हो) नर्द् (दहाड़) नश् (नाश) नट् (नाच) नाथ् (पूछ) नाध् (पूछ) नृ (मार्ग दिखा)

टीका

१ किसी२ व्याकरणी की मति के अनुसार न् ण् से तबही पलटताहै जब पिह मूल १० वें गण का होताहै और पढ़ने वा गिरने का अर्थ देताहै

२ री शाखा

नश् (बिगाड़) में न् ण् से केवल तब पलटताहै जब श् ष् से नहीं पलटता जैसे प्रण श्यति परिणश्यति परन्तु प्रनष्ट परिनष्ट में नहीं (पा० ८, ४, ३६)

३ री शाखा

हन् (मार) में न् ण् से पलटताहै परन्तु जब ह् घ् से पलटजाताहै तब नहीं जैसे प्रहण्यते प्रहणन परन्तु प्रघ्नन्ति में नहीं (पा० ८, ४, २२) जब न् के पीछे म् वा व् आताहै तब न् का ण् होना इच्छानुसार है जैसे प्रहन्मि वा प्रहण्मि इत्यादि (पा० ८, ४, २३)

४ थी शाखा

जब उपसर्ग नि पूर्वोक्त उपसर्गों के और मूल के बीच में आताहै तब इन आगे लिखेहुए मूलों में न् ण् से पलटजाताहै गद् नद् पत् पद् मा मे सो हन् या वा द्रा प्सा वप वह् शम् चि दिह् दूसरी बहुत सी क्रियाओं में पिह उलटापलटी इच्छानुसार होतीहै जैसे प्रनिभिनत्ति वा प्रणिभिनत्ति (पा० ८, ४, १७, १८)

५ वीं शाखा

जो उपसर्ग एक र् रखते हैं उनके पीछे कई अन जैसे प्रत्ययों का न् मूर्द्धन्यता अर्थात् ण होजाना चाहता है परन्तु प्रेरणार्थकसम्बन्धी अपूर्णपदों में और थोड़ी दूसरी अवस्थाओं में पिह उलटापलटी इच्छानुसार होती है (पा० ८,४, २९, ३१) जैसे प्रकोपन वा प्रकोपण प्रयापन वा प्रयापण परन्तु प्रवेपन प्रमङ्गन प्रकम्पन प्रगमन प्रभान इत्यादि में न् ण् से नहीं पलटता है (पा० ८, ४, ३२,३४) मूल अन् (श्वासले) में पिछला न् ण् होजाताहै क्योंकि प्रा ग् और पराण् से होताहै प्राणिति (धुइ सांस लेताहै) और पराणिति (पा० ८, ४, १९) प्रेरणार्थकसम्बन्धी अनि

पतभूत दो ण् रखता है जैसे प्राणिणान् ऐसेही पराण् का इच्छार्थक जैसे पराणिनि पति इस प्रकार से प्रत्येक शब्द के अन्त में पिछला न् ण् होसकताहै जैसा मूल अन् से बनेहुए प्राण् और पराण् में परन्तु ऐसा मूल अन् ही में होताहै दूसरी किसी अवस्था में पिछला न् ण् नहीं होता जब र् अन् के न् से एक से अधिक वर्ण की सहायता से अलग होजाताहै तब कुछ उलटापलटी नहीं होती जैसे पर्यनिति में

पिछले म् की उलटापलटी

६० वां सूत्र

जब म् किसी शब्द के पीछे आताहै और व्यञ्जन क् ख् ग् घ् च् छ् ज् झ् ट् ठ् ड् ढ् त् थ् द् ध् न् प् फ् ब् भ् स् में से कोई पीछे आताहै तब म् अनुस्वार होजाताहै अथवा इन व्यञ्जनों में से प्रत्येक के पहले उसके अनुनासिक से पलटजाताहै जैसे गृहम् जगाम को लिखते हैं गृहं जगाम वा गृहञ्जगाम (वुह घर को गया है) और नगरम् प्रति को लिखते हैं नगरं प्रति वा नगरम्प्रति (नगर की ओर) परन्तु इन अवस्थाओं में अनुस्वार बहुधा आयाकरताहै ऐसेही जब डीन के पहले उपसर्ग सम् आताहै तब होताहै संडीन वा सण्डीन (भागना) सम् चय होताहै संचय वा सञ्चय (संग्रह) सम् न्यास होताहै संन्यास वा सन्न्यास (त्याग) परन्तु इन अवस्थाओं में अनुस्वार बहुत नहीं आता

१ ली शाखा

प्रत्येक मूल का पिछला म् उन प्रत्ययों के पहले जो य् र् ल् म् को छोड़के कोई व्यञ्जन आदि में रखते हैं न् या ण् से पलटजाताहै जैसे जङ्गम् + मि = जङ्गन्मि (७०९ वां सूत्र देखो)ऐसेही चङ्क्रम् + वहे = चङ्क्रण्वहे (५८ वां सूत्र और पा० ८, २, ६५, देखो)

२ री शाखा

श् ष् स् ह् के पहले पिछला म् अनुस्वार बनजाता है ऐसेही अर्द्धस्वरों के पहले

भी परन्तु ६ ठे सूत्र की ५ वीं ६ ठी शाखा और ७ वां सूत्र देखो)

३ री शाखा

जब पिछला म् इ के पहले आवे और उसके पीछे म् न् प् ल् व् में से कोई आवे तब उसके लिये ७ वें सूत्र की ३ री शाखा देखो

४ थी शाखा

जब दूसरा शब्द आदि में कोई स्वर रखताहै तब म् सदा लिखा जाता है जैसे गृहम् आयाति होताहै गृहमायाति (वह घर को आताहै) गृहंआयाति नहीं होता

५ वीं शाखा

जब न् वा म् पिछला नहीं होता और छ् के पीछे आताहै तब छ् श् होजाता है जैसे प्रछ् + न = प्रश्न (पूछना) विछ् + न = विश्न (तेज) (पा ६,४,१९,) प्रा प्रछ् + मि = पापृश्मि (मैं पूछा करताहूं)

पिछले स् की उलटापलटी

६१ वां सूत्र

संज्ञासम्बन्धी और क्रियासम्बन्धी बहुत सी वर्णमालाओं में स् अन्त में आताहै सो श् और ष् से बदलताहै और विसर्ग (:) बन जाताहै वा र् होजाताहै (८ वां सूत्र देखो) जो कठोर सीटीयुक्त और विसर्ग का अनुरूप कोमल समझाजाताहै ऐसी उलटापलटियां बहुत होती हैं इसलिये ये पांच प्रकार लिखे जाते हैं इन पर ध्यान रखना चाहिये

वर्णन

दूसरे व्याकरणों में इन सूत्रों को विसर्ग की उलटापलटी के सूत्र लिखाहै इसलिये कि जो सीटीयुक्त किसी पूर्णशब्द के अन्त में आताहै सो अकेला नहीं रहता (४० वां सूत्र देखो)

६२ वां सूत्र

प्रकार

पिछला सीटीयुक्त स् ष् ट् और इनके स्वातयुक्त के पहले नहीं होजाता है क्योंकि पिछला स् त् थ् के पहले नहीं पलटता च् छ् के पहले श् होजाताहै और ट् ठ् के पहले ष् होजाताहै

१ ली शाखा

पिछला स् पहले स् के पहले नहीं पलटता और पहले श् और ष् के पहले उनके सदृश होजाता है परन्तु बहुधा शुद्ध इन अवस्थाओं में विसर्ग होजाताहै (६३ वां सूत्र देखो)

टीका

* स् का पहले ष् से सदृश होना कभी होताहै परन्तु इसका हराना अयुक्त है

२ री शाखा

ऐसेही प्रत्येक मूल का पिछला स् अन्त सि और से के पहले सदा नहीं पलटता जैसे शास् + से = शास्से वस् + से = वस्से (३०४ थे सूत्र की १ ली शाखा देखो)

३ री शाखा

जब पहला स् किसी सीटीयुक्त से मिश्रित होताहै तब उसके पहले वाला पिछला स् बिना रूपने के पहले विसर्ग होजाता है जैसे हरिः त्सरु गृह्णाति (हरि तलवार की मूठ पकड़ता है)

४ थी शाखा

अस् इस् उस् के निषेधों के लिये (६९ वां सूत्र देखो)

६३ वां सूत्र

२ प्रकार

क् प् और इनके श्वासयुक्त वर्णों के और बहुधा तीनों सीटीयुक्त स् श् और ष् के पहले पिछला स् विसर्ग होजाता है परन्तु (६२ वें सूत्र की १ ली शाखा देखो

टीका

* दृष्टान्त पहले ष् के त्रयः षष्ठि के सदृश बहुत थोड़े हैं

१ ली शाखा

ठहराव के पहले अर्थात् किसी वाक्य के अन्त में पिछला स् विसर्ग होजाताहै.

२ री शाखा.

जब कोई पहला सीटीयुक्त किसी दूसरे कठोर व्यञ्जन के साथ मिश्रित होताहै तब पहले आनेवाला पिछला स् बहुधा हाथ की लिखीहुई पुस्तकों में गिरादिया जाताहै-जैसे हरिस्कन्दति वा हरिःस्कन्दति (हरि जाताहै)

३ री शाखा

जो संज्ञाएं अन्त में इस् वा उस् रखती हैं और ऐसी क्रियाओं के पहले आती हैं जो आदि में क प अथवा इनसे प्राप्त युक्त रखती हैं और इन क्रियाओं के साथ व्याकरण की रीति से मिली रहती हैं सो इच्छानुसार विसर्ग के पलटे ष् चाहती हैं जैसे सर्पिष्करोति वा सर्पिःकरोति (घृत घी बनाता है) (पा० ८, ३, ४४)

६४ वां सूत्र

३ रा प्रकार

पिछला अस् सब कोमल व्यञ्जनों के पहले ओ होजाताहै

१ ली शाखा

ऐसेही पूर्व अ के पहले जो तब गिरजाता है

पिछ प्रकार बहुत शुद्धता से परन्तु थोड़ी स्पष्टता से ऐसा लिखा है कि सब कोमल व्यञ्जनों के पहले पिछला स् उ । होजाता है और फिर अपने पहलेवाले अ से मिलकर ओ होजाताहै

टीका

१ अर्थात् पहिले स् ६५ वें सूत्र के अनुसार पहले र् से पलटताहै फिर र् सार हो-जाताहै

२ री शाखा

लोकों के नाम (सुपस् महस् जनस् मपस् इत्यादि) कोमल व्य
स् को र् करदेते हैं जैसे सुपर्लोक महर्लोक इत्यादि

६५ वां सूत्र

४ था प्रकार

पिछला स् अ या आ को छोड़के जब किसी स्वर के पीछे आ
कोमल व्यञ्जन और स्वर के पहले आताहै तब र् होजाताहै

१ ली शाखा

जब कोमल र् पीछे आताहै तब दो र् की मिलावट रोकने के
गिरजाताहै और उसका पहला स्वर ह्रस्व होताहै तो दीर्घ होजाता

६६ वां सूत्र

५ वां प्रकार

पिछला स् जब ह्रस्व अ उसके पहले आताहै तब ह्रस्व अ+ प
दूसरे स्वर के पहले गिरजाताहै देखो इस अवस्था में अ पिछला
उस पहले अ के पहले बिना मिलावट १ के आताहै

१ ली टीका

\+ अर्थात् बुद्ध ६४ वें सूत्र के अनुसार अ के साथ मिलके ओ
ओ अ को छोड़के प्रत्येक स्वर के पहले अव् होजाताहै औ
अनुसार उसका व् गिर जाताहै

२ री टीका

\+ यिह उन तीन अवस्थाओं में से एक अवस्था है जिस में दो
संहिता में रह सकाहै वे तीन अवस्था ये हैं १ ली जब ६६ वें सूत्र
छला स् अस् या आस् का छोड़ दियाजाताहै २ री जब कोई ए
या पूरा शब्द (३६ वां सूत्र देखो) अ को छोड़के किसी स्वर के
३ री जब कोई द्वि वचन वाली विभक्तियों के अन्त ई ऊ ए स्वरों
(३८ वां सूत्र देखो) तब शब्द के बीच में ...

१ ली शाखा

जब दीर्घ आ पहले आताहै पिछला स् प्रत्येक कोमल व्यञ्जन या स्वर के पहले छोड़ दियाजाताहै देखो जब पहला वर्ण कोई स्वर होताहै तब वुह आ पिछला होजाताहै और मिलावट बिना उसके पहले आताहै

२ री शाखा

जब अ वा आ को छोड़के कोई दूसरा स्वर पहले आताहै तब वुह पिछला स् र् के पहले छोड़दियाजाताहै जैसे ६५ वें सूत्र की १ ली शाखा में बतायाहै

३ री शाखा

व्याकरणी कहते हैं कि पिछला स् विसर्ग होके य् होजाताहै और य् ३६ और ३७ वें सूत्र के अनुसार छोड़दियाजाताहै

ऊपर वाले पांच प्रकार आगे आनेवाले यंत्र में स्पष्ट बतायेजातेहैं इस में पहली विभक्ति वाले नरस् (नरः) (पुरुष) नरास् (नराः) (बहुत से पुरुष) हरिस् (हरिः) (विष्णु) (रिपुस् रिपुः) (शत्रु और नौस् (नौः) (नाव) क्रियाओं के साथ आते हैं

यंत्र

६७ वां सूत्र

६२, ६३ और ६४ वें सूत्र के ये सामान्य निषेध हैं सस् (सः) (वुह) और एषस् (एषः) (यिह) सर्वनाम तद् और एतद् का ए० व० पु० १ वि० (२२० और २२३ वां सूत्र देखो) सो प्रत्येक कठोर या कोमल व्यञ्जन के पहले अपने पिछले स् को गिरादेते हैं जैसे स करोति (वुह करताहै) स गच्छति (वुह जाताहै) एष पचति (यिह पकाताहै) परन्तु ६४ वें सूत्र की १ ली शाखा ६६ वां सूत्र और ६३ वें सूत्र की १ ली शाखा का विचार रखना पड़ताहै जैसे सोऽपि (वुह भी) स एषः (वुह यिह) कभी२ परन्तु केवल पादपूर्ण अर्थात् पद को पूर्ण करने में स पीछे आनेवाले स्वर से मिलजाताहै जैसे सैष. पलटे स एष के

पद्य में स्यस् (स्यः) (वुह) त्यद् से १ ली वि० पु० इच्छानुसार इसी सूत्र का अनुगामी होता है (पा० ६, १,१३३)

जिस कारण से स् अन्त स् को गिरादेताहै सो यिह जान पड़ताहै कि यिह अन्त सर्वनाम स से निकला है

६८ वां सूत्र

जो स् संज्ञाओं और क्रियाओं की वर्त्तनियों के अन्त में आताहै उस से ये ऊपरवाले प्रकार बहुत लगतेहैं परन्तु ये उन संज्ञाओं और विशेषणों से भी बहुत लगते हैं जिनके अपूर्णपद अन्त में अस् इस् और उस् रखतेहैं जैसे ६५ वें सूत्र से चक्षुस् ईक्षते होताहै चक्षुरीक्षते (आंख देखती है) और चक्षुस् + भिः = चक्षुर्भिः (आंखों से) ऐसे ही ६४ वें सूत्र के अनुसार मनस् जानाति होताहै मनो जानाति (मन जानताहै) और मनस् + भिः = मनोभिः (मनों से)

अस् इस् और उस् के निषेध

६९ वां सूत्र

अस् जब किसी मिश्रित शब्द के पहले अंग के अन्त में आताहै तब कृत् क और कम् के निर्गुणों के पहले और कंस कुम्भ पात्र कुशा कर्णी के पहले स् को

बना रखता है (पा० ८, ३, ४६) जैसे तेजस्कर (तेज करनेवाला) अयस्कार (लु हार) नमस्कार (वन्दना) तिरस्कार × (अनादर) पयस्काम (दूध चाहनेवाला) दूसरे मिश्रित शब्दों में भी विह स् बनारहता है विशेष करके जब दूसरा अंग आदि में क् वा प् रखता है जैसे दिवस्पति (दिन का स्वामी) वाचस्पति (बोली का स्वामी) ऐसेही भास्कर (सूर्य्य) ऐसेही तद्धित प्रत्यय वत् विन् और वल के पहले जैसे तेजस्वत् तेजस्विन् (तेजवाला)

टीका

× तिरस्कृ के रूपों में स् का रखना इच्छानुसार समझाजाताहै (पा० ८, ३, ४२) जैसे तिरस्कर्तृ वा तिरःकर्तृ

१ ली शाखा

जो शब्द अन्त में इस् वा उस् रखते हैं जैसे हविस् सर्पिस् धनुस् इत्यादि सो और प्रत्यय निस् वहिस् आविस् दुस् प्रादुस् जब क् ख् प् फ् आदि में रखनेवाले शब्दों के साथ मिश्रित होते हैं तब अपने पिछले स् को ष् से पलटते हैं (पा० ८, ३, ४१, ४५) जैसे हविष्कृत् (हवन करनेवाला) सर्पिष्पान (घी पीनेवाला) धनुष्कार (धनु बनानेवाला) निष्कृत (हटायाहुआ) निष्फल (फल रहित) वहिष्कृत (बाहिर कियाहुआ) आविष्कृत (प्रत्यक्ष कियाहुआ) दुष्पान (कठिनता से पियाजानेवाला) प्रादुष्कृत (प्रत्यक्ष कियाहुआ)

२ री शाखा

जो नाम अन्त में इस् वा उस् रखते हैं सो तद्धित प्रत्यय मत् वत् विन् वल के पहले अपने पिछले स् को ७० वें सूत्र के अनुसार ष् से पलटते हैं जैसे अर्चिष्मत् ज्योतिष्मत् (चमकवाला) धनुष्मत् (धनुवाला)

३ री शाखा

ऐसेही तकारादि तद्धित प्रत्यय जैसे त्व तम तर तय इत्यादि के पहले (८० वां सूत्र देखो) इस् और उस् का पिछला स् ष् से पलटाजाताहै परन्तु वह पहला त्

अग्निष्टोम पितृष्वम् दुःषम इत्यादि

८ वीं शाखा

जो मिश्रित सादृ मूल (सद) से बनते हैं उनमें पहला स् ष् होजाता है और द् किसी मूर्द्धन्य ट् ड् या ढ् से पलटजाता है (१८२ वें सूत्र की ५ वीं शाखा देखो)

९ वीं शाखा

प्रत्यय सात् का स् नहीं पलटता है जैसे अग्निसात्कृ (आग से जलाना)

१० वीं शाखा

उपसर्ग निस् मूल तप के पहले आने से जो दुहरा काम दिखायाजाताहै तो निस् ष् नहीं होता जैसे निस्तप (स्वर्ण इत्यादि को बारंबार पिघलाना) (पा० ८, ३, १०२) नहीं तो निष्टप होताहै

पिछले र् की उलटापलटी

७१ वां सूत्र

जो शब्द अन्त में र् रखते हैं सो संधि के लिये जानना चाहिये कि अन्त में स् रखने हैं बहुतसी अवस्थाएं जिन में पिछले र् की उलटापलटी पिछले स् की उलटापलटी से मिलती नहीं हैं सो आगे ऐसी — रेखा से जान पड़ेंगी

१ ली शाखा

जैसे ६३ वें सूत्र से प्रातर् काल होताहै प्रातःकाल (सवेरा) अन्तर् पुर होताहै अन्तःपुर (स्त्रियों के रहने का स्थान) प्रातर् ग्रास होताहै प्रातःग्रास (सवेरे का खाना)

२ री शाखा

परन्तु जो र् किसी अपूर्णपद का पिछला होताहै या मूलसम्बन्धी वर्ण होताहै सो प्रत्येक शीर्षकों के पहले पलटा नहीं जाता जैसे चर् + सु = चर्षु (७० वां सूत्र देखो) गिर् + भिः = गिर्भिः चतुर् + षु = चतुर्षु (२०१ वां और ६२ वें सूत्र

कि ? री शाखा देखो) और कभी॰ मिश्रितों में कठोर प के पहले जैसे गोपति (गोली का स्वामी) जो गीःपति और गीष्पति भी लिखा जाता है स्वर्पति (आकाश का स्वामी) जो स्वःपति भी लिखा जाता है

३ री शाखा

६२ वें सूत्र के अनुसार भातर् तु होजाता है भातस्तु और भातर् च होजाता है भातश्च

जो र् शब्दों के बीच में आता है तो संस्कृत में न् के पहले बना रहता है जैसे कर्तृम् इत्यादि

४ थी शाखा

परन्तु ६४ और ६६ वें सूत्र के विरुद्ध पिछला अर् अस् के प्रतिकूल किसी को मल व्यञ्जन या स्वर के पहले पलटा नहीं जाता जैसे भातर् आग होताहै भाता॰ग (कलेवा) पुनर् याति होता है पुनर्याति (वुह फिर जाता है) पुनर् उक्त होताहै पुनरुक्त (फिर कहाहुआ) निर् उक्त (पहले निस् उक्त के ६५ वें सूत्र केअनुसार).

५ वीं शाखा

६५ वें सूत्र की १ ली शाखा के अनुसार पिछला अर् पहले र् के पहले अपने र् को गिरादेता है और पहले अ को दीर्घ करदेता है जैसे पुनर् रक्षति होता है पुना रक्षति (वुह फिर रक्षा करताहै) इसी अनुमान से निर् रथ होसकताहै नीरथ (रथों को नाम)

६ टी शाखा

६१ वें सूत्र की ३ री शाखा के अनुसार चतुर् + तय = चतुष्टय (पूरे चार अथवा चार)

७२ वां सूत्र

ऐसे शब्दों को जैसे निर् दुर् है आदि में सकारान्त समझना चाहिये अर्थात्

निस् दुस् (६१ वें सूत्र की १ ली शाखा देखो)

७३ वां सूत्र

जो र् किसी स्वर के पीछे आताहै सो उस व्यञ्जन को जो निकटही पीछे आताहै इच्छानुसार दुहरा करसकताहै जैसे निर्द्दय लिखाजासकताहै निर्दय वा निर्द्दय (दयारहित) परन्तु ह् और प्रत्येक स्वरान्त सोटीयुक्त को छोड़के जैसे वर्षु में (७१ वें सूत्र की २ री शाखा देखो) परन्तु कर्प्पन को कर्प्पेन लिखमकते हैं स्वासयुक्त वर्ण को दुहराने में पहले का स्वास छोड़दियाजाताहै जैसे अर्द्ध वा अर्ध के दूसरे कहतेहैं कि किसी पीछे पास आनेवाले व्यञ्जन को दुहराने में ऐसाही प्रभाव रखताहै जैसे ब्रह्मन् को ब्रह्ममन् लिखसकतेहैं परन्तु संक्षिप्तता के लिये उचित है कि दोनों अवस्था में दुहरावट न की जावे और सदा निर्दय और ब्रह्मन् लिखे जावें

१ ली शाखा

जब व्यञ्जन व्यञ्जन के पास आतेहैं तब उनका दुहराना संस्कृत में सदा होसकताहै परन्तु प्रचलित नहीं है जैसे दो वा अधिक व्यञ्जनों की मिलावट में जो उनके पहले कोई स्वर आताहै और विशेषकरके जो उस मिश्रित का पिछला वर्ण कोई अद्धस्वर होताहै तो पहला वर्ण जो र् वा ह् नहीं होताहै तो दुहरायाजाताहै (पा० ८, ४, ४७) जैसे पुत्र पत्त्र के सुत्र के मद्धत्र पत्त्र मत्त्वत्र के इत्याक्कर्ण पढ़के इत्याकर्ण के परन्तु बहुत छोटा रूप लिखना अच्छा जानते हैं

२ री शाखा

फिर किसी वर्ग के पहले चार वर्णों में से प्रत्येक वर्ण अपने वर्ग के अनुनासिक के पहले दुहराया जासकताहै और जब ऐसी दुहरावट होती है तब बिचला व्यञ्जन पहले का यम कहलाताहै जैसे क्ष्निति में (पा० १, १, ५) दूसरा क् यम अर्थात् जोड़ा है

३ री शाखा

जानना चाहिये कि पाणिनि के ८, ४, ६५ से किसी व्यञ्जन के पीछे दो सजाती व्यञ्जनों में से एक को छोड़ना इच्छानुसार है इसलिये कीर्त्ति को कीर्ति लिखसकते हैं

हम नीचे लिखेहुए पत्र में व्यञ्जनों की सामान्य उलटापलटी एक साथ दिखाईजाती है पहले वर्णों के ऊपरवाले कोठों में स्वासयुक्त व्यञ्जन नहीं लिखे हैं क्योंकि यह एक सामान्य सूत्र है कि जो कुछ उलटापलटी किसी व्यञ्जन के पहले होतीहै सोही उसके स्वासयुक्त के पहले होतीहै

३ रा अध्याय

संस्कृत के मूल और संज्ञासम्बन्धी अपूर्णपद की बनावट

...कृत नामों की जिनको नामन् या संज्ञा कहते हैं वर्तनी बताने के पहले मूलों ... अपूर्णपद की बनावट का मुख्य प्रकार बताना अवश्य है

७४ वां सूत्र

संस्कृत नाम चाहे द्रव्यवाचक हो चाहे गुणवाचक चाहे सर्वनाम चाहे ...क कारकों की अवस्था में आने के पहले दो पृथक अवस्था रखता है पह... मूल है जिसको धातु कहते हैं दूसरी अवस्था अपूर्णपद है जिसको ... अंग । कहते हैं जो सीधे मूल से अथवा मूल के सुधारे से बहुधा कोई ... से बनता है और यह विभक्तियों के अन्त लगाने से विभक्त्यन्त अर्था... ...पद होजाता है ।

१ ली टीका

...४. ११ के अनुसार अपूर्णपद को अंग भव कहते हैं जब उसके ...प या अन्त बढ़ाते हैं और प्रातिपदिक उसका एक सामान्य नाम है ... से कुछ प्रयोजन नहीं रखता

२ री टीका

...द अर्थात् पूर्णपद बनाना वा अगाडिन की रीति से दिखायाजाता

जैसे मूल (धातु) + प्रत्यय = अपूर्णपद (प्रातिपदिक) अर्थात् मूल वा धातु प्रत्यय से मिलके अपूर्णपद वा प्रातिपदिक होताहै फिर अपूर्णपद (प्रातिपदिक) विभक्तिसम्बन्धी अन्त (विभक्ति) = पूर्णपद (पद) अर्थात् अपूर्णपद वा प्रातिपदिक विभक्तिसम्बन्धी अन्त वा विभक्ति से मिलके पूर्णपद वा पद होता है जैसे शब्द जन् + अ + : = जनः (पुरुष) में जन् मूल है अ प्रत्यय है और विसर्ग पहली विभक्ति का पुल्लिङ्गवाला अन्त है

१ ली शाखा

संस्कृत में मूल का जानना ऐसा अवश्य है कि आगे बढ़ने से पहले इसको अच्छी रीति से समझनाचाहिए

मूल वा धातु संस्कृत भाषा के लिए ऐसेहैं जैसे रसायण विद्या के लिए तत्व अर्थात् मूल प्रत्येक शब्द का वुह आद्यभाग है जो व्याकरणसम्बन्धी पृथकता के योग्य न होने से उसमें कुछ बढ़ावा वा सुधारा होने से पहले उसका आद्य अर्थ रखनेवाला समझाजाता है जब किसी मूल में कुछ अक्षर वा शब्दभाग बढ़ते हैं वा कुछ भीतरी उलटापलटी होती है तब वुह अपूर्णपद वा प्रातिपदिक बनता है फिर जब इस अपूर्णपद में कुछ अक्षर वा शब्दभाग बढ़ते हैं जो विभक्ति वा विभक्तिसम्बन्धी अन्त कहलातेहैं चाहे वे संज्ञासम्बन्धी हों चाहे क्रियासम्बन्धी जैसे दान और ददा दो प्रातिपदिक हैं पहला संज्ञासम्बन्धी और दूसरा क्रियासम्बन्धी मूल दा से बने हुए परन्तु दान और ददा जबतक विभक्तिसम्बन्धी वा वर्तनीसम्बन्धी अन्त नहीं पाते तबतक पूर्णपद वा पद नहीं होसकते जैसे दान + म् = दानम् (देना) ददा + ति = ददाति (वुह देता है)

२ री शाखा

संस्कृत में अनुमान से दो सहस्र मूल हैं और इन में से प्रत्येक कुछ अभिप्राय अर्थ देते हैं सो अपनी भाषा में भाववाचक से बतासकते हैं जैसे अद् (खाना) परन्तु जानना चाहिए कि अद् से केवल खा का ज्ञान होताहै सो उसमें निश्चय

शब्दों में प्रथक२ सुधारे से प्रथक२ पायाजाताहै (७६ वें सूत्र की १ ली शाखा देखो) जो मूल बहुत आते हैं सो मुख्य अर्थ समेत भावबाचक का चिन्ह ना छोड़के आगे लिखेजाते हैं

मूल वा धातु का यंत्र

मूल	अर्थ	मूल	अर्थ	मूल	अर्थ	मूल	अर्थ
अद्	खा	चिन्त्	सोच	नन्द्	प्रसन्नकर	भृ	सह
अर्च्	पूज	छद्	ढांक	नश्	नष्ट हो	मद्	मत्त हो
अस्	हो	जन्	उत्पन्नकर	निन्द्	निन्दाकर	मन्	सोच
आप्	पा	जि	जीत्	नी	मार्गदिखा	मा	नाप
इ	जा	जीव्	जी	पच्	पका	मुच्	छोड़
इष्	चाह	ज्ञा	जान	पत्	गिर	मुह्	मूर्ख हो
कम्	प्यारकर	तन्	फैला	पद्	जा	मृ	मर
कृ	कर	तप्	तप	पा	पी	यज्	यज्ञकर
कृष्	खैंच	तुद्	मार	पा	बचा	यत्	श्रमकर
क्रम्	जा	त्यज्	छोड़	पू	पवित्रकर	यम्	बच
क्री	मोल ले	दह्	जला	प्रछ्	पूछ	या	जा
क्रुध्	क्रोधितहो	दा	दे	बन्ध्	बांध	यु	मिल
क्षि	बिगाड़	दिव्	चमक	बुध्	जान	युज्	मिल जा
क्षिप्	डाल	दिप्	बना	ब्रू	बोल	युध्	लड़
ख्या	कह	दीप्	चमक	भक्ष	खा	रह्	छोड़
गम्	जा	दृश्	देख	भा	चमक	रुह्	उग बढ़
ग्रह्	पकड़	द्युत्	चमक	भिद्	फाड़	लभ्	पा
घ्रा	सूंघ	द्रु	दौड़	भी	डर	वच्	बोल
चर्	जा	द्विष्	द्वेषकर	भुज्	भोग	वद्	बोल
चि	जोड़	धा	रख	भू	हो	वस्	रह

वह्	सह उठा	शुभ्	चमक	स्तु	सराह	हन्	मार
विद्	जान	श्रु	सुन	स्था	खड़ाहो	हस्	हंस
विश्	घुस	सह्	उठा	स्ना	नहा	हा	छोड़
वृत्	हो	साध्	पूराकर वा हो	स्पृश्	छू	हृ	पकड़
शंस्	सराह	सृ	जा	स्मि	मुस्करा	हृष्	प्रसन्नहो
शक्	सक	सृज्	उत्पन्नकर	स्मृ	स्मर्णकर	ह्लाद्	प्रसन्नहो
शी	सो	सृप्	रींग	स्वप्	सो	ह्वे	बुला
शुच्	शोचकर	स्कन्द्	जा	स्वृ	शब्दकर		

७५ वां सूत्र

जो मूल ऊपर लिखेहैं उनको एक दृष्टि देखनेसे यिह जानपड़ताहै कि सब ए शब्दतावाले हैं परन्तु और बातों में वे पृथकता रखते हैं इन में से कोई केवल ए स्वर रखते हैं कोई एक वा दो व्यञ्जन आदि में रखते हैं और कोई एक स्वर अ न्त में रखते हैं परन्तु कोई अ वा आ अन्त में नहीं रखते और कोई एक स्व आदि में रखते हैं और एक वा दो व्यञ्जन अन्त में रखते हैं और कोई एक वा द व्यञ्जन आदि में और अन्त में रखते हैं और एक स्वर मध्य में रखते हैं ऐस कि कोई मूल कभी२ केवल एक वर्ण रखता है जैसे इ [जा] में और कभी चा वा अधिक वर्ण रखता है जैसे स्कन्द् (चल) में जो मूल अमिश्रित वर्ण रखते हैं जैसे कृ भू इ जि इष् इत्यादि सो अनिसृत अर्थात् आद्य जान पड़ते हैं और जो मिश्रित व्यञ्जन रखते हैं जैसे स्कन्द् इत्यादि सो अनुमान से अधिक अनिसृत रू पों से बनेहुए जानपड़ते हैं + जो मूर्द्धन्य वर्ण रखते हैं जैसे लुड् (लुढ़क) सो आद्य भाषाओं से लिएहुए हैं

टीका

+ श्च्युत् (गिर वा गिरा) जिसको श्चुत् भी लिखते हैं तीन व्यञ्जन आदि में रखता है सो मूल च्यु वा च्युत् में सीटीयुक्त और दन्ती मिलाके बनाया होगा

(५१. ५५, और ८४ वें सूत्र का ३ रा प्रत्यय देखो)

१ ली शाखा

थोड़े बहुत शब्दभाग रखनेवाले शब्द मूल समझे जाते हैं सो जान पड़ता है कि कोई मुख्य उपसर्ग किसी मुख्य एक भागवाले मूल में लगाते रहने से एक शब्द बन-गए हैं जैसे संग्राम् (युद्ध कर) अवधीर् (द्वेषकर) में उपसर्ग सम् और अव मू-ल के साथ मिलाए हैं थोड़े दूसरे बहुत शब्दभाग वाले-मूल लगातार दुहराते रहने का फल जानपड़ते हैं जैसे दरिद्रा (दरिद्री हो) जागृ (जाग) चकास् (चमक) वेवी (जा हो) और थोड़े मूल नामों से निकले हैं जैसे कुमार् (खेल) कुमार (लड़का) से ये पिछले बहुतसे दसवें गण के हैं और नामसम्बन्धी वा नामवाचक कहलाते हैं (२८८ वें सूत्र की २ री शाखा देखो)

२ री शाखा

न् और म् जब किसी मूल के आदि में आते हैं तब ५८ वें और ७० वें सूत्र के अनुसार ण् और ष् से पलटने के योग्य होते हैं इसलिए व्याकरणी ण् और ष् से लिखते हैं क्योंकि ये वह स्वरूप लिखते हैं जो प्रत्येक अवस्था में आसकताहै (७० वें सूत्र की ३ री और ४ थी शाखा देखो) परन्तु इस व्याकरण में ऐसे शब्द न् और म् से ही लिखेजाएंगे

३ री शाखा

व्याकरणियों की मति के अनुसार मूल दो भांति के हैं उदात्त और अनुदात्त (इस व्याकरण के अन्त में इनके का व्याख्यान देखो) उदात्त मूल कई रूपों में अधिक इ का आना चाहते हैं (३९१ वां सूत्र देखो) अनुदात्त मूल इस इ का आना नहीं चाहते (पा० ७. २. १०) व्याकरणी मूलों के आदि में वा अन्त में कई संकेतिक वर्ण वा शब्दभाग बढ़ाते हैं सो वर्तनियों की प्रकृति दिखाते हैं और २. अनुबन्ध वा इत् कहलाते हैं जो अनुबन्ध होके आने वाले स्वर पर उदात्त शब्द का रखते हैं सो चिह्न दिखाते हैं कि ये क्रियाएं परस्मैपद के अन्त ग्रहण करेंगी।

७२३ वां सूत्र देखो) ऐसी क्रियाओं को उदात्तेतः कहते हैं और अनुदात्त यिह दिखाते हैं कि ये क्रियाएं केवल आत्मनेपद के अन्त ग्रहण करेंगी ऐसी क्रियाओं को अनुदात्तेत कहते हैं और स्वरित यिह दिखाते हैं कि ये क्रियाएं दोनों पद में आती हैं ऐसी क्रियाओं को स्वरितेत कहते हैं (पा० १, ३, १२, ७२, ७८)

यिह आगे पाणिनि के अनुबन्धों का सूचीपत्र है जिस में वोपदेव ने दो एक अनुबन्ध और मिलाये हैं

आ	यिह दिखाताहै कि जो भूतगुणक्रियासम्बन्धी प्रत्यय (५३० और ५५३ वां सूत्र देखो) निष्ठा कहलाते हैं सो अधिक इ का आना नहीं चाहते (पा० ७, २, १६)
इ	यिह दिखाता है कि सब रूपों में मूल के पिछले वर्ण के पहले एक अनुनासिक बढ़ता है जैसे निद् इ यिह दिखाता है कि इसका वर्तमानकाल निन्दामि इत्यादि होगा (पा० ७, १, ५८,)
इर्	यिह दिखाता है कि अनियतभूत अर्थात् तृतीयभूत दो प्रकार से बनाहै अर्थात् दो रूप रखता है पहले प्रकार से (४१८ वां सूत्र देखो) अथवा दूसरे प्रकार से (४३५ वां सूत्र देखो) जैसे युप् इर् यिह दिखाताहै कि इस का अनियतभूत होता है अयोपिषम् इत्यादि अथवा अयुपम् इत्यादि और दृश् इर् यिह दिखाता है कि इसका अनियतभूत होता है अद्राक्षम् अथवा अदर्शम्
ई	यिह दिखाताहै कि भूतगुणक्रिया (५३० वां और ५५३ वां सूत्र देखो) अधिक इ बिना बनताहै (पा० ७, २, १४)
उ	यिह दिखाताहै कि अवर्तनीय गुणक्रिया (५५५ वां सूत्र देखो) इ को इच्छानुसार छोड़ती है और भूतगुणक्रिया इसको सदा छोड़देती है (पा० ७, २, ५६, १५)
ऊ	यिह दिखाताहै कि सामान्य रूपों में इ इच्छानुसार बढ़ायाजाताहै (पा० ७, २, ४४)

	७, २, १५,)
ऋ	यिह पिखाताहै कि मेरणार्थक के अनिय हूस्व नहीं किया जाताहै (पा० ७, ४, २
ऋ	यिह दिखाताहै कि मेरणार्थक के अनिय सकताहै
ऌ	यिह दिखाताहै कि अनियतभूत परस्मैप करताहै (४३५ वां सूत्र देखो) (पा० ३
ए	यिह दिखाताहै कि परस्मैपद में अनिय ७, २, ५)
ओ	यिह दिखाताहै कि कर्मणिवाच्य भूतगु नहीं है (पा० ८, २, ४५)
औ	यिह दिखाताहै कि यिह मूल अनुदा आना नहीं चाहताहै
ङ	यिह दिखाता है कि यिह मूल आत्मने
ञ	यिह दिखाताहै कि यिह मूल परस्मै अ (पा० १, ३, ७२)
ञि	यिह दिखाताहै कि भूतगुणक्रिया वर्तमान ३, २, १८७)

नाईजाती है जैसे हृ क चिह्न दिखाता है कि कनुम मूल कृ से बनताहै (पा० ३, ३, ८८.)

मू चिह्न दिखाताहै कि प्रेरणार्थक बनाने में ह्रस्व अ दीर्घ होजायगा और कर्मणिवाच्य वाले अनियतमूत के एक वचन वाले अन्यपुरुष में जिसको चिण् कहतेहैं (४७५ वां सूत्र देखो) और दुहरावटवाली अवर्णनीय गुणक्रिया में जिसको णमुल् कहतेहैं (५६७ वां सूत्र देखो) वुह स्वर इच्छानुसार दीर्घ वा ह्रस्व होसकता है और अकारान्त कर्तृवाचक नाम (५८० वां सूत्र देखो) मूल सम्बन्धी ह्रस्व स्वर रखनेवाले प्रेरणार्थक के अगुणपद से बनसकते हैं (पा० ६, ४, ९२, ९३, ९४)

षू चिह्न दिखाताहै कि संज्ञा मूल में अ प्रत्यय लगाने से बनसकती है (८० वें सूत्र का पहला प्रत्यय देखो) (पा० ३, ३, १०४)

७६ वां सूत्र

संस्कृत में प्रत्येक शब्द चाहे संज्ञा हो चाहे विशेषण चाहे क्रिया चाहे क्रियाविशेषण अपने मूल के साथ सन्तान का सा सम्बन्ध रखताहै इसलिये सीखनेवाले को चाहिये कि जो बहुत आनेवाले मूल ७४ वें सूत्र की २ री शाखा में बताए हैं उन को अपने चित्त पर चढ़ाले ऐसा करने से उसको बहुत से शब्द आजावेंगे और मूलसम्बन्धी अर्थ पर ध्यान करने से उन सब का अर्थ समझ सकेगा

१ ली शाखा

जैसे ऊपर लिखेहुए मूलों से एक मूल बुध् (जान) लिया जावे तो इससे पहले कई अमिश्रित संज्ञा बनती हैं दूसरे कई अमिश्रित विशेषण तीसरे अमिश्रित क्रिया जैसे बोध वा बोधन (ज्ञान) बुद्धि (समझ) बोधक (समझानेवाला) बौध (बुध का मत रखनेवाला) बुध (समझदार) बुद्धिमत् (समझ का वा समझवाला) और क्रिया जैसे बोधति (वुह समझताहै) बुध्यते (वुह समझाजाताहै) बोधयति (

वृह समझाताहै) बुभुत्सते या बुभोधिषति (वृह समझना चाहताहै) पोबुध्यते (वृह अच्छा समझताहै) और जो अर्थ मूल का है सो उसके साथ उपसर्ग लगाने से बहुत फैलसकताहै जैसे प्रबोध (सावधानी) प्रबुध्यते (वृह जागताहै) इत्यादि

२ री शाखा

ऐसे ही मूल मन् (मान वा सोच) से बहुत से निमूल शब्द बनते हैं जिन में मूल सम्बन्धी अर्थ पायाजाता है जैसे मत (मन्+त) (विचाराहुआ) मति (मन्+ति) (समझ) मतिमत् (समझवाला) मनन (विचारवान) मनस् वा मनस (मन) मनस्विन् (बुद्धिवान) मना (पूजा) मनाक् (लीन) मनीषा (भावना) मनीषित (चाहाहुआ) मनीषिन् (बुद्धिवान) मनु (मनुज) मन्तु (मति देनेवाला) मन्त्रि (सोचनेवाला) मंत्र (मत्र) मंत्रिन् (मति देनेवाला) मंत्रित्व (मंत्री पना) मन्मन् (इच्छा) मन्यु (क्रोध) मान (अभिमान) मानन (आदर करनेवाला) मानव (मनुष्य का इत्यादि) मानस (मनसम्बन्धी) मानित (मानाहुआ) मानिन् (अभिमानी) मानुष (मनुषसम्बन्धी) मीमांसा (इच्छार्थक अपूर्णपद से) (ठहराव) मीमांस्य (ठहरायाजाने के योग्य)

ऐसेही उपसर्ग अनु अभि अव नि प्रति वि सम् इत्यादि मूल के पहले बढ़ाने से इसका अर्थ फैलसकताहै और बहुतसे निमूल शब्द बनसकते हैं जैसे अनुमन् (मान) से अनुमत (मानाहुआ) अनुमति (स्वीकारता) अनुमनन (स्वीकार करता हुआ) अवमन् (द्वेषकर) से अवमत (द्वेष कियाहुआ) अवमति (अवमान) अवमान और अवमानन (अनादर) अवमानिन् (अनादर करनेवाला) अवमानिता (अनादर)

७७ वां सूत्र

७३ वें सूत्र में बतायाहै कि प्रत्येक अपूर्णपद धातु और कर्त्ता की मध्य अवस्था है अर्थात् नाम का अपूर्ण स्वरूप है सो एक प्रकार का भंडार है जिस से प्रथमादि आठ विभक्ति बनती हैं जैसे बोध बोधन तत् पचत् भवत् अपूर्णपद हैं जिनके तले

कोग में पहली विभक्तिवाले बोधम् वा बोध बोधनम् स र् वा सः पंच भवान् मिलसकते हैं

यथार्थ में अपूर्णपद व्याकरणसम्बन्धी बनावट वृथा नहीं है यिह नाम का वुह स्वरूप है जो यथोचित सुधारे पाने से मिश्रित शब्दों के बनाने में काम आताहै औ र इसलिये इसको बहुत काम का समझना चाहिये और संस्कृत अमिश्रित शब्द इ तने नहीं आते हैं जितने मिश्रित आते हैं इसलिये कहसकते हैं कि अपूर्णपद वुह स्वरूप है जिसमें नाम बहुत आते हैं

७८ वां सूत्र

पूर्वोक्त वर्णन से जानपड़ता है कि संस्कृत में संज्ञाओं के लिये दो बात अवश्य हैं पहली यिह कि मूल से अपूर्णपद का बनाना और दूसरी यिह कि अपूर्णपद से विभक्तियों के अन्त लगाके पद वा पूर्णपद का बनाना अर्थात् उसको वर्त्तनी सम्बन्धी अन्तों के साथ लाना

१ ली शाखा

यथार्थ में यिह वर्णन संज्ञा और क्रिया दोनों में लगताहै जैसे क्रियाओं में (२२८ वां सूत्र देखो) मूल से क्रियासम्बन्धी अपूर्णपद का बनाना क्रियाओं की व र्त्तनी से पहले आताहै वैसे ही संज्ञाओं में मूल से संज्ञासम्बन्धी अपूर्णपद का ब नाना संज्ञाओं की वर्त्तनी से पहले आता है

२ री शाखा

परन्तु संज्ञाएं चाहे द्रव्यवाचक हों चाहे गुणवाचक अपने अपूर्णपद के पिछले वर्णों के अनुसार पृथक२ वर्त्तनी रखती हैं न अपने कर्त्ता के पिछले वर्णों के अनु सार

३ री शाखा

संज्ञासम्बन्धी अपूर्णपद वा पिछला शब्दभाग ङ ञ् और य् को छोड़के वर्णमा ला का प्रत्येक वर्ण अन्त में रखसकताहै

जो अपूर्णपद अन्त में स्वर रखते हैं सरलता के लिये उनके चार भाग किये हैं

प्रत्येक भाग में संज्ञाओं के तीन लिङ्ग हैं पुल्लिङ्ग स्त्रीलिङ्ग नपुंसकलिङ्ग पहले भाग वाले अन्तनेम्य अ आ अ ई रखते हैं और दूसरे भागवाले अन्त में इ रखते हैं ती सरे भागवाले अन्त में उ रखते हैं और चौथे भागवाले अन्त में ऋ रखते हैं

जो संज्ञासम्बन्धी अपूर्णपद अन्त में व्यञ्जन रखते हैं उनके भी सरलता के लिये चार भाग किये हैं पहले दूसरे और तीसरे भागवाले यथाक्रम अन्त में त् वा द् न् और स् रखते हैं (४३ वां सूत्र देखो) और चौथे भागवाले अन्त में दूसरे सब व्यञ्जन रखते हैं

प्रथम और द्वितीयपदवाले निसृत

७९ वां सूत्र

जो संज्ञासम्बन्धी अपूर्णपद अर्थात् प्रातिपदिक प्रत्ययों के लगने से बनते हैं सो दो प्रकार के हैं पहले प्रथमपदवाले सो मूल से वा उसके सुधारेहुए रूप से कृत् प्रत्यय के लगाने से बनते हैं इसलिये कृदन्त अर्थात् कृत् प्रत्यय अन्त में रखनेवा ले कहे जाते हैं शब्द कृत् प्रथमपदवाले निसृत का एक दृष्टान्त है इस नाम में वे गुण क्रियाएं भी आती हैं जो अनीय और तव्य और य के साथ बनाई जाती हैं इन तीनों को एलिस साहेब कृत्य प्रत्यय कहते हैं इनमें वे शब्द भी आते हैं जो उणादि १ प्रत्ययों से बनाये जाते हैं दूसरे पदवाले निसृत पहले पदवाले निसृतों के अपूर्ण पदों से तद्धित प्रत्ययों के लगाने से बनाये जाते हैं और इसलिये दूसरे पदवाले कहे जाते हैं

टीका

१ उणादिप्रत्ययों का एक सूचीपत्र है वे आदि में उण् रखते हैं उण् का ण् सं केतिक वर्ण है कारु वायु इत्यादि शब्द पिह प्रत्यय लगने से बने हैं और इसलिये पहले सूत्र में पिह नाम दियागया है उणादि निसृतों का अर्थ बहुधा मूल के अर्थ से नहीं निकलता है और जब मिलता है तब यथाविधि कोई मुख्य अर्थ देता है जै से कारु से करनेवाले का सामान्य अर्थ जानपड़ता है परन्तु पिह शिल्पकार का मु

ऊत्र अर्थ देता है

वर्णन

यिह अवश्य नहीं है कि पढ़नेवाला इस आगे आनेवाले सूचीपत्र के सब प्रत्ययों को नुगाम करे परन्तु यिह चाहिये कि आठों भागवाले अपूर्णपदों के पिछले वर्ण ध्यान में रखे

संज्ञाओं के अपूर्णपदों की बनावट

८० वां सूत्र

पहले भागवाले अपूर्णपद जो अन्त में पुलिङ्ग और नपुन्तकलिङ्ग के लिये अ रखते हैं और स्त्रीलिङ्ग के लिये आ और ई

१ ले प्रकार के वा प्रथम पद वाले

पहला वा प्रथम पद वाले निपूत अपूर्णपद मूलों से इन नीचे लिखेहुए कृत् प्रत्ययों के लगने से बनायेजाते हैं

वर्णन

देखो क्रियाविशेषणसम्बन्धी प्रत्ययों का एक सूचीपत्र ७१८ वें सूत्र से ७२५ वें सूत्र तक लिखा है और गुणक्रियासम्बन्धी प्रत्यय ५२४ वें सूत्र से ५८२ वें सूत्र तक अच्छी रीति से बताये जावेंगे स्त्रीलिङ्ग प्रत्ययों को उनके अनुरूप पुलिङ्गों के नीचे देखना चाहिये जो दृष्टान्त उनके पीछे लिखे जावेंगे उनमें जो अपने निमूलों से मिले होंगे सो मूलों का अर्थ नहीं लिखाजावेगा जैसे भेद (भाग) भिद् से निकलाहुआ कहते हैं इससे समझ में आजाता है कि मूल भिद् का अर्थ (भाग करना) है कहीं२ मूलों का अर्थ अनिश्चित होने से छोड़दिया है

१ ला प्रत्यय

अ पहले अवस्थासूचक नाम बनाताहै सो बहुधा पुलिङ्ग होते हैं मूलसम्बन्धी अ को वृद्धि चाहताहै और थोड़े निषेधों के साथ जिस स्वर को गुण होसकताहै उसको गुण चाहताहै पिछला तालुस्थानी च् वा ज् अपने अनुरूप कंठस्थानी क् वा ग् + से पलटजाताहै (२० वें सूत्र की ३ री शाखा और २४ वां और २५ वां सूत्र देखो) जैसे भेद पु० (भाग) भिद् से वेद पु० (जानना) विद् से भव और भाव पु० (होना) भू से भर और भार पु० (बोझ) भृ (उठा) से बोध पु० (जानना) बुध् से जय पु० (जीत) जि से पाक पु० (पकाना) पच् से योग पु० (जोड़) और युग न० (जुआ) युज् से याग पु० (यज्ञ) यज् से

टीका

+ पच और वर्ज (पच् और वृज से) इत्यादि बहुधा मिश्रित शब्द के अन्त में आतेहैं सो अपने तालुस्थानी को नहीं छोड़ते जैसे किम्-पच रस-वर्ज इत्यादि

दूसरे द्रव्यवाचक और गुणवाचक और विशेष करके कर्तृवाचक नाम (जिनके स्त्रीलिङ्ग आ और कभी ई से बनते हैं) जैसे प्लव (पैरनेवाला) प्लु से सर्प (रींगनेवाला) सृप् से देव (देवता) दिव् (चमक) से चर (स्त्रीलिङ्ग ई से बनता है) (जानेवाला) चर् से जन (पुरुष) जन् (उत्पन्न कर) से शुभ (सुन्दर) शुभ् से कर (करनेवाला) कृ से जय (जीतनेवाला) जि से दम (दबानेवाला) दम् से कर चर जय प्लव जैसे शब्द बहुधा ऐसे मिश्रितों के अन्त में आते हैं जैसे भयङ्कर या भयकर (डरानेवाला) (स्त्रीलिङ्ग ई से बनताहै) ५८० वां सूत्र देखो) अरिन्दम (शत्रु को दबानेवाला) जब सु (अच्छा) और दुस् (बुरा) ऐसे शब्दों के पीछे आते हैं तब ये कर्मणिवाच्य का अर्थ देते हैं जैसे सुकर (अच्छा कियाजानेवाला) इत्यादि (इनके स्त्रीलिङ्ग ई से बनते हैं)

आ बहुधा मूलसम्बन्धी स्वर की उलटापलटी नहीं चाहता और स्त्रीलिङ्ग संज्ञाएं बनाताहै (पा० ३, १, १०३, १०५) जैसे भिदा (फाड़नेवाली) भिद् से

(भूख) क्षुध् से मुदा (प्रसन्नता) मुद् से,स्पृहा (इच्छा) स्पृह् से लेखा (लि
ट) लिख् से जरा (बुढ़ापा) जृ (बूढ़ाहो) से बहुधा इच्छार्थक के अपूर्णपद
गताहै (पा० ३, ३, १०२) जैसे पिपासा (प्यास) पा (पी) के इच्छार्थक
ौर कभी अधिकतार्थक के अपूर्णपद से लगताहै जैसे लोलूया (काटने की अ
ता) लू (काट) के अधिकतार्थक से

ई बहुत से स्त्रीलिङ्ग नाम बनाताहै बहुधा उन पुल्लिङ्गों का अनुरूप है जो अन्त
र

रखते हैं (१२३ वां सूत्र देखो) जैसे गोपी (गोप की स्त्री) (पा० ४, १
) देवी (देवी) नदी (सरिता) लक्ष्मी (कर्त्ता ईम् वा ईः) (लिपारन) सिंही (
नी) पुत्री (बेटी) बहुत से ऐसे आ और ई अन्त में रखनेवाले स्त्रीलिङ्ग रूप
यों से नहीं बनते हैं क्योंकि पुल्लिङ्गों से निकलते हैं अथवा भिन्न प्रत्ययों से
ी हैं कोई शब्द जैसा इन्द्र (इन्द्र) अपना स्त्रीलिङ्ग ऐसा रखते हैं जैसा इन्द्रा-
(इन्द्र की स्त्री)

२ रा प्रत्यय

अक ६ छः नाम रखता है [कुन् वुन् ष्वुन् वुञ् ण्वुल् ण्वुच्] सो विशेषण
तनका स्त्रीलिङ्ग अका और इकी से बनताहै) और कर्तृवाचक नाम (५५२ वें
की २ री शाखा देखो) पिछले स्वर को और बहुधा बिचले अ को वृद्धि अ
सरे किसी स्वर को गुण चाहके बनाताहै जैसे तापक (तपनेवाला) तप् से का-
(करनेवाला) कृ से नायक (मुखिया) नी से नर्तक (नाचनेवाला) नृत् से
रक (स्त्रीलिङ्ग अका और इकी से बनते हैं) खन् से खनक (खोदनेवाला)
‌ से

वर्णन

देखो कर्तृवाचकों के स्त्रीलिङ्ग सदा इका लगने से बनते हैं जैसे कारिका नायिका

३ रा प्रत्यय

अन्न के लिये न्न देखो

४ था प्रत्यय

अन गी नाम रखता है (क्यु यपुन् युच युन् ल्यु ल्युन् ल्युट् ल्पुट् ट्युट्) यह

के बहुत से नपुन्सकलिङ्ग नाम बनाताहै, और मूलसम्बन्धी स्वर को गुण चाहताहै जैसे नयन न० (आंख) नी (मार्ग दिखा) से दान न० (देना) दा (दे) से स्थान न० (ठौर) स्था (खड़ा हो) से दर्पण न० (मुख देखने का काच) दृप् (अभिमान कर) से चयन न० (जोड़) चि से वदन न० (मुख) वद् (बोल) से शयन न० (खाट) शी (लेट) से

दूसरे कर्तृवाचक नाम (५८२ वें सूत्र की ३ री शाखा देखो) और विशेषण बनाताहै (जिनके स्त्रीलिङ्ग अना और अनी से बनते हैं) जैसे नर्तन (नाचनेवाला) नृत् से शोभन (चमकनेवाला) शुभ् से

वर्णन

देखो इन कर्तृवाचकों का स्त्रीलिङ्ग अनी लगने से बनता है

५ वां प्रत्यय

अनीय कर्मणिवाच्य भविष्यत गुणक्रिया बनाता है (५७० वां सूत्र देखो) और मूलसम्बन्धी स्वर को जो गुण के योग्य होताहै तो गुण चाहता है जैसे चयनीय (जोड़ने के योग्य वा जोड़ाजानेवाला) चि (जोड़) से कहते हैं कि अनीय अन + य के पलटे आता है

६ ठा प्रत्यय

आ (१ ले प्रत्यय का ३ रा भाग देखो)

७ वां प्रत्यय

आक (स्त्रीलिङ्ग **आकी**) थोड़े विशेषण और कर्तृवाचक नाम बनाताहै जैसे जल्पाक पु॰ (बकनेवाला) जल्प् से भिक्षाक पु॰ (भिखारी) भिक्षाकी स्त्री॰ (भिखारन) भिक्ष् से

८ वां प्रत्यय

आन (जिनको शानच् चानश् शानन् आनन् कहते हैं) पहले आत्मनेपद वाली वर्तमान गुणक्रिया बनाताहै (५२६ वें सूत्र में २० वां प्रत्यय मात्र देखो) जैसे लिहान (चाटताहुआ) लिह् से शयान (सोताहुआ) शी से चिन्वान (जोड़ताहुआ) चि के वर्तमान अपूर्णपद चिनु से

दूसरे आत्मनेपदवाली पूर्णभूतगुणक्रिया बनाताहै (५५४ वें सूत्र की ४ थी शाखा देखो) जैसे बुभुजान (वुह जो झुकाहै) भुज् (झुक) के पूर्णभूत के अपूर्णपद बुभुज् से ददृशान (वुह जिसने देखा है) दृश् के पूर्णभूत के अपूर्णपद ददृश् से

९ वां प्रत्यय

इत और **इतव्य** देखो **त** और **तव्य**

१० वां प्रत्यय

इर और **इल** देखो **र** और **ल**

११ वां प्रत्यय

ई (११ वें प्रत्यय का २ रा भाग देखो)

१२ वां प्रत्यय

उक (जिसको कुकन् उकञ् उकञ् षुकञ् णुकन् वगैरह) थोड़े विशेषण बनाता है और मूलसम्बन्धी स्वर को गुण वा वृद्धि चाहता है जैसे घातुक (घातकी) हन् से कामुक (कामी) कम से

१३ वां प्रत्यय

ऊक अधिकतार्थक के अपूर्णपद से विशेषण और कर्तृवाचक नाम बनाताहै जैसे यावदूक (बक्की) वद् (बोल) के अधिकतार्थक अपूर्णपद से यायजूक (बहुत यज्ञ करनेवाला) यज् (यज्ञ कर) के अधिकतार्थक अपूर्णपद से

१४ वां प्रत्यय

एन्य एक प्रकार की कर्मणिवाच्य भविष्यत् गुणक्रिया बनाता है और मूल में गुण वा अवस्था चाहता है जैसे वरेण्य (स्वीकार कियाजाने के योग्य) वृ (स्वीकार कर) से उशेन्य (चाहाजाने के योग्य) वश् (चाह) से

१५ वां प्रत्यय

एर थोड़े विशेषण और संज्ञा बनाता है जैसे पतेर (उड़नेवाला वा उड़ने के योग्य अर्थात् पक्षी) पत् (उड़) से मुहेर (मूर्ख) मुह् से

१६ वां प्रत्यय

क थोड़े शब्द बनाताहै जैसे शुष्क (सूखा) शुष् से (७३८ वां सूत्र देखो) धा

क ५० (शासन) धा (रख) से तद्धित प्रत्यय क के लिये (५६ वां प्रत्यय देखो)

१७ वां प्रत्यय

त और **इत** कर्मणिवाच्यवाली भूतगुणक्रिया बनातेहैं (५३० वां इत्यादि सूत्र देखो) कभी मूल में कुछ उलटापलटी नहीं चाहते कभी मूल में अदलता चाहतेहैं कभी मूल के पिछले अनुनासिक का छोड़ना चाहतेहैं बहुधा उत इ को अधिकता चाहतेहैं जो प्रेरणार्थक और १० वें गण की क्रियाओं के अय के पलटे आताहै जैसे श्रुत (सुनाहुआ) श्रु से ज्ञात (जानाहुआ) ज्ञा से कृत (कियाहुआ) कृ से स्थित (उठाहुआ) स्था से गत (गयाहुआ) गम् से नत (नवाहुआ) नम् से पतित गिराहुआ) पत् से गृहीत (पकड़ाहुआ) ग्रह् से (अधिक इ दीर्घ होगया है) वेदित (जनायाहुआ) विद् के प्रेरणार्थक से इत्यादि

१८ वां प्रत्यय

तव्य और **इतव्य** प्रथम भविष्यत के अपूर्णपद से कर्मणिवाच्य भविष्यत गुणक्रिया बनातेहैं (५६९ वां सूत्र देखो) जैसे कर्तव्य (कियाजानेवाला) कृ से दातव्य (दियाजानेवाला) दा से स्नातव्य (नहायाजानेवाला) स्नु से छेत्तव्य (पलटे छेदतव्य के) (काटाजानेवाला) छिद् से योक्तव्य (मिलायाजानेवाला) युज से पक्तव्य (पकायाजानेवाला) पच् से भवितव्य (होजानेवाला) भू से बोधयितव्य (जगायाजानेवाला) बुध के प्रेरणार्थक से ग्रहीतव्य (पकड़ाजानेवाला) ग्रह् से

१९ वां पत्यय

त्य ह्रस्व स्वर अन्त में रखनेवाले मूलों के पीछे लगने से कर्मणिवाच्य भविष्यत गुणक्रिया बनाताहै (५७२ वां सूत्र देखो जैसे कृत्य (कियाजानेवाला) कृ से

षत्र से स्नात्य (नहाने के योग्य) स्ना से

त्वा अतीनीय मूलगुणक्रिया बनाताहै (५५५ वां सूत्र देखो) और प्रत्यय त्व की ३ री विभक्ति में आयाहुआ जानपड़ताहै (५५५ वें सूत्र की १ ली शाखा देखो) और मूल से लगताहै अथवा मूल के अबल रूप से जैसा कर्मणिवाच्य भूत गुणक्रिया का त लगताहै (१७ वां प्रत्यय देखो) जैसे कृत्वा (करके) कृ से स्थित्वा (खड़ाहोके) स्था से उक्त्वा (बोलके) वच् (बोल) से कभी इ अधिक आता है जैसे विदित्वा (जानके) विद् से लिखित्वा वा लेखित्वा (लिखके) लिख् से चोरयित्वा (चुराके) चुर् (चुरा) से

त्वी त्वा का वैदिक रूप है जैसे कृत्वी (करके) जानपड़ताहै कि यह त्वा के पलटे आताहै जो त्वा त्वया के पलटे समझाजाताहै

२२ वां प्रत्यय

त्य तव्य का संक्षिप्त वैदिक रूप है (१८ वां प्रत्यय देखो जैसे कृत्य (कर सकनेवाला) कृ से

२३ वां प्रत्यय

थ और **अथ** प्रत्येक लिङ्गवाली संज्ञा बनाताहै यूथ न० (झुंड) यु (मिल) से उक्थ न० (प्रशंसा) उच् से जो वच् (बोल) का एक रूप है तीर्थ पु० न० (तीर्थ) तॄ (पारहो) से नीथ पु० न० (मार्ग दिखानेवाला) नी से गमथ पु० (बटोही) गम् (जा) से और उचथ रयथ शपथ श्वतथ

२४ वां प्रत्यय

न पलटे **त** के (सो देखो) बहुतसी कर्मणिवाच्य भूतगुणक्रिया बनाताहै

५२८ वें सूत्र तक देखो) लगके आत्मनेपदवाली वर्तमान गुणक्रिया बनाताहै और द्वितीय भविष्यत के अपूर्णपद से (५७८ वां सूत्र देखो) लगके आत्मनेपदवाली भविष्यत गुणक्रिया बनाताहै जैसे भरमाण (उठाताहुआ) भृ से क्रियमाण (कियाजाताहुआ) कृ के कर्मणिवाच्य से बोध्यमान (जताया जाताहुआ) बुध् के प्रेरणार्थक से दास्यमान (देनेवाला) दा के द्वितीय भविष्यत के अपूर्णपद से वेद में आन के पलटे पूर्णभूत के अपूर्णपद से आत्मनेपदवाली पूर्णभूत गुणक्रिया बनाताहै जैसे ससृमाण (सस्राण के पलटे) सृ (जा) से ईजमान (वुह जिसने यज्ञ किया है) यज् से (आन प्रत्यय देखो)

२८ वां प्रत्यय

य (जिसको क्यप् यक् यत् य ण्यत् कहतेहैं) कर्मणिवाच्य भविष्यत गुणक्रिया (५७१ वें सूत्र से ५७६ वें सूत्र तक देखो) और विशेषण और संज्ञाएं बनाता है बहुधा गुण वा वृद्धि चाहता है और कभी २ मूल की दूसरी उलटापलटी चाहता है (५७१ वां सूत्र देखो) जैसे चेय (जोड़ाजानेवाला) चि से स्तव्य वा स्ताव्य (सराहाजानेवाला) स्तु से योग्य और योज्य (मिलायाजानेवाला) युज् से गुह्य और गोह्य (छिपायाजानेवाला) गुह् से

बहुत सी नपुन्सकलिङ्गवाली अवस्थावाचक संज्ञाएं भी बनाता है जैसे वाक्य न० (बोली) वच् से भोग्य न० (धन धान) भोज्य न० (भोजन) दोनों भुज् (भोग) से

स्त्रीलिङ्ग संज्ञाएं भी बनाता है परन्तु तब या होजाता है जैसे विद्या स्त्री० (जानना) विद् से व्रज्या (परिक्रमा) व्रज् से शय्या स्त्री० (सेज) (पलटे शेया के) शी (सो) से देखो जाया अर्थात् जन्या (स्त्री) छाया अर्थात् छद्या (छाया) माया अर्थात् मन्या (धोका)

अवर्तनीय गुणक्रिया सम्बन्धी प्रत्यय य के लिये (जिसको ल्यप् कहते हैं ५५० वां सूत्र देखो)

२९ वां प्रत्यय

र (जिसको क्रन् रक् र म्न् रूट् कहते हैं) अर इर (जिनको किरच् कहते हैं) और उर विशेषण और कर्तृवाचक इत्यादि संज्ञाएं बनाते हैं जैसे दीप्र (चमकनेवाला) दीप से क्षिप्र (शीघ्र) क्षिप् (फेंक) से वन्द्र (पूजनेवाला) वन्द् से छिद्र नं० (छेदाहुआ और छेद) छिद् (काट) से अज्र पु० (चौगान) अजिर नं० (च‍उक आंगन) अज से पतर (उड़नेवाला) पत से इ और उ भी बदते हैं जैसे छिदिर पु० (वमूला) छिदुर (काटनेवाला) छिद् (काट) से रुधिर (लाल) भिदुर नं० (फाड़नेवाला कुस पुसा और वज्र) भासुर (चमकीला) (जैसे भास्वर) भास से

३० वां प्रत्यय

ल (जिसको क्ल और लक् कहते हैं) अल इल और उल (र इत्यादि के अनुसार) विशेषण इत्यादि बनाते हैं जैसे शुक्ल शुक के समान (उजला) शुच् (चमक) से तरल (कांपनेवाला) तृ से अनिल (वायु) अन् (बह) से हर्षुल (प्रसन्न) हृष् से

३१ वां प्रत्यय

व (जिस को क्वन् वन् और व कहते हैं) गुणक्रिया विशेषण और संज्ञाएं बनाता है जैसे पक्व (पकाहुआ) पच् से (इसको कर्मणिवाच्य) भूतगुणक्रिया भी कहते हैं [५४८ वां सूत्र देखो] अश्व (घोड़ा) लियेहुए मूल अश् (शीघ्र हो)

ो एत्र (जानाहुआ) इ से पद्द (मार्ग) पद्र (जा) से

३२ वां प्रत्यय

वर (जिसको करप् वरच् वरट् इत्यादि कहते हैं) विशेषण कर्तृवाचक संज्ञा
ं इत्यादि बनाता है (इसके स्त्रीलिङ्ग बहुधा ई से बनते हैं जैसे नश्वर (नाश पानेवा
ला) नश्वरी (नाश पानेवाली) नश् (नाश पा) से ईश्वर (आज्ञा करनेवाला) ई
श् से स्थावर (स्थिर) स्था (खड़ा हो) से जो मूल अन्त में ह्रस्व स्वर या कोई अ
नुनासिक स्वरे हैं उनके पीछे कभी२ त् बढ़ताहै जैसे इत्वर (जानेवाला) स्त्री०
इत्वरी इ से जित्वर (जीतनेवाला) जि से गत्वर (जानेवाला) गम् (जा) से

३३ वां प्रत्यय

स्न (जिसको क्स्न कहते हैं) थोड़े विशेषण बनाताहै जैसे तीक्ष्ण (पैना) ति
ज् से श्लक्ष्ण (चिकना) श्लिष् से बनाहुआ बताते हैं

३४ वां प्रत्यय

दूसरे सामान्य प्रत्यय (बहुत करके उणादि ७१ वें सूत्र की टीका देखो) इस
भाग के पहले पदवाले निरूप बनाते हैं सो ये हैं

अण्ड जैसे तरण्ड (ओर किसी२ की मति के अनुसार तरं और ग से) पाण्ड

अण्ड जैसे करण्ड तरण्ड

अत जैसे दर्शत पचत यजत

अन्त जैसे जयन्त तरन्त वसन्त

अन्य जैसे शरण्य वसन्य पर्जन्य

अप जैसे उलप उपप मण्डप

अभ जैसे ऋषभ गर्दभ वृषभ शरभ

अम जैसे कलम कुशम सरम

अम्ब जैसे करम्ब

अस जैसे चमस दिवस मनस वचस

असान [होताहुआ] अस् [हो] की वर्तमान गुणक्रिया है जैसे मन्दसान वृधसान

आणक जैसे धवाणक लवाणक

आनक जैसे भयानक शयानक

आट्य जैसे पनाय्य पनयाय्य महाय्य

आर जैसे अङ्गार तुषार

आल जैसे कपाल कराल चपाल

इक जैसे कृषिक वृश्चिक

इष (इस) जैसे आमिष तविष अव्यथिष

ईक जैसे अनीक दृशीक चर्चरीक

ईट जैसे कृपीट

ईर जैसे गभीर शरीर हिंसीर

ईप जैसे करीष पुरीष मनीषा (स्त्री०)

उत्र जैसे वरुत्र वरुत्रे

उन जैसे अरुण अर्जुन यमुना (स्त्री०) वरुण

उप जैसे नहुष परुष मनुष

ऊख जैसे मयूख

ऊथ जैसे जरूथ वरूथ

ऊर जैसे मयूर

ऊल जैसे लांगूल

एलिम जैसे पचेलिम भिदेलिम (७३६ वें सूत्र की २ री शाखा देखो)

ओर जैसे कठोर

कर जैसे पुष्कर मस्कर

त्रिम जैसे कृत्रिम पक्त्रिम (पा० ३, ३, ८८)

क जैसे गायक (गाय और क के पहले होगा)

जैसे ग्रस्म हस मंस

२ रे प्रकार के वा द्वितीय पद वाले

[illegible] प्रथमपदवाले नियमों के संज्ञासम्बन्धी अपूर्णपदों में बनाये जाते हैं

आरंभसम्बन्धी वर्ण

१ प्रथम पदवाले निमूलों के संज्ञासम्बन्धी अपूर्णपदों के पिछले स्वर जो तद्धित प्रत्यय आदि में कोई स्वर वा य रखते हैं उनके पहले कई उलटापलटियां उठाते हैं पहली यिह कि अ आ इ ई छोड़दियेजाते हैं जैसे शुचि (पवित्र) शौच (पवित्रता) दूसरी यिह कि उ ऊ ओ होके अव् होजाता है जैसे मनु से मानव (मनु की सन्तान) तीसरी यिह कि ओ और औ संधि के सामान्य सूत्रों के अनुसार अव् और आव् होजाते हैं जैसे गो (गाय) से गव्य (गाय का) नौ (नाव) से नाविक और नाव्य (नाव का)

२ जो तद्धित प्रत्यय आदि में कोई व्यञ्जन रखते हैं उनके पहले पिछला न् बहुधा छोड़दियाजाता है और कभी स्वरों के और य् के पहले वुह न् अपने पहले स्वर समेत गिरजाता है जैसे युवन् (तरुण) से युवता वा युवत्व (तरुणाई) आत्मन् (आप) से आत्म्य और आत्मीय (अपना) परन्तु इस सूत्र के पिछले भाग के बहुत से निषेध भी हैं जैसे यौवन (तरुणाई) युवन् से राजन्य (राजसम्बन्धी) राजन् से आत्मनीन आत्मन् से

३ यिह जानना चाहिये कि तद्धित अर्थात् द्वितीय पदवाले प्रत्यय जिन शब्दों में लगते हैं उनके पहले शब्दभाग में वृद्धि चाहते हैं जैसे मौल (मूलसम्बन्धी) मूल (जड़) से शौच (पवित्रता) शुचि (पवित्र) से ऐसे ही जो निमूल मिश्रित शब्दों से बनते हैं उनमें जैसे सौहृद (मित्रता) सुहृद् (मित्र) से कभी दुहरी वृद्धि चाहते हैं जैसे सौहार्द (मित्रता) सुहृद से सौभाग्य (अच्छा भाग्य) सुभग (भाग्यी) से

४ जब किसी शब्द का पहला व्यञ्जन उस य वा व् से मिश्रित होता है जिसके पीछे अ वा आ आता है जैसे व्याघ (बाघ) स्वर (घोष) में तब यह य् और व् बहुधा इय् और उव् होजाते हैं जैसे वियाघ और सुवर और तब वृद्धि पाते हैं जैसे वैयाघ (बाघका) सौवर (घोषका) ऐसे ही स्व (आप) से सौव (अपना) श्वन् (कुत्ता) से शौवन (कुत्ते का) ऐसे ही स्वस्ति से सौवस्तिक न्याय से नैयायिक व्यश्व से वैयश्वि इत्यादि

३५ वां प्रत्यय

अ (स्त्री० ई) पहले शब्दभाग में वृद्धि चाहके अवस्थावाचक समूहवाचक पैतृक और विशेषण बनाताहै जो अभिमृत नाम से कुछ सम्बन्ध रखते हैं जैसे शौच न० (पवित्रता) शुचि (पवित्र) से सौहृद न० वा सौहार्द न० (मित्रता) सुहृद् से (आरंभसम्बन्धी ३ रा वर्णन देखो) पौरुष न० (पुरुषपना) पुरुष से शैशव न० (बालकपन) शिशु (बालक) से क्षेत्र न० (खेतों का समूह) क्षेत्र (खेत) से वासिष्ठ (वसिष्ठ की सन्तान) वसिष्ठ से मानव (मनु की सन्तान) मनु से वैष्णव (विष्णुसम्बन्धी) विष्णु से पौरुष (पुरुषसम्बन्धी) पुरुष (नर) से सैकत (रेतीला) सिकता से दारव (लकड़ी का) दारु (लकड़ी) से (आरंभसम्बन्धी १ ला वर्णन देखो) वैयाकरण (व्याकरणी) व्याकरण से (आरंभसम्बन्धी ४ था वर्णन देखो)

३६ वां प्रत्यय

अक (जिसको वुच् वुक वुन् वुञ् कहते हैं) बहुधा पहले शब्दभाग में वृद्धि चाहके विशेषण बनाता है (जिनका स्त्रीलिङ्ग बहुधा ई से बनताहै) और संज्ञाएं बनाता है (प्रत्यय इक और क देखो) जैसे औमक (सनका) उमा (सन) से आङ्गक (अंगसम्बन्धी) अग से औष्ट्रक न० (ऊंटसम्बन्धी अथवा ऊंट का समूह) न० उष्ट्र (ऊंट) से वात्सक न० (बछड़ों का समूह) वत्स (बछड़ा) से इस प्रत्यय का स्त्रीलिङ्ग कभी इका होता है परन्तु तब इक का स्त्रीलिङ्ग समझाजाताहै

३७ वां प्रत्यय

आट जैसे वाचाट (बकी) वाच् (बोली) से ऐसेही शृङ्गाट शृङ्ग से

३८ वां प्रत्यय

आनी इन्द्र जैसे पुल्लिङ्ग नामों का स्त्रीलिङ्ग बनाताहै जैसे इन्द्राणी (८...वें सूत्र के १ ले प्रत्यय का ४ था भाग देखो) अग्नि (आग) का स्त्रीलिङ्ग अग्नाई (आग की स्त्री) होताहै

३९ वां प्रत्यय

आयन (जिसको ष्फ च्फञ् फक् ष्फक् फञ् कहते हैं) पहले शब्दभाग में वृद्धि चाहके पैतृकादि शब्द बनाताहै जैसे नारायण (विष्णु) नर से

४० वां प्रत्यय

आल जैसे वाचाल (बहुत बोलनेवाला) वाच् (बोली) से

४१ वां प्रत्यय

इक (स्त्री० इकी) विशेषण और थोड़े समूहवाचक बनाताहै और पहले शब्द... भाग में वृद्धि चाहताहै जैसे धार्मिक (धर्मवाला) धर्म से वैणविक (बांसली बजा... ...वाला) वेणु से वैदिक (वेदसम्बन्धी) वेद से आह्निक (दिवससम्बन्धी) अ... ...दिन) से नैयायिक (न्याय जाननेवाला) न्याय से दौवारिक (द्वारपाल) द्व... ...दारिक न० (खेतों का समूह) केदार से

४२ वां प्रत्यय

इत जैसे फलित (फलाहुआ) फल से (यिह ५४७ वें सूत्र की २ री शाख... ...नुसार फल्ल की कर्मणिवाच्य भूतगुणक्रियाहै) रथित (रथ दियाहुआ) रथ... ...तो यिह कर्मणिवाच्य भूतगुणक्रिया का प्रत्यय है जो संज्ञासम्बन्धी अपूर्णप... ...लगायागया है जैसे इन जो आगे आताहै

४३ वां प्रत्यय

इन (जिसको इनच् कहते हैं) जैसे फलिन (फलवाला) फल से मलिन (मैला) मल से शृङ्गिण (सींगवाला) शृङ्ग से रथिन् रथवाला) रथ से

४४ वां प्रत्यय

इनेय पीछे पैतृक बनाताहै और पहले शब्दभाग में वृद्धि चाहताहै जैसे सौभागिनेय (अच्छे भाग्यवाली का बेटा) सुभगा से

४५ वां प्रत्यय

इय (आ स्त्री०) जैसे अग्रिय न० (अगला) अग्र से

४६ वां प्रत्यय

इर (आ स्त्री०) जैसे मेधिर (बुद्धिवान) मेधा से रथिर (रथ में जानेवाला) रथ से (१ ७८ वां प्रत्यय देखो)

४७ वां प्रत्यय

इल (आ स्त्री०) जैसे फेनिल (झागवाला) फेन (झाग) से (ल ८० वां प्रत्यय देखो)

४८ वां प्रत्यय

इष्ठ (आ स्त्री०) विशेषणों का अत्यन्ततासूचक पद बनाताहै जैसे अल्पिष्ठ (अत्यन्त छोटा) अल्प (छोटा) से ऐसेही कनिष्ठ मूल कन से (१९२ वें सूत्र से १९६ वें सूत्र तक देखो) देखो यह प्रत्यय बहुधा अवस्थाओं में अपवाद काहो ११९

गा द्वितीयपद का नहीं क्योंकि बहुधा मूल से या गुथाहुए मूल से लगताहै जै
उरु (चौड़ा) वरिष्ठ (अत्यन्त चौड़ा) उ से (ईयस् ८६ वें सूत्र का ५ वां प्रत्यय दे
खो)

४९ वां प्रत्यय

ईन (जिसको ख और खञ् कहते हैं) विशेषण और संज्ञाएं बनाताहै जैसे
ग्रामीण (गांववाला) ग्राम (गांव) से कुलीन (कुलवाला) कुल से नवीन (नया
) नव से अध्वनीन (यात्री) अध्वन् (मार्ग) से अनुपदीन स्त्री॰ (जूती) अनुपद
से आश्वीन (घोड़े की एक दिन की यात्रा) अश्व से

५० वां प्रत्यय

ईय विशेषण बनाताहै और कभी अपूर्णपद के पहले शब्दभाग में वृद्धि
चाहताहै जैसे स्वास्रीय (भानजा) स्वसृ (बहन) से भ्रात्रीय (भाई का) भ्रातृ
(भाई) से पार्वतीय या पर्वतीय (पर्वतसम्बन्धी) पर्वत से अश्वीय न॰ अश्वसम्ब
न्धी वा अश्वों का समूह) अश्व से परकीय (आ स्त्री॰) (दूसरे का) पर से (इ
– च् अन्त में रखनेवाले ६ अर्थात् पच् (पका) पक्ता पक्ष्यति) वच् (बोल) (६५० वां सूत्र) रिच् ७ वां गण (रीताकर) रेक्ता रेक्ष्यति) विच् ७ वां गण ३ रा म० (अलगा) सिच् (छिड़क) मुच् (खोल) ६२८ वां सूत्र)

४०२ रा सूत्र

– छ् अन्त में रखनेवाला १ अर्थात् प्रछ् * (पूछ) (प्रष्टा प्रक्ष्यति) ६३१ वां सूत्र)

टीका

* प्रछ् इच्छार्थक में इ का बढ़ना चाहता है

४०३ रा सूत्र

– ज् अन्त में रखनेवाले १५ अर्थात् त्यज् (छोड़) ५९६ वां सूत्र) भज् (आदर कर) यज् (पक्षकर) ५९७ वां सूत्र) भञ्ज् † ६ ठा गण (नष्ट) ६१२ वां सूत्र) मज्ज् (डूब) ६११ वां सूत्र) भञ्ज् (तोड़) ६६९ वां सूत्र) रञ्ज् (रंग लग) सञ्ज् (चिपक) ५९० वें सूत्र की १ ली शाखा) सञ्ज् (मिल) निज् (स्वच्छकर) नेक्ता नेक्ष्यति) विज् † ३ रा गण (कांप) वेक्ता इत्यादि) भुज् ६ ठा गण (झुका) ७ वां गण (भोग) ६६८ वें सूत्र की १ ली शाखा) युज् (जोड़) ६३० वां सूत्र) रुज् (तोड़) रोक्ता इत्यादि)

पनमूत परस्मै० में (ये पिछले दोनों सम्पूर्ण आत्म० में इ का बढ़ना चाहते हैं)

टीका

† बुध् जब १ ले ग० में आता है तब इ का बढ़ना चाहता है

४०७ वां सूत्र

न् अन्त में रखनेवाले २ अर्थात् मन् ४ था ग० आत्म० (सोच) ६१७ वां सूत्र) हन् (मार) ६५४ वां सूत्र) परन्तु यदि पिछला द्वितीय भविष्यत और आशंसार्थ में इ का बढ़ना चाहता है

४०८ वां सूत्र

प् अन्त में रखनेवाले ११ अर्थात् तप् (जल) तप्ता तप्स्यति) वप् (बो) शप् (कोस्) स्वप् (सो) ३५५ वां सूत्र) आप् (पा) ६८१ वां सूत्र) क्षिप् (फेंक) ६३५ वां सूत्र) तिप् आत्म० (सबके से खेंच) लिप् (लीप) छुप् (छू) छोप्ता छोप्स्यति) लुप् ६ ठा ग० (तोड़) (लोप्ता लोप्स्यति) सृप् (रेंग) ३९० वें सूत्र की ६ ठी शाखा)

४०९ वां सूत्र

म् अन्त में रखनेवाले ३ अर्थात् यम् (शारीरिकभाव से लेट) यन्ता यंस्यति) रम् आत्म० (चाह) आ उपसर्ग के साथ) (आरम्भ कर) (६०१ ले सूत्र की १ ली शाखा) लभ् आत्म० (पा) ६०१ ला सूत्र)

४१० वां सूत्र

म् अन्त में रखनेवाले ५ अर्थात् गम् (जा) ६०२ रा सूत्र) परन्तु द्वितीयभविष्यत और आशंसार्थ में यदि इ चाहता है नम् (झुक) नन्ता नंस्यति) यम् (रोक) रम् आत्म० (खेल) क्रम् (चल) आत्म० में (क्रन्ता क्रंस्यते)

४११ वां सूत्र

श् अन्त में रखनेवाले १० अर्थात् दंश् (डस) (दंष्टा दंक्ष्यति) दिश् ६ ठा ग० (बता) ५८३ वां सूत्र) विश् (प्रवेश कर) वेष्टा वेक्ष्यति) रिश् [सता] लिश्

श् (छोटा हो) क्रुश् (पुकार) क्रोष्टा क्रोक्ष्यति] कृश् ६ ठा ग० (समा] दंश् १ ला ग० (देख) ३१० वें सूत्र की ९ वीं शाखा और ६०२ था सूत्र) द्रष्टा द्रक्ष्यति मृश् (छू) (३१० वें सूत्र की ६ ठी शाखा) स्पृश् ६ ठा ग० (छू) ३१० वें सूत्र की ६ ठी शाखा और ६३६ वां सूत्र) स्प्रष्टा स्प्रक्ष्यति

४१२ वां सूत्र

प् अन्त में रखनेवाले ११ अर्थात् क्षिप् (चमक) क्षेप्ता क्षेप्स्यति) क्षिप् (फेंक) ६५७ वां सूत्र) पिप् ७ वां ग० (पास) विप् (छा समा) शिप् ७ वां ग० (पहचान) ६७२ वां सूत्र) श्लिप् ४ था ग० (मिल) ३०१ ला और ३०२ रा सूत्र) तुप् ४ था ग० (तुष्ट हो) तोप्ता तोक्ष्यति) दुप् ४ था ग० (कुपित हो) पुप् ४ था ग० (पल) ꠰ पोप्ता पोक्ष्यति) शुप् ४ था ग० (सूख) शोप्ता शोक्ष्यति) कृप् (खेंच) ३१० वें सूत्र की ६ ठी शाखा और ६०६ ठा सूत्र]

टीका

꠰ जब पुप् ९ वें गण में आता है तब इ चाहताहै जैसे (पोषितुम् पोषिष्यति)

४१३ वां सूत्र

स् अन्त में रखनेवाले २ अर्थात् घस् (खा) घस्ता घत्स्यति) वस् १ ला ग० (रह) [६०७ वां सूत्र] *

टीका

* परन्तु वस् कर्मणिवाच्यभूतगुणक्रिया और अवर्तनीयगुणक्रिया उषित और उषित्वा में (६०७ वां सूत्र) और २ रे गण के आत्म० में आके पहन के अर्थ में जैसे (वसितुम् वसिष्यते) इ चाहता है

४१४ वां सूत्र

— ह् अन्त में रखनेवाले ८ अर्थात् दह् (जला) ६१० वां सूत्र) नह् (बांध) ६२४ वां सूत्र) वह् (लेजा) ६११ वां सूत्र) दिह् (मल) ६५१ वां सूत्र) मिह् (मूत) [मेढा] ३०५ वें सूत्र की १ ली शाखा] मेक्ष्यति) लिह् २ रा ग० (

पाठ) ६६१ वां सूत्र) दुह् २ रा ग० (दोह) ६६० वां सूत्र) * रुह् (चढ़) रोढा गेष्यति.

टीका

* दुह् १ ला ग० दुख देने के अर्थमें इ चाहताहै जैसे (दोहिता इत्यादि)

ड़

व्यंजन अन्त में रखनेवाले मूल जिन में इच्छानुसार इ बढ़ता है वा छूटता है सब पिछले ५ रूपों में और इच्छार्थक में अथवा केवल इनके कई रूपों में वर्णन

देखो जब काल वा रूप बनाए नहीं जाते तब अनियतभूत के दूसरे रूप को और आशीर्वादवाचक के परस्मै० को छोड़के जो इ का पड़ना कभी नहीं चाहते सब काल वा रूपों में इच्छानुसारता पाईजातीहै

२१५ वां सूत्र

च् अन्त में रखनेवाले २ अर्थात् तञ्च् वा तञ्ज् ७ वां ग० (सुकड़) व्रश्च् (काट) ६१० वां सूत्र)

१ ली शाखा

ज् अन्त में रखनेवाले ३ अर्थात् अञ्ज् ७ वां ग० (प्रगट करः) ६६८ वां सूत्र) परन्तु इच्छार्थक में अवश्य इ पड़ता है) मृज् (मांज) ६९० वें सूत्र की १० वीं शाखा और ६५१ वां सूत्र) भ्रज् (नष्ट) केवल इच्छार्थक में इच्छानुसार और दूसरे रूपों में अवश्य इ को छोड़ताहै)

२ री शाखा

त् अन्त में रखनेवाले ४ अर्थात् पत् (गिर) केवल इच्छार्थक में इच्छानुसार और भविष्यतों में और आशंसार्थ में अवश्य इ चाहता है और अनियतभूत में छोड़ता है) कृत् ६ ठा ग० (काट) (इच्छानुसार द्वितीय भविष्यत और आशंसार्थ और इच्छार्थक में और अवश्य प्रथम भविष्यत और अनियतभूत में इ चाहता है) चृत् [मार] [इच्छानुसार द्वितीय भविष्यत और आशंसार्थ और इच्छार्थक में और अवश्य प्रथम भविष्यत और अनियतभूत में इ चाहता है] नृत् (नाच) [इच्छानुसार द्वितीय भविष्यत और इच्छार्थक में और अवश्य प्रथम भविष्यत और अनियतभूत में इ चाहता है]

३ री शाखा

द् अन्त में रखनेवाले ४ अर्थात् स्यन्द् (बह) (इच्छानुसार द्वितीय भविष्यत और आशंसार्थ परस्मै० और इच्छार्थक परस्मै० को जिनमें अवश्य इ छूटता है छोड़के सब रूपों में) छिद् (भीग) छृद् (चमक) और तृद् [सता] [ये पिछले दो प्रथम भविष्यत को जिस में अवश्य इ बढ़ताहै छोड़के सब रूपों में इच्छानुसार इ का बढ़ना और छूटना चाहते हैं]

४ थी शाखा

ध् अन्त में रखनेवाले ३ अर्थात् रध् (मर) सिध् १ ला ग० (बच) ऋध् [वृद्धि पा] [यिह पिछला इच्छानुसार केवल इच्छार्थक में और अवश्य दूसरे रूपों में इ का बढ़ना चाहता है (६८० वां सूत्र देखो)

५ वीं शाखा

न् अन्त में रखनेवाले २ अर्थात् तन् [तान] और सन् [आदरदे] (दोनों इच्छानुसार केवल इच्छार्थक में और अवश्य दूसरे रूपों में इ का बढ़ना चाहते हैं। ५८३ वां सूत्र देखो)

६ ठीं शाखा

प् अन्त में रखनेवाले ५ अर्थात् त्रपू (लजा) गुप् १ ला ग० (बचा) तृप् ४ था

ग० (मृगहो) ६१८ वां सूत्र) दृप् ४ था ग० (अभिमानी हो) क्लृप् (शक्तिवान हो) (यिह पिछला जब इ का छूटना चाहताहै तब केवल परस्मै० में चाहता है)

७ वीं शाखा

म् अन्त में रखनेवाले २ अर्थात् लुभ् ४ था ग० (ललचा) (इच्छानुसार प्रथम भविष्यत में और अवश्य दूसरे रूपों + में इ का बढ़ना चाहता है) दम्भ् (धोका दे) (इच्छानुसार केवल इच्छार्थक में जैसे दिदम्भिषति वा धिप्सति वा धीप्सति अवश्य दूसरे रूपों में इ का बढ़ना चाहता है)

टीका

+ परन्तु ४३५ वें सूत्र के दूसरे रूप वाले अनियतभूत को छोड़के

८ वीं शाखा

म् अन्त में रखनेवाला १ अर्थात् क्षम् १ ला ४ था ग० (सह) (क्षमिता वा क्षन्ता क्षमिष्यते वा क्षमिष्यति वा क्षंस्यते वा क्षंस्यति

९ वीं शाखा

सब इव् अन्त में रखनेवाले परन्तु (इच्छानुसार केवल इच्छार्थक में नहीं) जैसे दिव् (खेल) ष्ठिव् (थूक) सिव् (सी)

१० वीं शाखा

प् अन्त में रखनेवाले २ अर्थात् चाय् (आदर कर) प्याय् वा स्फाय् (मोटा हो) परन्तु ये दोनों इच्छार्थक में अवश्य इ का बढ़ना चाहते हैं (३९५ वें सूत्र की २ री शाखा देखो)

११ वीं शाखा

श् अन्त में रखनेवाले ३ अर्थात् अश् ५ वां ग० आत्म० (छा रखा) । परन्तु अवश्य इच्छार्थक में इ का बढ़ना चाहता है (६४१ वें सूत्र की १ ली शाखा देखो) नश् ४ था ग० [मर] (३९० वें सूत्र की ११ वीं शाखा और १२० वां सूत्र देखो) क्लिश् ९ वां ग० (दुख दे) (६९७ वां सूत्र)

टीका

अश् ९ वां ग० (खा) इ का बढ़ना चाहता है

१२ वीं शाखा

पू अन्त में रखनेवाले ७ अर्थात् अक्ष् (छा, समा) तक्ष् (काटके बना) (तक्षिता वा तष्टा तक्षिष्यति वा तक्ष्यति इत्यादि) त्वक्ष् (उत्पन्न कर) कुष् नि सोथ (खेंच) नहीं तो अवश्य इ का बढ़ना चाहता है) इष् ६ ठा ग० (चाह ६३७ वां सूत्र) रिष् (सना) रुष् १ ला ग० (सता) ये पिछले ३ इच्छानुसार प्रथम भविष्यत में परन्तु अवश्य दूसरे रूपों में इ का बढ़ना चाहते हैं

१३ वीं शाखा

ह् अन्त में रखनेवाले १२ अर्थात् सह् आत्म० (उठा) (इच्छानुसार केवल प्रथम भविष्यत में और अवश्य दूसरे रूपों में इ का बढ़ना चाहता है ६११ वें सूत्र की १ ली शाखा देखो) ग्लह् (जूआ खेल) (ग्लहिता वा ग्लाढा इत्यादि) गाह् (घुस) गाह् (नाप) (माहिता वा माढा इत्यादि) खिह् (खेदकर) (खेहिता वा खेग्धा वा खेढा इत्यादि) स्नुह् (स्नेहकर वमनकर) मुह् (घबरा) ६१९ वां सूत्र) गुह् (छिपा) गूहिता वा गोढा गूहिष्यति वा घोक्ष्यति) १०३ वें सूत्र की १ ली शाखा और ३१० वें सूत्र की १३ वीं शाखा देखो) मुह् (हट सता) ६०३ वां सूत्र) तृह् ६, ठा ७ वां ग० वा तृंह् ६ ठा ग० (मार) ६७४ वां सूत्र) वृह् वा वृह् (उठा) स्तृह् वा स्तृंह् ६ ठा ग० (मार)

अनियतभूत वा तृतीयभूत

यह मिश्रित और बहुरूपी रूप संस्कृत की सब क्रियाओं में बड़ाई बढ़ाई और कठिन है परन्तु इतना अच्छा है कि संस्कृत की अच्छी भाषा में दूसरे भूत कालों से थोड़ा आता है कोई रूप ऐसे कई रूपों का समूह नहीं है जो सब आपस में थोड़ी वा बहुत सदृशता न रखते हों और अपूर्णभूत के साथ कुछ परस्पर समानता न दिखाते हों

४३१ वां सूत्र देखो) तीसरे १० वें गणवाली और प्रेरणार्थक क्रियाओं से सम्बन्ध रखते हैं

पहला रूप

४१८ वां सूत्र

जो अन्त २४६ वें सूत्र में बताये हैं सो फिर बतायेजाते हैं

छ वाले अन्त इ रहित

यंत्र

परस्मैपद				आत्मनेपद		
उ०	सम्	स्व	स्म	सि	स्वहि	स्महि
म०	सीः	स्तम् (तम्)	स्त (तँ)	स्थाः (थाः)	साथाम्	ध्वम् वा ढ्वम्
अ०	सीत्	स्ताम् (ताम्)	सुः	स्त (त)	साताम्	सत

व वाले अन्त इ सहित

परस्मैपद	आत्मनेपद

उ०	इषम्	इष्व	इष्म	इषि	इष्वहि	इष्महि
म०	ईः	इष्टम्	इष्ट	इष्ठाः	इषाथाम्	इध्वम् वा इढ्वम्
अ०	ईत्	इष्टाम्	इषुः	इष्ट	इषाताम्	इषत

२१९ वां सूत्र

जानना चाहिये कि छ वाले अन्तों में आगे पीछे आनेवाली अर्द्धचन्द्राकार रेखा यिह दिखाती है कि जो अपूर्णपद अनुनासिक और अर्द्धस्वर को छोड़के अन्त में कोई व्यञ्जन रखता है अथवा अन्त में अ इ उ ऋ जैसा कोई ह्रस्व स्वर रखता है तो पहला स् जिन अन्तों में त् और थ् के साथ मिलता है उनसे वुह छूट जाता है और जानना चाहिये कि जब पीछे आनेवाला त् वा थ् मूर्द्धन्य हो जाता है तब ७० में सूत्र से वुह पहला स् ष् होजाता है कई अवस्थाओं में ध्वम् और इध्वम् के पलटे ढ्वम् और इढ्वम् का आना २४६ वें सूत्र के यंत्र में बताया है

४२० वां सूत्र

पहले १ गण वाली क्रियाओं के लिये जिन में इ छूट जाता है और छ वाले अन्त लगते हैं अपूर्णपद बनाने का सामान्य सूत्र

१ ला वर्णन

आगम अ जैसा अपूर्णभूत में पहले आता है वैसा इस में भी आता है परन्तु वाक्यरचना के ८८१ वें सूत्र में बताया जायगा कि जब अनियतभूत अस्वीकारसूचक अनुमत्यर्थ के सदृश निपात मा वा मास्म के पीछे आता है तब यिह आगम छोड़ दियाजाता है (२४२ वें सूत्र की १ ली शाखा देखो)

२ रा वर्णन

जब कोई मूल आदि में इ उ वा ऋ ह्रस्व वा दीर्घ रखता है तब आगम २५१

वें सूत्र की १ ली शाखा के अनुसार पहले आता है

परस्मैपद में जो मूल अन्त में कोई स्वर वा व्यञ्जन रखता है सो सब अन्तों के पहले मूलसम्बन्धी स्वर को वृद्धि चाहता है

आत्मनेपद में जो मूल अन्त में इ ई उ वा ऊ रखता है सो मूलसम्बन्धी स्वर को गुण चाहता है और जो अन्त में ऋ वा कोई व्यञ्जन रखता है सो सब अन्तों के पहले उस स्वर को जैसा है वैसा रखता है पिछले व्यञ्जन छ वाले अन्त के साथ उन सूत्रों के अनुसार लगाये जाते हैं जो २९६ वें सूत्र से ३०६ ठे सूत्र क बताए हैं

१ ली शाखा

जैसे नी (मार्ग दिखा) से दो अपूर्णपद बनते हैं अनै परस्मै० के लिये अं अने आत्म० के लिए जैसे अनै + सम् = ७० वें सूत्र से अनैषम् आत्म० अ + सि = अनेषि अने + स्थाः = अनेष्ठाः इत्यादि

२ री शाखा

कृ ८ वां ग० [कर] से दो अपूर्णपद बनते हैं अकार् परस्मै० के लिए अं अकृ आत्म० के लिए जैसे अकार् + सम् = ७० वें सूत्र से अकार्षम् इत्यादि आ त्म० अकृ + सि = ७० वें सूत्र से अकृषि . अकृ + थाः = ४१९ वें सूत्र से अकृथ अकृ + त = अकृत इत्यादि (६८२ वां सूत्र देखो)

ऐसे ही भृ ३ रा ग० (उठा) से (५८३ वें सूत्र का यंत्र देखो)

३ री शाखा

युज् (जोड़) से दो अपूर्णपद बनते हैं अयौज् परस्मै० के लिए औ अयुज् आत्म० के लिए जैसे परस्मै० अयौज् + सम् = २९६ वें सूत्र अयौक्षम् अयौज् + त्व = अयौक्त्व अयौज् + तम् = ४१९ वें सूत्र से अयौक्त आत्म० अयुज् + सि = २९६ वें सूत्र से अयुक्षि अयुज् + थाः = अयुक्था अयुज् + त = अयुक्त

४ थी शाखा

रुध् ७ वां ग० (रोक) से दो अपूर्णपद बनते हैं अरौध् और अरुध् परस्मै० अरौध् + सम् = २९९ वें सूत्र से अरौत्सम् द्वि० व० अरौध् + स्व = अरौत्स्व अरौध् + स्म = अरौद्धम् आत्म० अरुध् + सि = अरुत्सि अरुध् + थाः = अरुद्धाः इत्यादि

५ वीं शाखा

ऐसे ही पच् [पका] से अपाय् और अपच् अपाच् + सम् = २९६ वें सूत्रसे अपाक्षम् आत्म० अपच् + सि = अपक्षि अपच् + थाः = अपक्थाः इत्यादि

६ ठी शाखा

दह् (जला) से (६१० वां सूत्र देखो) अदाह् और अदह् परस्मै० अदाह् + सम् = १०६ ठे सूत्र की १ ली शाखा से अधाक्षम् अदाह् + सम् = १०५ वें सूत्र से अदाग्धम् आत्म० अदह् + सि = १०६ ठे सूत्र की १ ली शाखा से अधक्षि अदह् + थाः = अदग्धाः इत्यादि

२२१ वां सूत्र

२१९ वें सूत्र की २ री शाखा देखने से यिह समझना सरल होगा कि बहुत से इ ई और ह्रस्व उ और ह्रस्व ऋ अन्त में रखनेवाले मूल छ वाले अन्त ग्रहण करते हैं और आ ए ऐ ओ अन्त में रखनेवाले मूलों में से बहुत से आत्म० में ग्रहण करते हैं और आ अन्त में रखनेवाले मूलों में से थोड़े परस्मै० में भी

१ ली शाखा

[illegible] वा स्तृ (फैला) छ वाले या व वाले अन्त लेताहै और आत्म० में [illegible] छ वाले अन्त लेताहै तब ऋ ईर् होजाता है (६३८ वां सूत्र देखो)

२ री शाखा

[illegible] वा इ (स्वीकार कर लिया) का सा उन्हीं अवस्थाओं में [illegible] [illegible] वां सूत्र देखो)

३ री शाखा

ए ऐ ओ अन्त में रखनेवाले मूलों के ये वर्ण आ होजाते हैं जैसे दूसरे सामान्य रूपों में होजातेहैं जैसे ध्ये (ढांके) से अध्यासिषम् इत्यादि [४३३ वां सूत्र देखो) अध्यासि इत्यादि ऐसेही मि मी दी और इच्छानुसार ली के (३१० वें सूत्र की ५ वीं शाखा देखो) जैसे अमासिषम् इत्यादि अमासि इत्यादि

४ थी शाखा

दा (दे) ६६३ वां सूत्र देखो) धा (रख) (६६४ वां सूत्र देखो) स्था (खड़ाहो) ५८७ वां सूत्र देखो) दे [बचा] धे [पी] (जो आत्म० में आवें) दो वा दा (काट) (जो आत्म० में आवे) के पिछले वर्ण आत्म० में इ से पलटजाते हैं जैसे अदिषि अदिथाः (४१९ वां सूत्र देखो) अदित अदिष्वहि म० व० व० अदिढ्म् परस्मै० में ये ४३८ वें सूत्र के अनुगामी होते हैं

५ वीं शाखा

गा जब इ (जा) के पलटे उपसर्ग अधि के साथ (पढ़) के अर्थ में आताहै तब केवल आत्म० में इसका पिछला आ ई होजाता है जैसे अध्यगीषि अध्यगीष्ठाः अध्यगीष्ट इत्यादि

६ ठी शाखा

कु आत्म० (पुकार) गु (मैला कर) और ध्रु (दृढ़ हो) तीनों ६ठे गण के हैं इनके पिछले स्वर पलटते नहीं जैसे अकुषि इत्यादि अकुथाः अकुत इत्यादि अगुषम् इत्यादि ध्रु से अध्रौषम् भी होसकता है और गु से अगुविषम् भी परन्तु पिछ पिछला मूल इस अवस्था में गू समझा जाताहै

४२२ वां सूत्र

जो ह छूटनेवाले मूल ४०० वें सूत्र से ४१२ वें सूत्र तक बनाए हैं सो आगे लिखे जाते हैं ये दोनों परस्मैपद और आत्म० में छ वाले अन्त ग्रहण करते हैं यथ् यज् त्यज् भज् भञ्ज् भ्रस्ज् मज्ज् यज् रञ्ज् सञ्ज् स्वञ्ज् आत्म० मृज् रुज् सृज्

कते हैं और मुख्य सूत्र भी कई मूलों से ३९० वें सूत्र और ३९० वें सूत्र की १ ली शाखा से १५ वीं शाखा तक बताए हुए भविष्यत बनाने में लगसकते हैं जैसे भ्रम् से २९७ वें सूत्र की २ री शाखा के अनुसार अभ्रासम् (६३० वां सूत्र देखो) भुज् से ३९० वें सूत्र की ११ वीं शाखा के अनुसार अभाक्षम् [६३१ वां सूत्र देखो] नश् आत्म० में अनङ्क्षि वा अनशिषि भज्ज् से ३९० वें सूत्र की ७ वीं शाखा के अनुसार अभ्राक्षम् वा अभार्क्षम् अभ्रक्षि वा अभर्क्षि मृज् से ३९० वें सूत्र की १० वीं शाखा के अनुसार अमार्क्षम् (और अमार्जिषम् भी) नह से ३०६ ठे सूत्र की २ री शाखा के अनुसार अनात्सम्

१ ली शाखा

पद् आत्म० (जा) बुध् आत्म० (जाग) जन् आत्म० (उत्पन्न हो) इनका अ० ए० व० ऐसा बनता है जैसा ये कर्मणिवाच्य क्रियाएं होवें (४७५ वां सूत्र देखो) जैसे अपादि द्वि० व० अ० अपत्साताम् अबोधि (वा इच्छानुसार अबुद्ध) द्वि० व० अ० अभुत्साताम् अजनि वा इच्छानुसार (अजनिष्ट)

२ री शाखा

जो मूल अन्त में न् और म् रखते हैं उनके ये वर्ण स् के पहले अनुस्वार होजाते हैं और स्व के पहले म् न् होजाता है जैसे मन् से अमंसि अमंस्थाः अमंस्त (अथवा जो ८ वें ग० में आता है तो अमनिष्ट अथवा इसी सूत्र की ३ री शाखा से अमत) रम् से अरंसि इत्यादि द्वि० व० म० अरंस्वम्

हन् (बहुधा परस्मै०) का अनुनासिक आत्म० वाले अन्तों के पहले गिरजाता है अहसि अहथाः इत्यादि पहला स् ३११ वें सूत्र के अनुसार गिरजाने से

गम् में ऐसा इच्छानुसार होता है जैसे अगंसि वा अगसि अगंस्थाः वा अगथाः इत्यादि

३ री शाखा

जो ८ वें ग० के मूल अन्त में न् और ण् रखते हैं गुहना से ० वाले अन्त में

भो) हन् (हो) से अवर्त् (अवर्तिषि इत्यादि)

एध् [बढ़] से ऐध् (ऐधिषि इत्यादि) २५१ वें सूत्र की २ री शाखा के अनुसार [६०० वां सूत्र देखो]

२२८ वां सूत्र

जो मूल अन्त में र् और ल् रखते हैं उनका बिचला अ परस्मै० में दीर्घ होजाता है परन्तु आत्म० में नहीं

जैसे चर् (जा) से अचारिषम् ज्वल् (भड़क) से अज्वालिषम् वद् (बोल) और व्रज् (जा) का भी अ परस्मै० में दीर्घ होजाता है जैसे (अवादिषम् परन्तु आत्म० में नहीं होता अवदिषि इत्यादि)

१ ली शाखा

परन्तु जो मूल अन्त में म् य् ह् रखते हैं उनका अ परस्मै० में कभी दीर्घ नहीं होता जैसे स्यम् (शब्द कर) से अस्यमिषम् इन आगे आनेवाले मूलों में भी अ दीर्घ होने से वर्जित है क्षण् कम् रण् श्वस् श्वस् जग् ह्मल् हस् कद् लग् पत् कम् वध् मथ् चद् वध् भ्रम् हस् एक वा दो का अ इच्छानुसार दीर्घ हो सकता है जैसे क्षण् और नद् (शब्द कर) का

२२९ वां सूत्र

देखो बहुत सी संस्कृत क्रियाएं इ या परना पाइती हैं इस से ऐसा होता है कि ११७ वें सूत्र की १ ली और २ री शाखा जितना काम देती हैं उतना काम २३० वां सूत्र नहीं देता विशेषकरके इसलिये कि वे अविकारार्थक इच्छार्थक और सं. बन्धवर्ती के और अमिश्रित क्रियाओं के अनिश्चयभूत में भी लगती हैं

२३० वां सूत्र

जो मुख्य सूत्र दोनों भविष्यत के लिये १९० वें सूत्र की १ ली शाखा से १० वीं शाखा तक बताये हैं सो अनिश्चयभूत के लिये भी काम आते हैं जैसे जो मूल १९० वें सूत्र में और १९० वें सूत्र की १ ली शाखा में बताए हैं कृत् इत्यादि

सो गुण को रोकते हैं और गृ धृ धृ नृ का ऋ बहुधा उर् होजाता है जैसे अकुचिषम् इत्यादि अश्चरिषम् इत्यादि परन्तु गृ गु लिखा जाता है इसलिये अगुपम् इत्यादि होता है (४२१ वें सूत्र की ६ ठी शाखा देखो) और धृ से भी अधारिषम् होता है और नृ से अनारिषम्

१ ली शाखा

ऊर्णु से औणार्विषम् वा औणीर्विषम् वा औणुविषम् इत्यादि और आत्म० में औणविषि वा औणुविषि

२ री शाखा

३९० वें सूत्र की ३ री शाखा के अनुसार दीधी वेवी और दरिद्रा के पिछले स्वर गिर जाते हैं जैसे अदीधिषि अदरिद्रिषम् इत्यादि (४३३ वां सूत्र भी देखो)

४३१ वां सूत्र

आत्म० में वृ (स्वीकारकर छिपा) और सब स्तृ जैसे दीर्घ ऋ अन्त में रखनेवाले मूल इच्छानुसार बढ़ेहुए इ का दीर्घ होना चाहते हैं जैसे अवारिषि वा अवरीषि इत्यादि अस्तरिषि वा अस्तरीषि परन्तु केवल परस्मै० में होते हैं अवारिषम् अस्तारिषम्

४३२ वां सूत्र

श्वि (सूज) और जागृ (जाग) वृद्धि के पलटे गुण चाहते हैं जैसे अश्वयिषम् इत्यादि (४१० वें सूत्र की १ ली शाखा भी देखो) अजागरिषम् इत्यादि

१ ली शाखा

ग्रह् ३९९ वें सूत्र की १ ली शाखा के अनुसार अग्रहीषम् और गुह् ३९० वें सूत्र की १३ वीं शाखा के अनुसार अगूहिषम् यिह पिछला ४३९ वें सूत्र और ४३९ वें सूत्र की २ री शाखा का भी अनुगामी है (६०९ वां सूत्र देखो)

२ री शाखा

हन् (मार) का आनियतभूत वध् से बनता है जैसे अवधिषम् इत्यादि (पर

नु ११२ वें सूत्र की २ री शाखा देखो)

४३३ वां सूत्र

आ ए ओ और ऐ अन्त में रखनेवाले बहुत से मूल और म् अन्त में रखनेवाले मूल अर्थात् यम् रम् नम् इ चाहते हैं परन्तु परस्मै० में पिछला ए ओ और ऐ आ होजाने से उस इ के पहले स् बढ़ता है जैसे या [जा] से अयासिषम् इत्यादि (६११ वां सूत्र देखो) शो (पैना) से अशासिषम् इत्यादि यम् (बच) से अयंसिषम् इत्यादि

दरिद्रा (दरिद्री हो) से अदरिद्रिषम् वा अदरिद्रासिषम् इत्यादि

४३४ वां सूत्र

आत्म० में ये मूल इ और स् जो उसके पहले बढ़ताहै नहीं चाहते और ४१८ वें सूत्र के अनुसार आते हैं जैसे मा (नाप) से अमासि इत्यादि (६६४ वें सूत्र की १ ली शाखा देखो) व्ये (ढांक) से अव्यासि (३२१ वें सूत्र की ३ री शाखा देखो) रम् (खेल) से अरंसि अरंस्थाः अरंस्त इत्यादि

दूसरा रूप अपूर्णभूत से मिलताहुआ

४३५ वां सूत्र

यंत्र

		परस्मैपद		आत्मनेपद		
उ०	अम्	आव (व)	आम (म)	ए (इ)	आवहि	आमहि
म०	अः (:)	अतम् (तम्)	अत (त)	अथाः	एथाम् (आथाम्)	अध्वम्
अ०	अत् (त्)	अताम् (ताम्)	अन् (उः)	अत	एताम् (आताम्)	अन्त

४१६ वां सूत्र

पिछ रूप जो सदृशता अपूर्णभूत के साथ रखताहै उससे कुछ उपहास नहीं जान पड़ता है इसलिए कि जिन अवस्थाओं में अनिपनभूत के लिए उपवाले अन्त आते हैं उनमें अपूर्णभूत अपने अपूर्णपद की बनावट में कुछ पृथकता रखता है जैसे गम् (जा) से अपूर्णभूत के लिये अगच्छम् होताहै और अनिपनभूत के लिए अगमम् होता है (६०२ रा सूत्र देखो) भिद् (तोड़) से अपूर्णभूत के लिये अभिनदम् होताहै और अनिपतभूत के लिए अभिदम् (५८१ वां सूत्र देखो) ऐसे ही फिर केवल ६ ठा गण मूल और अपूर्णपद में एक रीति की पूरी सदृशता रखता है परन्तु जबतक किसी मुख्य सूत्र से उसके अपूर्णभूत का अपूर्णपद मूल से पृथक नहीं होता तब तक अनिपनभूत का पिछ रूप कभी नहीं लिपाजाता जैसे लिप् (लीप) से अनिपनभूत होताहै अलिपम् और अपूर्णभूत अलिम्पम् (२८१ वां सूत्र देखो)

वर्णन

देखो ए के पलटे इ का और एथाम् और एताम् के पलटे आथाम् और आताम् का आना दूसरे रूप के आत्म० में उन मूलों में होताहै जो ४३९ वें सूत्र में बताए हैं

४३७ वां सूत्र

पहले ९ गणवाले मूलों के लिए अपूर्णपद बनाने की रीति

आगम का अ बढ़ाओ और मूल के पीछे अन्त लगाओ

जैसे अगमम् इत्यादि और अभिदम् इत्यादि में (४३६ वां सूत्र देखो) ऐसेही नश् (मर) से अनशम् और अनेशम् भी (४४१ वां और ४२४ वां सूत्र देखो)

१ ली शाखा

परन्तु जो मूल परस्मै० में इस रूप के अनुगामी होते हैं सो बहुत से आत्म० में पहले रूप के अनुगामी होते हैं (४१८ वां सूत्र देखो) जैसे भिद् [तोड़] से अभित्सि इत्यादि आत्म० (५८३ वें सूत्र का यंत्र देखो) ऐसेही छिद् (काट) से (६६७ वां सूत्र देखो) और थोड़े मूल शुद्धता से आत्म० में आते हैं सो इस दू सरे रूप का परस्मै० अनियतभूत रखते हैं जैसे रुच् आत्म० [चमक सुहा] से परस्मै० अरुचम् और आत्म० अरोचिषि

२ री शाखा

एक या दो मूल अन्त में आ इ और ए रखते हैं और एक या दो मूल अन्त में ऋ और ॠ रखते हैं ऊपरवाले अन्तों के पहले उनके आ इ और ए छूट जाते हैं और ऋ और ॠ गुण चाहते हैं जैसे ख्या (बोल) से अख्यम् इत्यादि अख्ये इत्यादि श्वि (सूज) से अश्वम् ह्वे (बुला) से अह्वम् (५९५ वां सूत्र देखो) सृ (जा) से असरम् ऋ (जा) से आरम् जॄ (जीर्ण हो) से अजरम्

३ री शाखा

दृश् (देख) अपने स्वर को गुण चाहता है जैसे अदर्शम् (६०४ वां सूत्र देखो)

४ थी शाखा

पिछले वर्ण के पहले अनुनासिक बहुधा गिर जाते हैं जैसे स्तम्भ् (ठहरा) से अस्तभम् स्यन्द् [झटके से खेंच] से अस्यदम् स्कन्द् (चढ़) से अस्कदम् भ्रंश् (गिर) से अभ्रशम्

५ वीं शाखा

एक रूप अक्षम् वेद में आया है सो घस् (खा) से विचला अ गिर जाने से बना है

४३८ वां सूत्र

कई आ और ए अन्त में रखनेवाले मूल परस्मै० में अपूर्णभूत के अन्त बहुत लेते

हैं और अपने पहले स्वर को गिरा देते हैं जैसा ३१५ वें सूत्र के यंत्र में आगे प
छे आनेवाले दो अर्द्धचन्द्र से बताया है अ० य० व० में अन् के पलटे उः होते है
जैसे दा ३ रा ग० (दे) से अदाम् अदाः अदाव् अदाव इत्यादि अ० ब० व
अदुः (६६१ वां सूत्र देखो) ऐसेही धा ३ रा ग० (रख) से अधाम् इत्यादि
६६४ वां सूत्र देखो] और स्था १ ला ग० [खड़ा हो] से अस्थाम् इत्यादि
५८७ वां सूत्र देखो)

१ ली शाखा

ऐसेही भू १ ला ग० (हो) से (उ० पु० य० और अ० ब० व० को छोड़के
जैसे अभूवम् अभूः अभूत् अभूव इत्यादि परन्तु अ० ब० व० होता है अभूवन्
५८५ वां सूत्र देखो)

२ री शाखा

परन्तु जानना चाहिए कि थोड़े या (जा) जैसे आ अन्त में रखनेवाले मूल
४३३ वें सूत्र के अनुगामी होते हैं

३ री शाखा

और थोड़े ए और ओ अन्त में रखनेवाले मूल ४३३ वें सूत्र के अनुगामी हो
ते हैं सो इच्छानुसार ४३८ वें सूत्र के भी अनुगामी होते हैं इस अवस्था में ए औ
र ओ जैसा आगे बताया है आ होजाते हैं जैसे धे १ ला ग० (पी) से अधासि
षम् इत्यादि वा अधाम् इत्यादि और अदधम् भी (४४० वें सूत्र की १ ली शा
खा देखो) सो ४ था ग० (समाप्त हो) से असासिषम् वा असाम् (६१३ वां सू
त्र देखो)

४ थी शाखा

दा, धा, स्था, दे, धे, दो जैसे मूल आत्म० में ४२१ वें सूत्र की ४ थी शाखा
के अनुगामी होते हैं

५ वीं शाखा

इ (जा) का अनियतभूत मूल गा से बनता है जैसे अगाम् अगाः इत्यादि

६३९ वां सूत्र

कई श् ष् ह् अन्त में रखनेवाले मूल जिनका इ उ वा ऋ रखते हैं उनके अनियतभूत ३३५ वें सूत्र वाले दूसरे रूप के अनुसार बनते हैं परन्तु जब कभी अपूर्णभूत और अनियतभूत में कुछ सन्देह उत्पन्न होताहै तब अन्तों के पहले स् बढ़ जाता है और इस सीटीयुक्त वर्ण के पहले मूल का पिछला वर्ण ३०७ वे और ३०६ ठे सूत्र के अनुसार क् होजाताहै

जैसे दिश् (दिखा) से जिसका अपूर्णभूत है अदिशम् अनियतभूत होताहै अदिक्षम् इत्यादि ऐसे ही द्विष् २ रा ग० (द्वेषकर) से ६५७ वें सूत्र के अनुसार अद्विक्षम् इत्यादि दुह् २ रा ग० (दोह) से ३०६ ठे सूत्र की १ ली शाखा के अनुसार अधुक्षम् (६६० वां सूत्र देखो)

१ ली शाखा

इस गणवाले मूल आत्म० के अन्तों में ए के पलटे इ चाहते हैं और एथाम् और एताम् के पलटे आथाम् और आताम् जैसे अदिक्षि अदिक्षथाः अदिक्षत अदिक्षावहि अदिक्षाथाम् इत्यादि अ० व० व० अदिक्षन्त

२ री शाखा

थोड़े ह् अन्त में रखनेवाले मूल अर्थात् लिह् दिह् गुह् दुह् इच्छानुसार आत्मनेपद में म० और अ० ए० व० के और उ० द्वि० व० के और म० व० व० के अन्तों के पहले अ का गिरजाना चाहते हैं जैसे लिह से अलिक्षि अलीढाः अलिक्षत द्वि० व० उ० अलिक्षावहि व० व० म० अलीढ्वम् (६६१ वां सूत्र देखो) और दुह् (दोह) से अधुक्षि अदुग्धाः इत्यादि (६६१ वां ३०५ वां ३०५ वां और ६६० वां सूत्र देखो)

३ री शाखा

कई प्रमाणों के अनुसार थोड़े मूल अर्थात् तृप् दृप् तृप् आत्म० में बहुधा पद

ले छ वाले रूप के अनुगामी होते हैं सो इच्छानुसार अन्त इ आधाम् आताम् ले के और दूसरे अन्तों के पहले अ और आ गिराके और अन्त के पलटे अत लेके दूसरे रूप के भी अनुगामी होते हैं जैसे अतृपि अतृप्थाः अतृप्त अतृप्वहि इत्यादि

४४० वां सूत्र

प्रेरणार्थक और १० वें गणवाली कियाएं दूसरा रूप चाहती हैं परन्तु उनके अपूर्णपद दुहरावट और आगम् दोनों चाहते हैं जैसे बुध् १ ला ग० (जान) से प्रेरणार्थक अनियत भूत अबूबुधम् इत्यादि यिह ४९२ वें सूत्र में बतायाजायगा

१ ली शाखा

१० वें गणवाली कियाओं के उपरान्त थोड़ी अनियत कियाएं प्रेरणार्थक के लिए अनुमान से दुहरायाहुआ अपूर्णपद लेती हैं (४९२ वां सूत्र देखो)

जैसे श्रि (आश्रयले) से अशिश्रियम् इत्यादि श्वि [सूज] से अशिश्वियम् अश्वम् और अश्वयिशम् भी (४३७ वां सूत्र और ४३७ वें सूत्र की २री शाखा देखो) द्रु १ला ग० (दौड़) से अदुद्रुवम् स्रु (बह) से असुस्रुवम् धे (पी) से अदधम् कम् (प्यार) से अचकमे इत्यादि यिह पिछला जब पहले गण में आताहै तब मुख्य रूप नहीं रखता परन्तु जब १० वें गण में आताहै तब रखता है जैसे वर्त० कामये इत्यादि इसका अनियतभूत अचीकमे होताहै

४४१ वां सूत्र

ये आगे आनेवाले अनियत भूत दुहराएहुए अपूर्णपद का संक्षिप्त रूप लेते हैं वच् २रा ग० (बोल) से अवोचम् जो ६५० वें सूत्र के अनुसार अववचम् के पलटे अवउचम् से बनाहै पत् १ ला ग० (गिर) से अपप्तम् जो अपपतम् से बना है शास् २रा ग० (आज्ञाकर) से अशिषम् जो अशिशासम् से बनाहै परन्तु आत्म० में ४३० वें सूत्र का अनुगामी है (६५८ वां सूत्र देखो) अस् ४था ग० (फेंक) से आस्थम् जो आअसम से ३०४ वें सूत्र की १ ली शाखा के अनुसार आ-स्मम् के पलटे आस्सम् होके और फिर उलटने से आस्थम् होके बनाहै नश् ४था

संवर्थं सिन्ध्यत् होताहै और आशीर्वादवाचक सिध्यात्

पहले ९ गणवाले मूलों में अपूर्णपद बनाने की रीति

२४३ वां सूत्र

परस्मै० में मुख्य रीति यिह है कि अन्तों के प् के पहले मूल को जैसा है वैसा रखो अथवा वैसी उलटापलटी करो जैसी कर्मणिवाच्य में होती है (४६५ वें सूत्र से ४७२ वें सूत्र तक देखो) अथवा वैसी उलटापलटी करो जैसी ४ थे गणवाले वर्तमानसम्बन्धी सूत्र से होती है और इ कभी मत बढ़ाओ

आत्म० में मुख्य रीति यिह है कि जो मूल अन्त में व्यञ्जन वा स्वर रखते हैं और भविष्यतों में इ का बढ़ना चाहते हैं (३९२ वां और ३९९ वां सूत्र देखो) उनमें इ बढ़ाओ और इसीके पहले मूलसम्बन्धी स्वर को गुण करो और आत्मनेपद में जो थोड़े एक मूल अन्त में स्वर रखते हैं और इ का छूटना चाहते हैं उनके मूलसम्बन्धी स्वर को भी गुण करो परन्तु जो मूल अन्त में कोई व्यञ्जन रखताहै और इ का छूटना चाहता है उसका मूलसम्बन्धी स्वर आत्म० और परस्मैपद में भी बहुधा जैसा है वैसा रहताहै

४४४ वां सूत्र

जैसे भू १ ला ग० (हो) से परस्मै० का अपूर्णपद होताहै भू और आत्म० का भवि (३६ वें सूत्र की १ ली शाखा देखो) जैसे भू + यासम् = भूयासम् इत्यादि भवि + सीय = भविषीय (७० वां सूत्र देखो)

४४५ वां सूत्र

बहुधा जैसा आगे बनाया है परस्मै० वाले अन्तों के प् के पहले मूल वैसी उलटापलटियां सहताहै जैसी ४७२ वें सूत्र के अनुसार ४ थे ग० के प् के पहले और ४६५ वें सूत्र के अनुसार कर्मणिवाच्य क्रियाओं के प् के पहले होती हैं और यह था कुछ ऐसी उलटापलटियां भी उठाताहै जैसी ३७१ वें इत्यादि सूत्र के अनुसार पूर्णभूत में होती हैं जैसे आगे बनाई जाती हैं

४४६ वां सूत्र

पिछला आ परस्मैपद में ए होजाता है परन्तु आत्म० में जैसा है वैसा रहता जैसा द्वितीय भविष्यत वाले अन्तों के स् के पहले जैसे दा (दे) से देयासम् इत्यादि परस्मैपद परन्तु आत्म० दासीय इत्यादि पा (पी) से पेयासम् इत्यादि

१ ली शाखा

परन्तु ज्या (जीर्ण हो) से जीयासम् इत्यादि और दरिद्रा (दरिद्री हो) का पिछला आ परस्मै० में भी गिर जाताहै जैसे दरिद्र्यासम् दरिद्रिषीय इत्यादि (३९० वें सूत्र की १ ली शाखा देखो)

४४७ वां सूत्र

पिछले इ और उ परस्मै० में दीर्घ होजाते हैं जैसे कर्मणिवाच्य के य् के पहले और आत्म० में गुण चाहते हैं जैसे द्वितीय भविष्यत के स् के पहले जैसे चि (जोड़) सेचीयासम् इत्यादि चेषीय इत्यादि और हु (हवन कर) से हूयासम् इत्यादि होषीय इत्यादि

१ ली शाखा

जब इ (जा) किसी उपसर्ग के पीछे आता है तब दीर्घ नहीं होता जैसे इयासम् इत्यादि होताहै नहीं तो ईयासम्

२ री शाखा

दीधी और वेवी ३९० वें सूत्र की १ री शाखा के अनुसार अपने पिछले इ को गिराते हैं दीधिषीय इत्यादि

४४८ वां सूत्र

पिछला ऋ परस्मै० में रि होजाता है परन्तु आत्म० में बना रहताहै जैसे कृ (कर) से क्रियासम् इत्यादि और कृषीय इत्यादि दुहरे व्यञ्जन के पीछे परस्मै० में और बहुतरे ऋ के पहले भी ऋ को गुण होताहै जैसे स्मृ (फैला) से स्मर्यासम्

स्तृषीय इत्यादि वा स्तरिषीय इत्यादि

१ ली शाखा

(जा) और जागृ (जाग) का भी ऋ गुण चाहता है जैसे अर्यासम् जा-
म् इत्यादि

२ री शाखा

(ढांक स्वीकार कर) से व्रियासम् वा वूर्यासम् वृषीय वा वरिषीय वा वूर्षीय

४४९ वां सूत्र

छला ऋ दोनों पद में ईर् होजाता है परन्तु आत्म० में बढ़ेहुए इ के पहले
चाहता है जैसे तॄ १ ला ग० (पार हो) से तीर्यासम् इत्यादि तीर्षीय इत्या-
तरिषीय इत्यादि वा तरीषीय इत्यादि

१ ली शाखा

मूल पॄ १० वां ग० (भर) से पूर्यासम् इत्यादि (४४८ वें सूत्र की १ ली
देखो)

४५० वां सूत्र

अन्त में रखनेवाले मूलों में धे (पी) से धेयासम् इत्यादि सो धा (थाम)
आशीर्वादवाचक भी होता है और दे (बचा) से देयासम्

१ ली शाखा

रन्तु ह्वे (बुला) से हूयासम् इत्यादि और ह्वासीय इत्यादि व्ये (ढांक) से वी-
म् इत्यादि और व्यासीय इत्यादि और वे (बुन) से ऊयासम् इत्यादि और
ीय इत्यादि (३६५ वें सूत्र की ३ री शाखा देखो)

४५१ वां सूत्र

पिछले ऐ और ओ बहुधा ३३६ वें सूत्र के अनुसार पिछले आ के सदृश बर्ते
हैं जैसे गै (गा) से गेयासम् इत्यादि सै (बिगाड़) और सो (उजाड़) से
ासम् दो (काट) से जैसे दा (दे) और दे (बचा) से देयासम् परन्तु कमीरे

े आ होजाते हैं जैसे त्रै (रक्षाकर) से त्रासीय इत्यादि दै (पवित्रकर) से द
ध्यै (ध्यानकर) से ध्यायासम् वा ध्येयासम् ग्लै (थक) से ग्लायासम् वा ग्ले

४५२ वां सूत्र

जैसा अभी बताया है जो मूल अन्त में कोई व्यञ्जन रखता है तो पर
प् के पहले जो यथाविधि उलटापलटी होती है उसको छोड़के और कुछ उ
टी नहीं होती और द्वितीय भविष्यत के विरुद्ध जबतक मूल में इ नहीं
तक आत्म० में गुण भी नहीं होता और आत्म० में दूसरी उलटापलटि
ही होती हैं जैसी द्वितीय भविष्यत के अन्तों के स् के पहले होती हैं (
सूत्र की १५ वीं शाखा देखो) जैसे दुह् (दोह) से दुह्यासम् इत्यादि और
य इत्यादि (३०६ ठे सूत्र की १ ली शाखा देखो) द्विष् (द्वेषकर) से द्वि
इत्यादि और द्विक्षीय इत्यादि (३०२ रा सूत्र देखो) और बुध् (जान) से
सम् इत्यादि और बोधिषीय इत्यादि (४४३ वां सूत्र देखो)

१ ली शाखा

परन्तु १० वें गणवाले मूल परस्मै० में और आत्म० में गुण चाहते हैं अ
रट परस्मै० में वर्तनीसम्बन्धी अय को नहीं लेते प्रेरणार्थक के तले (४९५
त्र देखो)

४५३ वां सूत्र

४ थे ग० की और कर्मणिवाच्य की विधिपूर्वक उलटापलटियों के अनुस
मूल अन्त में दुहरा व्यञ्जन रखते हैं जिनका पहला वर्ण कोई अनुनासिक
है सो बहुधा उस अनुनासिक को छोड़देते हैं जैसे भञ्ज् ७ वां ग० (तोड़)
ज्यासम् इत्यादि (४६९ वां सूत्र देखो)

१ ली शाखा

ऐसे ही फिर ४७२ वें सूत्र के अनुसार ग्रह् (ले) से परस्मै० में गृह्यासम्
दि प्रछ् (पूछ) से पृच्छयासम् इत्यादि भ्रज्ज् (भट) से भृज्ज्यासम् (इ
४१०

सूत्र देखो) मथ् (काट) से मथ्यासम् (६१६ वां सूत्र देखो) व्यध् (चुभ) से विध्यासम् व्यच् (धोका दे) से विच्यासम् शास् (सिखा) से शिष्यासम् इत्यादि ये आत्म० में यथाविधि आते हैं

२ री शाखा

ऐसे ही फिर इ और उ र् और व् के पहले दीर्घ होजाते हैं जैसे कुर् (शब्दकर) से कूर्यासम् और दिव् (खेल) से दीव्यासम् (२६६ वां सूत्र देखो)

२५४ वां सूत्र

वच् (बोल) वद् (कह) वप् (बो) वश् (चाह) वस् (रह) वह् (लेजा) के और स्वप् (सो) परस्मै० में व के पलटे उ चाहते हैं और यज् (यज्ञकर) य के पलटे इ चाहताहै जैसे उच्यासम् सुप्यासम् इज्यासम् इत्यादि (४७१ वां सूत्र देखो) ये आत्म० में यथाविधि आते हैं जैसे वक्षीय वह् से यक्षीय यज् से

१ ली शाखा

जन् खन् और सन् (४७० वें सूत्र के अनुगामी होते हैं) जैसे जन्यासम् वा जायासम् इत्यादि (४२१ वें सूत्र की ५ वीं शाखा देखो)

वर्णन

देखो इन सूत्रों के उपरान्त जो दूसरी मुख्य उलटापलटियां द्वितीय भविष्यत के अन्तों में स् के पहले होती हैं और ३९० यें सूत्र में और ३९० वें सूत्र की १ ली शाखा से १५ वीं शाखा तक बताई हैं सो आशीर्वादवाचक के आत्म० में भी होती हैं जैसे कु वा कू से (३९० वां सूत्र देखो) कुषीय वा कुविषीय भ्रज् से (३९० वें सूत्र की ७ वीं शाखा देखो) भ्रक्षीय वा भर्क्षीय कम् से (३९० वें सूत्र की १२ वीं शाखा देखो) कामयिषीय वा कमिषीय और गुप् से परस्मै० में गुप्यासम् वा गोपाय्यासम् हो सकता है

आशंसार्थ

जो अन्त २४६ वें सूत्र में बताए हैं सो फिर बताए जाते हैं

यंत्र

	परस्मैपद			आत्मनेपद		
उ०	स्यम्	स्याव	स्याम	स्ये	स्यावहि	स्यामहि
म०	स्यः	स्यतम्	स्यत	स्यथाः	स्येथाम्	स्यध्वम्
प्र०	स्यत्	स्यताम्	स्यन्	स्यत	स्येताम्	स्यन्त

२५५ वां सूत्र

देखो यिह रूप द्वितीय भविष्यत से वैसाही सम्बन्ध रखता है जैसा अपूर्णभूत वर्तमान से रखता है अपनी बनावट में यिह आधा अपूर्णभूत है और आधा द्वितीय भविष्यत यिह मूल पहले आगम अ लगने में अपूर्णभूत से मिलता है (२५१ वां सूत्र देखो) और अपने अन्तों के पिछले भाग में मूलसम्बन्धी स्वर को गुण चाहने में और जिन मूलों में भविष्यत इ का बढ़ना चाहता है उन में इ का बढ़ना चाहने में और अपूर्णपद की दूसरी उलटापलटियों में द्वितीय भविष्यत से मिलता है

२५६ वां सूत्र

आशीमार्थ द्वितीय भविष्यत से बहुत ही सरलता के साथ (१८८ वें सूत्र से १९० वें सूत्र तक देखो) आगम अ पहले लाने से और अन्त स्यामि को स्यामि और स्यम् को स्यम् में पलटने से बन सकता है जैसे करिष्यामि अकरिष्यम्

२५७ वां सूत्र

जैसे बुध् १ ला ग० (जान) से अबोधिष्यम् इत्यादि दुह् (दोह) से अधोक्ष्यम् इत्यादि (४१४ वां सूत्र और ३०६ ठे सूत्र की १ ली शाखा देखो) द्विप् (द्वेप कर) से अद्वेक्ष्यम् इत्यादि (४१२ वां सूत्र देखो) गुह् (छिपा) से अगूहिष्यम् वा अघोक्षम् (४१५ वें सूत्र की १३ वीं शाखा देखो) मज्ज् (डूब) से अमंक्ष्यम् (३९० वें सूत्र की ११ वीं शाखा देखो)

१ ली शाखा

जो मूल आदि में स्वर रखते हैं उन के पहले आगम उन सूत्रों के अनुसार आता है जो २५१ वें सूत्र में वताए हैं जैसे ऊर्णु (ढांक) से और्णुविष्यम् वा और्णविष्यम् (३९० वें सूत्र की २ री शाखा देखो)

२ री शाखा

इ (जा) उपसर्ग अधि के साथ (पढ़) का आशंसार्थ इच्छानुसार मूल गा से बनता है जैसे अध्यैष्ये वा अध्यगीष्ये (४२१ वें सूत्र की ५ वीं शाखा देखो)

भाववाचक

४५८ वां सूत्र

भाववाचक का अन्त तुम् है यिह क्रियासम्बन्धी संज्ञा होके आता है और २ री वा ४ थी विभक्ति का अर्थ देता है

वर्णन

प्रत्यय तुम् प्रत्यय तु की दूसरी विभक्ति जानपड़ताहै (८२ वें सूत्र का ८ वां प्रत्यय देखो) इसकी दूसरी विभक्तियां भाववाचक के सदृश वेद में आती हैं

४५९ वां सूत्र

१० गण की क्रियाओं में इसका अपूर्णपद बनाने की रीति

भाववाचक का अपूर्णपद ऐसा होताहै जैसा प्रथम भविष्यत का और जहां प्र-
म भविष्यत में इ बढ़ताहै वहां इस में भी बढ़ताहै जैसे बुध् १ ला ग० (जान)
बोधितुम् क्षिप् ६ ठा ग० (फेंक) से क्षेप्तुम् वरन जो सूत्र उस भविष्यत के अ-
ां के त् के पहले मूल की उलटापलटी के लिये काम आते हैं सो ही सब भा-
ाचक के त् की उलटापलटी के लिये काम आते हैं इसलिये प्रथम भविष्यत के
० ए० व० के पिछले आ को उम् करने से भाववाचक बनजाता है
जैसे-शक्ता शक्तुम् प्रष्टा प्रष्टुम् सोढा सोढुम् कथयिता कथयितुम् ऐसेही दुह् से
धुम् दुह् से द्रोढुम् वा द्रोग्धुम् वा द्रोहितुम् कुच् से कुचितुम् (३८८ वें सूत्र से
५ वें सूत्र तक देखो)

१ ली शाखा

वेद में भाववाचक प्रत्यय तवे, तवै, तोस् (तोः) स्यै, से, असे, अध्यै, अम्, ए
अम् (अः) जो यथार्थ में क्रियासम्बन्धी संज्ञाओं की विभक्तियां हैं (८६७
सूत्र की १ ली और २ री शाखा देखो) लगने से भी बनाए जाते हैं

निसृत क्रियाएं

४६० वां सूत्र

अनिसृत क्रियाओं के दस गण में क्रियासम्बन्धी अपूर्णपद की बनावट बताके
व चार प्रकार की निसृत क्रियाओं की अर्थात् कर्मणिवाच्य वा कर्मप्रधान प्रे-
ार्थक इच्छार्थक और अधिकतार्थक की बनावट बताते हैं

कर्मणिवाच्य

४६१ वां सूत्र

दसों गण से प्रत्येक गण का प्रत्येक मूल कर्मणिवाच्य का रूप लेता है और
४ गण वाली क्रियाओं के आत्म० में वर्तनी किया जाता है यथकना केवल
स्वरा लगने में है सो कर्मणिवाच्य में बढ़ाएहुए य पर लगता है और ४ थे गण

वाली अनिमृत क्रियाओं के आत्म० में मूलसम्बन्धी शब्दभाग पर

१ ली शाखा

अभी बताचुके हैं कि कर्मणिवाच्य को मूल से एक पृथक् निमृत समझते हैं जो एक अचल सूत्र से बनाया जाता है और कर्तरिवाच्य क्रिया की वर्तनीसम्बन्धी बनावट से कुछ प्रयोजन नहीं रखता जैसे मूल भिद् ७ वां ग० (बांट) से भिनत्ति वा भिन्त्ते (वुह बांटता है) द्विष् २ रा ग० (द्वेष करो) से द्वेष्टि वा द्विष्टे (वुह द्वेष करता है) परन्तु इन दोनों का कर्मणिवाच्य एक अचल सूत्र के अनुसार कर्तरिवाच्य के वर्तनीसम्बन्धी रूप पर ध्यान किये बिना केवल य बढ़ाने से बनाया जाता है जैसे भिद्यते (वुह बांटा जाता है) द्विष्यते (वुह द्वेष कियाजाता है) (२४३ वें सूत्र की १ ली शाखा देखो)

२ री शाखा

यथार्थ में कर्मणिवाच्य एक मूल है जो ४ थे ग० के सूत्र के अनुसार केवल आत्म० में वर्तनी कियाजाताहै और ऐसा कहना कि प्रत्येक मूल कर्मणिवाच्य का रूप लेसकता है यथार्थ में ऐसा कहना है कि १ ले २ रे ३ रे ५ वें ६ ठे ७ वें ८ वें ९ वें और १० वें गण के सब मूल जब कर्मणिवाच्य का अर्थ देते हैं तब ४ थे ग० के होजाते हैं इसलिए जो मूल पहले से ४ थे ग० का है बहुधा उसका कर्मणिवाच्यवाला और आत्म० वाला रूप एकसा होताहै पृथकता केवल झटके में पाईजाती है

३ री शाखा

ऐसा भी सन्देह होसकताहै कि कर्मणिवाच्य का कभी२ अकर्मक का अर्थ देना और परस्मै० वाली वर्तनी में आना आद्य कारण है जिससे अनिमृत क्रियाओं का ४ था ग० कर्मणिवाच्य से अलग है यथार्थ में कर्मणिवाच्य के परस्मै० वाले अन्त देने के दृष्टान्त पाएजाते हैं और कोई२ कर्मणिवाच्य क्रियाएं ऐसी जैसी जायते (वुह जनाजाता है) जन् से पूर्यते (वुह भराजाताहै) पृ से तप्यते [वुह तपाया

गई] तप् से ४ थे ‡ गण की आत्म० वाली क्रियाएं समझी जाती हैं और बहुत से मूल ४ थे ग० में ऐसे हैं जैसे अकर्मक जो दूसरे १ गण में सकर्मक होके आते हैं जैसे युज् (जोड़) जब सकर्मक के अर्थ में आताहै तब ७ वें ग० में अथवा प्रेरणार्थक में वर्तनी कियाजाताहै और जब अकर्मक के अर्थ में आता है तब ४ थे गण में वर्तनी कियाजाताहै ऐसे ही पुष् (पाल) क्षुभ् (हिला) क्लिश् (सता) सिध् (पूर्णकर) ‡

[illegible] टीका [illegible]

‡ कर्मणिवाच्य बहुधा पौराणिक काव्य में परस्मै० वाले अन्त लेताहै जैसे छिद्येत् (वुह काटाजावे) पलटे छिद्येत के मोक्ष्यसि (तू छुड़ायाजायगा) पलटे मोक्ष्यसे के अदृश्यत् (वुह देखागया)

२ री टीका

‡ पद् (जा) बुध् (जान) जैसी क्रियाओं के जो ४ थे गण की आत्म० वाली क्रियाएं कही जाती हैं, अनियतभूत को जो रूप दियेजाते हैं सो केवल कर्मणिवाच्य के होते हैं किसी व्याकरणी ने अपादि और अबोधि रूप लिखे हैं [४७५ वां सूत्र देखो]

४ थी शाखा

कर्मणिवाच्य क्रियाएं ३-तीन प्रकार की कहीजाती हैं

पहले प्रकार की कर्मन कही जाती है जैसे तुद से तुद्यते (वुह पीटाजाता है) यहां पिह क्रिया ऐसा अर्थ देती है कि जो पीटाजाताहै सो दूसरे से पीटाजाताहै जैसे ओदनः पच्यते मया (चावल पकायाजाताहै मुझ से)

दूसरे प्रकार की भाव अर्थात् पुरुष रहित कर्मणिवाच्य कही जाती हैं सो बहुधा अकर्मक क्रिया से बनाई जाती हैं और केवल अ० ए० व० में आती हैं जैसे गम्यते (वुह जाता है) नृत्यते (वुह नाचताहै) पच्यते (वुह पकता है) यहां यिह क्रिया कोई करनेवाला वा सहनेवाला नहीं बताती केवल एक अवस्था दिखा-

...तीसरे प्रकार की कर्म-कर्तृ कहलाती हैं अर्थात् कर्ता और कर्म दोनों एक होते हैं जैसे ओदनः पच्यते (चावल पकता है) संजायते (वुह जन्मता है) इत्यादि इन पिछले दृष्टान्तों में जो कोई स्वर चिन्हसम्बन्धी य् के पहले पासही आता है तो झटका मूलसम्बन्धी शब्दभाग पर रहताहै जैसे ४ थे गण में ये किसी २ अवस्था में कर्तरिवाच्य के आत्म० का रूप भी लेते हैं और य् को छोड़देते हैं जैसे भूष्यते (वुह सजाजाता है) के पलटे भूषते (वुह सजताहै आप को) कहना शुद्ध है

वर्णन

देखो पाणिनि की मति के अनुसार कर्मणिवाच्य क्रिया एक आत्म० वाली क्रिया है विकरण यक् के साथ पहले चार रूपों में और कर्मन् कर्मणिवाच्य का केवल एक विचार दिखाता है ऐसी अवस्था में कर्म कर्मणिवाच्य के अन्त से जानपड़ता है जैसे घर बनायाजाता है मुझ से यहां कर्ता मुझ से का कर्म अर्थात् घर कर्मणिवाच्य के अन्तों से जान पड़ता है परन्तु कर्ता नहीं आता जैसे केवल इतना कहें कि घर बनता है तो यिह भाव है कर्मन् नहीं है

४६२ वां सूत्र

कर्मणिवाच्य क्रियाएं विधिपूर्वक आत्म० वाले अन्त लेती हैं जो २४६ वें सूत्र में बताए हैं और वे प्रतिनिधि लेती हैं जो ४ थे गण में आते हैं

अनियतभूत में ४१८ वें सूत्र वाले पहले रूप के जो मूल इ का बढ़ना चाहते हैं तो व वाले अन्त लेते हैं और जो इ का छूटना चाहते हैं तो छ वाले अन्त लेते हैं परन्तु वे दोनों रूपों के अ० ए० व० में अन्त स्त और इष्ट के पलटे अन्त इ चाहते हैं (४७५ वां सूत्र देखो)

मुख्य रूप

४६३ वां सूत्र

पहले ९ गणों के मूलों के आत्मनेपद वाले मुख्य चार रूपों में अपूर्णपद बनाने की रीति

मूल के पीछे य * बढ़ाओ जो पहले म् और व् के पहले दीर्घ होके या होजाताहै मूलसम्बन्धी स्वर गुण नहीं चाहता और बहुधा जैसा है वैसा रहताहै (२४१ वें सूत्र में ४ थे गण का सूत्र और २७२ वां सूत्र देखो)

टीका

* पिह य या (जा) से निकलाहुआ जानपड़ताहै जैसे प्रेरणार्थक का अय इ (जा) से

४६४ वां सूत्र

जैसे भू १ ला गण (हो) से अपूर्णपद भूय जैसे वर्तमान भूय + इ = भूये भूय + से = भूयसे इत्यादि अपूर्णभूत अभूय + इ = अभूये इत्यादि शक्तयर्थ भूय + ईय = भूयेय इत्यादि अनुमत्यर्थ भूय + ऐ = भूयै इत्यादि तुद् ६ ठा ग० (मार) से तुद्य जैसे वर्तमान तुद्य + इ = तुद्ये इत्यादि

४६५ वां सूत्र

परन्तु पिह मूल बहुधा वैसी उलटापलटियां उठाताहै जैसी ४ थे गण के मूल और आशीर्वादवाचक के परस्मै० उठाते हैं (२७५ वां और ४४५ वां सूत्र देखो) परन्तु पिछला आ ए नहीं होता जैसा आशीर्वादवाचक में

आ अन्त में रखनेवाले ६ और ए ऐ और ओ अन्त में रखनेवाले एक या दो मूल अपने पिछले स्वर को ई से पलटतेहैं जैसे दा (दे) दे (पचा) और दो (काट) में वर्तमान दीये दीयसे दीयते इत्यादि ऐसे ही धा (रख) (अ० ए० व० धीयते) स्था (खड़ा हो) मा (नाप) पा (पी) और हा (छोड़) धे (पी) (अ० ए० व० धीयते इत्यादि) गै (गा) (गीयते) सो (उजाड़) (सीयते)

१ ला वर्णन

देखो दा २ रा ग० (बांध) से दायते होताहै इसलिए कि यिह पु वाला नहीं है और पा० ६. ४. ६६ का अनुगामी नहीं है

२ रा वर्णन

देखो हा (जा) (ओहाङ्) से हायते होताहै परन्तु हा (छोड़) (ओहाक्) से हीयते होताहै

१ ली शाखा

दूसरे आ अन्त में रखनेवाले मूल कुछ उलटापलटी नहीं चाहते और बहुत से दूसरे ऐ और ओ अन्त में रखनेवाले मूल अपने पिछले स्वर को आ करदेते हैं जैसे ख्या (बोल) से अ० ए० व० ख्यायते ज्ञा (जान) से ज्ञायते पा (बचा) से पायते ध्यै (ध्यानकर) से ध्यायते शो (पैना) से शायते

२ री शाखा

दरिद्रा दीधी और वेवी ३९० वें सूत्र की ३ री शाखा के अनुसार अपने पिछले स्वर को गिरादेते हैं जैसे दरिद्र्यते दीध्यते इत्यादि और ज्या (जीर्णहो) से ३० जीयते (४४६ वें सूत्र की १ ली शाखा देखो)

३ री शाखा

ह्वे (बुला) वे (बुन) व्ये (ढांक) के अपूर्णपद होते हैं हूय ऊय और वीय जैसे अ० ए० व० हूयते (४५० वें सूत्र की १ ली शाखा देखो)

४६६ वां सूत्र

पिछला इ वा उ दीर्घ होजाताहै और विचला इ वा उ भी व् वा र् के पहले जैसे जि हु दिव् कुर् से जीय हूय दीव्य कूर्य (४४७ वां सूत्र और ४५३ वें सूत्र की २ री शाखा देखो)

१ ली शाखा

परन्तु श्रि (सुज) से अ० ए० व० होताहै श्रुयते और शी (लेट) से शय्यते

२६७ वां सूत्र

पिछला ऋ रि होजाता है परन्तु जो दुहरे व्यञ्जन के पीछे आता है तो गुण चाहता है जैसे कृ से अ० क्रियते हृ से ह्रियते परन्तु स्मृ से स्मर्यते (११८ वां सूत्र देखो)

१ ली शाखा

मूल ऋ गुण चाहता है जैसे अ० ए० व० अर्यते और जागृ का ऋ भी (११८ वें सूत्र की १ ली शाखा देखो)

२६८ वां सूत्र

पिछला ॠ ईर् होजाता है जैसे कॄ (बखेर) से अ० कीर्यते परन्तु पॄ (भर) से पूर्यते (११९ वां सूत्र और ११९ वें सूत्र की १ ली शाखा देखो)

२६९ वां सूत्र

जो मूल अन्त में कोई दुहरे व्यञ्जन रखते हैं और उन में पहला कोई अनुनासिक तो वुह अनुनासिक छूट जाता है जैसे बन्ध् स्तम्भ् सञ्ज् से अपूर्णपद बध्य इत्यादि होते हैं जैसे बध्ये इत्यादि

१ ली शाखा

जो मूल ३९० वें सूत्र की १२ वीं शाखा में बताए हैं सो अपनी मुख्यता कर्मणिवाच्य में भी रखते हैं जैसे कम्यते वा काम्यते गुप्यते वा गोपाय्यते विच्छ्यते वा विच्छाय्यते ऋत्यते वा ऋतीयते

२७० वां सूत्र

जन् (उत्पन्न कर) खन् (खोद) तन् (फैला) सन् (दे) इच्छानुसार अपना पिछला अनुनासिक छोड़ते हैं और उसके पहले अ को दीर्घ करते हैं जैसे जायते वा जन्यते इत्यादि

२७१ वां सूत्र

वच् (बोल) वद् (कह) वप् (बो) वश् (चाह) वस् (रह) वह् (ले जा) स्वप् (सो) यज् (यज्ञ कर) अपने अर्द्धस्वर व और य को उनके अनुरूप स्वरों से पलटते हैं तब इनके अपूर्णपद यथाक्रम होते हैं उच्य उद्य उप्य उश्य उष्य उह्य सुप्य इज्य जैसे उच्यते इत्यादि

वर्णन

यिह उलटापलटी अर्द्धस्वर की अनुरूप स्वर के साथ व्याकरण में सम्प्रसारण कही जाती है

२७२ वां सूत्र

ऐसेही ग्रह् (ले) प्रछ् (पूछ) भ्रज्ज् (तल) व्यच् (छल) व्यध् (चुभ) व्रश्च् (काट) के अपूर्णपद होते हैं गृह्य पृच्छ्य भृज्ज्य विच्य विध्य वृश्च्य जैसे गृह्यते इत्यादि

१ ली शाखा

ऊह् (कारण बता) उपसर्गों के पीछे अपने स्वर को ह्रस्व करता है जैसे उह्यते नहीं तो ऊह्यते

२ री शाखा

अज् का कर्मणिवाच्य वी से बनता है वस् का उद् से अस् का भू से ब्रू का वच् से और चक्ष् का ख्या से

३ री शाखा

शास् (आज्ञा कर) का कर्मणिवाच्य अपूर्णपद शिष्य होता है

सामान्य रूप कर्मणिवाच्य का पूर्णभूत

२७३ वां सूत्र

इस रूप का अपूर्णपद कर्मणिवाच्य में वैसा ही है जैसा दसों गणों की सब अनियत क्रियाओं में होता है इसलिए अपूर्णपद ३६४ वें सूत्र से ३८४ वें सूत्र त-

क के अनुसार बनाहुआ कर्मणिवाच्य के पूर्णभूत के लिये पूरा काम देसकता है परन्तु केवल आत्म० की वर्तनी में नहीं जैसे बुबुधे पेचे इत्यादि

१ ली शाखा

जब बढ़ाहुआ पूर्णभूत आता है (३८५ वां सूत्र देखो) तब सहायक क्रिया अस् भू और कृ उस के साथ आत्मनेपद में होते हैं (३८५ वें सूत्र की २ री शाखा देखो)

कर्मणिवाच्य का प्रथम और द्वितीय भविष्यत

४७४ वां सूत्र

इन के और शेष रूपों के अपूर्णपदों में बहुधा आत्मनेपद वाली अनिमूत क्रियाओं के इन्हीं रूपों के अपूर्णपदों से कुछ पृथकता नहीं पाई जाती जब तक मूल अन्त में कोई स्वर नहीं रखता उस अवस्था में अनिमूत क्रियाओं में वर्जित है तो भी कर्मणिवाच्य में जो मूल का पिछला स्वर वृद्धि किया जाता है तो इ बढ़ सकता है जैसे चि ५ वां म० (चुन) से अनिमूत क्रियाओं में प्रथम और द्वितीय भविष्यत का अपूर्णपद चे है जैसे चेताहे इत्यादि चेष्ये इत्यादि परन्तु कर्मणिवाच्य में इन्हीं रूपों का अपूर्णपद चायि होता है जैसे चायिताहे इत्यादि चायिष्ये इत्यादि ऐसे ही हु और कृ से अनिमूत में हो और कर् हैं परन्तु कर्मणिवाच्य में हावि और कारि होते हैं जैसे हाविताहे कारिताहे

१ ली शाखा

ऐसेही जब मूल अन्त में दीर्घ आ या आ से बदलनेवाले ए ऐ ओ रखता है तब इ बढ़ताहै परन्तु जब वृद्धि के बदले जो असम्भव है पिछले आ और बढ़ेहुए इ के बीच में य् आवे जैसे दा (दे) से अनिमूत क्रिया में भविष्यत का अपूर्णपद दा है जैसे दाताहे इत्यादि और ह्वे (बुला) से ह्वा है परन्तु कर्मणिवाच्य में इन दोनों के अपूर्णपद दायि और ह्वायि होते हैं जैसे दायिताहे इत्यादि और ह्वायिताहे इत्यादि परन्तु इन सब अवस्थाओं में कर्मणिवाच्य के अपूर्णपद के लिये अनिमूत

क्रिया का अपूर्णपद लेसकते हैं इसलिये कर्मणिवाच्य प्रथम भविष्यत के लिये घे-ताहे और चायिताहे दोनों होसकते हैं ऐसेही दूसरों में

२ री शाखा

जो मूल अन्त में व्यञ्जन रखते हैं तो कर्मणिवाच्य में दोनों भविष्यतों का अपूर्णपद वैसाही होता है जैसा अनिसृत क्रियाओं में इन्हीं रूपों का और कभी आत्मनेपद की होती है परन्तु दृश् (देख) से कर्मणिवाच्य में होसकता है दर्शिताहे दर्शिष्ये वा द्रष्टाहे द्रक्ष्ये और हन् (मार) से घानिताहे घानिष्ये वा हन्ताहे हनिष्ये और ग्रह् (ले) से ग्राहिताहे ग्राहिष्ये वा ग्रहीताहे ग्रहीष्ये

३ री शाखा

१० वें गण वाली और प्रेरणार्थक क्रियाओं में ये रूप और इनके पीछे आनेवाले रूप अनिसृत क्रियाओं के आत्मनेपद वाले रूपों से ऐसी ही पृथकता रखसकते हैं (४९६ वां सूत्र देखो)

कर्मणिवाच्य का अनियतभूत

४७५ वां सूत्र

यिह रूप भी जब मूल अन्त में कोई स्वर रखता है तब अनिसृत क्रिया के रूप से पृथकता रखता है क्योंकि अनिसृत क्रिया में इ का बढ़ना वर्जित है परन्तु इस अवस्था में जो मूल का पिछला स्वर वृद्धि चाहता है तो इ बढ़सकताहै जैसे चि से अनिसृत क्रिया के आत्म० वाले अनियतभूत का अपूर्णपद अचे है जैसे अचेषि इत्यादि (४२० वां सूत्र देखो) परन्तु कर्मणिवाच्य के अनियतभूत का अपूर्णपद अचायि होताहै जैसे अचायिषि इत्यादि (४२७ वां सूत्र देखो) ऐसे ही हु और कृ से अनिसृत क्रिया के आत्म० वाले अनियतभूत के अपूर्णपद अहो और अकृ हैं जैसे अहोषि अकृषि (४२० वां सूत्र देखो) परन्तु कर्मणिवाच्य अनियतभूत के अहावि और अकारि होते हैं जैसे अहाविषि अकारिषि (४२७ वां सूत्र देखो) फिर अनिसृत क्रिया के आत्म० वाले अपूर्णपद अदग हैं जैसे अदिषि इत्यादिता

भी जो मूल अन्त में दीर्घ आ या आ से पलटनेवाले ए ऐ ओ रखते हैं उनमें जो पिछले आ और बढ़ेहुए इ के बीच में य् आताहै तो इ बदलसक्ता है जैसे दा (दे) दे [बचा] दै (पवित्र कर) दो (काट) से अपूर्णपद होते हैं अदायि जैसे अदायि इत्यादि परन्तु इन सब अवस्थाओं में अनिमूत क्रिया का अपूर्णपद कर्मवाच्य के अपूर्णपद के पलटे ले सकते हैं इसलिए चि से कर्मणिवाच्य अचायिषि या अचेषि दोनों होसक्ते हैं परन्तु अ० ए० व० में नहीं इसमें अन्त इष और स्त छूटजाने से अपूर्णपद वृद्धि और बढ़ेहुए इ से चुनके अकेला रहजाते हैं जैसे अचायि (वुह जोड़ागया) अहावि (वुह हवनकियागया) अकारि (वुह कियागया) अदायि (वुह दियागया बचाया वा पवित्र किया वा काटागया)

१ ली शाखा

कमी २ आत्म० वाले अनिपतमूत का विधिपूर्वक रूप सब में आता है (२६१ वें सूत्र का २ रा प्रकार देखो) ऐसा तब होताहै जब कर्मणिवाच्य कर्म-कर्तृ के अर्थ में आताहै अपने यथार्थ अर्थ में नहीं आता जैसे रुधा (बोल) से कर्मणिवाच्य अनिपतभूत अ० ए० व० अरुधायि होताहै परन्तु कर्म-कर्तृ कर्मणिवाच्य के अर्थ में अरुध होताहै श्रि (आश्रयले) से उ० ए० व० कर्मणिवाच्य अनिपतमूत अश्रयिषि होताहै परन्तु कर्म-कर्तृ अशिश्रिये होताहै और कम् (प्यारकर) से अ० ए० व० कर्मणिवाच्य अनिपतभूत अकमि वा अकामि होताहै परन्तु कर्म-कर्तृ अचकमे होताहै

२ री शाखा

जो मूल अन्त में कोई व्यञ्जन रखता है उनसे कर्मणिवाच्य अनिपतभूत का अपूर्णपद सदा वैसाही होताहै जैसा अनिमूत आत्म० का परन्तु अ० ए० व० में नहीं क्योंकि इसमें २५९ वें सूत्रवाले पहले रूप के अन्त इष और स्त के पलटे इ आने से बहुधा विचला अ-जो पहले अपने स्थान से दीर्घ नहीं होता तो दीर्घ होजाताहै और प्रत्येक दूसरा विचला हस्व स्वर गुण चाहता है इसलिए तड् (पीटना) से

उ० म० और अ० ए० व० होते हैं अतानिषि अतनिष्टाः अतानिषि (फै से अक्षिप्सि अक्षिप्थाः अक्षेपि विद् (जानें) से अवेदिषि अवेदिष्ठाः अवेदि त्यादि

२ री शाखा

जो विचला स्वर अपने स्वभाव वा स्थान से दीर्घ होवाहै सो पलटा नहीं ता (२८ वां सूत्र देखो) और एक वा दो व्यंजन्त में हृस्व स्वर भी पलटा नहीं ता जैसे अशमि पलटे अशामि के

३ री शाखा

परन्तु विचले अ का दीर्घ होना सदा नहीं होती और अ० ए० व० में दूसरे निषेध आते हैं जैसे आगे

अम् अन्त में रखनेवाले बहुत करके सब मूल अ० ए० व० में उस स्वर का दीर्घ होना नहीं चाहते जैसे क्रम् (चल) से अक्रमि क्षम् (सह) से अक्षमि शम् (शान्त हो) से अशमि परन्तु जब देखने का अर्थ देता है तब अशामि

४ थी शाखा

ऐसे ही वध् से अवधि जन् से अजनि पहले के पलटे इच्छानुसार हन् से अ-घानि भी होता है

५ वीं शाखा

मृज् और गुह् अपने स्वरों का दीर्घ होना चाहते हैं जैसे अमार्जि अगूहि

६ ठी शाखा

जो मूल ३९० वें सूत्र की १२ वीं शाखा में बताए हैं सो दो रूप रखते हैं जैसे अकमि वा अकामि अगोपि वा अगोपायि अविच्छि वा अविच्छायि इत्यादि

७ वीं शाखा

रध् (मर) जभ् (जमाही ले) रभ् (चाह) अनुनासिक चाहते हैं जैसे अरन्धि अजम्भि अरम्भि ऐसे ही लभ् (पा) जब किसी उपसर्ग के साथ आता है जैसे

संस्कृत में कर्तरिवाच्य भाववाचक से कर्मणिवाच्य भाववाचक पृथकता नहीं रखता परन्तु प्रत्यय तुम् जब कई क्रियाओं के साथ और विशेषकरके शक् (शक्तिवान हो) के कर्मणिवाच्य के साथ आता है तब कर्मणिवाच्य का अर्थ देता है यह कर्मणिवाच्य के अर्थ के लिये आरब्ध निरूपित युक्त इत्यादि गुणक्रियाओं के साथ भी आसकताहै (वाक्यरचना में ८६९ वां सूत्र देखो)

१० वें गण वाले मूलों से कर्मणिवाच्य

४७८ वां सूत्र

१० वें गण वाले मूलों से कर्मणिवाच्य बनाने में पहले चार रूपों से वर्तनीसम्बन्धी अय छूटजाता है तो भी प्रत्यय य के पहले मूल की दूसरी वर्तनीसम्बन्धी उलटापलटियां होती हैं जैसे चुर् १० वां ग० (चुरा) से अपूर्णपद होता है चोर्य जैसे चोर्यते पूर्णभूत में अय बनारहता है (४७३ वें सूत्र की १ ली शाखा देखो) और दूसरे सामान्य रूपों में और विशेषकरके अनियतभूत में अय को इच्छानुसार छोड़ने वा बढ़ाने से अपूर्णपद अनिभूत आत्मनेपद के अपूर्णपद से पृथकता रखता है (कर्मणिवाच्य प्रेरणार्थक के विषय में ४९६ वां सूत्र देखो)

प्रेरणार्थक क्रियाएं

४७९ वां सूत्र

१०-दसों गण से प्रत्येक गण का प्रत्येक मूल प्रेरणार्थक रूप लेसकता है सो १० वें गण की क्रिया के सदृश वर्तनी कियाजाता है और केवल अनिभूत क्रिया को प्रेरणार्थक का अर्थ नहीं देता वरन अकर्मक क्रिया को सकर्मक क्रिया का अर्थ भी देता है (२८९ वां सूत्र देखो)

जैसे १ ले गण के मूल बुध् (जान) से बोधति (वुह जानता है) अनिभूत क्रिया है सो बोधयति (वुह जताताहै) प्रेरणार्थक होजाती है और ४ थे ग० के मूल क्षुभ् से क्षुभ्यति (वुह हिलता है) अकर्मक क्रिया है सो क्षोभयति (वुह हिलाता

है) सकर्मक होजाती है

१ ली शाखा.

पिह रूप कर्मी२ दूसरे अर्थ भी देता है

जैसे हारयति (गुह हारताहै) नाशयति (वुह नष्ट होताहै) अभिषेचयति (वुह अभिषिक्त होताहै) क्षमयति (वुह क्षमा मांगता है) अभिषेचय आत्मानम् (आपको अभिषिक्त कर)

वर्णन

देखो पिह कहना कि प्रत्येक मूल प्रेरणार्थक रूप ले सकताहै यथार्थ में यिह कहना है कि पहले ९ गण के मूल जब प्रेरणार्थक के अर्थ में आते हैं तब १० वें गण के होते हैं और जो मूल आदि में १० वें गण का होताहै उसको प्रेरणार्थक के लिए पृथक रूप लेना अवश्य नहीं है क्योंकि ऐसी अवस्था में अनिमृत और प्रेरणार्थक एकही से होते हैं (२८९ वां सूत्र देखो) ऐसा जानपड़ताहै कि कभी२ प्रेरणार्थक को प्रेरणार्थक के अर्थ के पलटे सकर्मक के अर्थ में लाते रहे हैं यिही कारण है जिससे अनिमृत क्रियाओं का १० वां गण बनाहै यथार्थ में जो मूल के साथ अय का पढ़ना सब अवस्थाओं में प्रेरणार्थक क्रिया का चिन्ह समझाजा वे तो बर्नी का आशय बहुत सरल होजावे विशेष करके इसलिए कि अय दूसरे वर्गीसम्बन्धी विकरण के सदृश (२५० वें सूत्र की २ री शाखा देखो) पृथक वर्नी का चिन्ह नहीं है क्योंकि वुह पहले चार रूपों ही में नहीं बनारहता दूसरे व हुत से रूपों में भी बनारहता है जैसे इच्छार्थक का चिन्ह इष बनारहता है

४८० वां सूत्र

प्रेरणार्थक क्रिया में वेही अन्त आते हैं जो २९६ वें सूत्र के पत्र में बताए हैं और पहले चार रूपों में वैसेही प्रतिनिधि आते हैं जो १ ले ४ थे ६ ठे और १० वें गण में आते हैं

मुख्य रूप

४८१ वां सूत्र

दसों गणवाले मूलों के मुख्य चार रूप में अपूर्णपद बनाने की सामान्य रीति जो मूल अन्त में स्वर रखता है तो उस स्वर को वृद्धि करो और जो व्यञ्जन रखता है तो सब अन्तों के पहले मूलसम्बन्धी स्वर को गुण करो और इस वृद्धि किए हुए अथवा गुण किए हुए मूल के पीछे अय जोड़ो जो पहले म् और व् के पहले अया होजाता है परन्तु अकेले म् के पहले नहीं

टीका

* अय मूल इ (जा) से निकलसक्ता है जैसे कर्मणिवाच्य वाला य मूल या से निकला हुआ समझाजाता है (४६३ वें सूत्र की टीका * देखो)

४८२ वां सूत्र

जैसे नी (मार्ग दिखा) से अपूर्णपद ३७ वें सूत्र के अनुसार नायय होता है जैसे वर्तमान नायया + मि = नाययामि नायय + सि = नाययसि इत्यादि अपूर्णभूत अनायय + म् = अनाययम् इत्यादि शक्त्यर्थ नायय + इयम् = नाययेयम् इत्यादि अनुमत्यर्थ नायय + आनि = नाययानि इत्यादि आत्म० वर्त० नायय + इ = नायये इत्यादि ([illegible] युक्त रूप नाययामि देखने में आया है) ऐसे ही [illegible] ययामि इत्यादि भू (हो) से भावय जैसे भावयामि इत्यादि कृ (कर) और कॄ (बखेर) से कारय जैसे कारयामि इत्यादि

परन्तु बुध् (जान) से गुणकिया हुआ अपूर्णपद बोधय होता है जैसे बोधयामि और सृप् १ ला ग० (रींग) से गुणकिया हुआ अपूर्णपद सर्पय जैसे सर्पयामि

वर्णन

देखो कृप् (प्रसिद्धकर) और १० वें गण की दूसरी क्रियाएँ वे उदाहरण सर्गी हैं जो २८५ वें सूत्र से २८९ वें सूत्र तक बनाई हैं

४८३ वां सूत्र

जो मूल अन्त में आ अथवा आ से पलटनेवाले ए ऐ ओ रखते हैं सो वृद्धि नहीं चाहते परन्तु बहुधा मूल और प्रत्यय अय के बीच में प् का बढ़ना चाहते हैं जैसे दा (दे) दे (प्यार कर) और दो (काट) से दापयामि इत्यादि धे (पी) से धापयामि इत्यादि गै (गा) से गापयामि इत्यादि (४८४ वां सूत्र देखो)

१ ली शाखा

ऐसेही आ अन्त में रखनेवाले दूसरे मूल भी प् का बढ़ना चाहते हैं परन्तु पा १ ला ग० (पी) जो य् का बढ़ना चाहता है जैसे पाययामि इत्यादि और पा २ रा ग० (बचा) जो ल् का बढ़ना चाहताहै जैसे पालयामि इत्यादि और वा २ रा ग० (हिल) जो ज् का बढ़ना चाहता है जैसे वाजयामि इत्यादि प् का बढ़ना नहीं चाहते

२ री शाखा

ऐसेही ऐ अन्त में रखनेवाले दूसरे मूल प् का बढ़ना चाहते हैं परन्तु ए और ओ अन्त में रखनेवाले बहुत से मूल य का बढ़ना चाहते हैं जैसे ह्वे (बुला) से ह्वाययामि इत्यादि ऐसेही वे (बुन) व्ये (पहन) शो (पैना) से शाययामि इत्यादि ऐसेही छो (काट) सो (बिगाड़) से

४८४ वां सूत्र

ज्ञा (जान) श्रा वा श्रै (सिजा) स्ना (नहा) और ग्लै (अटमा) इच्छानुसार आ को ह्रस्व करते हैं और पिछले दो केवल तब जब पहले कोई उपसर्ग नहीं रखते जैसे ज्ञापयामि इत्यादि वा ज्ञपयामि इत्यादि ग्लापयामि इत्यादि वा ग्लपयामि इत्यादि (परन्तु परि के साथ केवल परिग्लपयामि) से (बिगड़) से केवल सपयामि

४८५ वां सूत्र

थोड़े इ ई ऋ अन्त में रखनेवाले मूल भी पिछले स्वर को आ से पलटके प् का

दीधी वेवी और दरिद्रा (३९० वें सूत्र की ३ री शाखा देखो) अ
सर गिरादेते हैं जैसे दीधयामि वेवयामि दरिद्रयामि इत्यादि

२ री शाखा

जागृ (जाग) स्मृ (इच्छाकर के अर्थ में) जृ ४ था ग० (जीर्ण हो
र के अर्थ में) नृ (मार्ग दिखा) गुण चाहते हैं जैसे जागरयामि परन्तु
से दारयामि होताहै

३ री शाखा

मृ (निमल) से मारयामि वा मालयामि

४८० वां सूत्र

जो मूल अन्त में अकेला व्यञ्जन रखते हैं और बिचला स्वर अ र
बहुधा उस अ का दीर्घ होना चाहते हैं जैसे पच् १ ला ग० (पका)
यामि इत्यादि परन्तु बहुत से निषेध भी आते हैं जैसे ज्वर् (पीड़ित हो
श्रोम हो इत्यादि) सो उस स्वर का दीर्घ होना नहीं चाहते और जाग्
इत्यादि थोड़े अ का दीर्घ होना इच्छानुसार चाहते हैं

१ ली शाखा

म अन्त में रखनेवाले मूल बहुधा अ का दीर्घ होना नहीं चाहते हैं
१ ला ग० (जा) से गमयामि इत्यादि क्लम् (थक) से क्लमयामि
परन्तु थोड़े इच्छानुसार ऐसा करते हैं जैसे नम् (झुक) इत्यादि और
हा अ का दीर्घ होना चाहतेहैं जैसे कम् (प्यार कर) से कामयामि

२ री शाखा

मूल रध् जभ् रभ् और लभ् (३७५ वें सूत्र की ७ वीं शाखा देखो)
सिक का बढ़ना चाहते हैं जैसे रन्धयामि इत्यादि

४८१ वां सूत्र

पै इसे ... ...

कर) कोपयामि दुप् (बिगड़) दूपयामि हन् (मार) घातयामि शद् (गिर मर) शातयामि स्फुर् (कांप) स्फारयामि वा स्फोरयामि स्फाय् (बढ़) स्फावयामि क्ष्माय् (थरथरा पृथ्वी सा) क्ष्मापयामि इत्यादि मृज् (मल) मार्जयामि (३९० वें सूत्र की १० वीं शाखा देखो) गुह् (छिपा) गूहयामि (३९० वें सूत्र की १३ वीं शाखा देखो)

१ ली शाखा

मूल गुप् विछ् धुप् पण् पन् ऋत् जो ३९० वें सूत्र की १२ वीं शाखा में बताए हैं दो रूप रखते हैं जैसे गोपयामि वा गोपाययामि इत्यादि (३९० वें सूत्र की १२ वीं शाखा देखो)

२ री शाखा

सिध् (पूर्ण हो) का प्रेरणार्थक साधयामि वा धर्मसम्बन्धी कामों में सेधयामि होता है भ्रज्ज् (तल) का भ्रज्जयामि वा भर्ज्जयामि परन्तु यिह पिछला रूप भृज् से होसकता है

३ री शाखा

हेड् (पहन) से हिडयामि रञ्ज् से (आखेट कर) के अर्थ में रजयामि

वर्णन

१० वें गण वाली क्रियाओं के प्रेरणार्थक वैसे ही होते हैं जैसे अनिसृत क्रियाओं के होतेहैं (२८९ वां सूत्र देखो) प्रेरणार्थक क्रियाओं के प्रेरणार्थक भी वैसे ही होते हैं जैसे प्रेरणार्थक क्रियाओं से होते हैं

सामान्य रूप

४८९ वां सूत्र

मुख्य रूपों का अपूर्णपद बनाने में मूल की जो उलटापलटियां होती हैं सोही सामान्य रूपों में होतीहैं बरन अनियतभूत को और परस्मैपद वाले आशीर्वाद्वा·

चक को छोड़के अय इन सब रूपों में बनारहता है परन्तु अय का पिछला अ बढ़ेहुए इ के पहले जो दूसरे सब सामान्य रूपों में निरन्तर आता है गिरजाता है

प्रेरणार्थक का पूर्णभूत

४९० वां सूत्र

पिछ रूप बढ़ेहुए रूप का होता है जैसा ३८५ वें सूत्र में बताया है अर्थात् प्रेरणार्थक के अपूर्णपद में आम् बढ़ाके तीन सहायक किया अस् (हो) भू (हो) कृ (कर) में से किसी के पूर्णभूत के पीछे लाने से बनता है जैसे बुध् (जान) से प्रेरणार्थक पूर्णभूत होता है बोधयाञ्चकार वा बोधयामास वा बोधयाम्बभूव शम् से प्रेरणार्थक पूर्णभूत अ० ब० व० शमयाम्बभूवुः (उन्हों ने शान्त किया रघुवंश ५, ७, ४५)

प्रेरणार्थक के प्रथम और द्वितीय भविष्यत

४९१ वां सूत्र

इन रूपों में बढ़ाहुआ इ निरन्तर अपूर्णपद के (जैसा मुख्य रूपों में बनता है) और यथाविधि अन्तों के बीच में आता है जैसे बुध् से बोधयितास्मि इत्यादि बोधयिष्यामि इत्यादि

प्रेरणार्थक और १० वें गणवाली क्रियाओं का अनियतभूत

४९२ वां सूत्र

अन्त वेही आते हैं जो ४१५ वें सूत्र के दूसरे रूप में आते हैं इस रूप का अपूर्णपद बनाने में प्रत्यय अय् छूटजाता है परन्तु दूसरी उलटापलटी जैसी यू वा य् की बढ़ावट मुख्य रूपों में होतीहै वैसी होती है अपूर्णपद इस उलटापलटी का दुहरायाहुआ रूप होता है और दुहरावट के पहले आगम अ आता है.

जैसे बुध् [जान] और जि (जीत) के प्रेरणार्थक अपूर्णपद बोधय् और जापय् लेने और अय् छोड़ने से बोध् और जाप् रहजाते हैं और इन से अनियतभूत के अपूर्णपद अबूबुध् और अजीजप् बनते हैं जैसे अबूबुधम् इत्यादि अबूबुधे इत्यादि अजीजपम् इत्यादि अजीजपे इत्यादि

४९३ वां सूत्र

इस दुहरावट की रीति यिह है कि मूल का पहला व्यञ्जन अपने स्वर समेत दुहरायाजाताहै और दुहरायाहुआ व्यञ्जन उन सूत्रों का अनुगामी होता है जो २५२ वें सूत्र में बताए हैं परन्तु स्वर की दुहरावट एक मुख्य दुहरावट है

प्रेरणार्थक के अनियतभूत में पहले व्यञ्जन के स्वर की दुहरावट

१ ली शाखा

प्रेरणार्थक अपूर्णपद अय् छूटजाने पर बहुधा अन्त में आय् आव् आर् वा अ आ ए ओ वा अर् पहले रखनेवाला कोई व्यञ्जन रखते हैं ओ को छोड़के इन सबके पलटे यथाविधि दुहरायाहुआ स्वर इ आताहै परन्तु ओ के पलटे और कभी२ आव् के पलटे उ दुहरायाजाताहै रीति यिह है कि दुहरायाहुआ अर्थात् अपूर्णपदसम्बन्धी शब्दभाग अपने स्वभाव वा स्थान से दीर्घ होताहै और बहुधा दुहरायाहुआ स्वर इ या उ दीर्घ होजाताहै और उसके पलटे प्रेरणार्थक अपूर्णपद का दीर्घ स्वर ह्रस्व होजाता है और जो वृद्ध गुण होताहै तो अपने अनुरूप ह्रस्व स्वर से पलटजाताहै जैसे नी से अय् छूटजाने पर प्रेरणार्थक अपूर्णपद नाय् से अनियतभूत का अपूर्णपद अनीनय् होताहै (अनीनयम् इत्यादि) भू से प्रेरणार्थक अपूर्णपद भाव् होताहै उससे अनियतभूत का अपूर्णपद अबीभव् (अबीभवम् इत्यादि) कृ से प्रेरणार्थक अपूर्णपद कार् होताहै उससे अनियतभूत का अपूर्णपद अचीकर् गम् से प्रेरणार्थक अपूर्णपद गम् उससे अनियतभूत का अपूर्णपद अजी

सथ् पच् से पाच् उससे अपीपच् पा से पाल् उससे अपीपल् विद् से वेद् उससे अवीविद् परन्तु बुध् से बोध् उससे अबूबुध् और सु से साव् उससे असूषव्

२री शाखा

कर्मी २ दुहराया हुआ स्वर दो व्यञ्जन के पहले अपने स्थान से केवल दीर्घ रहता है और मूलसम्बन्धी स्वर तब भी ह्रस्व होजाता है जैसे श्रु से श्राव् उससे अशिश्रव् वा अशुश्रव् द्रु से द्राव् उससे अदुद्रव् वा अदिद्रव् भ्राज् से अबिभ्रज् वा अबभ्राज्

३री शाखा

कर्मी २ दुहराया हुआ स्वर ह्रस्व बनारहता है और प्रेरणार्थक अपूर्णपद का स्वर अपने स्वभाव वा स्थान से दीर्घ रहता है सो पलटा नहीं जाता जैसे जीव् से प्रेरणार्थक अपूर्णपद जीव् उससे अनियतभूत अपूर्णपद अजिजीव् और अजीजिव् भी चिन्त् से अचिचिन्त् कल्प् से अचिकल्प् ऐसी अवस्थाओं में अ या आ के पलटे बहुधा अ दुहराया जाता है जैसे लक्ष् से अललक्ष् याच् से अययाच् वृत् से वर्त् उससे अववर्त् इत्यादि

४थी शाखा

देखो जो अपूर्णपद मूलसम्बन्धी स्वर ऋ ॠ या ऌ के पलटे यथाक्रम अर् आर् ईर् वा अल् रखता है तो ये नहीं पलटेजाते अथवा अर् आर् ईर् ऋ से पलट जाते हैं और अल् ऌ से पलटजाता है जैसे वृत् से वर्त् उससे अवीवृत् और अववर्त् कॄत् से कीर्त् उससे अचिकीर्त् वा अचीकृत् इत्यादि

५वीं शाखा

ये आगे दूसरे दृष्टान्त हैं इनमें थोड़े सूत्रविरुद्ध हैं पा (पी) से प्रेरणार्थक पाय् उससे अपीप्यम् इत्यादि स्था (खड़ा हो) से प्रेरणार्थक स्थाप् उससे अतिष्ठिपम् इत्यादि घ्रा (सूंघ) से प्रेरणार्थक घ्राप् उससे अजिघ्रिपम् इत्यादि वा अजिघ्रपम् इत्यादि मधि साथ रखनेवाले इ (जा) से प्रेरणार्थक अध्याप् उससे अध्यजीगपम् इत्या-

दि चेष् (श्रमकर) से प्रेरणार्थक चेष् उससे अचचेष्टम् वा अचिचेष्टम् ह्वे (बुला) से प्रेरणार्थक ह्वाय् उससे अजुहावम् वा अजूहवम् त्वर् (शीघ्रताकर) से प्रेरणार्थक त्वर् उससे अतत्वरम् स्तृ वा स्तॄ (फैला) से प्रेरणार्थक स्तार् उससे अतस्तरम् वा अतिस्तरम् दॄ (फाड़) से प्रेरणार्थक दार् उससे अददरम् द्युत् (चमक) से प्रेरणार्थक द्योत् उससे अदिद्युतम् श्वि (सूज) से प्रेरणार्थक श्वाय् उससे अशुशवम् वा अशिश्वयम् स्मृ (स्मर्ण कर) से प्रेरणार्थक स्मार् उससे असस्मरम् स्वप् (सो) से प्रेरणार्थक स्वाप् उससे असूषुपम् कथ् १० वां ग० (कह) से प्रेरणार्थक कथ् अचकथम् वा अचीकथम् गण् १० वां ग० (गिन) से प्रेरणार्थक गण् अजगणम् वा अजीगणम् प्रथ् (फैल) से प्रेरणार्थक प्रथ् उससे अपप्रथम्

प्रेरणार्थक अनियतभूत में पहले स्वर की दुहरावट

४९४ वां सूत्र

जो मूल आदि में स्वर रखतेहैं और अन्त में अकेले व्यञ्जन उन के प्रेरणार्थक अनियतभूत अय छूटजाने पर मूल की एक मुख्य दुहरावट से बनाएजाते हैं इस रीति से कि जैसे ३६४ वें सूत्र की १ ली शाखा वाले पूर्णभूत में पहला स्वर दुहरायाजाता है वैसे केवल पहला स्वर ही नहीं दुहराया जाता वरन पिछला व्यञ्जन भी दुहराया जाता है यथार्थ में पूरा मूल दुगना होजाता है उस मूल के अनुसार जो आदि में कोई व्यञ्जन रखताहै और अन्त में कोई स्वर सो व्यञ्जन२५२ वें सूत्र वाले सूत्रों के अनुसार दुहरायाजाता है परन्तु दूसरा स्वर बहुधा इ होता है सो अ को अवल करने का फल जानपड़ता है वुह इ उस अपूर्णपदसम्बन्धी स्वर का स्थान लेता है जो नय दुहराएहुए शब्दभाग का पहला वर्ण होजाता है और २५१ वें सूत्र की १ ली शाखा के अनुसार आगम वाले अ से मिलजाता है जैसे ऊह् (अनुमान कर) से प्रेरणार्थक अनियतभूत का अपूर्णपद ऊजिह् होता है और अ पहले पढ़ने से औजिह् होजाता है जैसे औजिहम् (मैंने अनुमान करा या) ऐसेही आप् ५ वां ग० (प्राप्त कर) से आपिपम् (मैंने प्राप्त कराया) ईड् १

...ग० (प्रशन्सा कर) से ऐडिडम् (मैंने प्रशन्सा कराई)

१ ली शाखा

जो मूल अन्त में कोई मिलाहुआ व्यञ्जन रखताहै जिसका पहला वर्ण कोई अनुनासिक वा र् होताहै तो वुह अनुनासिक वा र् उस पिछले वर्ण से छूटजाताहै परन्तु उस दुहराएहुए वर्ण से नहीं छूटता जैसे अर्ह् (योग्य हो) से आर्जिहम् (मैंने योग्य किया अर्थात् मैंने आदर किया) ऐसेही ऋध् (वृद्धि कर) के प्रेरणार्थक अपूर्णपद अर्ध् से आर्दिधम् (मैंने वृद्धि कराई) और उन्द् (भिगो) से औन्दिदम् (मैंने भिगवाया)

२ री शाखा

परन्तु जब मिश्रित का पहला अंग कोई दूसरा वर्ण होता है तब उस मिश्रित के पहले अंग का अनुरूप व्यञ्जन २५२ वें सूत्र की ३ री शाखा के अनुसार दुहरायाजाता है जैसे ईक्ष् (देख) से ऐचिक्षम् (मैंने दिखाया) अभ्र् (चल) से आबिभ्रम् (मैंने चलाया)

३ री शाखा

जो मूल अकेला स्वर रखते हैं उन के प्रेरणार्थक अनियतभूत अप छूटजाने पर जो प्रेरणार्थक अपूर्णपद बनता है उससे बनाएजाते हैं जैसे ऋ (जा) का प्रेरणार्थक अपूर्णपद है अर्प् (सौंप) उससे प्रेरणार्थक अनियतभूत आर्पिपम् [मैंने सौंपवाया]

४ थी शाखा

ऊर्णु (ढांक) से प्रेरणार्थक अनियतभूत और्णुनुवम् अन्ध् १० वां ग० (अन्धा हो) से आन्दधम् और ऊन् १० वां ग० (घटा) से औननम्

५ वीं शाखा

जो व्यञ्जन पहले स्वर के पीछे आता है और अपने पीछे कोई दूसरा स्वर रखता है तो दुहरावट में वुह स्वर आता है जैसे अवधीर् १० वां ग० (अनिच्छा कर) से अनियतभूत आववधीरम्

प्रेरणार्थक के आशीर्वादवाचक और आशंसार्थ

४९५ वां सूत्र

प्रेरणार्थक आशीर्वादवाचक आत्मनेपद का और प्रेरणार्थक आशंसार्थ दोनों पद का अपूर्णपद सामान्य रूपों के प्रेरणार्थक अपूर्णपद से कुछ भेदकता नहीं रखता परन्तु अय का पिछला अ बढ़ेहुए इ के पहले जो सदा बढ़ता है गिरजाता है परस्मै पद वाले आशीर्वादवाचक में अय और इ दोनों छोड़दियेजाते हैं परन्तु मूल की दूसरी उलटापलटी होती है जैसे बुध् (जान) से प्रेरणार्थक आशीर्वादवाचक बोध्यासम् इत्यादि बोधयिषीय इत्यादि प्रेरणार्थक आशंसार्थ अबोधयिष्यम् इत्यादि अबोधयिष्ये इत्यादि

प्रेरणार्थक भाववाचक

१ ली शाखा

प्रेरणार्थक भाववाचक अ० ए० व० प्रथम भविष्यत से बहुत सरलता के साथ बनसकताहै जैसे ४५९ वें सूत्र में बतायाहै जैसे बुध् (जान) से बोधयिता (वुह जनावेगा) बोधयितुम् (जनाना)

प्रेरणार्थक कर्मणिवाच्य

४९६ वां सूत्र

प्रेरणार्थक अपूर्णपद से कर्मणिवाच्य प्रेरणार्थक बनाने में प्रेरणार्थकसम्बन्धी प्रत्यय अय छूटजाताहै परन्तु कर्मणिवाच्यसम्बन्धी प्रत्यय य के पहले दूसरी प्रेरणार्थकसम्बन्धी उलटापलटियां होती हैं

जैसे पत् (गिर्) के प्रेरणार्थक अपूर्णपद पातय से कर्मणिवाच्य पात्य उ० ए० व० पात्ये (मैं गिरायाजाता हूं) अ० ए० व० पात्यते (वुह गिरायाजाता है) ऐसेही स्था (खड़ा हो) से स्थापयति (वुह खड़ा करताहै) स्थाप्यते (वुह खड़ा

कियाजाता है) ज्ञा (जान) से ज्ञपयति (वुह जनाता है) और ज्ञप्यते (वुह जनायाजाताहै)

१ ली शाखा

सामान्य रूपों में पूर्णभूत को छोड़के सब रूपों का अपूर्णपद आत्म० के रूप से वर्तनीसम्बन्धी अय के छूटजाने से प्रथकता रखसकता है परन्तु पूर्णभूत में आम् और सहायक क्रिया रखनेवाले विधिपूर्वक रूप का आत्म० (३९० वां और ३८५ वां सूत्र देखो) कर्मणिवाच्य के पलटे आताहै अनियतभूत में विधिपूर्वक इहरायाहुआ रूप (३९२ वां सूत्र देखो) अपना स्थान आत्म० वाले रूप को देताहै सो पहले ९ गण की उन क्रियाओं में आवाहै जिन में इ घटता है जैसे भू (हो) से प्रेरणार्थक अपूर्णपद भावय कर्मणिवाच्य पूर्णभूत भावयाञ्चक्रे वा भावयामासे वा भावयाम्बभूवे प्रथम भविष्यत भावयिताहे वा भाविताहे द्वितीय भविष्यत भावयिष्ये वा भाविष्ये अनियतभूत अभावयिषि वा अभाविषि अ० ए० व० अभावि आशीर्वादवाचक भावयिषीय वा भाविषीय आशंसार्थ अभावयिष्ये वा अभाविष्ये

२ री शाखा

ऐसे ही बुध् (जान) से प्रेरणार्थक अपूर्णपद बोधय कर्मणिवाच्य पूर्णभूत बोधयाञ्चक्रे (मैं जताया गयाहूं) इत्यादि प्रथम भविष्यत बोधयिताहे वा बोधिताहे (मैं जतायाजाऊंगा) इत्यादि द्वितीय भविष्यत बोधयिष्ये वा बोधिष्ये इत्यादि अनियतभूत अबोधयिषि वा अबोधिषि (मैं जतायागया) म० अबोधयिष्ठाः वा अबोधिष्ठाः अ० अबोधि इत्यादि

३ री शाखा

ऐसे ही शम् (ठहर) से प्रेरणार्थक अपूर्णपद शमय कर्मणिवाच्य पूर्णभूत शमयाञ्चक्रे वा शमयामासे इत्यादि (मैं ठहरायागया हूं) इत्यादि प्रथम भविष्यत शमयिताहे वा शमिताहे द्वितीय भविष्यत शमयिष्ये वा शमिष्ये अनियतभूत अ-

प्रेरणार्थक के आशीर्वादवाचक और आशंसार्थ

४९५ वां सूत्र

प्रेरणार्थक आशीर्वादवाचक आत्मनेपद का और प्रेरणार्थक आशंसार्थ दोनों पद का अपूर्णपद सामान्य रूपों के प्रेरणार्थक अपूर्णपद से कुछ भिन्नता नहीं रखता परन्तु अय का पिछला अ बढ़ेहुए इ के पहले जो सदा बढ़ना है गिरजाता है परस्मै पद वाले आशीर्वादवाचक में अय और इ दोनों छोड़दियेजाते हैं परन्तु मूल की दूसरी उलटापलटी होती है जैसे बुध् (जान) से प्रेरणार्थक आशीर्वादवाचक बोध्यासम् इत्यादि बोधयिषीय इत्यादि प्रेरणार्थक आशंसार्थ अबोधयिष्यम् इत्यादि अबोधयिष्ये इत्यादि

प्रेरणार्थक भाववाचक

१ ली शाखा

प्रेरणार्थक भाववाचक अ० ए० व० प्रथम भविष्यत से बहुत सरलता के साथ बनसकताहै जैसे ४५९ वें सूत्र में बतायाहै जैसे बुध् (जान) से बोधयिता (वुह जतावेगा) बोधयितुम् (जताना)

प्रेरणार्थक कर्मणिवाच्य

४९६ वां सूत्र

प्रेरणार्थक अपूर्णपद से कर्मणिवाच्य प्रेरणार्थक बनाने में प्रेरणार्थकसम्बन्धी प्रत्यय अय छूटजाताहै परन्तु कर्मणिवाच्यसम्बन्धी प्रत्यय य के पहले दूसरी प्रेरणार्थकसम्बन्धी उलटापलटियां होती हैं

जैसे पत् (गिर्) के प्रेरणार्थक अपूर्णपद पातय से कर्मणिवाच्य पात्य उ० ए० व० पात्ये (मैं गिरायाजाता हूं) अ० ए० व० पात्यते (वुह गिरायाजाता है) ऐसेही स्था (खड़ा हो) से स्थापयति (वुह खड़ा करताहै) स्थाप्यते (वुह खड़ा·

कियाजाता है) ज्ञा (जान) से ज्ञपयति (वुह जनाता है) और ज्ञप्यते (वुह ज नायाजाताहै)

१ ली शाखा

सामान्य रूपों में पूर्णभूत को छोड़के सब रूपों का अपूर्णपद आत्म० के रूप में वर्तनीसम्बन्धी अय के छूटजाने से पृथकता रखसकता है परन्तु पूर्णभूत में आम् और सहायक क्रिया रखनेवाले विधिपूर्वक रूप का आत्म० (४९० वां और ३८५ वां सूत्र देखो) कर्मणिवाच्य के पलटे आताहै अनियतभूत में विधिपूर्वक ठहरायाहुआ रूप (४९९ वां सूत्र देखो) अपना स्थान आत्म० वाले रूप को देताहै सो पहले ९ गण की उन क्रियाओं में आताहै जिन में इ पड़ता है जैसे भू (हो) से प्रेरणार्थक अपूर्णपद भावय कर्मणिवाच्य पूर्णभूत भावयाञ्चके वा भावयामासे वा भावयाम्बभूवे प्रथम भविष्यत भावयिताहे वा भाविताहे द्वितीय भविष्यत भावयिष्ये वा भाविष्ये अनियतभूत अभावयिषि वा अभाविषि अ० ए० पु० अभावि आशीर्वादवाचक भावयिषीय वा भाविषीय आशंसार्थ अभावयिष्ये वा अभाविष्ये

२ री शाखा

ऐसे ही बुध् (जान) से प्रेरणार्थक अपूर्णपद बोधय कर्मणिवाच्य पूर्णभूत बोधयाञ्चके (मैं जनाया गयाहूं) इत्यादि प्रथम भविष्यत बोधयिताहे वा बोधिताहे (मैं जनायाजाऊंगा) इत्यादि द्वितीय भविष्यत बोधयिष्ये वा बोधिष्ये इत्यादि अनियतभूत अबोधयिषि वा अबोधिषि (मैं जनायागया) म० अबोधयिष्ठाः वा अबोधिष्ठाः अ० अबोधि इत्यादि

३ री शाखा

ऐसे ही शम् (ठहर) से प्रेरणार्थक अपूर्णपद शमय कर्मणिवाच्य पूर्णभूत शमयाञ्चके वा शमयामासे इत्यादि (मैं ठहरायागया हूं) इत्यादि प्रथम भविष्यत शमयिताहे वा शमिताहे द्वितीय भविष्यत शमयिष्ये वा शमिष्ये अनियतभूत अ-

शमयिपि वा अशमिपि अ० ए० व० अशमि आशीर्वादवाचक शमयिषीय इत्यादि और मूलसम्बन्धी अ इच्छानुसार दीर्घ होसकताहै जैसे प्रथम भविष्यत शमयिताहे वा शामयिताहे इत्यादि

४ थी शाखा

ऐसे ही अक्षापि वा अक्षापि अ० ए० व० अनियतभूत क्षै के प्रेरणार्थक से.

वर्णन

देखो रञ्ज् कन्द् कन्द् और थोड़े दूसरे दुहरा व्यञ्जन अन्त में रखने वाले मूल बिचले अ को इच्छानुसार दीर्घ करते हैं जैसे अनियतभूत अ० ए० व० अराञ्जि वा अराञ्जि

प्रेरणार्थक के इच्छार्थक

४९७ वां सूत्र

जब प्रेरणार्थक और १० वें गण वाली क्रियाएं इच्छार्थक का रूप लेती हैं (२९८ वां सूत्र देखो) तब अय् रखती हैं और सब इष लगने से बनती हैं जैसे पातयामि (मैं गिराता हूं) से पिपातयिषामि (मैं गिरायाचाहता हूं) स्वापयामि (मैं सुलाता हूं) से सुष्वापयिषामि (मैं सुलायाचाहता हूं) चुर् १० वां ग० (चुरा) से चुचोरयिषामि (मैं चुरायाचाहता हूं)

१ ली शाखा

अधी (ऊपर जा पढ़) के प्रेरणार्थक का इच्छार्थक अपूर्णपद अध्यापिपयिष वा अधिजिगापयिष होता है हु (बुला) के प्रेरणार्थक का जुहावयिष माना है। क्ष्म से बनाहो ज्ञा (जान) के प्रेरणार्थक का ज्ञीप्स अथवा यथाविधि जिज्ञापयिष वा जिज्ञपयिष श्रि (सुन) के प्रेरणार्थक का शुश्रावयिष अथवा यथाविधि शिश्रावयिष

इच्छार्थक क्रियाएं

४९८ वां सूत्र

दसों गण का प्रत्येक मूल इच्छार्थक रूप लेसकता है

१ ली शाखा

मूल का यिह रूप अच्छी भाषा में क्रिया की रीति से बहुत नहीं आता है तो भी इच्छार्थक अपूर्णपद से निकलीहुई संज्ञाएं और गुणाक्रियाएं बहुत आती हैं (८० वें सूत्र का १ ला और ८२ वें सूत्र का ७ वां प्रत्यय देखो) वरन कई अनिसृत मूल ऐसे हैं जो इच्छार्थक का रूप लेते हैं और इच्छार्थक का अर्थ नहीं देते ये अनिसृत क्रियाओं के समान हैं और उन्हीं में गिने जाते हैं जो अच्छी संस्कृत भाषा में आसकते हैं जैसे गुप् से जुगुप्स् (दोष लगा) कित् से चिकित्स् (उपाय कर) तिज् से तितिक्ष् (उठा) मन् से मीमांस् (विचार कर) बाधृ वा वधृ से बिभत्स् (अनिच्छा कर)

४९९ वां सूत्र

इच्छार्थक वे अन्त लेते हैं जो २४६ वें सूत्र में बताए हैं उन प्रविनिधियों के साथ जो १ ले ४ थे ६ ठे और १० वें गण में आते हैं और इन की वर्तनी परस्मैपद में वा आत्मनेपद में बहुधा अनिसृत क्रिया की वर्तनी से ठहराई जाती है जैसे बुध् १ ला ग० (जान) अनिसृत क्रिया में दोनों वर्तनी लेने से इच्छार्थक में दोनों लेसकताहै जैसे बुबोधिषामि इत्यादि वा बुबोधिषे इत्यादि (मैं जाना चाहता हूं) और लभ् (पा) अनिसृत क्रिया में केवल आत्मनेपदवाली वर्तनी लेने से इच्छार्थक में केवल आत्मनेपदवाली वर्तनी लेताहै जैसे लिप्से (मैं पाया चाहताहूं) इत्यादि.

चार मुख्य रूपों में इसका अपूर्णपद बनाने की रीति

५०० वां सूत्र

मूल के पहले स्वर और व्यञ्जन को दुहराओ और जो अनिसृत क्रिया में इ व इ गा हो (३९२ वें सूत्र से ४१५ वें सूत्र तक देखो) तो बहुधा (सदा नहीं) ऐसे

दुहराएहुए मूल के पीछे इप् पढ़ाओ और थोड़े मूलों के पीछे ईप् पढ़ाओ (३१३ वां सूत्र देखो) और जो अनिमूल क्रिया में इ छूट जाता हो तो केवल स् पढ़ाओ जो ७० वें सूत्र से (परन्तु उसकी ६ठी शाखा देखो) ष् होजाता है ऐसा करने के पीछे अ मिलाओ जैसा १ ले ४ थे ६ ठे और १० वें गण में मिलाते हो और उस सूत्र के अनुसार जो उन गणों में लगता है पहला स् या ष् रखनेवाले अन्तों के पहले यिह अ आ होजाता है परन्तु अकेले स् के पहले नहीं

१ ली शाखा

जैसे क्षिप् (फेंक) से अपूर्णपद चिक्षिप्स जैसे चिक्षिप्सा + मि = चिक्षिप्सामि इत्यादि (मैं फेंकाचाहता हूं) परन्तु विद् (जान) में इ बढ़ने से विविदिष से विविदिषा + मि = विविदिषामि इत्यादि आत्मनेपद में इनका अपूर्णपद विविल्स होताहै

२ री शाखा

परन्तु जो थोड़े मूल दूसरे रूपों में इस बढ़ेहुए इ का छूटना चाहते हैं सो इच्छार्थक में उसका बढ़ना चाहते हैं और इसके प्रतिकूल भी और थोड़े मूल इच्छा के अनुगामी होते हैं जैसे वृत् (हो) से विवर्तिषे इत्यादि वा विवृत्सामि इत्यादि (३१२ वें सूत्र से ४१५ वें सूत्रतक सूचीपत्र देखो)

३ री शाखा

व्यञ्जन की दुहरावट २५२ वें सूत्र में जो सूत्र बताए हैं उनके अनुसार होताहै और जो स्वर पहले व्यञ्जन से लगताहै उसकी दुहरावट ४१३ वें सूत्रवाले प्रेरणार्थक अनिपतमूलों के अनुमान से होती है अर्थात् अ आ इ ई ऋ ॠ ऌ ए वा ऐ के पलटे इ दुहरायाजाताहै और उ ऊ वा ओ के पलटे उ दुहरायाजाताहै और जो अव् वा आव् ज् या ओष्ठस्थानी वा अर्द्धस्वर को छोड़के कोई व्यञ्जन पहले रखताहै उसके अ के पलटे भी उ दुहरायाजाताहै जैसे पच् (पका) से २९६ वें सूत्र के अनुसार इच्छार्थक अपूर्णपद पिपक्ष होताहै याच् (मांग) से यियाचिष जीव् (जी)

से जिर्जाविष दृश् (देख) से दिदृक्ष सेव् (सेवा कर) से सिसेविष गै (गा) से जिगास ज्ञा (जान) से जिज्ञास परन्तु युज् (मिला) से युयुक्ष पू (पवित्र कर) से पुपूष बुध् ४ था ग० (जान) से बुभुत्स (२९९ वें सूत्र की १ ली शाखा देखो) नु (सराह) के प्रेरणार्थक अपूर्णपद नावय से नुनावयिष पू (पवित्रकर) के प्रेरणार्थक अपूर्णपद पावय से पिपावयिष

४ थी शाखा

और जो मूल आदि में कोई स्वर रखता है तो भी दुहरावट ४९४ वें सूत्रवाले दूसरे रूप के अनुसार होती है जैसे अश् से अशिश् और इष बढ़ने से अशिशिष ऐसे ही अर्ह् से अर्जिहिष ऊह् से ऊजिहिष ईक्ष् से ईचिक्षिष उन्द् से उन्दिदिष (२१२ वां सूत्र देखो)

वर्णन

दुहरावट में अ के पलटे हलका होने से इ लियाजाताहै (२५२ वें सूत्र की ४ थी शाखा का वर्णन देखो) यिह अ को अबल करने का फलजानपड़ता है

५ वीं शाखा

जो इच्छार्थक अपूर्णपद च्यु (गिर) द्रु (दौड़) प्रु (जा) प्लु (फांद) श्रु (सुन) स्रु (सरके से खैंच) और स्रु (वह) के प्रेरणार्थक से बनाएजाते हैं उन में अ वा आ के पलटे उ वा इ आते हैं जैसे च्यु का प्रेरणार्थक चिच्यावयिष वा चुच्यावयिष

६ ठी शाखा

देखो जब घटाहुआ स् ७० वें सूत्र से ष् होजाता है तब मूल का पहला स् दुहराहुए शब्दभाग के स्वर का प्रभाव नहीं उठाता जैसे सिच् से सिसिक्ष होताहै न सिषिक्ष सेव् से सिसेविष परन्तु स्तु को छोड़के जिससे तुष्टूष होताहै और प्रेरणार्थक के इच्छार्थक को छोड़के जैसे सिध् के प्रेरणार्थक से सिषेधयिष

५०१ ला सूत्र

जैसे तृ (पार हो) से तितरिष वा तितरीष और तितीर्ष भी (५०२ रा सूत्र
[illegible]ो)

१ ली शाखा

[illegible]वान पहले और विचले इ उ ऋ जो अकेले व्यञ्जन के पहले आते हैं तो वह
गुण चाहते हैं परन्तु सदा नहीं
जैसे उख् (जा) से ओचिखिष इष् (चाह) से एषिषिष दिव् (खेल) से दि[illegible]
[illegible]विष नृत् (नाच) से निनर्तिष परन्तु विद् (जान) से विविदिष

२ री शाखा

परन्तु विचले इ और उ को गुण करना बहुधा इच्छानुसार है जैसे मुद् (प्रस-
[illegible] हो) से मुमोदिष वा मुमुदिष क्लिद् (भीग) से चिक्लिदिष वा चिक्लेदिष परन्तु
[illegible] मूल अन्त में इष् रखते हैं जैसे सिष् सो मुख्य हैं (५०२ रे सूत्र की २री
[illegible]खा देखो)

३ री शाखा

इ (जा) और उ (शब्द कर) कोई व्यञ्जन नहीं रखते इसलिए इच्छार्थक का
[illegible]न्द्रसम्बन्धी वर्ण इ के साथ दुहरायाजाता है जैसे ईषिष सो उपसर्ग अधि और
[illegible]ति के साथ आता है ऐसेही ऊषिष

५०२ रा सूत्र

जब किसी मूल का इ छूटजाता है और उसका इच्छार्थक स के साथ बन[illegible]
[illegible]व स जो स्वर अन्त में रखनेवाले मूलों के पीछे आता है तो पिछला इ वा उ
[illegible] होजाता है और ए ऐ वा ओ आ होजाता है ऋ वा ॠ ईर् होजाता है [illegible]
[illegible]ा किसी ओष्ठस्थानी के पीछे ऊर् होजाता है
जैसे चि से चिचीष श्रु से शुश्रूष कृ से चिकीर्ष गै से जिगास तृ से तिर्ती[illegible]

से पुपूर्ष भृ से बुभूर्ष मृ से मुमूर्ष

१ ली शाखा

जब एक व्यञ्जन अन्त में रखनेवाले मूलों के पीछे आताहै तब मूलसम्बन्धी स्वर बहुधा बदला नहीं जाता परन्तु पिछला व्यञ्जन २९६ वें मूल में जो सूत्र बताए हैं उनके अनुसार पहले सीटीयुक्त से मिलजाताहै

जैसे युध् से युयुत्स (२९९ वां सूत्र देखो) दह् से दिधक्ष (३०६ ठे सूत्र की १ ली शाखा देखो) दुह् से दुधुक्ष भुज् से बुभुक्ष

२ री शाखा

पिछला दीर्घ ऋ ईर् होजाता है और पिछला इव् यू होजाता है वा गुण चाहता है जैसे कृत् से चिकीर्तिषिष सिव् से सुस्यूष वा सिसेविष

३ री शाखा

जो पिछले पांच रूप ३९० वें सूत्र की १ ली शाखा से १५ वीं शाखा तक बताए हैं उनके अपूर्णपद बनाने के लिए जो मुख्य सूत्र आते हैं उन में से बहुत से इच्छार्थक से भी लगते हैं इसलिए जो मूल ३९० वें सूत्र की १ ली शाखा में बताए हैं सो बहुधा गुण नहीं चाहते हैं जैसे चुकुचिष इत्यादि

४ थी शाखा

ऐसे ही भ्रज्ज् से बिभ्रक्ष वा बिभर्क्ष वा बिभ्रज्जिष वा बिभर्जिष (३९० वें सूत्र की ७ वीं शाखा देखो) मज्ज् और नश् से मिमंक्ष और निनंक्ष (३९० वें सूत्र की ११ वीं शाखा देखो) नह् से निनत्स (३९० वें सूत्र की १५ वीं शाखा देखो) दरिद्रा से दिदरिद्रिष (३९० वें सूत्र की ३ री शाखा देखो) परन्तु दिदरिद्रास भी होता है कम् से चिकमिष वा चिकामयिष गुप् से जुगोपिष वा जुगोपायिष वा जुगुप्स (३९० वें सूत्र की १२ वीं शाखा देखो)

५०३ रा सूत्र

ये आगे वर्णमाला के अनुसार दूसरे इच्छार्थक अपूर्णपदों का सूचीपत्र है इनमें

थोड़े सूत्रविरुद्ध हैं अट् (घूम) से अटिटिष अट्ट् (लांघ) से अट्टिटिष ऋ (जा) से अरिरिष आप् (पा) से ईप्स ऋध् (वृद्धि पा) से ईर्त्स वा यथाविधि अर्दिधिष ईर्ष्य् (ईर्षा कर) से ईर्ष्यिषिष वा ईर्ष्यियिष ऊर्णु (ढांक) से ऊर्णुनूष वा ऊर्णुनविष वा ऊर्णुनुविष (३९० वें सूत्र की २ री शाखा देखो) चि (जोड़) से चिकीष वा यथाविधि चिचीष् गम् (जा) से जिगांस वा यथाविधि जिगमिष गॄ (निगल) से जिगलिष वा यथाविधि जिगरिष (३७४ वें सूत्र की १७ वीं शाखा देखो) जि (जीत) से जिगीष घस् (खा) से जो अद् का इच्छार्थक होके आता है जिघत्स हन् (मार) से जिघांस हि (भेज) से जिघीष ग्रह् (ले) से जिघृक्ष ह्वे (बुला) से जुहूष तन् (खेंच) से तितांस वा यथाविधि तितनिष तृह् (मार) से तितृक्ष दा (दे) दे (प्यारकर) और दो (काट) से दित्स दृ (सन्मानकर) से दिदरिष दॄ (फाड़) से दिदरिष वा दिदरीष वा दिदीर्ष द्युत् (चमक) से दिद्युतिष वा दिद्योतिष धृ (थांभ) से दिधरिष दिव् (खेल) से दुद्यूष वा यथाविधि दिदेविष धा (रख) और धे (पी) से धित्स दम्भ् (धोका दे) से धिप्स वा धीप्स वा दिदम्भिष पत् (गिर) और प (जा) से पित्स वा पिपतिष पू (पवित्रकर) से पिपविष वा पुपूष प्रछ् (पूछ) से पृच्छिष भृ (उठा) से बिभरिष वा बुभूर्ष मा (नाप) मि (फेंक) मी (मर) और मे (पलट) से मित्स मृज् (मल) से मिमार्जिष वा मिमृक्ष मुच् से मोक्ष (मोक्ष के इच्छाकराने के अर्थ में मोक्ष नहीं तो मुमुक्ष) यु (जोड़) से यियविष वा युयूष राध् (पूराकर) से रित्स रभ् (ले) से रिप्स लभ् (पा) से लिप्स वृ (स्वीकार कर) से विवरिष वा विवरीष वा वुवूर्ष व्रश्च् (काट) से विव्रक्ष शक् (शक्तिमान हो) से शिक्ष श्रि (उपायकर) से शिश्रयिष वा शिश्रीष सन् (पा दे) से सिषास वा सिसनिष स्मि (मुसकरा) से सिस्मयिष स्वृ (शब्दकर) से सिस्वरिष वा सुस्वूर्ष स्वप् (सो) से सुषुप्स

इच्छार्थक के सामान्य रूप

५०४ था सूत्र

पूर्णभूत बढ़ेहुए रूप का होता है जैसा ३८५ वें सूत्र में बताया है अर्थात् जो इच्छार्थक अपूर्णपद ऊपर बनाना बताया है उस में स इष या ईष (५०० वां सूत्र देखो) के साथ आम् बढ़ाके सहायक क्रिया कृ अस् या भू के पूर्णभूत के पहले (३८५ वां सूत्र देखो) बढ़ायाजाता है जैसे पच् (पका) के अपूर्णपद पिपक्ष से पूर्णभूत होता है पिपक्षाञ्चकार (मैंने पकाया या पकाना चाहा) बुध् (जान) के अपूर्णपद बुबोधिष से बुबोधिषाञ्चकार बुबोधिषामास बुबोधिषाम्बभूव (मैंने जाना या जानना चाहा)

१ ली शाखा

सब शेष रूपों में प्रधान सूत्र यह है कि इच्छार्थक अपूर्णपद चाहे स बढ़ने से बने चाहे इष बढ़ने से बने उसके पीछे इ बढ़ने से बनता है परन्तु आशीर्वादवाचक परस्मैपद में नहीं जैसे पच् से प्रथम भविष्यत पिपक्षितास्मि इत्यादि द्वितीय भविष्यत पिपक्षिष्यामि इत्यादि अनियतभूत अपिपक्षिषम् इत्यादि (४१८ वें सूत्र का ४ वाक्य १ ला रूप देखो) आशीर्वादवाचक परस्मैपद पिपक्ष्यासम् इत्यादि आत्मनेपद पिपक्षिषीय इत्यादि आशंसार्थ अपिपक्षिष्यम् इत्यादि ऐसेही विद् (जान) से इष के साथ विविदिष् जैसे प्रथम भविष्यत विविदिषितास्मि द्वितीय भविष्यत विविदिषिष्यामि अनियतभूत अविविदिषिषम् इत्यादि ऐसेही बुबोधिष से प्रथम भविष्यत बुबोधिषितास्मि इत्यादि द्वितीय भविष्यत बुबोधिषिष्यामि अनियतभूत अबुबोधिषिषम् इत्यादि

२ री शाखा

भाववाचक यथाविधि प्रथम भविष्यत से बनता है जैसे बुबोधिषिता (वह जाना या जानना चाहेगा) से बुबोधिषितुम् (जाना या जानना चाहना)

इच्छार्थक का कर्मणिवाच्य

५०५ वां सूत्र

इच्छार्थक इच्छार्थक अपूर्णपद में पिछला अ छोड़ने पर य बढ़ने से कर्मणिवाच्य का रूप लेसकता है जैसे बुबोधिषसे बुबोधिष्ये (मैं जाना वा जानना चाहा जाता हूं) इत्यादि सामान्य रूप इच्छार्थक के कर्तरिवाच्य आत्मनेपद के रूप से पृथक नहीं होते परन्तु अनिश्चतभूत के अ० ए० प्र० में होते हैं जो अबुबोधिषिष्ट के पलटे अबुबोधिषि होता है

इच्छार्थक का प्रेरणार्थक

५०६ ठा सूत्र

इच्छार्थक प्रेरणार्थक का रूप लेसकता है जैसे दिव् (खेल) के इच्छार्थक दुद्यूषा (मैं खेला चाहता हूं) से प्रेरणार्थक दुद्यूषयामि (मैं खिलाया चाहता हूं) इत्या

अधिकतार्थक क्रियाएं

५०७ वां सूत्र

बहुत से मूल अधिकतार्थक का रूप लेसकते हैं परन्तु बहु शब्दमागवाले औ १० वें गण वाले और कई स्वर आदि में रखनेवाले मूल नहीं लेते

वर्णन

परन्तु ऊर्णु (ढांक) दो रूप रखता है ऊर्णोनूय और ऊर्णोनु थोड़े आदि मे रखनेवाले भी अधिकतार्थक का आत्मनेपद वाला रूप लेते हैं (५११ वें सू १ ली और २ री शाखा के और ६८१ वें सूत्र की १ ली शाखा के दृष्टान्त दे

१ ली शाखा.

अधिकतार्थक रूप इच्छार्थक रूप से भी अच्छी भाषा में थोड़ा आता है न्तु वर्तमान गुणक्रियाओं में और संज्ञाओं में बहुत आता है (८० वें सूत्र ६ ठा प्रत्यय देखो) यिद मूलसम्बन्धी अर्थ में दुहरावट वा अधिकता दिखाता

जैसे दीप् (चमक) मे अधिकतार्थक अपूर्णपद देदीप्य होता है वर्तमान अ० पु० ब० देदीप्यते (बहुत चमकाकरताहै वा बहुत चमकता है) और वर्तमान गुणक्रिया देदीप्यमान (चमकाकरताहुआ वा बहुत चमकताहुआ) ऐसेही शुभ् (सुहा) से शोशुभ्य और शोशुभ्यमान रुद् (रो) से रोरुद्य और रोरुद्यमान

५०८ वां सूत्र

अधिकतार्थक दो प्रकार के होते हैं पहला दुहरायाहुआ आत्मनेपद य पीछे ब ढ़ने से बनता है और अकर्मक और कर्मणिवाच्य क्रियाओं के सदृश ४ थे गण की वर्तनी का अनुगामी होता है और सदा नहीं तो बहुधा अकर्मक अर्थ में आताहै दूसरा दुहरायाहुआ परस्मैपद ३ रे गण की वर्तनी का अनुगामी है सो संस्कृत की अच्छी भाषा में पहले अधिकतार्थक से थोड़ा आता है और इसलिये पिछला स- मझाजाता है

१ ली शाखा

पहले रूप वाले अधिकतार्थक के लिये आत्मनेपद वाले अन्त जो २४६ वें सू- त्र में बताए हैं उन विधिपूर्वक प्रतिनिधियों के साथ आते हैं जो ४ थे गण वाली क्रियाओं के लिये आते हैं और २ रे रूप वाले अधिकतार्थक के लिये विधिपूर्वक परस्मैपद वाले अन्त आते हैं जो २४६ वें सूत्र के यंत्र में बताए हैं

आत्मनेपद वाले अधिकतार्थक जो दुहराने और य बढ़ाने से बनते हैं

५०९ वां सूत्र

मुख्य चार रूपों में अपूर्णपद बनाने की यिह रीति है

कर्मणिवाच्य अपूर्णपद के पहले व्यञ्जन और स्वर को जो सूत्र २५१ वें मूल में व्यञ्जनों को दुहराने के लिये बताए हैं उनके अनुसार दुहराओ और दुहरा- हुए स्वर को चाहे दीर्घ हो चाहे ह्रस्व जो गुण करने के योग्य हो तो गुण करो

जैसे दा (दे) के कर्मणिवाच्य अपूर्णपद दीय से अधिकतार्थक अपूर्णपद देदीय होता है वर्त० उ० देदीये इ = देदीये म० देदीय से = देदीयसे इत्यादि हा (छोड़) के कर्म० अपू० प० हीय से अधि० अपू० प० जेहीय वर्त० उ० जेहीये इत्यादि स्तृ (फैला) के कर्म० अपू० प० स्तीर्य से तेस्तीर्य (और तास्तर्य भी) पू (पवित्र कर) के कर्म० अपू० प० पूय से अधि० अपू० प० पोपूय विद् (जान) के कर्म० अपू० प० विद्य से अधि० अपू० प० वेविद्य बुध् (जान) के कर्म० अपू० प० बुध्य से अधि० अपू० प० बोबुध्य वर्त० उ० बोबुध्ये मो० बोबुध्यसे इत्यादि

इन मुख्य चार रूपों की वर्तनी ठीक कर्मणिवाच्य के मुख्य चार रूपों की वर्तनी के अनुसार है

५१० वां सूत्र

स्वर की दुहरावट में जो कर्मणिवाच्य अपूर्णपद का बिचला वर्ण अ होता है तो आ होजाता है जैसे पच्य से पापच्य स्मर्य से सास्मर्य

१ ली शाखा

जो उसका बिचला आ ए वा ओ होता है तो पूरी दुहराया जाता है जैसे याच्य से यायाच्य सेव्य से सेषेव्य लोच्य से लोलोच्य

२री शाखा

जो बिचला ऋ होता है तो दुहरावट में अरी * होजाता है जैसे दृश्य से दरीदृश्य स्पृश्य से परीस्पृश्य इत्यादि भ्रम् से बरीभ्रम्य भ्रज् से बरीभृज्ज्य ऐसेही कृप् में ऋ के पलटे अली आता है जैसे चलीकृप्य

टीका

* इस से यिह बात पाईजाती है कि ऋ का गुण आदि में अरि था (३९ वें सूत्र की २ री शाखा देखो)

५११ वां सूत्र

ध्मीये इत्यादि गृ (निगल.) से जेगिल्य

आत्मनेपदवाले अधिकतार्थक के सामान्य रूप

५१३ वां सूत्र

इन रूपों में अधिकतार्थक कर्मणिवाच्य के अनुगामी होते हैं और प्रत्यय य का छूटना चाहते हैं परन्तु पूर्णभूत का अपूर्णपद पीछे आम् बढ़ने से बनता है जैसा सब बहुत शब्दभागवाले रूपों में बनता है (३८५ वां सूत्र देखो) और दूसरे सब रूपों में बढ़ाहुआ इ आता है इसलिए जिन अवस्थाओं में य् † के पहले पासही कोई स्वर आताहै उन में जो य् नरखाजावे वो स्वरों का मिलजाना प्राप्त होताहै जैसे देदीप्य से पूर्णभूत उ० ए० व० देदीपाञ्चक्रे इत्यादि में य छूटजाताहै परन्तु देदीय से देदीयाञ्चक्रे इत्यादि में य बनारहताहै ऐसे ही दूसरे रूपों में जैसे प्रथम भविष्यत देदीपिताहे देदीयिताहे इत्यादि द्वितीय भविष्यत देदीपिष्ये देदीयिष्ये इत्यादि अनियतभूत अदेदीपिषि अदेदीयिषि इत्यादि आशीर्वादवाचक देदीपिषीय देदीयिषीय इत्यादि आशंसार्थ अदेदीपिष्ये अदेदीयिष्ये इत्यादि अनियतभूत के अ० ए०-व० में इ विधिपूर्वक अन्तों के पलटे नहीं आता जैसा कर्मणिवाच्य में नहीं आता

टीका

† कर्मणिवाच्य में स्वरों की यिह मिलावट नहीं करते इसलिए कि पिछला स्वर वृद्धि पाने से पलटजाता है जैसे चि का चाय् हु का हाय् कृ का कार् और पिछले आ का आय् होजाता है जैसा दा का दाय् (४७४ वां सूत्र देखो)

१ ली शाखा

भाववाचक यथाविधि (४५९ वां सूत्र देखो) देदीपितुम् इत्यादि होते हैं

परस्मैपदवाले अधिकतार्थक

५१४ वां सूत्र

चार मुख्य रूपों में अपूर्णपद बनाने की यिह रीति है

इसका अपूर्णपद वैसी ही दुहरावट से बनता है जैसी दुहरावट से अंत
वाले अधिकतार्थक का बनता है परन्तु कर्मणिवाच्य से नहीं बनता है
बनता है जैसे पच् से पापच् विद् से वेविद् दृश् से दरीदृश् कृ से चरीकृ

१ ली शाखा

परन्तु परस्मैपद वाले अधिकतार्थक में ऋ दुहरायाजाने से अरि और अर
अरी होसकता है इसलिए दृश् से दरीदृश् दरिदृश् वा दर्दृश् होते हैं और
चरीकृ वा चरिकृ वा चर्कृ (पा० ७, ४, ९२)

ऐसेही क्लृप् से चलीक्लृप् वा चलिक्लृप् वा चल्क्लृप्

२ री शाखा

फिर अन्त में दीर्घ ॠ रखनेवाले मूलों में ॠ के पलटे आ दुहरायाजात
और यिह आ जब ॠ दूर होजाता है तब भी बनारहता है जैसे कॄ (बखेर
उ० चाकर्मि ब० व० अ० चाकिरति ऐसेही तॄ (पार हो) से तातर्मि और
तिरति

३ री शाखा

परस्मैपद के मुख्य रूपों में ये अधिकतार्थक ३ रे गण की वर्तनी के अनुग
होते हैं और २ रे और ३ रे गण के लिये (३०१ वां और ३३१ वां सूत्र देख
जो सूत्र बनाए हैं उन के अनुसार मूलसम्बन्धी स्वर को २४६ वें सूत्र वाले पंच
ए रखनेवाले अन्तों के पहले गुण होता है इसलिये विद् से दो अपूर्णपद होंगे
वेविद् और वेविद् जैसे वर्तमान वेवेद्मि वेवेत्सि वेवेत्ति द्वि० व० वेविद्व इत्यादि
अपूर्णभूत अवेवेदम् अवेवेत् अवेवेत् अवेविद्व इत्यादि अ० पु० ब० व० अवेविदु
सम्भाव्य वेविद्याम् इत्यादि अनुज्ञार्थ वेवेदानि वेविद्धि वेवेत्तु वेवेदाव वेविद्ध
इत्यादि

४ थी शाखा

फिर जो मिलावट के सूत्र २९६ वें सूत्र से ३०६ ठे सूत्र तक बना हैं उनके अनुसार अपूर्णपद प्रथक्‌ता रखता है जैसे बुध् से वर्तमान बोबोधिम बोभोत्सि बोबोद्धि बोबुध्वः इत्यादि (२९८ वां सूत्र देखो) ऐसही वह् से अ० ए० व० वावोढि (३०५ वें सूत्र की १ ली शाखा देखो) दुह् से दोदोग्धि (३०५ वां सूत्र देखो) नह् से नानद्धि (३०५ वें सूत्र की टीका देखो) द्रुह् से दोद्रोढि वा दोद्रोग्धि और स्निह् से सेष्णोढि वा सेष्णोग्धि (३०५ वें सूत्र की २ री शाखा देखो)

५ वीं शाखा

२ रे गण के अधिक अनुमान पर (३१३ वां और ३१४ वां सूत्र देखो) दीर्घ ई बहुधा प् वाले व्यञ्जनादि अन्तों के पहले इच्छानुसार बढ़ता है जैसे वर्तमान वेवेदीमि वेवेदीपि वेवेदीति द्वि० व० वेविद्वः इत्यादि अपूर्णभूत अवेवेदम् अवेवेदीः अवेवेदीत् अवेविद्व इत्यादि अनुमत्यर्थ वेवेदानि वेविद्धि वेवेदीतु

५१५ वां सूत्र

जो मूल अन्त में कोई स्वर रखता है तो इ और ई की य् और इय् के साथ और उ और ऊ की उव् के साथ और ऋ की र् के साथ यथाक्रम विधिपूर्वक उलटापलटी होती है (३१२ वां सूत्र देखो) जैसे मूल भी भू कृ से वर्तमान उ० पु० व० वेभेमि बोभोमि चर्करमि अ० व० व० वेभ्यति बोभुवति चर्कति

१ ली शाखा

देखो बहुत सी सूत्रविरुद्ध बनावटें आत्मनेपद के अधिकतार्थकों में बताई हैं सो परस्मैपद के अधिकतार्थकों में भी आती हैं जैसे पद् से (५१२ वें सूत्र की २ री शाखा देखो) परस्मैपद में पनीपद्मि पनीपत्सि पनीपत्ति इत्यादि होते हैं और ऐसही दूसरे मूलों से जो ५१२ वें सूत्र की २ री शाखा में बताए हैं

२ री शाखा

हन् (मार) गॄ (निगल) ५१२ वें सूत्र की ३ री शाखा देखो) और थोड़े दूसरे एक प्रथक परस्मैपद वाला रूप रखते हैं जैसे जङ्घन्मि जागर्मि पिढ पिठला

वैसा ही है जैसा आस् का वर्तमान होता है

परस्मैपदवाले अधिकतार्थकों के सामान्य रूप

५१६ वां सूत्र

पूर्णभूत बहुत शब्दभागवाले मूलों के लिए जो विधिपूर्वक सूत्र ३८५ वें सूत्र में बनायाहै उसका अनुगामी होता है और सहायक क्रिया के साथ प्रत्यय आम् बढ़ने से बनता है जैसे बुध् (जान) से बोबुधामास बोबुधाम्बभूव बोबुधाञ्चकार विद् (जान) से वेविदामास आम् के पहले पिछले स्वर को और कभी पिछले वर्ण के पहले स्वर को गुण होताहै जैसे भू से बोभू बोभवामास ऐसे ही दृत् से वावर्तामास आशीर्वादवाचक को छोड़के दूसरे रूपों में इ सदा बढ़ताहै और इस बढ़े हुए इ के पहले कोई१ भूत भविष्यत इत्यादि में मूलसम्बन्धी स्वर को विधिपूर्वक गुण नहीं चाहते हैं जैसे बुध् से बोबुधितास्मि भी (डर) से बेभ्यितास्मि इत्यादि (३७४ वां सूत्र देखो) द्वितीय भविष्यत बोबुधिष्यामि बेभिष्यामि इत्यादि अनियतभूत अबोबुधिषम् अबेभायिषम् इत्यादि आशीर्वादवाचक बोबुध्यासम् बेभीयासम् इत्यादि आशंसार्थ अबोबुधिष्यम् अबेभियिष्यम् इत्यादि परन्तु मूलसम्बन्धी शब्दभाग को गुण न करना भ्रम रहित नहीं है जैसे भू (हो) से अच्छे व्याकरणियों की मति के अनुसार बोभविताम्मि इत्यादि होते हैं

१ ली शाखा

भावदर्शक प्रथम भविष्यत से यथाविधि बनता है (५११ वें सूत्र की १ ली शाखा देखो)

अधिकतार्थकों के कर्मणिवाच्य प्रेरणार्थक इच्छार्थक और इच्छार्थक प्रेरणार्थक रूप

५१७ वां सूत्र

अधिकतार्थक ये सब रूप लेसकते हैं जब मूल अन्त में कोई व्यञ्जन रखताहै तब कर्मणिवाच्य वैसाही होताहै जैसा आत्म० वाला अधिकतार्थक जो दुहराने और प्रत्यय य बढ़ने से बनता है जैसे अधिकतार्थक अपूर्णपद तोतुद (पीटाकर) से तोतुद्ये (मैं पीटाजायाकरताहूं) परन्तु लू (काट) के अधिकतार्थक अपूर्णपद लोलूय से लोलूय्ये इत्यादि फिर तोतुद से तोतुदयामि (मैं पिटवायाकरता हूं) तोतुदिषामि (मैं पीटाचाहाकरता हूं) तोतुदयिषामि (मैं पिटवायाचाहाकरता हूं)

५ वीं शाखा

आत्म०वाले अधिकतार्थक का य जो पहले कोई व्यञ्जन आताहै तो छोड़दियाजाताहै परन्तु जो उसके पहले कोई स्वर आताहै तो नहीं छोड़ाजाता है जैसे लू (काट) के अधिकतार्थक अपूर्णपद लोलूय से लोलूयिषामि (मैं काटा चाहा करता हूं) (२५२ वें सूत्र की ६ ठी शाखा देखो)

संज्ञासम्बन्धी वा नामवाचक क्रियाएं अर्थात् वे क्रियाएं जो नाम से बनाईजाती हैं

५१८ वां सूत्र

ये क्रियाएं नामों के अपूर्णपद में नियत प्रत्ययों के बढ़ाने से बनती हैं ये बहुत नहीं आतीं परन्तु मनकल्पित रीति से इन की बनावट का कुछ अन्त नहीं है इन के प्रकार इनके अर्थ के अनुसार होते हैं पहले प्रकार की सकर्मक संज्ञासम्बन्धी कहलाती हैं सो जिस नाम से बनाईजाती हैं उसके अर्थ को करने बनाने रखने वा काम में लाने का अर्थ देती हैं दूसरे प्रकार की अकर्मक संज्ञासम्बन्धी कहीजाती हैं सो जिस नाम से बनाईजाती हैं उसके अर्थ को चलने वा होने वा बनने का अर्थ देती हैं तीसरे प्रकार की इच्छार्थक संज्ञासम्बन्धी कहलाती हैं सो जिस नाम से बनाईजाती हैं उसके अर्थ को चाहने का अर्थ देती हैं परन्तु जिन प्रत्ययों के साथ ये बनाई जाती हैं उनके अनुसार इनको पांच प्रकार की कहना सरल जान पड़ताहै जैसे आगे

५१९वां सूत्र

पहले प्रकार की वे हैं जो नामसम्बन्धी अपूर्णपद के पीछे उसके पिछले स्वर को जो गुण करने के योग्य होता है तो गुण करके अ बढ़ाने से बनाईजाती हैं और फिर अ म् वा ब् पहले रखनेवाले शब्दभाग के पहले आ होजाता है और जो मूल अन्त में अ रखता है तो उसका फिर अ प्रत्यय अ का स्थान लेता है और पिछला आ उस प्रत्यय के साथ मिलजाता है

वर्णन

दसों संज्ञासम्बन्धी क्रियाओं के लिये अन्त वेही आते हैं जो दोनों परस्मैपद और आत्मनेपद के लिये २४६ वें सूत्र वाले यंत्र में बताए हैं और जो प्रतिनिधि १ ले ४ थे ६ ठे और १० वें गण में आते हैं सो इन में भी आते हैं

१ ली शाखा

जैसे कृष्ण से वर्तमान उ० कृष्णामि (मैं कृष्ण के अनुसार चलता हूं) म० कृष्णासि अ० कृष्णाति इत्यादि ऐसेही कवि (कविता बनानेवाला) से वर्तमान उ० कवयामि (मैं कवि के अनुसार चलता हूं) म० कवयासि इत्यादि पितृ (पिता) से वर्तमान उ० पितरामि (मैं पिता के अनुसार चलता हूं) म० पितरासि अ० पितराति आत्मनेपद वर्तमान उ० पितरे इत्यादि माला (हार) से वर्तमान उ० मालामि म० मालासि अ० मालाति अपूर्णभूत उ० अमालाम् म० अमालाः इत्यादि गनपर्थ मालेयम् इत्यादि स्व (आप) से वर्तमान अ० स्वति (वुह अपने अनुसार चलता है) कभी २ पिछले इ वा उ को गुण नहीं होता जैसे कवि से वर्तमान कव्यामि कव्यासि इत्यादि (पा० ७. ४.३९.)

अनुनासिक अन्त में रखनेवाले शब्द अनुनासिकों को पता गवते हैं और उनके पहले स्वरों को दीर्घ करते हैं जैसे राजानति (वुह राजा के अनुसार चलता है) पथीनति (वुह मार्ग बनता है) इदामति (वुह फिर बनता है)

५२० वां सूत्र

दूसरे प्रकार की वे हैं जो संज्ञासम्बन्धी अपूर्णपद के पीछे य बढ़ाने से बनाई जाती हैं

१ ली शाखा

जो शब्द अन्त में कोई व्यञ्जन रखता है उसके पीछे य बढ़ता है और कुछ उलटापलटी नहीं होती जैसे वाच् (बोली) से वाच्यति (वुह बोली चाहता है दिव् (स्वर्ग) से दिव्यति (वुह स्वर्ग चाहता है) (वा किसीरे की मति के अनुसार दीव्यति) तपस् (तप) से तपस्यति (वुह तप करता है) नमस् (नमस्कार) से नमस्यति (वुह नमस्कार करता है) पिछला न् गिरजाता है और तब दूसरा सूत्र लगता है जैसे राजन् (राजा) से वर्तमान उ० राजीयामि शत्यर्थ राजीयेयम् धनिन् (धनवान) से धनीयामि इत्यादि

२ री शाखा

पिछला अ वा आ बहुधा ई होजाता है पिछला इ वा उ दीर्घ होजाता है पिछला ऋ री से पलटजाता है और ओ अव् से और औ आव् से जैसे

पुत्र (बेटा) से वर्तमान उ० पुत्रीयामि (मैं बेटा चाहता हूं) म० पुत्रीयसि इत्यादि पति (पति) से वर्तमान उ० पतीयामि (मैं पति चाहती हूं) इत्यादि ऐसेही मातृ (मा) से मात्रीयामि इत्यादि

३ री शाखा

संज्ञासम्बन्धी क्रिया का यिह रूप सदा इच्छार्थक का अर्थ नहीं देता ये आगे आनेवाले उसके दूसरे अर्थों के दृष्टान्त हैं इनमें से कई दूसरे प्रकार के हैं प्रासादीयति (वुह आप को राजमन्दिर में समझताहै) कवीयति (वुह कवि बनताहै) कण्डूयति वा कण्डूयते (वुह खुजाता है) मन्तूयति वा मन्तूयते (वुह पाप करता है वा क्रोध करता है) मित्रीयते (वुह मित्र बनता है) पुत्रीयति छात्रम् (वुह शिष्य को पुत्र सा चाहताहै) विष्णूयति द्विजम् (वुह द्विज को विष्णु समझता है) निरस्यति (वुह मिटता है) गव्यति (वुह गाय ढूंढताहै) गो (गाय) से

४ थी शाखा

किसी के अनुसार चलने बनाने वा करने के अर्थ में पिछला अ बहुधा दीर्घ होजाता है पिछला आ बनारहता है और पिछला न् स् वा त् गिरजाताहै जैसे पण्डित (पढ़ा लिखा मनुष्य) से वर्त० उ० पण्डिताये (मैं पण्डित बनताहूं) म० पण्डितायसे अ० पण्डितायते इत्यादि द्रुम [पेड़] से वर्त० उ० द्रुमाये इत्यादि शब्द (बोल) से वर्त० उ० शब्दाये (मैं शब्द करता हूं) राजन् (राजा) से वर्त० उ० राजाये इत्यादि उन्मनस् (उदास) से वर्त० उ० उन्मनाये इत्यादि बृहत् (बड़ा) से वर्त० उ० बृहाये इत्यादि

५ वीं शाखा

ये संज्ञासम्बन्धी क्रियाएं कभी २ सकर्मक के अर्थ में आती हैं विशेषकरके जब रंग का अर्थ रखनेवाले नामों से बनती हैं जैसे कृष्ण (काला) से कृष्णायते वा कृष्णायति (वुह काला करताहै) और कभी २ परस्मैपद में अकर्मक के अर्थ में आती हैं जैसे जिह्म (टेढ़ा) से जिह्मायति (वुह टेढ़ा होताहै) दास (चेला) से दासायति (वुह चेला बनता है)

५२१ वां सूत्र

तीसरे प्रकार की वे हैं जो संज्ञासम्बन्धी अपूर्णपद के पीछे अय बढ़ाने से बना ई जाती हैं

यिह रूप वैसा ही है जैसा प्रेरणार्थक और दसवें गणवाली क्रियाओं का होताहै और कभी२ उसके साथ ऐसा मिलताहै कि पहचाना नहीं जाता बहुधा उन के अनुसार कर्तरिवाच्य का अर्थ देता है अय के पहले पिछला स्वर गिरजाताहै और जो संज्ञासम्बन्धी अपूर्णपद एक से अधिक शब्दभाग रखता है और अन्त में कोई व्यञ्जन तो वुह व्यञ्जन और उसका पहला स्वर दोनों गिरादिये जाते हैं

१ ली शाखा

जैसे वस्त्र (कपड़ा) से वर्त० उ० वस्त्रयामि (मैं कपड़ा पहनताहूं) म० वस्त्रयसि

की माति के अनुसार पिचला शब्दभाग दुहराया जासकताहै जैसे पुतिविषिप

गुणक्रियाएं

परस्मैपदवाली वर्तमान गुणक्रियाओं की बनावट

५२४ वां सूत्र

वर्तमान गुणक्रियाएं केवल वे गुणक्रियाएं हैं जिन की बनावट क्रिया के वर्तनीसम्बन्धी गण से सम्बन्ध रखती है परस्मैपद में उनका अपूर्णपद बहुत सरलता के साथ परस्मैपदवाले वर्त० के अ० ब० व० का पिछला इ गिराने से और कई अवस्थाओं में अनुनासिक छोड़ने से बनता है (१४१ वें सूत्र की १ ली शाखा और ८४ वें सूत्र का १ ला प्रत्यय देखो)

जैसे १ ले गणवाले पच् (पका) के वर्त अ० ब० व० पचन्ति (वे पकाते हैं) से पचत् (पकाताहुआ) २ रे गणवाले हन् (मार) के वर्त० अ० ब० व० घ्नन्ति (वे मारते हैं) से घ्नत् (मारताहुआ) २ रे गणवाले अस् (हो) के वर्त० अ० ब० व० सन्ति (वे होते हैं) से सत् (होताहुआ) २ रे गण वाले इ (जा) के वर्त० अ० ब० व० यन्ति (वे जाते हैं) से यत् (जाताहुआ) २ रे गणवाले या (जा) के वर्त० अ० ब० व० यान्ति (वे जाते हैं) से यात् (जाताहुआ) ३ रे गणवाले हु (हवनकर) के वर्त० अ० ब० व० जुह्वति (वे हवन करते हैं) से जुह्वत् (हवन करता हुआ) ४ थे गणवाले नृत्यन्ति (वे नाचते हैं) से नृत्यत् (नाचताहुआ) ५ वें गणवाले चिन्वन्ति (वे चुनते हैं) से चिन्वत् (चुनता हुआ) ५ वें गणवाले आप्नुवन्ति (वे पाते हैं) से आप्नुवत् (पाताहुआ) ६ ठे गणवाले तुदन्ति (वे मारते हैं) से तुदत् (मारता हुआ) ७ वें गणवाले रुन्धन्ति (वे रोकते हैं) से रुन्धत् (रोकताहुआ) ८ वें गणवाले कुर्वन्ति (वे करते हैं) से कुर्वत् (करताहुआ) ९ वें गणवाले पुनन्ति (वे पवित्र करते हैं) से पुनत् (पवित्र करताहुआ)

५२५ वां सूत्र

निमृत और संज्ञासम्बन्धी क्रियाओं में भी यिही सूत्र काम आता है जैसे प्रे-
णार्थक बोधयन्ति (वे जताते हैं) से (४७१ वां सूत्र देखो) बोधयत् (जताता
हुआ) इच्छार्थक बुबोधिषन्ति से (४९९ वां सूत्र देखो) बुबोधिषत् (जताया
चाहताहुआ) दित्सन्ति से (५०३ रा सूत्र देखो) दित्सत् (दियाचाहताहुआ)
अधिकतार्थक चेक्षिपति [बुहु फेंका करता है या बहुत फेंकता है] से चेक्षिपत् [
फेंकाकरताहुआ या बहुत फेंकताहुआ] संज्ञासम्बन्धी कृष्णन्ति (वे कृष्ण के अनु-
सार चलते हैं) से कृष्णत् (कृष्ण के अनुसार चलताहुआ) तपस्यन्ति [वे तप क-
रते हैं] से तपस्यत् (तप करताहुआ)

१ ली शाखा

२६१ वें सूत्र की ३ री शाखा में जो बात बताई है उस के अनुसार थोड़े द-
शन्तों में कर्मणिवाच्यक्रिया परस्मैपद वाली वर्तनी ग्रहण करती है और बहुतसी
चौथे गण वाली अकर्मक क्रियाएं (झटका छोड़के) कर्मणिवाच्य के इस रूप के
समान समझी जाती हैं इस से यिह बात निश्चय होती है कि परस्मैपद वाली व-
र्तमान गुणक्रिया कर्म२ कर्मणिवाच्य के अपूर्णपद दृश्य से दृश्यत् (देखा जाता
हुआ) और चि के कर्मणिवाच्य अपूर्णपद चीय से चीयत् (चुनाजाताहुआ)
होसकती है

२ री शाखा

परस्मैपद वाली वर्तमान गुणक्रियाओं की वर्तनी १४१ वें सूत्र में बताई है इस
गुणक्रिया की पहली पांच अथवा सबल वर्तनियां (१३५ वें सूत्र की १ ली शाखा
देखो) वर्तनीसम्बन्धी ९नों गणों में अनुनासिक बनारखती हैं यिह दिखाने के लिए
कि तीसरे गण वाली और थोड़ी दूसरी क्रियाओं को छोड़के (१४१ वें सूत्र की
१ ली शाखा देखो) उन सब गणों में अपूर्णपद अन्त में अन्त् और अत् भी र-
खता है परस्मैपद वाला अधिकतार्थक भी तीसरे गण के लिये जो वर्तनीसम्बन्धी
नियम बनाया है उस के अनुसार अनुनासिक छोड़देता है

आत्मनेपद वाली वर्तमान गुणक्रियाओं के अपूर्णपद की बनावट

(५२६ वां सूत्र)

न्ते के पलटे जो १ ले ४ थे ६ ठे और १० वें गण वाली और निमित्त क्रियाओं के आत्मनेपदवाले वर्तमान अ० व प० का अन्त है (५२७ वां और ५२ वां आगे आनेवाले सूत्र देखो) मान लाने से और अते के पलटे जो दूसरे गण की क्रियाओं के आत्मनेपद वाले वर्तमान अ० व ब० का अन्त है (२३६ वां सूत्र देखो) आन लाने से अपूर्णपद बनताहै जैसे

पचन्ते (पच् १ला ग०) से पचमान (पकाताहुआ) तिष्ठन्ते (स्था १ ला ग०) से तिष्ठमान (खड़ाहोताहुआ) नृत्यन्ते (नृत् ४ था ग०) से नृत्यमान लिम्पन्ते (लिप् ६ ठा ग०) से लिम्पमान

१ ली शाखा

परन्तु ब्रुवते (ब्रू २ रा ग०) से ब्रुवाण (५८ वां सूत्र देखो) निघ्नते (हन् नि के साथ २ रा ग०) से निघ्नान दधते (धा ३ रा ग०) से दधान चिन्वते (चि ५वां ग०) से चिन्वान युञ्जते (युज् ७वां ग०) से युञ्जान कुर्वते (कृ ८वां ग०) से कुर्वाण पुनते (पु ९वां ग०) से पुनान आस् (२ रा ग०) (बैठ) से आसान के पलटे आसीन और शी (२ रा ग०) से अ० व० ब० शेरते होता है (३१५ वां सूत्र देखो) परन्तु वर्तमान गुणक्रिया शयान होती है

वर्णन

देखो आत्मनेपद वाली वर्तमान गुणक्रिया के लिये ठीक प्रत्यय मान आताहै सो म् छूटजाने से आन रहगयाहोगा (५८ वां सूत्र देखो)

५२७वां सूत्र

दसों गण वाली और प्रेरणार्थक क्रियाएं मान चाहती हैं जैसे बोधयन्ते से

बोधयमान परन्तु कभी २ आन भी आता है जैसे दर्शयन्ते से दर्शयान वेदयन्ते से वेदयान चिन्तयन्ते से चिन्तयान पूजयन्ते से पूजयान।

५२८ वां सूत्र

कर्मणिवाच्य इच्छार्थक अधिकतार्थक इत्यादि क्रियाएं आत्मनेपद के लिये मान चाहती हैं जैसे क्रियन्ते (वे कियेजाते हैं) से क्रियमाण (कियाजाताहुआ) ५८ वां सूत्र देखो) दीयन्ते (वे दियेजाते हैं) से दीयमान (दियाजाताहुआ) इच्छार्थक दित्सन्ते (वे दियाचाहते हैं) से दित्समान (दियाचाहताहुआ) जिघांसन्ते (वे माराचाहते हैं) से जिघांसमान (माराचाहताहुआ) अधिकतार्थक बोबुध्यन्ते (वे जाना करते हैं) से बोबुध्यमान (जानाकरताहुआ)

५२९ वां सूत्र

आत्मनेपदवाली वर्तमान गुणक्रियाओं की वर्तनी विशेषणों की वर्तनी के अनुसार है (१८७ वां सूत्र देखो) जैसे १ वि० ए०व० पु० स्त्री० न० पचमानः पचमाना पचमानम्

भूतगुणक्रियाएं

कर्मणिवाच्य भूतगुणक्रियाओं के अपूर्णपदों की बनावट

५३० वां सूत्र

यिह गुणक्रिया सब गुणक्रियाओं से बहुत आती है और बहुत काम की है बहुधा इसका अपूर्णपद स्वर अन्त में रखनेवाले मूलों में और बहुत से व्यञ्जन अन्त में रखनेवाले मूलों में त बढ़ने से बनता है जैसे या (जा) से यात (गयाहुआ) जि (जीत) से जित (जीताहुआ) नी (मार्ग दिखा) से नीत (मार्ग दिखायाहुआ) क्षिप् (फेंक) से क्षिप्त (फेंकाहुआ) कृ (कर) से कृत (कियाहुआ) (८० वें सूत्र का १७ वां प्रत्यय देखो)

परन्तु जो मूल अन्त में ऋ रखता है उस में ण से पलटनेवाला न बढ़ने से (५८ वां सूत्र देखो) जैसे कृ (बखेर) से कीर्ण (बखेराहुआ) [५३१ वां सूत्र देखो]

५३१ वां सूत्र

थोड़े आ ई और ऊ अन्त में रखनेवाले और थोड़े दो व्यञ्जन के पीछे ऐ अन्त में रखनेवाले और द् र् ज् अन्त में रखनेवाले मूलों में से थोड़े और ग् अन्त में रखनेवाला एक (लग्) और एक वा दो च् वा छ् अन्त में रखनेवाले मूल भी [५४१ वां और ५४४ वां सूत्र देखो] त के पलटे न लेते हैं [८० वें सूत्र का २४ वां प्रत्यय और ५१२ वां ५३६ वां ५४० वां इत्यादि सूत्र देखो)

५३२ वां सूत्र

जो मूल अन्त में स्वर रखते हैं सो भविष्यतों में अधिक इ चाहते हैं [३९१ वां ३९५ वां इत्यादि सूत्र देखो] तो भी इस गुणक्रिया में वे इ नहीं चाहते परन्तु मूल में त वा न का बढ़ना चाहते हैं जैसे पा (बचा) से पात (बचायाहुआ) श्रि (आश्रय ले) से श्रित श्रु (सुन) से श्रुत भू (हो) से भूत कृ [कर] से कृत घ्रा [सूंघ] से घ्राण [५८ वां सूत्र देखो] डी (उड़) से डीन दी [बिगड़] से दीन मी [मर] से मीन ली [मिल] से लीन ह्री (लजा) से ह्रीण लू (काट) से लून दु (दुख पा) से दून श्वि [सूज] से शून

१ ली शाखा

परन्तु जब वे इ रखते हैं तब पिछले स्वर को गुण होता है जैसा भविष्यत में जैसे शी (लेट) से शयित पू (पवित्र कर) से पवित और पूत भी और जागृ (जाग) से जागरित

५३३ वां सूत्र

कई अवस्थाओं में मूल का पिछला स्वर पलटजाता है जैसे आ अन्त में रखने वाले कुछ मूल त के पहले आ का इ होना चाहते हैं जैसे स्था (खड़ा हो) से स्थि

त मा (नाप) से मित दरिद्रा (दरिद्री हो) से दरिद्रित

१ ली शाखा

धा (रख) से. हित और दा (दे) से दत्त

वर्णन

देखो जब दत्त के पहले उपसर्ग आते हैं तब पहला द छूट जासकताहै जैसे आत्त पलटे आदत्त (लियाहुआ) के प्रत्त पलटे प्रदत्त (दियाहुआ) के व्यात्त पलटे व्यादत्त (फैलाया हुआ) के नीत्त पलटे निदत्त (देदियाहुआ) के परीत्त पलटे परिदत्त (सौंपाहुआ) के सूत्त पलटे सुदत्त (अच्छा दियाहुआ) के इ और उ दीर्घ होजाते हैं

२ री शाखा

पा (पी) से पीत परन्तु हा (छोड़) से हीन और ज्या (जीर्ण हो) से जीन हा (जा) से हान

३ री शाखा

पीछे आ अन्त में रखनेवाले मूल न और त दोनों चाहते हैं जैसे मा (मूंप) माण और मात वा (बह) से उपसर्ग निर् के साथ निर्वाण और निर्वात श्रा वा (पका) से श्राण वा श्रित

५३४ वां सूत्र

ऋ अन्त में रखनेवाले मूल न के पहले जो ५८ वें सूत्र से ण होजाता है ऋ का ईर् मे पलटना चाहते हैं जैसे तॄ (पार हो) से तीर्ण परन्तु जब कोई ओष्ठ्यध्वनि ही पहले आताहै तब ऋ ऊर् होजाता है जैसे पॄ वा पूर् से पूर्न वा पूर्ण (भरा हुआ)

५३५ वां सूत्र

पै (पूस) से पीन हृ (बुला) से हूत वे (बुन) से उत व्ये (ढांक) से वीत (महाकर) से मित

५३६ वां सूत्र

ऐ अन्त में रखनेवाले मूल म या न के पहले बहुधा ऐ का आ होना चाहते हैं जैसे म्लै (कुम्हला) से म्लान ध्यै (ध्यान कर) से ध्यान (और वेद में धीत) दै (पवित्र कर) से दान धै (छूना) से त्राण या त्रात स्त्यै (मोटा हो) से स्त्यान इत्यादि

१ ली शाखा

परन्तु गै (गा) से गीत मै (बिगाड़) से मीत क्षै (बिगाड़) से क्षाम (५४८ वां सूत्र देखो) श्यै (जम) से शीत या शीन या श्यान स्त्यै (जोड़) से स्त्यान प के साथ (स्तीत या स्तीम)

५३७ वां सूत्र

चार या पांच मूल अन्त में ओ रखते हैं तो (बिगाड़) से सित और सि (बां-ध) से भी सित शो (पैना) से शित या शात दो (बांध) से दित छो (काट) से छात या छित ज्यो (सिखा) से जीन

५३८ वां सूत्र

जो मूल अन्त में व्यञ्जन रखते हैं और पिछले पांच रूपों में इ का बढ़ना चाहते हैं [३९९ वां सूत्र देखो] तो बहुधा उसका बढ़ना कर्मणिवाच्य भूत गुणक्रिया में भी चाहते हैं परन्तु सदा नहीं (५४२ वां सूत्र देखो) और जब इ बढ़ता है तब बहुधा त आताहै न नहीं आताहै जैसे पत् [गिर] से पतित (गिरा हुआ)

१ ली शाखा

जो क्रियाएं होना दीखना बुलायाजाना समझाजाना इत्यादि कर्मणि
क्रियाओं का अर्थ देती हैं सो दो १ ली वि० लेसकती हैं जैसे राजा प्रजापा
स्यात् (राजा प्रजा का पालनेवाला होवे) मानिरानन्दा प्रतिभाति (वृद्ध
दीखती है) ग्रामोऽरण्यं प्रतिभाति (गांव बन दीखता है) राजा धर्म आभिध
(राजा धर्म कहा जाता है)

क्रिया के साथ दूसरी विभक्ति

८४२वां सूत्र

सकर्मक क्रियाएं बहुधा २ री वि० भी चाहती हैं जैसे विश्वं ससर्ज वेधा (ब्र
ने विश्व को उत्पन्न किया) पुष्पाणि चिनोति नारी (नारी फूल चुनती है) प्रा
न् जहौ मुमूर्षुः (मरना चाहनेवाले ने प्राण को छोड़ा) मधु पतंगेत् (वृद्ध मदरा
वर्जित जाने) सत्यं ब्रूहि (सच बोल)

१ ली शाखा

जो क्रियाएं बोलने वा बात करने का अर्थ देती हैं सो दूसरी विभक्ति चाहती
जैसे तम् अब्रवीत् (उसको उसने कहा) इति उवाच फाल्गुनम् (वृद्ध अर्जुन
को बोला)

कुले वयम् ॥ (जबतक देवता मेरु पर स्थित जबतक पृथिवी के तले पर गङ्गा जबतक चन्द्र और सूर्य आकाश में तबतक हम ब्राह्मण के कुल में) १ ले ३ रे और ४ थे वाक्य में किरा (हैं) और २ रे वाक्य में (है) छिपीहुई हैं सो प्रसङ्ग से जानपड़ती हैं । परिच्छेदः पाण्डित्यम् (विवेक पण्डिताई है)

स्वाधीन ७ वीं और ६ ठी विभक्ति

८४८वां सूत्र

७वीं विभक्ति बहुधा गुणक्रियाओं के साथ स्वाधीन रीति से आती है जैसे तस्मिन् जीवति जीवामि मृते तस्मिन् म्रिये पुनः (उस के जीतेहुए मैं जीता हूं फिर उसके मरतेहुए मैं मरता हूं) अवसन्नायां रात्रौ (रात अन्त होतेहुए वा अन्त होतीहुई रात में) ज्येष्ठे भ्रातरि अनूढे (बड़ा भाई कुवाराहोतेहुए) असति उपायान्तरे (दूसरा उपाय नहीं होतेहुए) तथा सति (वैसा होतेहुए) कभी२ गुणक्रिया छोड़दीजाती है जैसे दूरे भये (दूरभय में अर्थात् भय दूर होतेहुए) जब कर्मणिवाच्य भूत गुणक्रिया स्वाधीन रीति से किसी संज्ञा के साथ ७वीं विभक्ति में आती है तब अस् (हो) की वर्तमान गुणक्रिया बहुधा बढ़ाईजाती है जैसे तथा कृते सति वा तथा अनुष्ठिते (ऐसा कियेजातेहुए)*

टीका

* सति बढ़ाने से यिह अभिप्राय जानपड़ता है कि यिह बात दिखाईजावे कि कर्मणिवाच्य गुणक्रिया यहां गुणक्रिया की रीति से आती है भूतकाल होके नहीं आती ऐसे ही टीकाओं में भी किसी२ शब्द के पीछे सति आता है जैसे आगच्छति के पीछे भी यिह दिखाना है कि यिह भूतगुणक्रिया की एकवचनवाली ७ वीं वि॰ है सो वर्तमानकाल के प्र॰ ए॰ व॰ से अलग है

६ठी भाषा

६ ठी वि॰ स्वाधीन रीति से बहुत नहीं आती है जैसे आपदाम् आपतन्तीनाम् (पड़तीहुई आपदाओं का) पश्यतां नराणाम् (देखते हुए लोगों का)

७ वीं भाषा

कुले वयम् ॥ (जबतक देवता मेरु पर स्थित जबतक पृथिवी के तले पर गङ्गा जबतक चन्द्र और सूर्य आकाश में तबतक हम ब्राह्मण के कुल में), १ ले ३ रे और ४ थे वाक्य में क्रिया (हैं) और २ रे वाक्य में (है) छिपीहुई हैं सो प्रसङ्ग से जानपड़ती हैं। परिच्छेदः पाण्डित्यम् (विवेक पण्डिताई है)

स्वाधीन ७ वीं और ६ ठी विभक्ति

८४८ वां सूत्र

७वीं विभक्ति बहुधा गुणक्रियाओं के साथ स्वाधीन रीति से आती है जैसे तस्मिन् जीवति जीवामि मृते तस्मिन् म्रिये पुनः (उस के जीतेहुए मैं जीता हूं फिर उसके मरते हुए मैं मरताहूं) अवसन्नायां रात्रौ (रात अन्त होतेहुए वा अन्त होतीहुई रात में) ज्येष्ठे भ्रातरि अनूढे (बड़ा भाई कुवाराहोतेहुए) असति उपायान्तरे (दूसरा उपाय नहीं होतेहुए) तथा सति (वैसा होतेहुए) कभी २ गुणक्रिया छोड़दीजाती है जैसे दूरे भये (दूर भय में अर्थात् भय दूर होतेहुए) जब कर्मणिवाच्य भूत गुणक्रिया स्वाधीन रीति से किसी संज्ञा के साथ ७वीं विभक्ति में आती है तब अस् (हो) की वर्तमान गुणक्रिया बहुधा बढ़ाईजाती है जैसे तथा कृते सति वा तथा अनुष्ठिते (ऐसा कियेजातेहुए)+

टीका

+ सति बढ़ाने से यिह अभिप्राय जानपड़ता है कि यिह बात दिखाईजावे कि कर्मणिवाच्य गुणक्रिया यहां गुणक्रिया की रीति से आती है भूतकाल होके नहीं आती ऐसे ही टीकाओं में भी किसी २ शब्द के पीछे सति आता है जैसे आगच्छति के पीछे सो यिह दिखाता है कि यिह भूतगुणक्रिया की एकवचनवाली ७ वीं वि० है सो वर्तमानकाल के अ० ए० व० से अलग है

१ ली शाखा

६ ठी वि० स्वाधीन रीति से बहुत नहीं आती है जैसे आपदाम् आपतन्तीनाम् (पड़तीहुई आपदाओं का) पश्यतां नराणाम् (देखते हुए लोगों का)

२ री शाखा

८४३वां सूत्र

ऐसे ही चलने का अर्थ रखनेवाली क्रियाएं जैसे गच्छति तीर्थं मुनिः (मुनि तीर्थ को जाताहै) नद्यः समुद्रं द्रवन्ति (नदियां समुद्र को दौड़ती हैं) भ्रमति महीम् (वुह पृथ्वी पर फिरताहै)

८४४ वां सूत्र

चलने का अर्थ रखने वाली क्रियाएं बहुधा संज्ञाओं के साथ दूसरी क्रियाओं का अर्थ देती हैं जैसे ख्यातिं याति (वुह ख्याति को जाता है अर्थात् विख्यात होताहै) समताम् एति (वुह समता को जाताहै अर्थात् समान होताहै) तयोः मित्रताम् आजगाम (वुह उन दो की मित्रता को आया अर्थात् उन दो का मित्र हुआ) पञ्चत्वं गतः (वुह पञ्चत्व को गया अर्थात् वुह मरा) नृपतिं तुष्टिं नयति (वुह राजा को प्रसन्नता पर लेजाता है अर्थात् प्रसन्न करता है) इत्यादि

१ ली शाखा

ये आगे दूसरे दृष्टान्त लिखे जाते हैं अन्येषां पीडां परिहरति (वुह दूसरों की पीडा हरता है) अप्राप्यम् इच्छति (वुह न मिलनेवाली वस्तु को चाहताहै) विद्यां चिन्तयेत् (वुह विद्या को सोचे) अश्वम् आरोहति (वुह घोड़े पर चढ़ताहै) कर्माणि आरेभिरे (उन्हों ने काम आरम्भ किए) गतान् मा शुचः (गएहुओं को मत सोच) सर्वलोकाधिपत्यम् अर्हति (वुह सब लोक के स्वामी पने को योग्य होताहै) पर्वतकन्दरम् अधिशेते (वुह पहाड़ की कन्दरा में सोताहै) गां क्षीरं पिबन्तीं न निवारयेत् (वुह दूध पीती हुई गाय को न रोके)

८४५वां सूत्र

कई क्रियाएं ऐसीहैं कि अपने मूल से निकलीहुई संज्ञा को २री वि० में अधिक लेती हैं जैसे शपथं शेपे (उसने शपथ की) वसति वासम् (वुह रहताहै) वर्तते वृत्तिम् (वुह अच्छी चाल रखता है) वाक्यं वदति (वुह बात बोलताहै) जीविकां जीवति (वुह जीता है) नदति नादम् (वुह नाद करता है)

र्थात् घोड़े पर जाता है) मार्गेण गच्छति (वुह मार्ग से अर्थात् मार्ग में वा मार्ग पर जाता है) शस्यक्षेत्रेण गच्छति (वुह नाज के खेत से अर्थात् नाज के खेत में होके जाता है) पुप्लुवे सागरं नौकया (उसने समुद्र को नाव से पार किया) ऐसे ही सुस्राव नयनैः सलिलम् (जल नेत्रों से बहा)

१ ली शाखा

यिह विभक्ति लेजाना रखना इत्यादि अर्थवाली क्रियाओं के साथ उस स्थान के अनुसार आती है जिसमें वा जिसपर किसी को लेजाते हैं वा रखते हैं जैसे वहति मूर्ध्ना इन्धनम् (वुह माथे से अर्थात् माथे पर ईंधन को लेजाता है) कुक्कुरः स्कन्धेन उह्यते (कुत्ता कांधे से अर्थात् कांधे पर उठाया जाता है) कृ इस विभक्ति के साथ रखने के अर्थ में आता है जैसे शिरसा पुत्रम् अकरोत् (उसने पुत्र को सिर से अर्थात् सिर पर रखा)

ये आगे दूसरे दृष्टान्त हैं शिष्येण गच्छति गुरुः (गुरु शिष्य करके अर्थात् शिष्य के साथ जाता है) मन्त्रयामास मन्त्रिभिः (उसने मन्त्रियों से मन्त्र लिया) परन्तु इस अर्थ में विभक्ति के पीछे बहुधा सह आता है भर्ता भार्यया सङ्गच्छति (भर्ता भार्या से मिलता है) संयोजयति रथं हयैः (वुह रथ को घोड़ों से जोतता है अर्थात् रथ में घोड़े जोतता है) युध्यते शत्रुभिः (वुह शत्रुओं से लड़ता है) अर्थात् शत्रुभिः सह (शत्रुओं के साथ) इत्यादि वैरं न केनचित् सह कुर्यात् (वैर किसी के साथ न करे) मां दोषेण परि शंकते (वुह मुझ को दोष से शंकित करता है)

८५९वां सूत्र

प्रभुता दिखाना इत्यादि अर्थ वाली क्रियाएं ३ री वि॰ चाहती हैं जैसे विद्यया विकत्थसे (तू विद्या की प्रभुता दिखाता है) परेषां यशसा श्लाघसे (तू दूसरों के यश से बड़ाई करता है)

१ ली शाखा

शपथ करने के अर्थवाली भी जैसे धनुषा शेपे (उसने धनुष से अर्थात् धनुष की

८१७वां सूत्र

प्रेरणार्थक क्रियाएं भी दो कर्म चाहतीं हैं जैसे अतिथिं भोजयति अन्नम् (वुह अतिथ को अन्न खिलाता है) (पा० १, ४, ५२) त्वां बोधयामि यत् ते हितम् (में तुझ को समझाता हूं जो तेरे लिये हित है) शिष्यं वेदान् अध्यापयति गुरुः (गुरु शिष्य को वेद सिखाता है) तां गृहं प्रवेशयति (वुह उस को घर को लेजाता है) फलपुष्पोदकं ग्राहयामास नृपात्मजम् (उस ने राजा के पुत्र को फल फूल जल दिये) पुत्रम् अङ्कम् आरोपयति (वुह पुत्र को गोद में लेताहै) विद्या नरं नृपं सङ्गमयति [विद्या नर को राजा के साथ मिलाती है

क्रिया के साथ तीसरी विभक्ति

८२८वां सूत्र

प्रत्येक क्रिया काम का कर्ता करण कारण या प्रकार दिखाने को ३ री विभक्ति चाहसकती है जैसे पुष्पं वातेन म्लायति (फूल वायु से अर्थात् वायु के कारण से कुम्हलाता है) अक्षैः क्रीडति (वुह पासे से खेलता है) मेघोऽग्निं वर्षैर् निर्वापयति (मेघ अग्नि को वर्षा से बुझाताहै) सुखेन जीवति (वुह सुख से जीताहै) ८६५ वां सूत्र देखो)

१ ली शाखा

इस अर्थ में बहुत से प्रेरणार्थक ३ री विभक्ति चाहते हैं जैसे तां मिष्टान्नैर् भोजयामास (उसने उसको मिठाई खिलाई) पक्षिभिः पिण्डान् खादयति (वुह पक्षियों से अर्थात् पक्षियों को पिण्ड खिलाता है) (८३७ वां सूत्र देखो)

८४९वां सूत्र

जाने के अर्थवाली क्रियाओं के साथ उस वाहन के वा उस स्थान के अनुसार विह विभक्ति आती है जिसपर वा जिस में जाना होता है जैसे रथेन प्रयाति (वुह रथ से अर्थात् रथ पर या रथ में जाता है) अश्वेन सञ्चरति (वुह घोड़े से अ-

दय (कन्या उसको दे) विशेषकरके इस अर्थ में ७ वीं विभक्ति आवी है (८६१ वां सूत्र देखो)

१ली शाखा

४थीविभक्ति के दूसरे दृष्टान्त ये हैं तेषां विनाशाय प्रकुरुते मनः (वुह उन के विनाश के लिए मन करताहै) गमनाय मतिं दधौ (उसने जाने के लिये मति रखी) अथवा ७ वीं विभक्ति जैसे तन् मह्यं रोचते (वुह मुझ को अच्छा लगताहै) शिष्येभ्यः प्रवक्ष्यामि तत् (मैं उस को शिष्यों से कहूंगा) सर्वं राज्ञे विज्ञापयति (वुह सब राजा को जनाताहै) अमृतत्वाय कल्पते (वुह नमरने के लिये योग्य है) विभवति मम वधाय (वुह मेरे वध के लिये शक्तिवान होता है) तान् मातुर् वधाय अचोदयत् (उसने उन को मा के वध के लिये प्रेरणा की) पुत्राय क्रुध्यति (वुह पुत्र पर क्रोध करता है) इयं मांसपेशी जाता पुत्रगताय (यिह मांस का लोंदा सौ पुत्र के लिए उत्पन्न हुआ) नाशंसे विजयाय (वुह विजय के लिये आशा न रखता था)

क्रिया के साथ ५वीं विभक्ति

८५४वां सूत्र

सब क्रियाएं उस वस्तु वा पुरुष को ५ वीं विभक्ति में चाहती हैं जिस में कुछ निकलता है वा अलग होता है जैसे भ्रश्यति वृक्षात् पत्रम् (पत्ता पेड़ से गिरता है) रुधिरं स्रवति गात्रात् (रुधिर गात्र से बहता है) आसनाद् उत्तिष्ठति (वुह आसन से उठताहै) मृत्पिण्डतः (७१९ वां सूत्र देखो) कर्ता कुरुते यद्यद् इच्छति (मिट्टी के पिण्ड से बनानेवाला जो जो चाहता है बनाता है) विनयाद् याति पात्रताम् (वुह विनय से योग्यता में जाता है) निर्जगाम नगरात् (वुह नगर से निकला)

८५५वां सूत्र

डरने का अर्थ रखनेवाली क्रियाएं ५ वीं विभक्ति चाहतीं हैं और कभी ६ठी विभक्ति जैसे साधुर् न तथा मृत्योर् बिभेति यथा अनृतात् (साधु मृत्यु से ऐसा न-

शपथ की)

२ री शाखा

सोचने विचारने के अर्थ वाली जैसे मनसा विचिन्त्य (मन में सोचके)

३ री शाखा

सदृशता वा समानता का अर्थ रखनेवाली जैसे जटाकया उपमीयते प्रमदा (प्रमदा आँख से सदृश की जाती है)

८५१वां सूत्र

किसी वस्तु से छूटने वा अलग होने का अर्थ रखने वाली क्रियाएं कभी ३ री वि० चाहती हैं जैसे सर्वपापैः प्रमुच्यते (वुह सब पापों से छूटता है) देहेन वियुज्यते (वुह देह से छूटता है) बहुधा ऐसी क्रियाएं ५ वीं वि० चाहती हैं

८५२वां सूत्र

मोल लेने और देने का अर्थ रखनेवाली क्रियाएं मोल को ३ री विभक्ति में चाहती हैं जैसे सहस्रैर् अपि मूर्खाणाम् एकं क्रीणीष्व पण्डितम् (मूर्खों के सहस्रों से भी अर्थात् कई सहस्र मूर्खों से भी एक पण्डित को मोल ले) गवां सहस्रेण गृहं विक्रीणीते (गायों के सहस्र से अर्थात् सहस्र गायों से वुह घर मोल लेता है)) क्रीणीष्व तद् दशभिः सुवर्णैः (उस को दस सुवर्ण से वा पर मोल ले)

क्रिया के साथ ४थी विभक्ति

८५३वां सूत्र

जो क्रियाएं कोई वस्तु देने वा सौंपने का अर्थ रखती हैं सो जो वस्तु देते वा सौंपते हैं उस को दूसरी विभक्ति में चाहती हैं और जिस पुरुष को देते वा सौंपते हैं उसको ४ थी विभक्ति में चाहती हैं परन्तु बहुधा उसको ६ ठी और ७ वीं विभक्ति में भी चाहती हैं (८५० वां सूत्र देखो) जैसे पुत्राय मोदकान् ददाति (वुह पुत्र को मोदक देता है) विप्राय गां प्रतिशृणोति (वुह विप्र को गाय देनी कहता है) देवदत्ताय धनं धारयति (वुह देवदत्त का धन देना रखता है) कन्यां तस्मै प्रति पा-

जैसे निक्षेपं मम समर्पयति [वुह मुझको बन्धक सौंपता है] अथवा विश्वास् का अर्थ रखनेवाली क्रियाओं के साथ जैसे न कश्चित् स्त्रीणां श्रद्दधाति (स्त्रियों का अर्थात् स्त्रियों में कोई विश्वास नहीं करता) और २री वि० के पलटे आतीहै ऐसे दृष्टान्तों में जैसा यिह है अचिन्तितानि दुःखानि आयान्ति देहिनाम् (नहीं सोचेहुए दुख देह रखनेवालों (के) को आते हैं)

८५१वां सूत्र

यिह कभी २ डरने का अर्थ रखने वाली क्रियाओं के साथ आतीहै जैसे तस्य किं न भेष्यसि (तू उससे क्यों नहीं डरेगा) (८५५वां सूत्र देखो) और अभिलाषा इच्छा और ईर्षा का अर्थ रखनेवाली क्रियाओं के साथ भी जैसे अवमानस्य आकांक्षेत् (वुह अपमान चाहे) स्पृहयामि पुरुषाणां सचक्षुषाम् (मैं आंख वाले पुरुषों से ईर्षा रखता हूं, स्मर्ण करने का अर्थ रखने वाली क्रियाओं के साथ भी जैसे दिवो न स्मरन्ति (वे आकाश का स्मर्ण नहीं करते) किरात ५. २८)

१ ली शाखा

छठी विभक्ति चाहनेवाली क्रियाओं के दूसरे दृष्टान्त जैसे अजानताम् अस्माकं व्यापय कस्य अस्ति भार्या (हम नजाननेहुओं को समझा तू किसकी भार्या है) कस्य (पलटे कस्मात् के) बिभ्यति धार्मिका (धरम वाले किससे डरते हैं) यद् अन्यस्य प्रतिजानीते न तद् अन्यस्य दद्यात् (जो दूसरे का जाने सो दूसरे को न देवे) मम न शृणोति (वुह मुझको वा मेरी नहीं सुनता) मम स्मर (मुझको वा मेरा स्मर्ण कर) वा २री वि० के साथ अस्माकं मृत्युः प्रभवति (हमारी वा हमको मृत्यु आतीहै) अग्निर् न तृप्यति काष्ठानाम् (अग्नि काष्ट से नहीं तृप्त होती) तेषां क्षमेथाः (उनको क्षमा कर) किं मया तस्य अपराद्धम् (क्या मुझ से उसका अपराध)

क्रिया के साथ ७वीं विभक्ति

८६०वां सूत्र

यिह विभक्ति बहुत आती है परन्तु जैसा आगे बताचुके हैं ३ री और ६

[illegible]) ग्रामात् निर्गत (गाँव में से गया) [illegible] ([illegible] में [illegible] है) [illegible] में [illegible] ([illegible] से [illegible] है) ८५१ वाँ सूत्र देखो)

८५१ वाँ सूत्र

अपादान का अभिप्रायवाली क्रियाएं ५ वीं विभक्ति चाहती हैं जैसे चापलात् कामानां परित्यागो विशिष्यते (कामों के पाने से छोड़ना विशेषता रखता है)

१ ली धारा

५ वीं विभक्ति चाहनेवाली क्रियाओं के दूसरे दृष्टान्त ये हैं प्रासादात् अवरोहति (वुह मन्दिर से उतरता है) विष्णुः स्वर्गात् अवतरत् (विष्णु स्वर्ग से उतरा) कनकसूत्रम् स्कन्धात् अपनयति (वुह सोने का डोरा अंस से उतारता है) निवर्तते पापात् (वुह पाप से छूटता है) वचनात् विरराम (वुह बोलने से ठहरा) नरकात् पितरं त्रायते पुत्रो धार्मिकः (धर्मवाला पुत्र पिता को नर्क से बचाता है) अश्वमेधसहस्रात् सत्यम् अतिरिच्यते (सत्य सहस्र अश्वमेध से ऊपर है) स्वहितात् प्रमाद्यति (वुह अपने हित से चूकता है) मित्रम् अकुशलात् निवारयति (वुह मित्र को अपाप से रोकता है)

क्रिया के साथ छठी विभक्ति

८५७ वां सूत्र

संस्कृत में ६ ठी विभक्ति सदा ४ थी और ७ वीं विभक्ति से बदल जाती और ३ री विभक्ति से भी पलटसकती है परन्तु बहुतकरके यह ४ थी विभक्ति के पलटे बहुत आती है ऐसा कि जिस को कुछ देते हैं या सौंपते हैं उसको सब क्रियाएं ६ ठी और ४ थी विभक्ति में चाहती हैं जैसे दरिद्रस्य धनं ददाति (वुह दरिद्री को धन देता है) उपकुरुते परेषाम् (वुह दूसरों का भला करता है)

८५८ वां सूत्र

यिह सौंपने का अर्थ रखनेवाली क्रियाओं के साथ ४ थी वि० के पलटे आसकती है

जैसे निक्षेपं मम समर्पयति (वुह मुझको धन्धक सौंपता है) अथवा विश्वास् का अर्थ रखनेवाली क्रियाओं के साथ जैसे न कश्चित् स्त्रीणां श्रद्दधाति (स्त्रियों का अर्थात् स्त्रियों में कोई विश्वास नहीं करता) और २री वि० के पलटे आतीहै ऐसे दृष्टान्तों में जैसा यिह है अचिन्तितानि दुःखानि आयान्ति देहिनाम् (नहीं सोचेहुए दुख देह रखनेवालों (के) को आते हैं)

८५९वां सूत्र

यिह कभी २ डरने का अर्थ रखने वाली क्रियाओं के साथ आतीहै जैसे तस्य किं न भेष्यति (तू उससे क्यों नहीं डरेगा) (८५५वां सूत्र देखो) और अभिलाषा इच्छा और ईर्षा का अर्थ रखनेवाली क्रियाओं के साथ भी जैसे अवमानस्य आकांक्षेत् (वुह अपमान चाहे) स्पृहयामि पुरुषाणां सचक्षुषाम् (मैं आंख वाले पुरुषों से ईर्षा रखता हूं, स्मर्ण करने का अर्थ रखने वाली क्रियाओं के साथ भी जैसे दिशो न स्मरन्ति (वे आकाश का स्मर्ण नहीं करते) किरात ५. २८)

१ ली शाखा

छठी विभक्ति चाहनेवाली क्रियाओं के दूसरे दृष्टान्त जैसे अजानताम् अस्माकं व्यापय कस्य असि भार्या । हम नजाननेहूओं को समझा तू किसकी भार्या है, कस्य (पलटे कस्मात् के) बिभ्यति धार्मिका (धर्म वाले किससे डरते हैं) यद् अन्यस्य प्रतिजानीते न तद् अन्यस्य दद्यात् (जो दूसरे का जाने सो दूसरे को न देवे) मम न शृणोति (वुह मुझको वा मेरी नहीं सुनता) मम स्मर. (मुझको वा मेरा स्मर्ण कर) वा २री वि० के साथ अस्माकं मृत्युः प्रभवति (हमारी वा हमको मृत्यु आतीहै) अग्निर् न तृप्यति काष्ठानाम् (अग्नि काठ से नहीं तृप्त होती) तेषां क्षमेथाः (उनको क्षमा कर) किं मया तस्य अपराद्धम् (क्या मुझ से उसका अपराध)

क्रिया के साथ ७वीं विभक्ति

८६०वां सूत्र

यिह विभक्ति बहुत आती है परन्तु जैसा आगे बताते हैं ४ थी और ६

ठी वि० से वहुत पलट सकती है इसका पहला अर्थ चाहताहै कि यिह उन किया ओं के साथ आवे जो उस समय और स्थान से सम्बन्ध रखती हैं जिसमें वा जिस पर कोई काम कियाजाताहै जैसे पंके मज्जति (वुह कीचड़ में डूबता है) पुरे वसति (वुह पुर में रहताहै) रणमूर्ध्नि तिष्ठति (वुह रण के मस्तक पर खड़ा होताहै) सूर्योदये प्रबुध्यते (वुह सूर्य उदय होने पर जागता है)

८६१वां सूत्र

काम का एक से दूसरे स्थान में जाना स्वभाविक है इसलिए ७वीं वि० उसका स्थान होती है जिसको कुछ दिया वा सौंपा जाता है जैसे इन दृष्टान्तों में मा प्रयच्छ ईश्वरे धनम् (सामर्थ में अर्थात् सामर्थ को धन मत दे) तस्मिन् कार्याणि निक्षिपामि (मैं उसपर अपने काम डालताहूं) पुत्रे अंगुरीयकं समर्पयति (वुह पुत्र में अर्थात् पुत्र को अंगूठी सौंपता है) योग्ये सचिवे न्यस्यति राज्यभारम् (वुह योग्य मन्त्री पर राज का भार रखता है) राज्ञि वा राजकुले निवेदयति (वुह राजा में वा राज कुल में अर्थात् राजा से वा राजकुल से निवेदन करताहै) नलेवद (नल में अर्थात् नल को कह)

१ ली शाखा

प्रेतं भूमौ निदध्यात् (वुह मरे हुए को पृथ्वी में रखे) धर्मे मनो दधाति (वुह धर्म में मन रखता है) इस अर्थ में कृ भी आसकताहै जैसे पृष्ठे इन्धनम् अकरोत् (उसने पीठ पर ईंधन रखा) मतिं पापे करोति (वुह पाप में मति रखता है)

८६२वां सूत्र

जव दा (दे) रखने का अर्थ देताहै तव इसी अनुमान पर आताहै जैसे तस्य पुच्छाग्रे हस्तं देहि (उसकी पूंछ के आगे हाथ दे वा रख) भस्मचये पदं ददौ (उसने राख के ढेर पर पांव दिया वा रखा) ऐसे ही वस्त्राञ्चले धृतोऽस्ति (वुह वस्त्र के अञ्चल में अर्थात् अञ्चल से बांधा गया) ऐसे ही वे क्रियाएं चाहती हैं जो पकड़ने वा मारने का अर्थ देती हैं जैसे केशेषु गृह्णाति वा आकृषति (वुह वाल में

अर्थात् बाल से पकड़ता है या खैंचता है) सुप्तं प्रहरति (वुह सोए हुए में या सोए हुए को मारता है) गृहीत्वा तं दक्षिणे पाणौ (उसको दाहिने हाथ में अर्थात् दाहिने हाथ से पकड़कर)

८६३ वां सूत्र

७ वीं विभक्ति बहुधा ४ थी विभक्ति के पलटे आती है उन वाक्यों में जिनमें ४थी विभक्ति भाववाचक के पलटे आती है जैसे भर्तुर् अन्वेषणे त्वरस्व (भर्ता के ढूंढने में (ढूंढने के लिए) शीघ्रता कर) नलस्य आनयने यतस्व (नल के लाने में यत्न कर) न शेकुस् तस्य धनुषो ग्रहणे (वे उस के धनुष के उठाने में नहीं शक्तिवान हुए) न शक्तोऽभवन् निवारणे (वुह रोकने में शक्तिवान नहीं हुआ)

१ ली शाखा

दूसरे दृष्टान्त ये हैं उग्रे तपसि वर्तते (वुह भारी तप में रहता है) पार्कार्येषु मा व्यापृतो भूः (पराये काम में मत लग) विषयेषु सज्यते (वुह विषयों में तत्पर होता है) सर्वलोकहिते रमते (वुह सब लोक के हित में प्रसन्न होता है) दुर्गाधिकारे नियुज्यते (वुह गढ़ के अधिकार पर नियत होता है) द्वौ वृषभौ धुरि नियोजयति (वुह दो बैलों को धुरि में जोड़ता है) सेनापत्ये अभिषिञ्च माम् (सेनापति के काम पर मुझको अभिषेचन कर) यतते पापनिग्रहे (वुह पाप को दबाने में यत्न करता है) कोपम् तेषाम् आसीन् नृपे (उनका कोप राजा पर हुआ) परीक्षां कुरु बाहुके (बाहुक में अर्थात् बाहुक की परीक्षा कर) आधास्ये त्वयि दोषम् (मैं तुझ पर दोष रक्खूंगा) वरयस्व तं पतित्वे (उसको पति होने पर स्वीकार कर) देवा अमृते प्रयत्नो बभूवुः (देवता अमृत पर यत्नवान हुए)

२ री शाखा

न मद्विधे युज्यते वाक्यम् ईदृशम् (मुझ जैसे में ऐसा वाक्य योग्य नहीं होता है) सर्वं त्वयि प्रयुज्यते (सब कुछ तुझ में योग्य होता है) आसने उपाविशत् (वुह आसन पर बैठा) इत्याम् आसन्व (तू यहां पर बैठ) गत्वा विश्वामित्रे (वुह वि-

न्त्रओं में विश्वास करता है) चरणयोः पतति (वुह चरणों पर वा चरणों में पड़ताहै) लुठति पादेषु (वुह पांवों में लोटता है)

टीका

× आसस्व पौराणिककाव्य सम्बन्धी रूप है आस्स्व या आस्व के पलटे

विभक्ति का पलटना एकही क्रिया के साथ

८६४वां सूत्र

कभी एक ही क्रिया दो विभक्ति लेती है जैसे विधुरो धृतराष्ट्राय कुन्ती च गान्धार्याः सर्वं न्यवेदयेताम् (विधुर ने धृतराष्ट्र को और कुन्ती ने गांधारी का अर्थात् को सब जताया) अस्त्रशिक्षा ३४) इस वाक्य में एक ही क्रिया ४ थी और ६ठी विभक्ति लेती है ऐसे ही हितोपदेश में जैसे शृङ्गिणां विश्वासो न कर्त्तव्यः स्त्रीषु च (सींगवालों का विश्वास नहीं करना चाहिए और स्त्रियों में अर्थात् स्त्रियों का)

३ री विभक्ति कर्मणिवाच्य क्रियाओं के साथ

८६५वां सूत्र

इस भाषा की वाक्यरचना में कर्मणिवाच्य क्रिया के साथ ३ री वि० बहुत आती है और बताने के योग्य है ये क्रियाएं अपने कर्ता करण या कारण को ३ री वि० में चाहती हैं + और वचन और पुरुष में कर्म के सदृश होती हैं जैसे वातेन रज उद्धूयते (वायु से धूल उठाई जाती है वा उठती है) तेन सर्वद्रव्याणि सन्निक्षिप्यन्ताम् (उससे सब द्रव्य उपस्थित किएजावें) इषुभिः आदित्योऽन्तर्धीयत (बाणों से सूर्य छिपायागया)

टीका

+ थोड़े दृष्टान्त ऐसे हैं जिनमें कर्ता ३ री वि० के पलटे ६ ठी वि० में आताहै जैसे मम कृतं पापम् (मेरा कियाहुआ पाप या मुझ से कियाहुआ पाप) यहां मम मया के पलटे आयाहै

सके अन्त तुम् से जानपड़ताहै

१ ली शाखा

दूसरी भाषाओं में भाववाचक उद्देश और विधेय होसकताहै अर्थात् कर्ता और कर्म होसकताहै परन्तु संस्कृत में यिह न कभी उद्देश होसकताहै न कर्मी विधेय और केवल अनियत समय और अपूर्ण काम दिखासकताहै और जब आताहै तब किसी प्रकट या गुप्त क्रिया का विधेय समझाजाता है न उद्देश जब यिह क्रिया का विधेय होवे तब इसको क्रियासम्बन्धी संज्ञा के सदृश समझना चाहिए जो दो विभक्ति का प्रभाव रखती है अर्थात् २ री और ४ थी वि० का और दूसरी संज्ञाओं के सदृश किसी और विभक्ति में नहीं आती केवल २ री विभक्ति में आती है जैसे तत् सर्वं श्रोतुम् इच्छामि (उस सब को सुनना (सुनने को)चाहताहूं) यहां श्रोतुम् २री विभक्ति के सदृश है और आप भी २री विभक्ति को चाहताहै ऐसे ही रोदितुं प्रवृत्ता (वुह रोने लगी) मही जेतुम् आरेभे (वुह पृथ्वी को जीतने लगा) यहां महीजयम् आरेभे (वुह पृथ्वी की जय करने लगा) कहसकते हैं

२ री शाखा

वोपदेव कहता है कि भाववाचक का अन्त प्रत्यय तु की दूसरी विभक्ति है (४५८ वें सूत्र का वर्णन देखो) और यिह बात निश्चित है कि वेद में संज्ञाओं की दूसरी विभक्तियां इसः प्रत्यय के साथ भाववाचक के अर्थ में आसकती हैं जैसे ४ थी विभक्ति तवे वा तवै जैसे हन् से हन्तवे (मारना वा मारने को) अनु इ से अन्वेतवे (पीछे आना वा जाना अथवा आने को वा जाने को) मन् से मन्तवे (सोचना वा सोचने को) एक रूप तोः के साथ भी आता है और बहुधा ५ वीं विभक्ति का अर्थ देताहै जैसे इ से एतोः (जाने से) हन् से हन्तोः जैसे पुराहन्तोः (मारने से पहले) और त्वी के साथ भी आता है सो त्वा वाली अवर्तनीय गुण क्रिया के सदृश होता है जैसे हन् से हत्वी (मारताहुआ वा मारके) भू से भूत्वी (होताहुआ वा होके) वेद में भाववाचक मूल के साथ केवल विधिपूर्वक विभक्ति

सम्बन्धी अन्त बढ़ाने से भी बनसकता है जैसे दूसरी विभक्ति के अर्थ में आ-रुह् से आरुहम् (चढ़ना वा चढ़ने को) आ-सद् से आसदम् (बैठना वा बैठने को) ४थी विभक्ति के अर्थ में आ-धृष् से आधृषे (दबाने के लिए) सं-चक्ष् से संचक्षे (देखने के लिए) ५वीं विभक्ति के अर्थ में जैसे अव-पद् से अवपदः (गिरने से) भाववाचक जो मूल अन्त में आ रखतेहैं उनके आ को ऐ के साथ पलटने से भी बनाएजातेहैं जैसे प्र-या से प्रयै (पास आने को) अथवा मूलों के पीछे से बढ़ाने से जो ये होजाताहै जैसे जि से जिये (जीतना वा जीतने को) अथवा असे बढ़ाने से जैसे जीव् से जीवसे (जीना वा जीने को) अथवा अध्ये जैसे भृ से भरध्ये (उठाना वा उठाने को) यज् से यजध्ये (यज्ञ करना वा यज्ञ करने को) इत्यादि

८६८वां सूत्र

परन्तु संस्कृत भाववाचक बहुतकरके वह अर्थ देता है जो बहुधा संस्कृत में ४थी विभक्ति देती है अर्थात् लिए वा निमित्त का जैसे शावकान् भक्षितुम् आगच्छति (वह पक्षियों के बच्चों को खाने के लिये आता है) शत्रून् योद्धुं सैन्यं प्राहिणोत् (उसने शत्रु से लड़ने के लिए सेना भेजी)

१ली शाखा

इन अवस्थाओं में संस्कृत में भाववाचकों के बदले क्रियासम्बन्धी संज्ञाओं की ४थी विभक्ति जो प्रत्यय अन लगने से बनती हैं लाना शुद्धता से विरुद्ध नहीं है जैसे भक्षणाय (खाने के लिए) बदले भक्षितुम् के योधनाय (लड़ने के लिए) बदले योद्धुम् के ये आगे दूसरे दृष्टान्त हैं जिनमें भाववाचक ४ थी विभक्ति की शक्ति रखता है और काम का हेतु दिखाता है पानीयं पातुं नदीम् अगमत् (वह पानी पीने को नदी पर गया अर्थात् पानी पीने के हेतु से) मम बन्धनं छेत्तुम् उपसर्पति (वह मेरा बन्धन काटने को आता है) मां त्रातुं समर्थः (वह मुझे बचाने को समर्थ) पाशान् संहर्तुं यत्नो यभूत् (वह फन्दे इकट्ठे करने को यत्न करनेवाला हुआ)

२ री शाखा

प

अच्छे२ पण्डित कहते हैं कि जो क्रिया भाववाचक के साथ आती है सो कि- सी भिन्न पुरुष से सम्बन्ध रखती है अथवा समानाधि करणे नहीं होती तब भाव- वाचक को नहीं आना चाहिए जैसे तं गन्तुम् आज्ञापय के पलटे तं गमनाय आ- ज्ञापय (उसको जाने के लिए आज्ञा दे) कहना अच्छा जानपड़ताहै,

३ री शाखा

कर्म के पीछे (कि) का अर्थ देने के लिए जैसे अपनी भाषा में कहते हैं पिता सुनके कि दुर्योधन मारागया भाववाचक नहीं आसकता है उसके पलटे संस्कृत में ऐसा कहते हैं हतं दुर्योधनम् श्रुत्वा (मारा हुआ दुर्योधन सुनके)

८६१वां सूत्र

इसलिए यिह भाववाचक एक प्रकार की क्रियासम्बन्धी संज्ञा है जो सकर्मक वा कर्मप्रधान क्रिया का अर्थ लेसकती है जब वुह कर्मप्रधान अर्थात् कर्मणिवाच्यक्रि- या का अर्थ रखता है तब केवल थोड़े शब्दों के साथ आताहै बहुत करके ऐसे जैसे शक् (शक्तिवान हो) और युज् (योग्य हो) और जो शब्द इनसे निसृत होते हैं जैसे त्यक्तुं न शक्यते (वुह छोड़ा नहीं जा सकता) पाशो न छेत्तुं शक्यते (फंदा नहीं काटा जासकता) न शक्याः समाधातुं ते दोषाः (वे दोष उपाय नहीं किएजासकते) श्रोतुं न युज्यते (वुह सुना जाने के योग्य नहीं) छेत्तुम् अयोग्यः (वुह काटाजाने के योग्य नहीं) त्वया न युक्तम् अवमानम् अस्य कर्तुम् (तुझसे उसका अपमान किया जाना योग्य नहीं) कीर्तयितुम् योग्यः (कीर्त कियाजाने के योग्य)

१ ली शाखा

ये आगे इसी के दूसरे दृष्टान्त हैं मण्डपः कारयितुम् आरब्धः (मण्डप बनाया जाने वा बनाने लगा) राज्ये अभिषेक्तुम् भवान् निरूपितः (आप राज पर अभि- षेचन किए जाने के लिए चुने गए) अर्हति कर्तुम् (वुह कियाजाने को योग्य है) कर्तुम् अनुचितम् (कियाजाने के लिए अनुचित) सा मोचयितुं न्याय्या (वुह छो- ड़ीजाने को योग्य है) किम् इदं मार्थितं कर्तुम् (क्या यिह कियाजाने के लिए प्-

होगया) अकर्मक क्रियाओं का भाववाचक कर्मणिवाच्य का अर्थ रखताहै इ
ए यथार्थ में कर्मणिवाच्य होताहै जैसे क्रोद्धुं न अर्हसि (तू क्रोध होने के य
नहीं)

८७०वां सूत्र

अर्ह् (योग्य हो) जब भाववाचक के साथ आताहै तब प्रार्थना का अर्थ
है अर्थात् मानयुक्त अनुमत्यर्थ होताहै जैसे धर्मान् नो वक्तुम् अर्हसि (तू
को धर्म कहने के योग्यहै अर्थात् आप हमसे धर्म कहें) फिर कभी अवश्यकता
योग्यतासूचक का अर्थ देता है जैसे न मादृशी त्वाम् अभिभाषुम् अर्हति (
जैसे को तुझसे बोलना नहीं चाहिए) न तं शोचितुम् अर्हसि (तू उसको सोचने
योग्य नहीं अर्थात् तुझे उसको सोचना नहीं चाहिए)

८७१वां सूत्र

फिर भाववाचक कभी काम (इच्छा) के साथ मिलके एक प्रकार का मिश्रि
विशेषण बनताहै और कोई काम किया चाहने का अर्थ देताहै परन्तु तब पीछे इस
म् छूटजाता है जैसे द्रष्टुकामः द्रष्टुकामा द्रष्टुकामम् (देखा चाहनेवाला या वाली
जेतुकामः जेतुकामा जेतुकामम् (जीता चाहने वाला या वाली)

१ ली शाखा

ऐसे ही कभी मनस् के साथ मिलता है जैसे स द्रष्टुमनाः (वह देखने को या
खने के लिए मन रखता है)

८७२वां सूत्र

जब भाववाचक के पीछे किम् आता है तब एक मुख्य प्रकार की उलट,पलट
होती है इसका एक दृष्टान्त शकुन्तलानाटक के आदि में आया है सो फिर है
सखी से ज्ञातुम् इच्छामि किम् अनया वैखानसं व्रतं निषेवितव्यम् (मैं तेरी सखी
को जानाचाहता हूं क्या उससे वैखानस व्रत किया जाने के योग्य है) पलटे ज्ञातुम्
इच्छामि किं सख्या ते वैखानसं व्रतं निषेवितव्यम् (मैं जानाचाहता हूं क्या तेरी स

अच्छे २ पण्डित कहते हैं कि जो क्रिया भाववाचक के साथ आती है सो किसी भिन्न पुरुष से सम्बन्ध रखती है अथवा समानाधिकरणे नहीं होती तब भाववाचक को नहीं आना चाहिए जैसे तं गन्तुम् आज्ञापय के पलटे तं गमनाय आज्ञापय (उसको जाने के लिए आज्ञा दे) कहना अच्छा जानपड़ताहै

३ री शाखा

कर्म के पीछे (कि) का अर्थ देने के लिए जैसे अपनी भाषा में कहते हैं पिता सुनके कि दुर्योधन मारागया भाववाचक नहीं आसकता है उसके पलटे संस्कृत में ऐसा कहते हैं हतं दुर्योधनम् श्रुत्वा (मारा हुआ दुर्योधन सुनके)

८६९वां सूत्र

इसलिए यिह भाववाचक एक प्रकार की क्रियासम्बन्धी संज्ञा है जो सकर्मक वा कर्मप्रधान क्रिया का अर्थ लेसकती है जब वुह कर्मप्रधान अर्थात् कर्मणिवाच्यक्रिया का अर्थ रखता है तब केवल थोड़े शब्दों के साथ आताहै बहुत करके ऐसे जैसे शक् (शक्तिवान हो) और युज् (योग्य हो) और जो शब्द इनसे निकृत होते हैं जैसे त्यक्तुं न शक्यते (वुह छोड़ा नहीं जा सकता) पाशो न छेत्तुं शक्यते (फंदा नहीं काटा जासकता) न शक्याः समाधातुं ते दोषाः (वे दोष उपाय नहीं किएजासकते) श्रोतुं न युज्यते (वुह सुना जाने के योग्य नहीं) छेत्तुम् अयोग्यः (वुह काटाजाने के योग्य नहीं) त्वया न युक्तम् अवमानम् अस्य कर्तुम् (तुझसे उसका अपमान किया जाना योग्य नहीं) कीर्तयितुम् योग्यः (कीर्त कियाजाने के योग्य)

१ ली शाखा

ये आगे इसी के दूसरे दृष्टान्त हैं मण्डपः कारयितुम् आरब्धः (मण्डप बनाया जाने वा बनाने लगा) राज्ये अभिषेक्तुम् भवान् निरूपितः (आप राज पर अभिषेचन किए जाने के लिए चुने गए) अर्हति कर्तुम् (वुह कियाजाने को योग्य है) कर्तुम् अनुचितम् (कियाजाने के लिए अनुचित) सा मोचयितुं न्याय्या (वुह छोड़ीजाने को योग्य है) किम् इदं माधितं कर्तुम् (क्या यिह कियाजाने के लिए प्

कुर्वन् आस्ते (वुह पशुओं का वध करतारहताहै) मम पश्चाद् आगच्छन् आस्ते (वुह मेरे पीछे आतारहता है)

८७८वां सूत्र

निपात स्म जब वर्तमान के साथ आता है तब पूर्णभूत का अर्थ देताहै जैसे प्रविशन्ति स्म पुरीम् (उन्हों ने पुरी में प्रवेश किया) निवसन्ति स्म (वे रहे) (२५१ वें सूत्र का वर्णन देखो)

८७९वां सूत्र

शत्तचर्थ

इस नाम से जो वहुत से अर्थ यिह देता है उनका ज्ञान नहीं होसकता है परन्तु जैसा प्रसङ्ग चाहता है वैसा अर्थ देता है जैसे आगतं सर्वं वीक्ष्य नरः कुर्याद् यथोचितम् (आयाहुआ हर देखके मनुष्य जैसा उचित हो वैसा करे)

८८०वां सूत्र

यिह अनियत और सामान्य अर्थ के लिए आसकताहै जैसे यस्य यो भावः स्यात् (जिसका जो भाव होवे) यदा राजा स्वयं न कुर्यात् कार्यदर्शनम् (जब राजा आप काम देखना न करे) अप्राप्तकालवचनं ब्रुवन् प्राप्नुयात् अपमानम् (अन अवसर का वचन कहताहुआ या कहनेवाला अपमान पाए अर्थात् पाता है या पाएगा)

१ली शाखा

विशेषकरके यिह रूप उपाधिसूचक और अभिप्रायसूचक वाक्यों में आता है जैसे यदि राजा दण्डं नप्रणयेत् स्वाम्यं कस्मिंश्चिन् न स्यात् सर्वसेतवश्च भिद्येरन् (जो राजा दण्ड नकरे या नकरता तो किसी में स्वामीपना न रहे या रहता) और सब रोकें टूटजाएं या टूटजातीं) कहीं उपाधिसूचक शब्द साथ नहीं रहता जैसे नभवेद् (न होवे या नहोता) नस्यात् पर्याप्तिः (वुह पर्याप्त नहोवे या नहोता)

स्त्री से पैलानस मन कियाजाने के योग्य है) के

क्रियासम्बन्धी रूपों की मिलावट और उनके काम

८०३वां सूत्र

वर्तमानकाल

यिह काल अपना अर्थ तो देताही है परन्तु भविष्यत का भी देताहै जैसे क्वगच्छामि (मैं कहां जाऊंगा) कदा त्वां पश्यामि (मैं तुझको कब देखूंगा) किं करोमि (मैं क्या करूंगा) और कभी अनुमत्यर्थ का जैसे तत् कुर्मः (मैं उसको करूं)

८७४वां सूत्र

व्याख्यान में यिह भूतकाल के पलटे आताहै जैसे स भूमिं स्पृष्ट्वा कर्णौ स्पृशति ब्रूते च (वुह पृथ्वी छूके दोनों कान छूताहै और बोलता है अर्थात् उसने पृथ्वी छूके दोनों कान छूए और बोला)

८७५वां सूत्र

यिह स्वभाविक काम भी दिखाता है अर्थात् वुह काम जो सदा करनेमें आता है जैसे मृगः प्रत्यहं तत्र गत्वा शस्यं खादति (मृग प्रत्येक दिन वहां जाके खेती खाताहै अर्थात् खायाकरता है) यदा स मूषिकशब्दं शृणोति तदा बिडालं संवर्धयति (जब वुह चूहे का शब्द सुनता है तब बिलाव को खिलाता है)

८७६वां सूत्र

बहुधा यिह यावत् और तावत् के साथ आता है जैसे यावत् मे दन्ता न त्रुट्यन्ति तावत् तव पाशं छिनद्मि (जबतक मेरे दांत नहीं टूटते हैं (नहीं टूटेंगे) तबतक तेरा फन्दा काटता हूं (काटूंगा)

८७७वां सूत्र

मूल आस् (बैठ वा रह) का वर्तमान किसी दूसरी क्रिया की वर्तमान गुणक्रिया के साथ आता है तब निरन्तर वा समकालिक काम दिखाता है जैसे पशूनां वधं

कुर्वन् आस्ते (वुह पशुओं का वध करतारहताहै) मम पश्चाद् आगच्छन् आस्ते (वुह मेरे पीछे आतारहता है)

८७८वां सूत्र

निपात स्म जब वर्तमान के साथ आता है तब पूर्णभूत का अर्थ देताहै जैसे प्रविशन्ति स्म पुरीम् (उन्हों ने पुरी में प्रवेश किया) निवसन्ति स्म (वे रहे) (२५१ वें सूत्र का वर्णन देखो)

८७९वां सूत्र

शत्त्वर्थ

इस नाम से जो बहुत से अर्थ पिद्द देता है उनका ज्ञान नहीं होसकता है परन्तु जैसा प्रसङ्ग चाहता है वैसा अर्थ देता है जैसे आगतं भयं वीक्ष्य नरः कुर्याद् यथोचितम् (आयाहुआ डर देखके मनुष्य जैसा उचित हो वैसा करे)

८८०वां सूत्र

पिद्द अनिश्चित और सामान्य अर्थ के लिए आसकताहै जैसे यस्य यो भावः स्यात् (जिसका जो भाव होवे) यदा राजा स्वयं न कुर्यात् कार्यदर्शनम् (जब राजा आप काम देखना न करे) अप्राप्तकालवचनं ब्रुवन् प्राप्नुयाद् अपमानम् (अब अवसर का वचन कहताहुआ वा कहनेवाला अपमान पाए अर्थात् पाता है वा पाएगा)

१ली शाखा

विशेषकरके पिद्द रूप उपाधिसूचक और अभिलाषासूचक वाक्यों में आता है जैसे यदि राजा दण्डं न प्रणयेत् स्वाम्यं कस्मिंश्चिन् न स्यात् सर्वसेतवश्च भिद्येरन् (जो राजा दण्ड न करे वा नकरता तो किसी में स्वामीपना न रहे वा न रहता) और सब रोकें टूटजाएं वा टूटजातीं) कभी उपाधिसूचक शब्द साथ नहीं रहता जैसे न भवेत् (न होवे वा नहोता) न स्यात् पतितो नरः (वुह पापी न होवे वा न होता)

८८१वां सूत्र

शत्रर्थ बहुधा नम्र अनुमत्यर्थ के सदृश आता है जैसे गच्छ के पलटे गच्छेः (तू जा) और अत्तु फलानि के पलटे अद्यात् फलानि (तू फल खाए) स्यात् (तू होवे वा होना चाहिए) (पाणिनि की टीका देखो)

८८२वां सूत्र

अनुमत्यर्थ

यिह रूप आज्ञा वा विनय का अर्थ देता है जैसे आश्वसिहि (हियाव कर) माम् अनुस्मर (मुझको स्मर्ण कर)

मा और न निषेधसूचक हैं (मत) का अर्थ देते हैं जैसे अनृतं मा ब्रूहि (झूठ मतबोल) मा लज्जस्व (मत लजा) (८८९वां सूत्र देखो) उत्तम पुरुष का रूप अवश्यक्ता दिखाने में आता है (७१६ वें सूत्र में दृष्टान्त देखो)

१ली शाखा

अन्यपुरुष एकवचन कभी २ अन्तःक्षेपण के सदृश आता है जैसे भवतु (ऐसा हो-क्या-अच्छा) यातु (जा वा आ)

८८३वां सूत्र

अनुमत्यर्थ कभी २ उपाधिसूचक वाक्य में भी आता है जैसे अनुजानीहि मां गच्छामि (मुझ को आज्ञा दे जाऊं अर्थात् जो मुझको आज्ञा दे तो जाऊं) आज्ञापय हन्मि दुष्टजनम् (जो तू आज्ञा दे तो दुष्ट जन को मारूं) अभयवाचं मे यच्छ गच्छामि (अभय का वाक्य मुझको दे तो जाऊं)

८८४वां सूत्र

अपूर्णभूत

यिह रूप (२४२ वां सूत्र देखो) शुद्धता से बीता हुआ अपूर्ण काम दिखाता है और क्रियाओं की वर्तनियों में ऐसा ही बताया है सो भी यिह बहुधा अनियतभूत-

काल का अर्थ देताहै और किसी दूसरे से कुछ अवश्य लगाव नहीं रखता जैसे अर्थं ग्रहीतुं यत्नम् अकरवम् (मैंने धन बटोरने को यत्न किया) (था करताथा) अवश्य नहीं

वर्णन

आगम् अ मा या माश्म के पीछे दूर होसकताहै जैसा अनियतभूत में जैसे मा श्म भवत् (वुह मत हो अर्थात् नहो) (२४२ वें सूत्र का वर्णन देखो) [पा० ६, ४, ७४]

८८५वां सूत्र

पूर्णभूत

यिह रूप जैसा २४२ वें सूत्र में बतायाहै शुद्धता में वुह काम दिखाता है जो भूतकाल में किसी नियत समय पर हुआ है जैसे कौशल्यादयो भूपतिं दशरथं न-नन्दुः (कौशल्या इत्यादि राजा दशरथ को गईं) परन्तु बहुधा अनियत समय दिखाने को भी आताहै)

८८६वां सूत्र

प्रथमभविष्यत

यिह रूप (२४२ वां सूत्र देखो) निश्चय भविष्यता दिखाताहै परन्तु [illegible] सम्बन्धी भविष्यता नहीं दिखाता जैसे [illegible] (इन दिशाओं में तू इच्छा का फल पाएगा) [illegible])

८८७वां सूत्र

द्वितीय भविष्यत

यिह रूप शुद्धता में भविष्यता [illegible] चाहे निकट चाहे दूर चाहे नियतहो चाहे अनियत जैसे [illegible])

तत्र अवश्यं पत्नीं द्रक्ष्यति (वुह वहां अवश्य पत्नी को देखेगा) अद्य गमिष्यति (तू आज जाएगा)

१ ली शाखा

यिह कभी अनुमत्यर्थ के पलटे आताहै जैसे यद् देयं तद् दास्यसि (जो देने योग्य है सो तू देगा वा दे)

८८८वां सूत्र

अनियतभूत

यिह रूप (२४२ वां सूत्र देखो) शुद्धता से वुह काल दिखाता है जो बीत चुका है और नियत नहीं है जैसे अभून् नृपः (राजा था वा राजा हुआ)

८८९वां सूत्र

यिह निषेधसूचक मा और मास्म के साथ आताहै तब आगमवाला अ छूट जाताहै और अनुमत्यर्थ का अर्थ देताहै (२४२ वें सूत्र का वर्णन देखो) जैसे मा कृथाः (मतकर) मा त्याक्षीः समयम् (समय को मत खो) मा स्म अनृतं वादीः (झूठ मत बोल) मा क्रुधः (क्रोध मतकर) मा शुचः (सोच मत कर) मा हिंसीः (मत सता) मा नीनशः [मतबिगाड़] मैवं वोचः (ऐसा मत बोल) मा भैषीः (मत डर यिह माभैः का संक्षिप्त रूप है (नल १४. ३)

८९०वां सूत्र

आशीर्वादवाचक

यिह रूप हितोपदेश में केवल एक दृष्टान्त रखता है नित्यं भूयात् सकलसुखवसतिः (वुह सदा सब सुख का स्थान होवे) यिह बहुधा आशीर्वाद देने में आताहै और शाप देने में भीः

१ ली शाखा

जब शाप देने में आता है तब बहुधा प्रत्यय अनि उसके साथ आताहै और

अजीवनिश् ते भूयात् (तेरी अजीवनि वा मृत्यु होवे)

८९१वां सूत्र

आशंसार्थ

लिङ् रूप (२२४वां सूत्र देखो) आशीर्वादवाचक से भी थोड़ा आता है इसके दृष्टान्त ये हैं यदि राजा दण्डं न प्रणयेत् तदा शूले मत्स्यान् इव अपक्ष्यन् दुर्बलान् बलवत्तराः (जो राजा दण्ड न देता वा न देवे तो अति बलवाले दुर्बलों को मछलियों के सदृश शूल पर भूनते वा भूनें) और किसी२ व्याकरणी ने इस दृष्टान्त में अपक्ष्यन् के पलटे हिंसाम् अकरिष्यन् (सताते वा सतावें) लिखा है सुवृष्टिश् चेद् अभविष्यत् तदा सुभिक्षम् अभविष्यत् (जो अच्छी वर्षा होती वा होवे तो अन्न की वृद्धि होती वा होवे) (पा० ३, ३, १३९ के अनुसार इस को क्रियातिपत्तौ कहते हैं और जब काम अपूर्ण रहता है तब क्रियाया अनिष्पत्तौ कहते हैं

१ली शाखा

वेदसम्बन्धी आशीर्वादवाचक अर्थात् लेट

इस रूप को बनाने में वर्तमानसम्बन्धी अपूर्णपद और अन्त के बीच में एक ह्रस्व अ बढ़ता है और जो वर्तमानसम्बन्धी अपूर्णपद अन्त में अ रखता है तो फिर अ दीर्घ होजाता है और अपूर्णभूत वा अनिपतभूत का आगमवाला अ गिरजाता है जैसे हन् से स्वार्थनियम का वर्तमान हन्ति होता है परन्तु इस आशंसार्थ नियम का हनति होता है पत से स्वार्थनियम का वर्तमान पतति इसका पताति अश् से स्वार्थनियम का अपूर्णभूत आश्नोत् इसका अश्नवत् जैसे अश्नो + अ + त ऐसेही प से स्वार्थनियम का अपूर्णभूत अपत् इस आशंसार्थ का पतात् तृ से स्वार्थनियम का अनिपतभूत अतारीत् होताहै (जो आदि में अतारिम था जैसे, शिवपत्र अतारिष इत्यादि) इस आशंसार्थ का अनिपतभूत तारिषत् होता है फिर भी जानना चाहिए कि आत्मनेपद में पिछला ए इच्छानुसार ऐ होजाता है जैसे मादयाध्वै और

नत्र अवश्यं पत्नीं द्रक्ष्यति (वुह सदा अवश्य पत्नी को देखेगा) अद्य गमिष्यति (वु आज जाएगा)

१ ली शाखा

यिह कभी अनुमत्यर्थ के पलटे आताहै जैसे यद् देयं तद् दास्यसि (जो देने योग्य है सो तू देगा या दे)

८८८वां सूत्र

अनियतभूत

यिह रूप (२४२ वां सूत्र देखो) शुद्धता से वुह काल दिखाता है जो बीत चुका है और नियत नहीं है जैसे अभूत् नृपः (राजा था वा राजा हुआ)

८८९वां सूत्र

यिह निषेधसूचक मा और मास्म के साथ आताहै यब आगमधातु अ छूट जाताहै और अनुमत्यर्थ का अर्थ देताहै (२४२ वें सूत्र का वर्णन देखो) जैसे मा कृथाः (मतकर) मा त्याक्षीः समयम् (समय को मत खो) मा स्म अनृतं वादीः (झूठ मत बोल) मा क्रुधः (क्रोध मतकर) मा शुचः (सोच मत कर) मा हिंसीः (मत सता) मा नीनशः (मतबिगाड़) मैवं वोचः (ऐसा मत बोल) मा गैपीः (मत गा) यिह मा गाः का संक्षिप्त रूप है (नल १४. ३)

८९०वां सूत्र.

आशीर्वादवाचक

यिह रूप हितोपदेश में केवल एक दृष्टान्त रखता है नित्यं भूयात् सकलसुखवसतिः (वुह सदा सब सुख का स्थान होवे) यिह बहुधा आशीर्वाद देने में आताहै और शाप देने में भी

१ ली शाखा

जब शाप देने में आता है तब बहुधा वरयम अनि उसके साथ आताहै जैसे

पिह कि अनिपतमूत का पिह आशावार्थ अ को दीर्घ किए बिना कभी: वर्तमान के अन्त होताहै जैसे यच् से स्वार्थनियम का अनिपतमूत अर्वाचत् होताहै और इसका योचमि

वर्णन

देखो लेट का चिन्ह अ का वर्णनहै

गुणक्रियाओं की वाक्यरचना

८९२वां सूत्र

संस्कृत में गुणक्रियाएं बहुधा क्रियाओं के रूपों के काम देती हैं सदा नहीं तो बहुधा ये भूत और भविष्यतों के पलट और विशेषकरके कर्मणिवाच्य क्रियाओं के पलटे आती हैं

८९३वां सूत्र

गुणक्रियाएं जिन क्रियाओं से निकलती हैं उन्ही का प्रभाव रखती हैं अर्थात् वेही विभक्तियां चाहती हैं जो वे चाहती हैं जैसे व्याधं पश्यन् (व्याध को देखता हुआ) अरण्ये चरन् (वन में चलताहुआ) तत् कृतवान् (उस ने उसको किया) शब्दम् आकर्ण्य (शब्द सुनके) पानीयम् अपीत्वागतः (वह पानी नपीके गया)

१ ली शाखा

कर्मणिवाच्य गुणक्रियाओं में जैसा आगे जानपड़ेगा कर्त्ता ३ री विभक्ति में आता है और गुणक्रिया विशेषण के सदृश कर्म के अनुसार होती है

वर्तमान गुणक्रियाएं

८९४वां सूत्र

ये गुणक्रियाएं संस्कृत भाषा में इतनी नहीं आती हैं जितनी भूत और भविष्यत गुणक्रियाएं आती हैं तो भी ये बहुधा विधिपूर्वक शुद्धता से आसकती हैं जैसे अहं दक्षिणारण्ये चरन्तं अपश्यम् (मैंने दक्षिण के वन में चलतेहुए देखा) इत्यादि

कर्मणिवाच्य भूतगुणक्रिया

८९५ वां सूत्र

यह बहुत काम देने वाली गुणक्रिया सदा कर्मणिवाच्य पूर्णभूत के पलटे आती है और कभी२ सहायक क्रिया अस् और भू (हो) के साथ मिलके जैसे आदिष्टोऽस्मि (मैं आज्ञा दिया गयाहूं) वयं विस्मिताः स्मः (हम चकितहुए) उपितोऽस्मि (मैं रहाहूं) (८९६ वां सूत्र देखो) यथार्थ में यह गुणक्रिया विशेषण के सदृश लिङ्ग वचन और विभक्तियों में कर्म के अनुसार होती है और कर्ता को तीसरी विभक्ति में रखती है जैसे संस्कृत में मैंने पत्र लिखा को अहं पत्रं लिलेख कहना इतना अच्छा नहीं लगता जितना मया पत्रं लिखितम् (मुझ से पत्र लिखा गया) अच्छा लगता है ऐसे ही स बन्धनानि चिच्छेद (उसने बन्धन काटे) से तेन बन्धनानि छिन्नानि (उससे बन्धन काटेगए) अच्छाहै और स उवाच (उसने कहा) से तेन उक्तम् (उससे कहागया) अच्छा लगता है

१ ली शाखा

यह गुणक्रिया बहुधा पुरुष रहित आती है और जब जो क्रिया पहले अपेक्षा ही होती है तो इच्छानुसार यह गुण धारती है जैसे द्युतितम् या द्योतितं सूर्येण (वह सूर्य से चमकायागया) और जब किसी काम का आरम्भ दिखाते हैं तब भी ऐसा ही होता है जैसे सूर्यः प्रद्युतितः या प्रद्योतितः (सूर्य चमकने लगाहै)

२ री शाखा

जब कोई क्रिया दो कर्म रखती है (८४६ वां सूत्र देखो) तब कर्मणिवाच्यभूत गुणक्रिया के साथ एक कर्म रहजाताहै जैसे विश्वामित्रेण दशरथो रामं याचितः (विश्वामित्र से दशरथ से राम मांगा गया अर्थात् विश्वामित्र ने दशरथ से राम को मांगा) सुतोपितं घोर दुग्धा (मन का चाहाहुआ आकाश से दोहागया) जितो राज्यं वसूनि च (राज और द्रव्य जीता गया) ८४६ वें सूत्र का वर्णन देखो)

८९६ वां सूत्र

पिद कि अनिपतमूत का पिद आशार्थ अ को दीर्घ किए बिना कर्मीर वर्तमान के अन्त होताहै जैसे वच् से स्वार्थनियम का अनिपतमूत अवोचत् होताहै और इसका वोचनि

वर्णन

देखो लेट का चिन्ह अ का वढ़नाहै

गुणक्रियाओं की वाक्यरचना

८९२वां सूत्र

संस्कृत में गुणक्रियाएं बहुधा क्रियाओं के रूपों के काम देती हैं सदा नहीं तो बहुधा ये भूत और भविष्यतों के पलटे और विशेषकरके कर्मणिवाच्य क्रियाओं के पलटे आती हैं

८९३वां सूत्र

गुणक्रियाएं जिन क्रियाओं से निकलती हैं उन्हीं का प्रभाव रखती हैं अर्थात् वेही विभक्तियां चाहती हैं जो वे चाहती हैं जैसे व्याधं पश्यन् (व्याध को देखता हुआ) अरण्ये चरन् (बन में चलताहुआ) तत् कृतवान् (उस ने उसको किया) शब्दम् आकर्ण्य (शब्द सुनके) पानीयम् अपीत्वागतः (वह पानी नपीके गया)

१ ली शाखा

कर्मणिवाच्य गुणक्रियाओं में जैसा आगे जानपड़ेगा कर्त्ता ३ री विभक्ति में आता है और गुणक्रिया विशेषण के सदृश कर्म के अनुसार होती है

वर्तमान गुणक्रियाएं

८९४वां सूत्र

ये गुणक्रियाएं संस्कृत भाषा में इतनी नहीं आती हैं जितनी भूत और भविष्यत गुणक्रियाएं आती हैं तो भी ये बहुधा विधिपूर्वक शुद्धता से आसकती हैं जैसे अहं दक्षिणारण्ये चरन्तं अपश्यम् (मैंने दक्षिण के बन में चलतेहुए देखा) इत्यादि

परन्तु बहुधा कर्मणिवाच्यभूतगुणक्रिया कर्तरिवाच्य भूत गुणक्रिया के पलटे आती है और तब कर्तृवाच्य पूर्णभूत के सदृश कर्म चाहती है जैसे स वृक्षम् आरूढः (वुह पेड़ पर चढ़ा) स गृहं गतः (वुह घर को गया) वा स गृहम् आगतः (वुह घर को गया) वर्त्म तीर्णः (मार्ग को पार कियाहुआ) अहं पदवीम् अवतीर्णोऽस्मि (मैं मार्ग को उतरा) अहं नगरीम् अनुप्राप्तः (मैं नगरी को पहुंचा) आवाम् आश्रमं प्रविष्टौ स्वः (हम दोनों ने अपने आश्रम में प्रवेश कियाहै) परन्तु देखो इसका कर्तरिवाच्य गुणक्रिया के पलटे आना सदा नहीं परन्तु बहुधा चलने का अर्थ लेने वाली और थोड़ी दूसरी अकर्मक क्रियाओं में ही होताहै ये आगे इसके दूसरे दृष्टान्त हैं पक्षिण उत्पतिताः (पक्षी उड़गए) स मृतः (वुह मर गया) व्याधो निवृत्तः (व्याध फिरा) स भक्षयितुं प्रवृत्तः (वुह खाने लगा) स आश्रितः (उसने आसरा लिया) स प्रसुप्तः (वुह सोया) ते स्थिताः (वे खड़े हुए) उषितः (वुह रहा)

१ ली शाखा

सिद्ध गुणक्रिया कभी२ वर्तमान गुणक्रिया का अर्थ देती है जैसे स्थित (खड़ा हुआ) कभी (खड़ा होताहुआ) भीत (डराहुआ) कभी (डरता हुआ) स्मित (मुस्करायाहुआ) कभी (मुस्कराताहुआ) आश्लिष्ट (मिलाहुआ) कभी (मिलताहुआ) और त्रि अनुबन्ध रखनेवाली सब क्रियाओं की ये गुणक्रियाएं इच्छानुसार वर्तमान गुणक्रिया का अर्थ दे सकती हैं) ७५ वें सूत्र की ५ वीं शाखा देखो).

२ री शाखा

कर्मणिवाच्य भूत गुणक्रिया का नपुन्सक कभी२ संज्ञा के अर्थ में आताहै जैसे दत्तम् (दान) खातम् (खुदी हुई धरती) अन्नम् [नाज] दुग्धम् (दूध)

कर्तरिवाच्य भूतगुणक्रिया

८१७वां सूत्र

यिह गुणक्रिया कर्तरिवाच्य पूर्णभूत के पलटे बहुत आती है विशेषकरके नवीन संस्कृत में और टीकाकारों की लिखावट में और अपनी क्रिया की विभक्ति चाहती है जैसे सर्वं श्रुतवान् (उस ने सब सुना) पत्नी पतिम् आलिङ्गितवती (पत्नी पति को मिली) राज्ञो हस्ते फलं दत्तवान् (उस ने राजा के हाथ में फल दिया) सा तत् कृतवती (उस स्त्री ने वुह किया) यिह गुणक्रिया सहायक क्रिया अस् और भू (हो) के साथ आके मिश्रित पूर्ण रूप बनाती है जैसे तत् कृतवान् अस्मि (उसने वुह किया है) तत् कृतवान् भविष्यति (वुह उसको करेगा)

अवर्तनीय भूत गुणक्रियाएं

८९८वां सूत्र

संस्कृत भाषा में अपेक्षापूरक सर्वनाम समुच्चयी और संयोजक निपातों की मिलावट इन्हीं गुणक्रियाओं से होती है इन गुणक्रियाओं की सहायता से क्रिया का काम आगे चलता है और वाक्य से वाक्य मिलता है और कोई समुच्चयी बीचमें नहीं आता भाषण वा व्याख्यान में जितनी ये गुणक्रियाएं आती हैं उतनी दूसरी नहीं आती हैं और संस्कृत वाक्यरचना की मुख्य मुख्यता इन गुणक्रियाओं के बहुत आने से पाई जाती है

८९९वां सूत्र

ये बहुधा उस काल के पलटे आती हैं जो किसी यौगिक समुच्चयबोधक में मिलाहुआ रहताहै और जिसका उल्था अपनी भाषा में पीछे कर वा के लगाने से कियाजाता है (५५५ वां सूत्र देखो) जैसे तद् आकर्ण्य निश्चित्य एव अयं कुक्कुर इति मत्वा छागं त्यक्त्वा स्नात्वा स्वगृहं ययौ । यिह सुनके निश्चय हो किया यिह कुत्ता है यिह समझके बकरी को छोड़के नहाके अपने घर को गया । इन सब अवस्थाओं में अपनी भाषा में इन क्रियाओं का भूतकाल समुच्चयबोधक के साथ लासकते हैं जैसे यिह सुना तब उसने निश्चय दी किया कि यिह कुत्ता है यिह समझा और बकरी को छोड़ा और नहाया और अपने घर को गया)

१-ली शाखा

इस ऊपरवाले दृष्टान्त से यिह बात पाईजाती है कि यिह गुणक्रिया यथार्थ में जो काल आगे आता है उस के पीछे (और) के पलटे आती है

१००वां सूत्र

य वाली अवर्तनीय गुणक्रिया थोड़ी आती है परन्तु भविष्यत काल के लिए आती है जैसे नराः शास्त्राण्य् अधीत्य भवन्ति पण्डिताः (नर शास्त्रों को पढ़के पण्डित होतेहैं) भार्या अपि अकार्य शतं कृत्वा भर्तव्या (स्त्री सौ बुरे काम करके भी पालने के योग्य है) किं पौरुषं हत्वा सुप्तम् (क्या पुरुषपना सोएहुए को मारके)

ये गुणक्रियाएं योग्यता और अवश्यता का अर्थ देती हैं (५६८ वां सूत्र देखो) और कर्ता को जिसके आधीन वुह काम रहताहै ३ री वि० में चाहती हैं और आप कर्म की अनुगामी होती हैं जैसे त्वया प्रवृत्तिर् न विधेया (तुझ से प्रवृत्ति कीजाने के योग्य नहीं है)

१ ली शाखा

परन्तु ये कभी२ उस कर्ता को ६ठी वि० में चाहती हैं जैसे द्विजानीनां भक्ष्यम् अन्नम् (ब्राह्मणों का अर्थात् ब्राह्मणों से खायाजाने के योग्य अन्न है) ८६५वें सूत्र की टीका देखो)

९०३रा सूत्र

कभी यिह गुणक्रिया समान वा योग्य वा उचित का अर्थ देती है जैसे कश्य (कोड़े के योग्य) ताडनीय (ताडने के योग्य) मुसल्य (छड़ाजाने के योग्य वा मूसल से मारो जाने के योग्य) वध्य (वध कियाजाने के योग्य)

९०४था सूत्र

जो क्रिया दो कर्म चाहती है उसकी यिह गुणक्रिया एक कर्म चाहती है जैसे नयनसलिलं त्वया शान्तिं नेयम् (नेत्र का जल तुझ से शान्ति को अर्थात् शान्ति में लाया जाने के योग्य)

९०५वां सूत्र

कभी२ इस गुणक्रिया का नपुंसक पुरुष रहित आताहै और यह कर्म का अनुगामी नहीं होता और उसको जैसे क्रिया चाहती है वैसे चाहताहै जैसे मया ग्रामं गन्तव्यम् (मुझसे गांव को जाना योग्य है) पलटे मया ग्रामो गन्तव्यः (मुझसे गांव जाने के योग्य है) के ऐसे ही त्वया सभां प्रवेष्टव्यम् (तुझ से सभा को वा सभा में प्रवेश कियाजाना योग्य है)

१ ली शाखा

...व्यम् नपुन्सकलिङ्ग कर्मणिवाच्य भविष्यतगुणक्रिया है गु (टी) में मी

१ ली शाखा

इस ऊपरवाले दृष्टान्त से यिह बात पाईजाती है कि यिह गुणक्रिया यथार्थ में जो काल आगे आता है उस के पीछे (और) के पलटे आती है

११०वां सूत्र

य वाली अवर्तनीय गुणक्रिया थोड़ी आती है परन्तु भविष्यत काल के लि ती है जैसे नराः शास्त्राण्य् अधीत्य भवन्ति पण्डिताः (नर शास्त्रों को पढ़के प होतेहैं) भार्या अपि अकार्य शतं कृत्वा भर्तव्या (स्त्री सौ बुरे काम करके भी ः योग्य है) किं पौरुषं हत्वा सुप्तम् (क्या पुरुषपना सोएहुए को मारके)

वर्णन

ा यिह गुणक्रिया कभी कर्मणिवाच्य का भी अर्थ देती है

१०१ला सूत्र

ा अन्त त्वा करणवाचक जानपड़ता है और बहुत भी करणवाचक की प्र ः ः क्योंकि व्याकरणसम्बन्धी मिलावट में यिह सदा कर्ता के साथ इ ः आता है जैसे सर्वैः पशुभिर् मिलित्वा सिंहो विहतः (सब पशुओं . सिंह जतायागया) सर्वैर् जालम् आदाय उड्डीयताम् (सबों से जाल गा जावे)

१ ली शाखा

रणवाचक होने का एक अधिक बलवान प्रमाण यिह है कि निपात अ ः वि० चाहताहै सो बहुधा इस गुणक्रिया के साथ आताहै जैसे प्रभूतं भो ः (खाने से बहुत) शुद्धता के साथ अलंभुक्त्वा (खाके बहुत) के पलटे आ ः ः (९१८ वें सूत्र की १ ली शाखा देखो)

कर्मणिवाच्य भविष्यतगुणक्रियाएं

१०२ रा सूत्र

इस गुणक्रिया का नपुन्सक कभी२ भाववाचक वा संज्ञा के सदृश आताहै और अपनी क्रिया का केवल अनियत काम दिखाता है योग्यता वा अवश्यता नहीं दिखाता है इस अवस्था में इति उसके पीछे धरसकता है जैसे वञ्चयितव्यम् इति (छलना वा छल] (हितोपदेश की ४१६वीं पङ्क्ति देखो) मर्तव्यम् इति (मरने पर होना वा मरना) परन्तु इति सदा पीछे नहीं आता) जैसे जीवितव्यम् (जीना वा जीव)

गुणक्रियासम्बन्धी कर्तृवाचक नाम

१०९वां सूत्र

इन कर्तृवाचक नामों में से (५८०वां सूत्र देखो) पहला सदा काव्य में वर्तमान क्रिया के पलटे आता है परन्तु स्वभाविक काम का अर्थ देता है और इसलिए वर्त० काल से कुछ विशेषता रखता है यदि कभी२ वुही विभक्ति चाहता है जो वर्तमान गुणक्रिया चाहतीहै परन्तु उस शब्द से मिलारहताहै जिसपर किसी मिश्रित में अपना प्रभाव रखताहै जैसे पुरञ्जय (नगर जीतताहुआ वा जीतनेवाला) प्रियंवद (प्यारा बोलताहुआ वा बोलनेवाला) जलेचर (जल में चलताहुआ या चलनेवाला) सरसिज (सर में उत्पन्न होताहुआ वा होनेवाला) परन्तु जिस शब्द पर वुह अपना प्रभाव रखताहै सो बहुधा अगु० होताहै जैसे तेजस्कर (चमकताहुआ वा चमकनेवाला) (६९वां सूत्र देखो) तेजस् (और कृ से) मनोहर (मन हरताहुआ वा मन हरनेवाला) मनस् और हृ से) ६४वां सूत्र देखो) बहुद (बहुत देताहुआ वा देनेवाला) बहु और दा से आत्मज्ञ (आप को जानताहुआ वा जाननेवाला) आत्मन् और ज्ञा से (५७वें सूत्र की २ री शाखा देखो)

११०वां सूत्र

इन कर्तृवाचक नामों में से दूसरा (५८१वां सूत्र देखो) कभी२ परन्तु बहुत नहीं गुणक्रिया के सदृश होके आता है और अपनी क्रिया की विभक्ति को चाहता है जैसे वाक्यं वक्ता (वाक्य बोलताहुआ वा बोलनेवाला) बहुमाषितोश

ऐसे ही आती है और ८९१ वें सूत्र के अनुसार अपने साथ दो शे॰ वि॰ चाहती है जैसे केनापि कारणेन भवितव्यम् (किसी से भी कारण करके होना योग्य है अर्थात् कोई भी कारण होगा) स्वामिना सविशेषेण भवितव्यम् (स्वामी से विवेक करके होना चाहिए) मया तव अनुचरेण भवितव्यम् (मुझ से अर्थात् मुझको तेरा अनुचर करके होना योग्य है) आर्यया प्रवहणारूढया भवितव्यम् (आर्या से प्रवहणारूढ करके होना योग्य है अर्थात् आर्या को रथ पर चढ़ाहुआ होना चाहिए)

९०६ठा सूत्र

